अधिकतम 36 डिग्री से.
डिग्री से. 29 न्यूनतम
सूर्योदय 5.25
सूर्यास्त 7.30
सोना 24 कैरेट: 1,46,880.00
चांदी (प्रति किलो) : 2,50,000
सेंसेक्स : 77,763.91
अमेरिका : 95.22
कैनेडियन : 67.04
आस्ट्रेलिया : 66.04

# दैनिक अर्थ प्रकाश

खबरों की विश्वसनीयता, हमारी पहचान

चंडीगढ़, हरियाणा, पंजाब, दिल्ली, हिमाचल एवं उत्तर प्रदेश से प्रकाशितः उत्तराखंड, बिहार, राजस्थान, छत्तीसगढ़ में भी प्रसारित






वर्ष 41 | चंडीगढ़, रविवार, 05 जुलाई, 2026 | आषाढ़ कृष्ण पक्ष: पंचमी, विक्रमी संवत-2083 | www.arthparkash.com | YouTube/Arth Parkash TV | अंक: 184 | मूल्य 2.00 रुपये | पृष्ठ: 12







## न्यूज़ ब्रीफ

### राममंदिर : सोने से मढ़ी रामचरितमानस भी चोरी होने का दावा

**अयोध्या।** राम मंदिर में चढ़ावा चोरी के बीच पूर्व केंद्रीय गृह सचिव लक्ष्मी नारायण ने दावा किया है कि उनकी सोने से मढ़ी रामचरितमानस चोरी हो गई है। उन्होंने कहा कि 8 अप्रैल 2024 को राम मंदिर ट्रस्ट को सवा क्विंटल की रामचरितमानस भेंट की थी, लेकिन आज तक उन्हें इसकी रसीद नहीं मिली। इतना ही नहीं, 3-4 महीने बाद मंदिर से रामचरितमानस गायब हो गई। इस रामायण के 1000 पन्नों पर 24 कैरेट सोने की परत च?ाई गई है। इसकी कीमत 5 करोड़ थी। मीडिया चैनल से बातचीत में कहा- मैं अयोध्या पहुंचा, तो चंपत राय ने 9 घंटे तक इंतजार करवाया। मैंने उनसे हाथ जोड़कर कहा- सर, मेरी पूरी जिंदगी की पूंजी है। रामचरितमानस को मंदिर में रखवा दीजिए। तब उन्होंने कहा- मेरे पास कई लोगों के आभूषण और कई तरह की चीजें आती हैं, तो क्या मैं सिर्फ इन्हीं सब का डिस्प्ले करता रहूं?

### मानसून सत्र 20 जुलाई से 13 अगस्त तक चलेगा

**नई दिल्ली, 4 जुलाई।** केंद्र सरकार की सिफारिश पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने संसद के दोनों सदनों के मानसून सत्र 2026 को आहूत करने की मंजूरी दे दी है। संसदीय कार्य एवं अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इसकी जानकारी साझा की। किरेन रिजिजू ने अपने पोस्ट में बताया कि संसद का मानसून सत्र 20 जुलाई 2026 से शुरू होगा और 13 अगस्त 2026 तक चलेगा। उन्होंने कहा कि यह सत्र राष्ट्रीय महत्व के मुद्दों पर सार्थक बहस, चर्चा और निर्णय के लिए महत्वपूर्ण मंच साबित होगा। सरकार की ओर से उम्मीद जताई गई है कि दोनों सदनों में जनहित और राष्ट्रीय हित से जुड़े विषयों पर व्यापक और रचनात्मक चर्चा होगी।




# 54 साल पुरानी 2 मंजिला बिल्डिंग ढही


## मलबे में दबे सभी लोगों को निकाला, दो को सफेद कपड़े में लेकर गई एनडीआरएफ की टीम

अर्थ प्रकाश/रणजीत शम्मी

**चंडीगढ़।** शनिवार को अचानक 54 साल पुरानी 2 मंजिला बिल्डिंग गिर गई। जिससे अंदर काम कर रहे बिल्डिंग मालिक और मजदूर मलबे में दब गए। इसका पता चलते ही पुलिस की टीमें तुरंत इंडस्ट्रियल एरिया फेज-2 में पहुंची। बिल्डिंग के मलबे में दबे 7 लोगों को निकाल लिया गया। इनमें से एक व्यक्ति को सफेद कपड़े में लपेट कर टीम ले गई है। इसके संबंध में अभी पुष्टि नहीं हुई है कि ये व्यक्ति जिंदा है या मृत। इससे पहले शाम को मलबे से जिंदा बचे रमेश नाम व्यक्ति ने अर्थ प्रकाश से बातचीत करते हुए बताया कि हम अंदर 20 से 25 लोग थे। शाम करीब 4.20 बजे अचानक भूकंप जैसा झटका लगा और बिल्डिंग नीचे गिर गई। जिसमें सारे लोग दब गए। मलबे में दबे लोगों को निकालने के लिए तुरंत एनडीआरएफ की टीम बुलाई गई। जिसके बाद जेसीबी के जरिए पहले लेंटर हटाया गया।





मलबे से निकालकर सफेद कपड़े में लपेटकर ले जाती एनडीआरएफ की टीम। छाया : श्रवण कुमार

### टाइमलाइन

- **4.20** पर गिरी बिल्डिंग
- **4.45** बजे पहुंची पुलिस टीम
- **5.10** के आसपास पांच लोगों को मलबे से निकाला गया
- **7.20** पर एनडीआरएफ की टीम ने संभाला मोर्चा
- **9.30** पर छठा व्यक्ति मलबे से निकाला
- **9.45** पर सातवां व्यक्ति मलबे से निकाली
- **9.50** पर एनडीआरएफ ने रेस्क्यू ऑपरेशन खत्म किया



### बिल्डिंग 1972 की अलॉटमेंट

जानकारी के अनुसार, यह बिल्डिंग 1972 की अलॉटमेंट है। उसी दौरान इसका निर्माण हुआ था। यह पूरी तरह से कॉमर्शियल थी। करीब 15 दिन पहले ही इसको किराए पर लिया गया था। अभी काम चल रहा था। दो दिन से बारिश हो रही थी। इस वजह से अचानक सीलन होने से इमारत गिरी है। जो लोग अंदर फंसे हुए हैं, उनका नाम तरुण कौशिक और तरुण जैन है, जो यूपी के मेरठ के रहने वाले हैं। इंडस्ट्री एसोसिएशन के अध्यक्ष एमपीएस चावला ने कहा- यह बिल्डिंग काफी पुरानी थी। इंडस्ट्रियल एरिया के प्लॉट नंबर 28/9 में बनी इस बिल्डिंग में स्क्रैप का काम चल रहा था। बिल्डिंग पुरानी होने की वजह से ही उसकी छत गिरी है।

रेस्क्यू में जुटे पुलिसकर्मी।


स्थानीय निवासी भी मलबे में दबे लोगों को निकालने के लिए आगे आए।


प्रशासन की ओर से मलबे से बाहर निकाले व्यक्ति।


सभी फोटो अजित कौशल और श्रवण कुमार।

# कैमिस्ट शॉप कैशियर की साजिश रचने वाला मास्टरमाइंड गिरफ्तार

**स्पेन में दबोचा गया कुख्यात गैंगस्टर गोल्डी ढिल्लों। विदेश से भारत में चलाता था गैंग,कभी लॉरेंस का था करीबी**

अर्थ प्रकाश नेटवर्क


**चंडीगढ़/नई दिल्ली।** भारतीय खुफिया एजेंसियों को एक बड़ी कामयाबी मिली है। स्पेन की सुरक्षा एजेंसियों ने मैड्रिड शहर से गैंगस्टर गोल्डी ढिल्लों को हिरासत में लिया है।

पंजाब पुलिस की एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स ने यह इनपुट दिया था। जिसके बाद स्पेन में यह बड़ी कार्रवाई हुई है। सूत्रों के मुताबिक गोल्डी ढिल्लों 13 जून 2026 को चंडीगढ़ के सेक्टर-11 स्थित श्री कुमार मेडिकल हॉल के कैशियर जानकी दास की हत्या की साजिश में शामिल था। वह इस घटना का मास्टरमाइंड था। वह विदेश में बैठकर पंजाब, चंडीगढ़, दिल्ली-एनसीआर समेत कुछ और राज्यों में अपना आपराधिक नेटवर्क संचालित करता था। लेकिन स्पेन में हुई इस कार्रवाई के बाद अब उसे जल्द ही भारत लाया जा सकता है।

स्पेन में गोल्डी ढिल्लों की गिरफ्तारी के बाद अब इस बात की संभावना बढ़ गई है कि उसे जल्द ही भारत लाया जाएगा। चंडीगढ़ पुलिस भी उसे प्रोडक्शन वारंट पर लेकर जानकी दास की हत्या से जुड़े मामले में पूछताछ कर सकती है। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की तरफ से उस पर 10 लाख रुपए का इनाम भी घोषित किया गया है।। सुरक्षा एजेंसियां लंबे समय से गोल्डी ढिल्लों की तलाश में जुटी थी। वह मूल रूप से पंजाब के राजपुरा का रहने वाला है। जो पहले मारपीट, धमकी और आर्म्स एक्ट के मामलों में शामिल रहा है। फिर जबरन वसूली और गैंगों में उसका नाम आने लगा। जिसमें अवैध हथियार भी शामिल थे।

### सिग्नल ऐप के जरिए बनाया था निशाना

केमिस्ट शॉप के कैशियर जानकी दास की हत्या के मामले में जम्मू पुलिस द्वारा पकड़े गए मुख्य आरोपी अमित उर्फ शराबी को यूटी पुलिस बीते वीरवार को प्रोडेक्शन वारंट पर लेकर आई। आरोपी शराबी को पुलिस ने जिला अदालत में पेश किया। अदालत ने आरोपी को 4 दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया। रिमांड के दौरान उसने खुलासा किया कि चंडीगढ़ शहर में दहशत फैलाने के लिए शराबी ने जेल में बैठे सिग्नल ऐप के जरिए निशाना बनाया। मुख्य आरोपी शराबी हत्या के प्रयास के मामले में जम्मू जेल में बंद था। जहां बैरक में ही रहने वाले रोहित माखन ने गैंगस्टर गोल्डी ढिल्लों से सिंग्नल ऐप के जरिए बात करवाई थी। गैंगस्टर गोल्डी द्वारा हत्या की वारदात को जिम्मा सौंपने के बाद उसने शूटर सनी और आर्यन को तैयार किया था। हत्या करने से पहले जम्मू के जंगलों में शूटर सनी और आर्यन को ट्रेनिंग दी गई थी।






**दावा** | मेलबर्न मीट्स मोदी प्रोग्राम की फेसबुक पोस्ट में कमेंट कर धमकाया, 9 जुलाई को कार्यक्रम


# ऑस्ट्रेलिया दौरे से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मिली धमकी

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी को ऑस्ट्रेलिया दौरे पर जान से मारने की धमकी मिली है। ऑस्ट्रेलिया की फेडरल पुलिस मोदी को दी गई धमकी की जांच कर रही है। द ऑस्ट्रेलिया टुडे की शनिवार की रिपोर्ट में दावा किया गया कि धमकी फेसबुक पर 'मेलबर्न मीट्स मोदी' कार्यक्रम के प्रचार से जुड़ी एक पोस्ट के नीचे लिखी गई थी।

रिपोर्ट के मुताबिक, पोस्ट के नीचे अबू मुस्तफा नाम के फेसबुक अकाउंट से लिखा गया, 'स्टेडियम की छत कार्यक्रम के दौरान बंद रहनी चाहिए, नहीं तो वह ऑस्ट्रेलिया अपनी मौत के लिए आएगा।'

मोदी 8 जुलाई से 10 जुलाई तक ऑस्ट्रेलिया में रहेंगे। मेलबर्न मीट्स मोदी कार्यक्रम 9 जुलाई को मेलबर्न के मार्वल स्टेडियम में होना है। मोदी के इसमें शामिल होने की संभावना है। धमकी सामने आते ही जानकारी ऑस्ट्रेलियन फेडरल पुलिस को दे दी गई थी।



### आईपी एड्रेस की पहचान, कोई गिरफ्तारी नहीं

जांच एजेंसियों ने प्रोग्राम की पोस्ट से जुड़े आईपी एड्रेस की पहचान कर ली है। अब तक पुलिस ने धमकी पर कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है। पुलिस किसी गिरफ्तारी की पुष्टि नहीं की मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, प्रधानमंत्री मोदी के दौरे के दौरान सुरक्षा व्यवस्था में ऑस्ट्रेलिया की फेडरल पुलिस, राज्य पुलिस और विशेष सुरक्षा इकाइयों समेत कई एजेंसियां मिलकर काम करेंगी।

### विदेश दौरे पर पीएम की सुरक्षा में मेजबान भी शामिल

प्रधानमंत्री के विदेश दौरे की सुरक्षा भारत और मेजबान देश मिलकर संभालते हैं। प्रधानमंत्री की सबसे नजदीकी सुरक्षा स्पेशल प्रोटेक्शन ग्रुप के जिम्मे होती है, जबकि कार्यक्रम स्थल, होटल, एयरपोर्ट और यात्रा मार्ग की सुरक्षा मेजबान देश की पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां करती हैं। दौरे से पहले सुरक्षा टीमें कार्यक्रम स्थल का कई बार निरीक्षण करती हैं, आने-जाने के रास्तों की जांच होती है और भीड़ पर नजर रखने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया जाता है। दोनों देशों की खुफिया एजेंसियां संभावित खतरों की जानकारी साझा करती हैं। धमकी मिलती है, तो तुरंत जांच शुरू होती है और सुरक्षा घेरा बढ़ाने, अतिरिक्त जांच जैसे कदम उठाए जाते हैं।

# 'सेफ पंजाब' गुप्त व्हाट्सएप हेल्पलाइन के द्वारा भगवंत मान सरकार के 'युद्ध नशियां विरुद्ध' अभियान के तहत 21900 से अधिक गिरफ्तार

**नशा मुक्त माहौल में रहना चाहते हैं लोग और पुलिस का साथ देने के लिए हैं तैयार: डी.जी.पी. गौरव यादव**

**नशों के विरुद्ध स्थायी सफलता के लिए लोगों का निरंतर सहयोग आवश्यक: डॉ. बलबीर सिंह**





अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 4 जुलाई।** पंजाब में नशों के खिलाफ मुख्यमंत्री भगवंत मान सरकार का 'युद्ध नशियां विरुद्ध' अभियान अब जन-आंदोलन का रूप लेता जा रहा है। अभियान के तहत शुरू की गई 'सेफ पंजाब' गुप्त व्हाट्सएप हेल्पलाइन (97791-00200) पर लोग बड़ी संख्या में नशा तस्करों और सप्लायरों के बारे में गोपनीय सूचनाएं साझा कर रहे हैं। इन सूचनाओं के आधार पर अब तक 17,120 मामले दर्ज किए गए हैं और 21,962 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, हेल्पलाइन पर अब तक 43,520 गुप्त सूचनाएं प्राप्त हुई हैं। शिकायतकर्ताओं की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाती है और प्रत्येक सूचना का सत्यापन करने के बाद संबंधित जिला पुलिस को तत्काल कार्रवाई के लिए भेजा जाता है। यही कारण है कि लोगों का इस व्यवस्था पर भरोसा लगातार बढ़ रहा है और वे बिना किसी डर के नशा तस्करों के खिलाफ जानकारी दे रहे हैं। व्हाट्सएप हेल्पलाइन के अलावा राज्य में चल रही ई-रिक्शाओं के माध्यम से भी गुप्त सूचनाएं एकत्र करने की व्यवस्था की गई है। इस पहल के तहत अब तक लगभग 3,440 गांवों तक पहुंच बनाई जा चुकी है, जो पंजाब के लगभग एक-तिहाई गांवों के बराबर है। अधिकारियों का मानना है कि ये दोनों माध्यम नशा तस्करी के नेटवर्क तक पहुंचने में बेहद प्रभावी साबित हो रहे हैं।

पंजाब पुलिस के महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने कहा कि 'सेफ पंजाब' पहल को मिल रही प्रतिक्रिया यह साबित करती है कि लोग नशा मुक्त वातावरण में रहना चाहते हैं और यदि उनकी पहचान गोपनीय रखी जाए तो वे पुलिस का पूरा सहयोग करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि शिकायतों की लगातार बढ़ती संख्या पुलिस के प्रति जनता के बढ़ते विश्वास का संकेत है। अब लोग मूकदर्शक बने रहने के बजाय नशा तस्करी की जानकारी पुलिस तक पहुंचा रहे हैं, जिससे समय रहते प्रभावी कार्रवाई संभव हो रही है।

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. बलबीर सिंह ने कहा कि 'सेफ पंजाब' पहल ने मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व में चल रहे 'युद्ध नशियां विरुद्ध' अभियान को और मजबूत किया है। उन्होंने कहा कि नशों के खिलाफ सख्त पुलिस कार्रवाई जरूरी है, लेकिन इस लड़ाई में स्थायी सफलता तभी मिलेगी जब जनता का निरंतर सहयोग मिलता रहेगा। उन्होंने बताया कि हेल्पलाइन पर प्राप्त सभी शिकायतें पूरी तरह गोपनीय रखी जाती हैं और सूचना देने वालों की पहचान सुरक्षित रहती है। यही वजह है कि समाज के विभिन्न वर्गों के लोग बिना किसी भय के नशा तस्करों की जानकारी साझा कर रहे हैं।

अधिकारियों के अनुसार, प्राप्त सूचनाओं के आधार पर 17 हजार से अधिक मामलों में कार्रवाई की गई है, जो इस पहल की प्रभावशीलता को दर्शाता है। सरकार का मानना है कि जनता की सक्रिय भागीदारी और पुलिस की त्वरित कार्रवाई से पंजाब को नशा मुक्त बनाने के अभियान को और मजबूती मिलेगी तथा आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित और स्वस्थ वातावरण तैयार किया जा सकेगा।

## पंजाब पुलिस का साइबर अपराध पर बड़ा प्रहार, एक वर्ष में 729 गिरफ्तारियां

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने साइबर अपराध के खिलाफ अपने अभियान को और तेज करते हुए पिछले एक वर्ष में 729 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। राज्य के सभी जिलों और पुलिस कमिश्नरेट में विशेष साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन स्थापित किए जाने के बाद ऑनलाइन धोखाधड़ी और संगठित साइबर अपराध नेटवर्क के विरुद्ध कार्रवाई में उल्लेखनीय सफलता मिली है। पंजाब पुलिस और स्टेट साइबर क्राइम डिवीजन ने पिछले लगभग एक वर्ष के दौरान राज्य के 29 साइबर क्राइम पुलिस स्टेशनों में 956 एफआईआर दर्ज कीं। इन अभियानों के जरिए बड़ी संख्या में लोगों को साइबर ठगी से आर्थिक नुकसान होने से बचाया गया। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने बताया कि पिछले चार वर्षों में पंजाब पुलिस ने साइबर अपराध के विरुद्ध लड़ाई में महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने कहा कि सख्त कानूनी कार्रवाई के साथ-साथ रोकथाम और जन-जागरूकता पर भी विशेष ध्यान दिया गया है। इसी क्रम में पूरे राज्य में 657 जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें लोगों को ऑनलाइन धोखाधड़ी, डिजिटल फ्रॉड और साइबर अपराध के नए तरीकों के प्रति सतर्क किया गया। उन्होंने नागरिकों से किसी भी साइबर धोखाधड़ी की स्थिति में तुरंत राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराने की अपील की। डीजीपी के अनुसार, मई 2025 से अब तक स्पेशल डीजीपी वी. नीरजा के नेतृत्व में स्टेट साइबर क्राइम डिवीजन ने तकनीक आधारित गंभीर साइबर अपराधों के 57 मामले दर्ज कर 56 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। वहीं, जिला और कमिश्नरेट स्तर के साइबर क्राइम पुलिस स्टेशनों ने विभिन्न मामलों में 673 आरोपियों को गिरफ्तार किया। इनमें लुधियाना पुलिस कमिश्नरेट ने सबसे अधिक 181 गिरफ्तारियां कीं, जबकि खन्ना, एसएएस नगर, कपूरथला, मलेरकोटला, पटियाला और पठानकोट में भी उल्लेखनीय कार्रवाई की गई। स्टेट साइबर क्राइम डिवीजन ने संगठित अंतरराष्ट्रीय साइबर अपराध नेटवर्क का भी पर्दाफाश किया। जांच के दौरान कंबोडिया और दक्षिण-पूर्व एशिया के अन्य देशों में संचालित साइबर स्कैम सेंटरों से जुड़े मामलों का खुलासा हुआ। जांच में सामने आया कि विभिन्न राज्यों के ट्रैवल एजेंट और भर्ती एजेंसियां भारतीय युवाओं को विदेश भेजकर इन साइबर ठगी गिरोहों तक पहुंचा रही थीं। इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। एक अन्य महत्वपूर्ण कार्रवाई में पुलिस ने ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले 'म्यूल बैंक अकाउंट' नेटवर्क का भंडाफोड़ करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से 23 एटीएम कार्ड, दो लैपटॉप, सात मोबाइल फोन, पांच सिम कार्ड, फर्जी बैंक एवं केवाईसी दस्तावेज, 14 चेकबुक, छह रबर स्टैंप, 5,100 यूएसडीटी (क्रिप्टोकरेंसी) तथा विभिन्न बैंक खातों में जमा लगभग 20 लाख रुपये बरामद किए गए। मई 2025 से अब तक ऐसे पांच म्यूल अकाउंट मॉड्यूल का भी खुलासा किया जा चुका है। कपूरथला में पुलिस ने एक फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़ किया, जहां से अमेरिका और कनाडा के नागरिकों को बिटकॉइन और हवाला नेटवर्क के माध्यम से साइबर ठगी का निशाना बनाया जा रहा था। पंजाब पुलिस ने इसे अंतरराष्ट्रीय साइबर अपराध के खिलाफ बड़ी सफलता बताते हुए स्पष्ट किया कि भविष्य में भी ऐसे नेटवर्क के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

# पंजाब सरकार ने दूध में मिलावट रोकने के लिए शुरू किया 'शुद्ध दूध' अभियान

**टोल-फ्री हेल्पलाइन, दूध की गुणवत्ता जांचने के लिए मोबाइल वैन और पोर्टेबल किटें जारी**

**1 अप्रैल से अब तक 160 कैंपों में दूध के 6000 नमूनों की जांच की गई: गुरमीत सिंह खुड्डियां**

**जिला डेयरी विकास कार्यालयों में सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक करवाई जा सकती है दूध की मुफ्त जांच: खुड्डियां**





अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 4 जुलाई।** मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार ने 'शुद्ध दूध, तंदुरुस्त पंजाब' अभियान के तहत दूध में मिलावट पर रोक लगाने तथा दूध की गुणवत्ता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से समर्पित टोल-फ्री हेल्पलाइन 1800-180-2202 शुरू की है तथा एक नोडल अधिकारी भी नियुक्त किया है।

इस अभियान संबंधी जानकारी देते हुए पंजाब के पशुपालन, डेयरी विकास एवं मत्स्य पालन मंत्री श्री गुरमीत सिंह खुड्डियां ने बताया कि डेयरी विकास विभाग ने 1 अप्रैल, 2026 से अब तक 160 कैंपों में दूध के 6000 नमूनों की जांच की है।

उन्होंने बताया कि घर-घर जाकर जांच करने के लिए 4 मोबाइल प्रयोगशाला वैन पहले से कार्यरत हैं तथा 5 और मोबाइल वैन विभाग के बेड़े में शामिल की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि पूरे पंजाब में जिला डिप्टी डायरैक्टर कार्यालयों में प्रतिदिन सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक नियमित रूप से दूध की जांच की जाती है।

गुरु अंगद देव वेटरनरी एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, लुधियाना के सहयोग से विभाग ने जिला डेयरी विकास कार्यालयों के लिए दूध में मिलावट की जांच हेतु 5000 पोर्टेबल किटें तथा पशुपालन विभाग के वेटरनरी पॉलीक्लीनिकों एवं जागरूकता कैंपों के लिए 500 किटें खरीदी और वितरित की हैं। इन किटों के माध्यम से फैट, एस.एन.एफ., प्रोटीन के साथ-साथ यूरिया, स्टार्च और हाइड्रोजन पेरॉक्साइड जैसे मिलावटी पदार्थों की मौके पर ही जांच की जा सकती है। इससे अधिकारी और किसान तुरंत दूध की गुणवत्ता का परीक्षण कर सकते हैं। इससे केंद्रीय प्रयोगशालाओं पर निर्भरता कम होगी और मिलावट करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई भी तेज होगी।

श्री खुड्डियां ने ज़ोर देकर कहा, 'मिलावटी दूध उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य के साथ सीधा खिलवाड़ है और इससे डेयरी व्यवसाय से जुड़े किसानों की आय भी प्रभावित होती है। इस समस्या से निपटने के लिए हमने मोबाइल लैब तैनात की हैं, परीक्षण किटें वितरित की हैं और आम जनता से सीधे फीडबैक प्राप्त करने के लिए टोल-फ्री नंबर भी शुरू किया है, ताकि हर स्तर पर गुणवत्ता सुनिश्चित की जा सके।'

## दूध के नमूनों की करवा सकते हैं नि:शुल्क जांच

पशुपालन, डेयरी विकास एवं मत्स्य पालन विभाग के प्रमुख सचिव राहुल भंडारी ने कहा कि अब नागरिक सभी जिला डिप्टी डायरेक्टरों के कार्यालयों में दूध के नमूनों की नि:शुल्क जांच करवा सकते हैं। अभियान संबंधी किसी भी जानकारी के लिए राज्य नोडल अधिकारी श्री मनदीप सिंह से 98784-41386 तथा 0172-5027285 पर संपर्क किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने उपभोक्ताओं को सुरक्षित एवं शुद्ध दूध के उनके अधिकार के प्रति जागरूक करने तथा दूध में मिलावट पर रोक लगाने के उद्देश्य से पूरे राज्य में बड़े स्तर पर 'शुद्ध दूध, तंदुरुस्त पंजाब' अभियान शुरू किया है।

# गैंगस्टरवाद और नशों के खिलाफ मान सरकार की जंग जारी, अब तक 43,127 गैंगस्टर और 71,538 नशा तस्कर गिरफ्तार

**पंजाब को सुरक्षित और नशा-मुक्त बनाना हमारा संकल्प: कुलदीप सिंह धालीवाल**

**पंजाब की शांति भंग करने वाले और युवाओं की जान से खेलने वाले किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा: धालीवाल**



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 4 जुलाई।** आम आदमी पार्टी (आप) पंजाब के मुख्य प्रवक्ता और विधायक कुलदीप सिंह धालीवाल ने मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली सरकार की प्राथमिकताओं को दोहराते हुए कहा कि सरकार पंजाब से गैंगस्टरवाद और नशों को खत्म करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि मान सरकार द्वारा शुरू किया गया %गैंगस्टरां ते वार% अभियान आज अपने 164वें दिन में प्रवेश कर गया है और इसके बहुत ही सार्थक और सकारात्मक नतीजे समाज के सामने आ रहे हैं।

इस ऐतिहासिक अभियान के दौरान पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए अब तक 43,127 गैंगस्टरों को गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता हासिल की है।

धालीवाल ने सरकार की जनहितैषी नीतियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि एक तरफ भगवंत मान सरकार ने जनता से की गई अपनी पांचों गारंटी को सफलतापूर्वक पूरा किया है, वहीं दूसरी तरफ मांवां-धियां सत्कार योजना के तहत राज्य की महिलाओं के खातों में 1000 और 1500 रुपये का मानदेय भी आना शुरू हो गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस जनकल्याण के बीच सरकार का मुख्य फोकस राज्य की सुरक्षा और युवाओं के भविष्य पर भी है। पंजाब पुलिस बहुत बहादुरी और मुस्तैदी से काम कर रही है और हमारी यह जंग तब तक जारी रहेगी जब तक राज्य से गैंगस्टर और नशों जैसी कानून-व्यवस्था की समस्याएं पूरी तरह खत्म नहीं हो जातीं। नशा तस्करों के खिलाफ की गई सख्त कार्रवाई की जानकारी देते हुए आप प्रवक्ता ने कहा कि सरकार का %युद्ध नशेआं विरुद्ध% अभियान भी पूरी ताकत से चल रहा है। इस अभियान के 489वें दिन पुलिस ने अपनी तत्परता दिखाते हुए 2.1 किलोग्राम हेरोइन जब्त की है और 187 नशा तस्करों को सलाखों के पीछे भेजा है।

उन्होंने कहा कि इस अभियान के तहत अब तक कुल 71,538 नशा तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। धालीवाल ने साफ शब्दों में चेतावनी दी कि पंजाब की शांति भंग करने वाले और युवाओं की जान से खेलने वाले किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा।

# स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव द्वारा लेक्चरार पदों की भर्ती के संबंध में एस.सी. आयोग को रिपोर्ट पेश

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 4 जुलाई।** शिक्षा विभाग के भर्ती बोर्ड द्वारा लेक्चरारों के पदों के लिए जारी विज्ञापन में अनुसूचित जाति वर्ग के लिए लागू आरक्षण नीति की अनदेखी करने के मामले में स्कूल शिक्षा विभाग, पंजाब सरकार के सचिव द्वारा पंजाब राज्य अनुसूचित जाति आयोग को रिपोर्ट पेश की गई।

इस संबंध में जानकारी देते हुए पंजाब राज्य अनुसूचित जाति आयोग के चेयरमैन जसवीर सिंह गढ़ी ने बताया कि यह मामला उनके संज्ञान में आया था, जिस पर कार्रवाई करते हुए आयोग द्वारा स्कूल शिक्षा विभाग, पंजाब के सचिव को 3 जुलाई 2026 को व्यक्तिगत रूप से आयोग के समक्ष पेश होने का आदेश दिया गया था, जिसका अनुपालन करते हुए स्कूल शिक्षा विभाग की सचिव श्रीमती सोनाली गिरि आयोग के समक्ष पेश हुए और उन्होंने इस भर्ती प्रक्रिया के दौरान अनुसूचित जाति से संबंधित उम्मीदवारों के लिए पदों के न होने संबंधी दस्तावेज़ प्रस्तुत किए, जिसके संबंध में आयोग द्वारा 72 घंटों के भीतर इन दस्तावेज़ों का अध्ययन करके उचित आदेश जारी किए जाएंगे।

# गैंगस्टरां ते वार के 165वें दिन 829 स्थानों पर छापेमारी; 570 गिरफ्तार

**पुलिस टीमों ने 258 व्यक्तियों के खिलाफ एहतियाती कार्रवाई की**

**युद्ध नशियां विरुद्ध के 490वें दिन 3.5 किलो हेरोइन सहित 58 नशा तस्कर गिरफ्तार**



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 4 जुलाई।** राज्य में चल रहे निर्णायक अभियान 'गैंगस्टरां ते वार' के 165वें दिन पंजाब पुलिस ने आज राज्य भर में गैंगस्टरों के साथियों के पहचाने और मैप किए गए 829 स्थानों पर छापेमारी की।

उल्लेखनीय है कि 'गैंगस्टरां ते वार' - पंजाब को गैंगस्टर मुक्त राज्य बनाने के लिए निर्णायक जंग है, जो 20 जनवरी, 2026 को पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) पंजाब गौरव यादव द्वारा शुरू की गई थी। एंटी-गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) पंजाब के समन्वय से सभी जिलों की पुलिस टीमें राज्य भर में विशेष अभियान चला रही हैं। 165वें दिन, पुलिस टीमों ने 15 हथियारों सहित 570 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया, जिससे अभियान की शुरुआत के बाद कुल गिरफ्तारियाँ 43,697 हो गईं।

इसके अलावा 258 व्यक्तियों के खिलाफ एहतियाती कार्रवाई की गई है। पुलिस टीमों ने कार्रवाई के दौरान 15 फरार अपराधियों (पीओ) को भी गिरफ्तार किया है। लोग, एंटी-गैंगस्टर हेल्पलाइन नंबर 93946-93946 के माध्यम से गुप्त रूप से वांछित अपराधियों और गैंगस्टरों के बारे में रिपोर्ट कर सकते हैं और अपराध तथा आपराधिक गतिविधियों के बारे में सूचना भी दे सकते हैं।

इस दौरान पुलिस टीमों ने नशों के खिलाफ अपने अभियान 'युद्ध नशियां विरुद्ध' को 490वें दिन भी जारी रखते हुए आज 58 नशा तस्करों को गिरफ्तार किया और उनके कब्जे से 3.5 किलो हेरोइन, 2.3 किलो अफीम, 627 नशीली गोलियाँ और 36,900 रुपये की ड्रग मनी बरामद की गई। इसके साथ ही केवल 490 दिनों में गिरफ्तार किए गए कुल नशा तस्करों की संख्या 71,592 हो गई है।

नशा मुक्ति अभियान के हिस्से के रूप में, पंजाब पुलिस ने आज 11 व्यक्तियों को नशा मुक्ति एवं पुनर्वास उपचार कराने के लिए राजी किया है।

## जगराओं के युवक की मलेशिया में हार्ट अटैक से मौतम्मां ने पति के बाद बेटा भी खोया, कर्ज व गरीबी दूर करने तीन साल पहले गया था विदेश

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**जगराओं/लुधियाना, 4 जुलाई।** पंजाब के युवाओं का उज्ज्वल भविष्य और परिवार की तंगहाली दूर करने के लिए विदेश जाने का सिलसिला लगातार जारी है, लेकिन कई बार वहां से ऐसी खबरें आती हैं जो पूरे हंसते-खेलते परिवार को उजाड़ देती हैं। ऐसा ही एक बेहद हृदयविदारक मामला जगराओं के नजदीकी गांव पोना से सामने आया है, जहां रोजी-रोटी कमाने मलेशिया गए 30 वर्षीय नौजवान कमल कपूर सिंह की अचानक दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई। इस दुखद खबर के बाद से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। मृत युवक कमल कपूर सिंह घर का इकलौता कमाने वाला था। उसके पिता हरदेव सिंह की मौत हो चुकी है। घर की गरीबी हालात को खत्म करने के लिए युवक तीन साल पहले ही कर्ज लेकर मलेशिया गया था। इस त्रासदी ने कमल की बुजुर्ग मां हरजिंदर कौर को पूरी तरह तोड़कर रख दिया है। स्वर्गीय हरदेव सिंह के पुत्र कमल कपूर सिंह के कंधों पर पूरे परिवार की जिम्मेदारी थी। गांव के सरपंच हरप्रीत सिंह राजू पोना ने बताया कि करीब तीन साल पहले कमल कपूर अपने परिवार पर चढ़े कर्ज के बोझ को उतारने और बूढ़ी मां को एक अच्छा व सुखद जीवन देने की उम्मीद के साथ कर्ज लेकर मलेशिया गया था।

# मेरी रसोई राशन किटों का वितरण और हुआ तेज

**पंजाब ने वितरण में किया इज़ाफा: अब तक 21.29 लाख परिवारों को किया गया कवर**

**अब तक सबसे अधिक 2.29 लाख से अधिक राशन किटें लुधियाना में वितरित की गईं, 1.56 लाख के साथ पटियाला दूसरे और 1.36 लाख किटों के वितरण के साथ संगरूर तीसरे स्थान पर**

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 4 जुलाई।** पंजाब सरकार ने कमज़ोर परिवारों के लिए पोषण सुरक्षा सुनिश्चित करने के मद्देनज़र अपनी चल रही राशन किट वितरण मुहिम 'मेरी रसोई' में तेज़ी लाई है, जिसके तहत लगभग 21.29 लाख परिवार लाभान्वित हो रहे हैं। इस मुहिम का उद्देश्य हर तिमाही (3 महीनों) बाद पंजाब भर में कुल 40.48 लाख पात्र परिवारों को राशन किटें उपलब्ध करवाना है।

मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान की दूरदर्शी अगुआई और खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री लाल चंद कटारूचक्क की सक्रिय निगरानी में इस महत्वपूर्ण पहल के तहत मिशन मोड पर राशन वितरित किया जा रहा है, जिसमें प्रतिदिन 80,000 से 85,000 किटें निर्धारित केंद्रों से लाभार्थियों तक पहुँचाई जा रही हैं।

गौरतलब है कि इस पहल के तहत प्रत्येक पात्र परिवार को एक राशन किट प्रदान की जाती है, जो घर की आवश्यक खाद्य ज़रूरतों को ध्यान में रखते हुए तैयार की गई है। इसमें मासिक खपत के लिए दो किलो दाल, दो किलो चीनी, एक किलो नमक, 200 ग्राम हल्दी पाउडर और एक लीटर सरसों का तेल शामिल है। ये खाद्य किटें राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 के तहत पात्र लाभार्थियों को पहले से वितरित की जा रही गेहूं के अतिरिक्त प्रदान की जा रही हैं। राशन किटें मार्कफेड द्वारा तैयार की जाती हैं, जबकि खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग प्रदेश भर में वितरण नेटवर्क की निगरानी करता है।

अब तक वितरित की गई 21.29 लाख राशन किटों में से लुधियाना 229,555 किटों के साथ सबसे आगे, पटियाला 156,402 के साथ दूसरे स्थान पर, संगरूर 136,430 किटों के साथ तीसरे स्थान पर, फाज़िल्का 121,647 के साथ चौथे स्थान पर है जबकि सीमावर्ती ज़िला तरनतारन 121,589 राशन किटों के वितरण के साथ पाँचवें स्थान पर है। इसके अलावा अमृतसर में 118,579 राशन किटें, बठिंडा में 114,105, श्री मुक्तसर साहिब में 109,045, जालंधर में 105,379, होशियारपुर में 86,710, मानसा में 80,591 किटें, गुरदासपुर में 80,344, फिरोज़पुर में 78,404, साहिबज़ादा अजीत सिंह नगर में 71,238 किटें, फतेहगढ़ साहिब में 71,097, मोगा में 69,210, कपूरथला में 68,627, फरीदकोट में 60,937, बरनाला में 59,667, पठानकोट में 58,737, रूपनगर में 50,906, मलेरकोटला में 40,988 और शहीद भगत सिंह नगर में 38,838 राशन किटें वितरित की गई हैं। इस पहल का उद्देश्य अनाज के साथ-साथ आवश्यक प्रोटीन, खाना पकाने का तेल और मसाले आदि पात्र लाभार्थियों की रसोई तक पहुँचाना है ताकि योजना के तहत कवर किए जा रहे परिवारों को संपूर्ण पोषणयुक्त भोजन प्राप्त हो सके।

# मुख्यमंत्री सेहत योजना से मोहाली के एक नाई के घुटने का नि:शुल्क ऑपरेशन

**मैं इस उपचार के लिए अत्यंत आभारी हूं। जब मुझे पता चला कि मेरे इलाज का पूरा खर्च मुख्यमंत्री सेहत योजना के तहत वहन किया जाएगा, तो ऐसा लगा मानो मेरे सिर से बहुत बड़ा बोझ उतर गया हो: मोहम्मद जुल्फिकार, लाभार्थी**

**मुख्यमंत्री स्वास्थ्य योजना के तहत पात्र लाभार्थियों को अत्याधुनिक शल्य चिकित्सा पूरी तरह नि:शुल्क उपलब्ध कराई जा रही है: डॉ. बलबीर सिंह**



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 4 जुलाई।** एक सड़क दुर्घटना के बाद मोहाली के रहने वाले नाई मोहम्मद जुल्फिकार को लगने लगा था कि उनका वर्षों पुराना रोजगार अब छिन जाएगा। घुटने में गंभीर चोट के कारण न तो वे लंबे समय तक खड़े हो पा रहे थे और न ही महंगे ऑपरेशन का खर्च उठाने की स्थिति में थे। ऐसे कठिन समय में भगवंत मान सरकार की मुख्यमंत्री सेहत योजना उनके लिए संजीवनी साबित हुई। योजना के तहत उनका घुटने का निश्शुल्क ऑपरेशन कराया गया और अब वे जल्द ही दोबारा अपने काम पर लौटने की तैयारी कर रहे हैं। हर सुबह अपनी छोटी-सी नाई की दुकान खोलने वाले मोहम्मद जुल्फिकार वर्षों से अपने ग्राहकों के भरोसेमंद हेयर ड्रेसर रहे हैं। उनके लिए यह केवल रोजगार नहीं, बल्कि परिवार की आजीविका और लोगों से जुड़ने का माध्यम भी है। लेकिन कुछ समय पहले एक सड़क दुर्घटना ने उनकी जिंदगी बदल दी।

जुल्फिकार मोटरसाइकिल से जा रहे थे कि अचानक सड़क पर एक गाय आ गई। उसे बचाने के प्रयास में उनका संतुलन बिगड़ गया और वे सड़क पर गिर पड़े। उनकी एक टांग मोटरसाइकिल के नीचे फंस गई और इंजन चालू रहने के कारण वे कई मीटर तक सड़क पर घिसटते रहे। दुर्घटना में एक घुटने पर मामूली चोट आई, जबकि दूसरे घुटने में गंभीर चोट लगने से चलना-फिरना भी मुश्किल हो गया। चूंकि उनका काम लंबे समय तक खड़े रहकर करने का है, इसलिए चोट के बाद वे ग्राहकों के बाल काटने में भी असमर्थ हो गए। उन्हें चिंता सताने लगी कि यदि वे काम पर नहीं लौट पाए तो परिवार का गुजारा कैसे होगा। उन्होंने बताया, मैं हर दिन दर्द से जूझ रहा था। सबसे बड़ी चिंता यह थी कि अगर मैं खड़ा ही नहीं हो सका तो अपने परिवार का पालन-पोषण कैसे करूंगा।

घुटने के ऑपरेशन का खर्च भी उनके लिए बड़ी चुनौती था। सीमित आय वाले परिवार के लिए महंगा इलाज संभव नहीं था और उन्हें डर था कि इलाज के लिए कर्ज लेना पड़ेगा या फिर ऑपरेशन टालना पड़ेगा। इसी दौरान उन्हें पंजाब सरकार की मुख्यमंत्री सेहत योजना की जानकारी मिली। इसके बाद मोहाली के जिला अस्पताल में उनका एंटीरियर आर्थ्रोस्कोपिक मेनिस्कस रिपेयर/मेनिसेक्टॉमी ऑपरेशन किया गया। इस सर्जरी पर कुल 53,455 रुपये का खर्च आया, जिसे योजना के तहत पूरी तरह वहन किया गया।

ऑपरेशन के बाद जुल्फिकार ने राहत जताते हुए कहा, मैं इस उपचार के लिए अत्यंत आभारी हूं। जब मुझे पता चला कि मेरे इलाज का पूरा खर्च मुख्यमंत्री सेहत योजना के तहत वहन किया जाएगा, तो ऐसा लगा मानो मेरे सिर से बहुत बड़ा बोझ उतर गया हो। कई महीनों बाद पहली बार मुझे भविष्य के प्रति उम्मीद दिखाई दी। अब वे तेजी से स्वस्थ हो रहे हैं और जल्द ही अपनी दुकान पर लौटने की तैयारी कर रहे हैं। उनका कहना है कि बाल काटना केवल उनका पेशा नहीं, बल्कि परिवार की आजीविका का आधार और लोगों से जुड़ने का माध्यम है। वे इस अवसर के लिए पंजाब सरकार और मुख्यमंत्री सेहत योजना के प्रति आभार व्यक्त करते हैं।

स्टेट हेल्थ एजेंसी, पंजाब के अनुसार, रिपोर्टिंग अवधि के दौरान मुख्यमंत्री सेहत योजना के तहत 53.38 लाख रुपये की लागत से 190 ऑर्थोपेडिक प्रक्रियाएं पूरी की गई। इनमें 79 ओपन रिडक्शन इंटरनल फिक्सेशन (ओआरआईएफ) सर्जरियां शामिल हैं, जिन पर 16.75 लाख रुपये खर्च किए गए। प्रति मरीज औसत उपचार लागत 21,209 रुपये रही। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. बलबीर सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री सेहत योजना के तहत पात्र लाभार्थियों को अत्याधुनिक शल्य चिकित्सा पूरी तरह निश्शुल्क उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं के साथ-साथ सड़क सुरक्षा और दुर्घटना रोकथाम भी बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने लोगों से हेलमेट और सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करने, कार्यस्थलों पर सुरक्षा उपकरण पहनने, खेल गतिविधियों में सुरक्षा मानकों का पालन करने तथा बुजुर्गों को गिरने से बचाने के लिए आवश्यक सावधानियां अपनाने की अपील की।

जुल्फिकार की कहानी इस बात का उदाहरण है कि समय पर उपलब्ध गुणवत्तापूर्ण और निश्शुल्क स्वास्थ्य सेवाएं न केवल किसी व्यक्ति का इलाज करती हैं, बल्कि उसके आत्मविश्वास, परिवार की आर्थिक सुरक्षा और भविष्य की उम्मीदों को भी नया जीवन देती हैं।

# देश व प्रदेश में कांग्रेस की शुरू से रही झूठ बोलने की नीति: नायब सैनी

प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश के विकास को मिली गति

प्रदेश सरकार ने 66 वायदों को किया पूरा, 151पर चल रहा तेज गति से काम

अर्थ प्रकाश/विकास कश्यप



**लाडवा, 4 जुलाई।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब ङ्क्षसह सैनी ने कहा कि देश व प्रदेश में कांग्रेस की शुरू से ही झूठ बोलने की नीति रही। कांग्रेस ने जनता से सिर्फ झूठे वायदे किए और सत्ता पाने के बाद उन पर काम नहीं किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश को पिछले 12 सालों में गति के साथ विकास दिया है और इस दौरान प्रदेश को भी विकास में कई गुणा गति दी है। अब पिछले 12 सालों के विकास को देखकर जनता ने निकाय चुनाव में कोई भी सीट कांग्रेस को नहीं जीताई। उन्होंने दावा किया कि चुनाव के दौरान जनता से किए गए 217 संकल्प में से 66 वायदों को पूरा कर लिया गया है और 151 वायदों पर तेज गति से काम चल रहा।

मुख्यमंत्री नायब सैनी शनिवार को लाडवा खंड के गांव खेड़ी दाबदलान, घड़ोली आदि गांवों में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने गांव खेडी दाबदलान में 21 लाख रुपए,नया टयूबवैल लगाने के लिए 21 लाख रुपए, गांव घडौली में पानी की निकासी के लिए 21 लाख रुपए और गांव के विकास के लिए 21 लाख रुपए देने की घोषणा भी की। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार बनने के बाद सबसे पहले किडनी के मरीजों की पूरे प्रदेश के सरकारी हस्पताल में डायलिसिस सुविधा को मुक्त में करवाना शुरू किया। इसी तरह किसानों की सभी फसलों को एम.एस.पी. पर खरीदा जा रहा है और किसानों की सभी फसलों को एम.एस.पी. पर खरीदने वाला देश का पहला राज्य बना है। प्रदेश में गेहूं की फसल को करीब 1.5 लाख किसानों ने मंडी में पहुंचाया है, जिसका 1 लाख 63 हजार करोड़ रुपए 48 घंटे के अंदर किसानों के खातों में भेजा है। उन्होंने कहा कि सरकार ने अपने वायदे को पूरा करते हुए महिलाओं को 500 रुपए में गैस का सिलेंडर मुहैया करवाया जा रहा है और ऊपर की राशि को सबसिडी के रूप में पात्र उपभोक्ताओं के खातों में भेजा जा रहा है।

**सरकार ने महिलाओं के खाते में भेजी 300 करोड़ रुपए की सबसिडी:** मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि प्रदेश सरकार ने महिलाओं को प्रति महीने 2100 रुपए देने के वायदे को पूरा करते हुए पहले बजट में 5 करोड़ रुपए देने का प्रावधान किया। दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना को लागू कर महिलाओं के खातों में अब तक 1650 करोड़ रुपए पहुंचाए है। इस योजना का विस्तार करते हुए 80 प्रतिशत से अधिक अंक लेने वाले बच्चों की माताओं को योजना से जोड़ा है।

**सुपर 100 के 277 बच्चों को देश के टॉप संस्थानों में मिला दाखिला:** उन्होंने कहा कि प्रदेश के 103 स्कूलों में मिशन बुनियाद कार्यक्रम चल रहा है, जिन्हें आगे चलकर सुपर 100 कार्यक्रम के लिए चुना जाता है। इस वर्ष सुपर 100 के 270 बच्चों ने देश के टॉप आई.आई.टी., आई.आई.एम., जी.आई.आई.एम., संस्थानों में दाखिला मिला है। मुख्यमंत्री ग्रामीणों से अपने बच्चों को सरकारी स्कूलों में पढ़ाने का आग्रह किया, जिस स्कूल में बच्चे होंगे, वहां पर हर प्रकार की सुविधा मुहैया करवाई जाएगी।

**प्रदेश के 60000 परिवारों की छत पर लगा सोलर पैनल:** मुख्यमंत्री नायब ङ्क्षसह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत प्रदेश के 60000 परिवारों को सोलर पैनल का लाभ दिया है, जिस परिवार की इनकम एक लाख 80 हजार पैसे कम है। वह संबंधित विभाग के कार्यालय या पार्टी के किसी भी कार्यकर्ता के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। इस योजना के तहत केंद्र और प्रदेश सरकार मिलकर गरीब परिवारों को मुफ्त में 2 किलो वाट का सोलर पैनल उपलब्ध करवा रही है।

**विभागों ने योजनाओं के लगाए स्टॉल:** कार्यक्रम में सभी सरकारी विभागों ने ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ देने के लिए अपने-अपने विभाग के स्टाल लगाए। खंड विकास एवं पंचायत विभाग कार्यालय, हरियाणा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की वीबी जीरामजी, बिजली विभाग के प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना, जिला समाज कल्याण विभाग की तरफ से दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना के लिए नागरिकों को जागरूक किया। इसके अलावा हरियाणा बाल कल्याण विकास विभाग, परिवार पहचान पत्र और सिंचाई विभाग ने भी अपने-अपने योजना के स्टोर लगाए। इस मौके पर पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा, पुलिस अधीक्षक चंद्र मोहन, मुख्यमंत्री कार्यालय प्रभारी कैलाश सैनी, चेयरमैन सुभाष कलसाना, चेयरमैन रविंद्र सांगवान, मीडिया कोऑर्डिनेटर तुषार सैनी, चेयरमैन डा.गणेश दत्त, गूढ़ा मंडल अध्यक्ष नरेंद्र सिंह, जिलाध्यक्ष रमेश सैनी सहित अनेक ग्रामीण व कार्यकर्ता मौजूद थे।

## प्रदेश में 2029 में भी विकास कार्यों के बलबूते पर लगातार बनेगी चौथी बार सरकार: मुख्यमंत्री

अर्थप्रकाश/राजकुमार वालिया/अरविंद मोहन शर्मा



**कुरुक्षेत्र, 4 जुलाई।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश सरकार विकास कार्यों और जनकल्याणकारी नीतियों के बलबूते पर वर्ष 2029 में लगातार चौथी बार सरकार बनाएगी। इस सरकार ने लोगों के साथ जो वायदे किए उन वायदों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने का काम किया। इस कार्यकाल में 217 संकल्पों में से महज 18 महीने के कार्यकाल में 66 संकल्पों को पूरा कर दिया है और इसी साल 151 संकल्पों को भी पूरा कर दिया जाएगा। जबकि कांग्रेस ने आज तक अपने घोषणा पत्र को पूरा किया है केवल नागरिकों को गुमराह करने के लिए समाज में झूठ बोलना और भ्रम फैलाने का काम किया है।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी शनिवार को गांव भालड़, धनौरा जाटान,भैणी में आयोजित कार्यक्रमों को सम्बोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गांव धनौरा जाटान में सरपंच सुभाषचंद द्वारा रखी गई 9 मांगों को विभागों की रिपोर्ट के बाद पूरा करने की घोषणा की, इसके साथ ही गांव में पीने के पानी की पाइप लाईन के लिए 21 लाख रुपए और विकास कार्यों के लिए भी 21 लाख रुपए देने की घोषणा की है हालांकि प्रदेश सरकार द्वारा गांव धनौरा जाटान में विकास कार्यो पर 92 लाख रुपए खर्च किए है। मुख्यमंत्री ने गांव भालड में पीने की पाइप लाइन के लिए 14 लाख रुपए,सामुदायिक केन्द्र के निर्माण के लिए 31 लाख रुपए देने की घोषणा करते हुए सरपंच बलकार द्वारा रखी गई सभी मांगों को पूरा करने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि गांव के विकास पर सरकार द्वारा अब तक 44 लाख रुपए खर्च किया जा चुका है। मुख्यमंत्री ने गांव भैणी में विकास कार्यो के लिए 21 लाख रुपए देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि इस गांव में विकास कार्यो पर 46 लाख रुपए खर्च किए जा चुके है। इस धन्यवादी दौरे के दौरान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का सभी कार्यक्रमों में पगडी पहनाकर और ढोल नगाडों के साथ भव्य व जोरदार स्वागत किया। इस दौरान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने हर व्यक्ति से बातचीत की, लोगों की समस्याओं को सुना और अधिकारियों को समस्याओं का समाधान करने के आवश्यक निर्देश भी दिए है।

## न्यूज ब्रीफ

### पंजाब नैशनल बैंक में नई करंसी वितरण शिविर का आयोजन




**करनाल (अप्रस/शैलेंद्र जैन)।** पंजाब नैशनल बैंक नीलोखेड़ी शाखा में 10 रुपए के नए कैश पैकेट वितरण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का शुभारंभ मुख्य प्रबंधक सोहन लाल ,प्रबंधक योगेश कुमार, करंसी चेस्ट प्रभारी जगदीश चन्द्र, भीम सिंह,भरत भंभोरिया, सुनील चौधरी, हेम राज द्वारा किया गया। इस शिविर के दौरान लगभग 150 ग्राहकों को सुविधा प्रदान की गई तथा उन्हें 10-10 रुपए के नए करंसी नोटों के पैकेट वितरित किए गए। इस जानकारी देते हुए शाखा प्रबंधक सोहनलाल ने बताया कि शिविर में पी.एन.बी. ग्राहकों के साथ-साथ गैर-पी.एन.बी. ग्राहकों को भी यह सुविधा उपलब्ध कराई गई। उन्होंने कहा कि रिजर्व बैंक की गाइड लाइन अनुसार यह शिविर लगाया गया जिसका मुख्य उद्देश्य ज्यादा संख्या में लोगों को पंजाब नैशनल बैंक से जोडऩा है। इसके अलावा बैंक द्वारा किसानों व आमजन के हित में जारी कल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराना है। नई करंसी नोट प्राप्त कर सभी ग्राहकों ने अपनी खुशी एवं संतुष्टि व्यक्त की।

### फैक्ट्री में अचानक आग लगने से हड़कंप मचा



**करनाल (अप्रस/शैलेंद्र जैन)।** करनाल में मेरठ रोड पर स्थित भाजपा नेता और व्यापारी कल्याण बोर्ड के उपाध्यक्ष सतीश गुप्ता की फैक्ट्री में अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया। आग इतनी तेज थी कि कुछ ही देर में पूरे परिसर में फैल गई। धुएं के गुबार कई किलोमीटर दूर तक दिखाई देने लगा। कर्मचारियों ने आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन लपटें बढ़ती चली गईं। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और हालात को काबू में करने की कार्रवाई शुरू की गई।कर्मचारियों में मची अफरा-तफरी श्री राम एग्रो फैक्ट्री में आग लगते ही वहां मौजूद कर्मचारियों में अफरा-तफरी मच गई। सभी ने मिलकर आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग की तीव्रता अधिक होने के कारण सफलता नहीं मिल सकी। इसके बाद तुरंत पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। फायर ब्रिगेड की टीम ने शुरू किया रेस्क्य सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की गाडि?ां मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू किया गया। सब इंस्पेक्टर तरसेम सिंह ने बताया कि आग लगने के बाद हालात को नियंत्रित करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।- कारण और नुकसान का आंकलन बाकी फैक्ट्री भारतीय जनता पार्टी के नेता एवं व्यापारी कल्याण बोर्ड के चेयरमैन सतीश गुप्ता की बताई जा रही है। आग किन कारणों से लगी, इसका अभी तक खुलासा नहीं हो पाया है। शॉर्ट सर्किट या अन्य वजहों की जांच की जा रही है। नुकसान लाखों या करोड़ों में होने की आशंका है, जिसका सही आंकलन आग बुझने के बाद ही किया जाएगा। फैक्ट्री मालिक की शिकायत के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### वृक्ष पृथ्वी के वास्तविक जीवनदाता: डा. विनोद



**कैथल (अप्रस/ओम प्रकाश)।** पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य के निर्माण के संकल्प को साकार करते हुए एमडीएन ग्लोबल स्कूल कैथल की एनएसएस इकाई द्वारा वन महोत्सव सप्ताह के अंतर्गत वृक्षारोपण अभियान चलाया गया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की एनएसएस इकाई के 11वीं एवं 12वीं कक्षा के स्वयं सेवकों ने एनएसएस कोऑर्डिनेटर प्रीति के नेतृत्व में किया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय परिसर में पौधारोपण के साथ हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक डॉ. विनोद कुमार, चेयरपर्सन निधि कंसल, प्रबंधक गौरव गर्ग तथा प्रधानाचार्य संत कौशिक ने पौधे रोपकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। विद्यालय परिसर में छायादार, फलदार एवं औषधीय पौधों का रोपण किया गया। स्वयं सेवकों ने पौधों की नियमित देखभाल एवं संरक्षण का संकल्प भी लिया। डॉ. विनोद कुमार ने कहा कि वृक्ष पृथ्वी के वास्तविक जीवनदाता हैं। वे न केवल प्राणवायु प्रदान करते हैं, बल्कि पर्यावरण संतुलन बनाए रखने, वर्षा चक्र को सुचारू रखने, प्रदूषण कम करने तथा जैव विविधता के संरक्षण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन और बढ़ते प्रदूषण की चुनौती का सबसे प्रभावी समाधान अधिक से अधिक वृक्षारोपण और उनका संरक्षण है।

## जिंदल फाउंडेशन ने 172 लोगों को उपलब्ध कराई स्वास्थ्य सेवाएं

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश

**कैथल, 4 जुलाई।** नवीन जिन्दल फाउंडेशन द्वारा संचालित मोबाइल मेडिकल यूनिट ने जिन्दल हाउस कैथल में 172 लोगों को निशुल्क चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई। उपरोक्त जानकारी देते हुए डॉ. बलविंद्र सिंह ने बताया कि लोगों की स्वास्थ्य जांच कर उन्हें आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया। रक्तचाप, मधुमेह सहित विभिन्न सामान्य बीमारियों की जांच की गई। जरूरतमंद 119 मरीजों को निऱ्शुल्क दवाइयां वितरित की गई, जबकि 53 लोगों के रक्त व युरिन के परीक्षण भी मौके पर ही किए गए। सांसद नवीन जिन्दल के कैथल कार्यालय प्रभारी रविन्द्र धीमान ने बताया कि सांसद नवीन जिन्दल के मार्गदर्शन में मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से गांवों और कस्बों में लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जा रहा है। यूनिट की टीम लोगों को पौष्टिक भोजन खाने, साफ-सफाई रखने, नियमित व्यायाम करने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के बारे में जानकारी देती है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र में तीन मोबाइल मेडिकल यूनिट्स कार्य कर रही हैं। इनमें से दो यूनिट्स कुरुक्षेत्र जिले में और एक यूनिट कैथल जिले में स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर रही है। इन मोबाइल मेडिकल यूनिट्स के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों और दूर-दराज के गांवों में रहने वाले लोगों तक भी स्वास्थ्य सुविधाएं आसानी से पहुंच रही हैं, जिससे उन्हें अपने आसपास ही चिकित्सा परामर्श और प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल रहा है।

## अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के जीवन में सुधार लाने के लिए निरंतर प्रयासरत है सरकार: कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा

बरवाला में संत शिरोमणि कबीर दास जी महाराज के नाम पर चौक के निर्माण की घोषणा की

संत शिरोमणि कबीर दास महाराज की जयंती के उपलक्ष्य में भव्य कार्यक्रम आयोजित

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 4 जुलाई।** हरियाणा के कैबिनेट मंत्री श्री रणबीर गंगवा ने कहा है कि बरवाला में संत शिरोमणि कबीर दास जी महाराज के नाम पर एक चौक का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में ÷संत-महापुरुष विचार प्रसार योजना÷ के तहत संतों और महापुरुषों से जुड़े महत्वपूर्ण दिवसों को पूरे सम्मान और गरिमा के साथ मना रही है। इन आयोजनों के माध्यम से हमारी युवा पीढ़ी को अपने संतों और महापुरुषों के जीवन, संघर्ष, त्याग और उनके महान विचारों से प्रेरणा मिलती है।

वे शनिवार को हिसार के बरवाला में संत शिरोमणि कबीर दास महाराज की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि हरियाणा सरकार अंत्योदय के भाव से कार्य कर रही है और अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के जीवन में सुधार लाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने बताया कि ऐसे लोगों के जीवन में बदलाव लाने के लिए लाडो लक्ष्मी जैसी महत्वाकांक्षी योजना चलाई गई है।

उन्होंने कहा कि संत कबीर दास जी केवल एक संत ही नहीं, बल्कि समाज सुधारक, महान चिंतक और मानवता के सच्चे उपासक थे। उन्होंने अपने दोहों और वाणी के माध्यम से समाज में फैली ऊंच-नीच, छुआछूत, अंधविश्वास और भेदभाव का विरोध किया तथा प्रेम, समानता, भाईचारे और सत्य का संदेश दिया। उनकी शिक्षाएं आज के दौर में और भी अधिक प्रासंगिक हो गई है। युवाओं को शिक्षित बनाने का आह्वान करते हुए कैबिनेट मंत्री ने कहा कि आज हम ऐसे दौर में हैं, जहां किसी भी देश और समाज की सबसे बड़ी ताकत उसके शिक्षित और सक्षम नागरिक होते हैं। वही समाज आगे बढ़ेगा जो अपने बच्चों को शिक्षित और योग्य बनाएगा। शिक्षा केवल नौकरी पाने का माध्यम नहीं, बल्कि एक बेहतर इंसान और सशक्त समाज के निर्माण का आधार है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने भर्ती प्रक्रियाओं में पारदर्शिता और ईमानदारी को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। आज छोटे से छोटे घर का युवा भी अपनी मेहनत, लगन और प्रतिभा के दम पर बड़ी से बड़ी सरकारी नौकरी हासिल कर सकता है।

## शक्ति केंद्र प्रमुखों और बूथ अध्यक्षों को डिजिटल लर्निंग से जोड़ेगी भाजपा: विजेंद्र मैहला

### कहा- प्रत्येक कार्यकर्ता का डिजिटल रूप से प्रशिक्षित होना आवश्यक

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश



**कैथल, 4 जुलाई।** भारतीय जनता पार्टी के ढांड मंडल द्वारा संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के उद्देश्य से शक्ति केंद्र प्रमुखों की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता भाजपा ढांड मंडल अध्यक्ष एवं ढांड मार्केट कमेटी के चेयरमैन विजेंद्र मैहला जडौला ने की। बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों को गति देने, डिजिटल माध्यमों से कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करने तथा आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान शक्ति केंद्र प्रमुखों को डिजिटल लर्निंग कोर्स के माध्यम से भाजपा की विचारधारा, संगठन की रीति-नीति, कार्यपद्धति तथा जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। चेयरमैन विजेंद्र जडौला ने कहा कि बदलते समय के साथ संगठनात्मक कार्यों में तकनीक की भूमिका लगातार बढ़ रही है। ऐसे में प्रत्येक कार्यकर्ता का डिजिटल रूप से प्रशिक्षित होना आवश्यक है, ताकि वह पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से आमजन तक पहुंचा सके। भाजपा नेता विजेंद्र मैहला ने बैठक में विशेष रूप से एसआईआर (एसआईआर) से संबंधित आवश्यक जानकारी भी साझा की गई तथा शक्ति केंद्र प्रमुखों को अपने-अपने क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता और संगठनात्मक गतिविधियों को सक्रिय रूप से आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया गया। इसके अलावा कार्यकर्ताओं से आह्वान किया गया कि वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम मन की बात को प्रत्येक बूथ स्तर पर सामूहिक रूप से सुनने की व्यवस्था सुनिश्चित करें, ताकि केंद्र सरकार की जनहितकारी योजनाओं और संदेशों को आम नागरिकों तक प्रभावी तरीके से पहुंचाया जा सके। अपने संबोधन में विजेंद्र मैहला जडौला ने कहा कि भाजपा का संगठन बूथ स्तर की मजबूती पर आधारित है। शक्ति केंद्र प्रमुख संगठन की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी हैं और उनकी सक्रियता ही पार्टी को गांव-गांव तथा प्रत्येक मतदाता तक पहुंचाने का कार्य करती है।

## स्वच्छ परिवहन को बढ़ावा देने के लिए आरटीए का जागरूकता अभियान

**पानीपत (अप्रस)।** एनसीआर में वायु प्रदूषण कम करने और पर्यावरण अनुकूल परिवहन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से हरियाणा परिवहन विभाग की परिवर्तन योजना (नया सफर योजना) के तहत आरटीए पानीपत ने जागरूकता अभियान चलाया। जिला परिवहन अधिकारी एवं आरटीए सचिव डॉ. नीरज जिंदल ने वाहन मालिकों और ट्रांसपोर्टरों को योजना की जानकारी दी, जबकि सहायक जिला परिवहन अधिकारी गुरजीत कौर ने वाहन पासिंग ग्राउंड में भी लोगों को जागरूक किया। डॉ. जिंदल ने बताया कि योजना के तहत बीएस-4 और उससे पुराने ट्रक एवं बसों को अधिकृत स्क्रैपिंग केंद्र पर स्क्रैप कराकर बीएस-7, इलेक्ट्रिक या अन्य पर्यावरण अनुकूल वाहन खरीदने पर 100 प्रतिशत मोटर वाहन कर और पंजीकरण शुल्क में छूट मिलेगी। योजना का लाभ लेने के लिए पुराने वाहन अधिकृत स्क्रैपिंग केंद्र पर ही जमा कराने होंगे। उन्होंने वाहन मालिकों से अपील की कि वे योजना का लाभ उठाकर पुराने प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों के स्थान पर नए और आधुनिक वाहन अपनाएं।

## फायरिंग कर युवक पर जानलेवा हमला करने के दो और आरोपी गिरफ्तार

अर्थ प्रकाश/सुभाष जैन

**पानीपत, 4 जुलाई।** सीआईए वन पुलिस ने समालखा क्षेत्र के हथवाला गांव में युवक पर फायरिंग कर जानलेवा हमला व मारपीट करने मामले में शुक्रवार शाम को दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों की पहचान हथवाला निवासी कपिल व अंकित के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को निजामपुर गंदा नाला पुलिया के पास से गिरफ्तार किया।

सीआईए वन प्रभारी इंस्पेक्टर फूल कुमार ने बताया कि पूछताछ में दोनों आरोपियों ने मामले में पहले गिरफ्तार हो चुके अपने सात साथी आरोपियों चुलकाना निवासी रवि उर्फ कमांडो, समालखा शास्त्री कॉलोनी निवासी सुमित उर्फ बांदरी, डिकाडला निवासी भूपेंद्र, हथवाला निवासी राहुल व बंटी और बापौली निवासी आर्यन व लक्की के साथ मिलकर उक्त वारदात को अंजाम देना स्वीकारा। पुलिस ने शनिवार को पूछताछ के बाद दोनों आरोपियों को माननीय न्यायालय में पेश किया जहा से उन्हें न्यायिक हिरासत जेल भेज दिया गया।

मामले में पहले गिरफ्तार हो चुके सात आरोपियों रवि उर्फ कमांडो, सुमित उर्फ बांदरी, भूपेंद्र, राहुल, बंटी, आर्यन व लक्की के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त एक देसी पिस्तौल, एक डंडा व एक क्वीड गाड़ी बरामद कर सभी आरोपियों को माननीय न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत जेल भेजा जा चुका है। थाना समालखा में हथवाला गांव निवासी रिंकू पुत्र सुरेंद्र ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि 30 मार्च की शाम करीब 7 बजे वह अपने घर के बाहर खड़ा था। तभी एक क्विड गाड़ी आई जो अंकित के घर के बाहर रूकी। गाड़ी में गांव निवासी राहुल, चुलकाना निवासी रवि उर्फ कमांडो व इनके दो तीन अन्य साथी थे। वे काफी देर तक बैठे रहे। कुछ देर बाद रवि उर्फ कमांडा व राहुल ने जान से मारने के लिए उस पर गोली चला दी।

## सिटी पुलिस थाने की लगती दीवार के साथ ही खड़े-बड़े वाहन करते हैं शहर में यातायात झाम

अर्थ प्रकाश/संजीव सिंगला

**टोहाना, 4 जुलाई।** शहर में हर गली मोहल्ले में बड़े-बड़े व्हीकल आप हर वक्त शहर में लगने वाले बड़े-बड़े झामो का कारण बनते हैं शहर में सिटी थाने के पास लगती दीवार के साथ बड़े-बड़े भारी व्हीकल आपको हर वक्त खड़े दिखाई देंगे। इन भारी व्हीकल का शहर में एंट्री करने का कोई भी समय फिक्स नहीं है शहर की ज्यादातर होलसेल की दुकान सिटी थाने से लेकर घंटाघर चौक और घंटाघर चौक से लेकर गांधी गेट पर स्थित हैं यहां पर यातायात पुलिस ने कभी भी आना उचित तक नहीं समझा है शहर में आने वह जाने वाले लोगों के लिए यह भारी भरकम व्हीकल हर वक्त बड़ी समस्या बने रहते हैं कई बार तो इन बड़े वाहन वालों की वहां से गुजरने वाले स्थानीय लोगों से लड़ाई झगड़ा तक हो जाता है फिर लोग स्थानीय पुलिस व यातायात पुलिस ट्रैफिक पुलिस को याद करते दिखाई देते हैं और सभी लोग यह कहते दिखाई देते हैं कि ट्रैफिक पुलिस क्या टोहाना में नहीं है अगर है तो कभी भी इन भारी व्हीकल का शहर में आगमन का समय क्यों जारी नहीं करती जब व्यापारी की मर्जी होती है तब वह यहां बड़े व्हीकल दुकानों के आगे खड़े कर रास्ते अवरुद्ध करने का कार्य करते हैं जिससे लोगों को बहुत समस्या पैदा होती है लोगों की फतेहाबाद यातायात पुलिस अधीक्षक से मांग है कि शहर में बड़े वाहनों के आगमन का समय फिक्स किया जाए की बाजार खुलने से पहले ही वह अपना कार्य कर बाद में समस्या पैदा ना करें। और शहर की ट्रैफिक पुलिस भी अपना कुछ दायित्व समझते हुए बार-बार गांधी गेट से लेकर सिटी थाने तक पेट्रोलिंग करती रहे जिससे लोगों को झाम की स्थिति से अवगत न होना पड़े।

### भाजपा कार्यालय गुरुकमल में भव्यता के साथ मनाई जाएगी डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती

## डॉ. मुखर्जी के विचारों को किया जाएगा नमन: अरविंद सैनी

रविवार को आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रीय महामंत्री विनोद तावड़े और प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता रहेंगी मुख्य अतिथि

फरीदाबाद में प्रदेश अध्यक्ष डा. अर्चना गुप्ता का स्वागत एवं अभिनंदन कार्यक्रम

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 4 जुलाई।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा राष्ट्रवादी विचारक, प्रखर शिक्षाविद एवं भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती रविवार को भाजपा कार्यालय गुरुकमल में भव्य एवं गरिमामय समारोह के रूप में मनाई जाएगी। कार्यक्रम में भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री विनोद तावड़े तथा भाजपा हरियाणा की प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होकर कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगी। गुरुग्राम से पहले प्रदेश अध्यक्ष डा. अर्चना गुप्ता फरीदाबाद पहुंचेगी। फरीदाबाद में कार्यकर्ता प्रदेश अध्यक्ष डा. अर्चना गुप्ता का भव्य स्वागत और अभिनंदन करेंगे।

प्रदेश मीडिया प्रभारी अरविंद सैनी ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का संपूर्ण जीवन राष्ट्रभक्ति, राष्ट्रीय एकता और सांस्कृतिक चेतना का प्रतीक रहा है। उन्होंने देश की अखंडता और स्वाभिमान की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व समर्पित किया। उनका संकल्प एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान नहीं चलेंगे आज भी प्रत्येक राष्ट्रवादी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने कहा कि डॉ. मुखर्जी के विचार और आदर्श भारतीय जनता पार्टी की वैचारिक शक्ति एवं संगठनात्मक आधार हैं।

अरविंद सैनी ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने शिक्षा, राष्ट्रवाद और लोकतांत्रिक मूल्यों को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनका बलिदान भारत की एकता, अखंडता और राष्ट्रीय स्वाभिमान की रक्षा के लिए सदैव स्मरणीय रहेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटाकर डॉ. मुखर्जी के अधूरे संकल्प को पूरा करने का ऐतिहासिक कार्य किया है। आज देश उनके दिखाए मार्ग पर आगे बढ़ते हुए मजबूत, आत्मनिर्भर और एक भारत-श्रेष्ठ भारत के संकल्प को साकार कर रहा है।

प्रदेश मीडिया प्रभारी अरविंद सैनी ने बताया कि रविवार को प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता के दो प्रमुख कार्यक्रम निर्धारित हैं। सबसे पहले वे फरीदाबाद पहुंचेंगी, जहां प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार आगमन पर भाजपा कार्यकर्ता ढोल-नगाड़ों, पुष्पवर्षा और भव्य स्वागत के साथ उनका अभिनंदन करेंगे।

फरीदाबाद के बाद प्रदेश अध्यक्ष डा. अर्चना गुप्ता गुरुग्राम पहुंचकर भाजपा कार्यालय गुरुकमल में आयोजित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती समारोह में भाग लेंगी और कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगी। इस अवसर पर भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री विनोद तावड़े भी उपस्थित रहेंगे।

# गोवा का हेल्थ सिस्टम ध्वस्त, पंजाब से सीख लेकर 10 लाख का हेल्थ इंश्योरेंस दें सीएम : केजरीवाल

## डीडीएसएसवाई से गोवावासियों का मोह भंग, 2.91 लाख परिवारों में से 1.81 लाख ने कार्ड का इस्तेमाल बंद किया

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**नई दिल्ली, 4 जुलाई।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने पंजाब सरकार से सीख लेकर गोवा के मुख्यमंत्री को भी अपने राज्य के लोगों को 10 लाख रुपए का हेल्थ इंश्योरेंस देने की मांग की है। उन्होंने कहा कि पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार बिना शर्त हर परिवार को 10 लाख का हेल्थ इंश्योरेंस दे रही है। उसी तरह गोवा के हर परिवार को भी दिया जाए और सारी बीमारियों को कवर किया जाए। साथ ही, पंजाब की तरह गोवा में पैनल्ड प्राइवेट अस्पतालों का भुगतान 15 दिनों में करें, ताकि अस्पताल मरीजों के इलाज से इन्कार न करें। उन्होंने कहा कि मंत्रियों और अमीरों की तरह गोवा का सबसे गरीब व्यक्ति भी अच्छे से अच्छे अस्पताल में इलाज कराने का हकदार है और यही आदर्श स्थिति है।

अरविंद केजरीवाल ने गोवा के जर्जर स्वास्थ्य मॉडल को सामने रखते हुए कहा कि गोवा का पूरा हेल्थ सिस्टम ध्वस्त हो चुका है। हालात ये हैं कि गोवा का एकमात्र सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में भारी भीड़ है और बिना सिफारिश के बेड नहीं मिलते हैं। जबकि साउथ गोवा जिला अस्पताल में 193 पद खाली हैं, तो पोंडा के आईडी अस्पताल में मेडिकल उपकरण नही तक नहीं हैं। सरकार ने डीडीएसएसवाई योजना जरूर चलाई, लेकिन इससे गोवावासियों का मोह भंग हो चुका है। कुल 2.91 लाख परिवारों के कार्ड बने थे, लेकिन इसमें से 1.81 लाख परिवारों ने कार्ड का इस्तेमाल बंद कर दिया है। आज 90 फीसद लोग गंभीर बीमारी होने पर प्राइवेट अस्पताल का खर्च नहीं उठा सकते।

÷आप÷ के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि गोवा की स्वास्थ्य व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो गई है। गोवा में दो तरह की स्वास्थ्य सेवाएं हैं। पहली, एक प्राइवेट और दूसरी सरकारी। अगर कोई गंभीर बीमारी हो जाए, तो लगभग 90 फीसद गोवा सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं पर निर्भर करता है। प्राइवेट स्वास्थ्य सेवाएं इतनी ज्यादा महंगी हैं कि 90 फीसद आबादी गंभीर बीमारी होने पर प्राइवेट अस्पतालों में अपना इलाज कराने का खर्च नहीं उठा सकती। सामान्य सर्दी, खांसी या बुखार के लिए लोग शायद प्राइवेट डॉक्टर के पास चले जाते हों, लेकिन अगर कोई गंभीर सर्जरी या बीमारी हो, तो कोई भी प्राइवेट अस्पताल में इलाज कराने की हिम्मत नहीं कर सकता। अगर हम मान लें कि गोवा की आबादी 18 लाख है, तो लगभग 16 लाख लोग सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं पर निर्भर हैं और केवल 2 लाख लोग ही प्राइवेट अस्पतालों का खर्च उठा सकते हैं और शायद 2 लाख भी बहुत बड़ा आंकड़ा है।

अरविंद केजरीवाल ने आगे कहा कि प्राइवेट अस्पताल बहुत सारे हैं, लेकिन सरकारी क्षेत्र में केवल एक सुपर स्पेशलिटी अस्पताल जीएमसी है। जीएमसी की हालत बहुत खराब है, वहां जरूरत से ज्यादा भीड़ होती है। अगर वहां बेड चाहिए, तो किसी की सिफारिश लगानी पड़ती है। डॉक्टर के पास जाओ तो वे दवाइयां लिख देते हैं, जिन्हें बाहर से खरीदना पड़ता है। दवाइयां महंगी होने के कारण ज्यादातर लोग उन्हें खरीद नहीं पाते। जीएमसी के बारे में जितना कम कहा जाए, उतना ही बेहतर है। उसकी हालत बहुत ज्यादा बुरी है। पूरे राज्य में एक ही जीएमसी है, इसलिए काणकोण से वहां पहुंचने में दो घंटे लगते हैं। अगर कोई इमरजेंसी हो जाए, तो दो घंटे में तो मरीज की जान ही चली जाएगी। पोंडा से वहां पहुंचने में एक घंटा लगता है।

अरविंद केजरीवाल ने कहा कि इसके अलावा साउथ गोवा डिस्ट्रिक्ट हॉस्पिटल है, जहां 193 पद खाली पड़े हैं। वहां कई स्पेशलिस्ट नहीं हैं और दवाइयों की बहुत ज्यादा कमी है। वह अस्पताल पूरी तरह से ठप पड़ा है। पोंडा के आईडी अस्पताल में तो बुनियादी मेडिकल उपकरण ही गायब हैं। वह पर्याप्त रूप से सुसज्जित नहीं है। वहां न तो सीटी स्कैन है और न ही एमआरआई है। वहां आठ लिफ्ट हैं, जिनमें से सात खराब हैं। आईडी अस्पताल पोंडा ज्यादातर सिर्फ एक रेफरल अस्पताल बनकर रह गया है। जितने भी मरीज आते हैं, उन्हें जीएमसी रेफर कर दिया जाता है। वहां स्पेशलिस्ट नहीं हैं, स्टाफ की भारी कमी है और बहुत सारे डॉक्टर नहीं हैं, जबकि इस अस्पताल को बने 12 साल हो चुके हैं। इस तरह गोवा का पूरा सरकारी स्वास्थ्य सिस्टम पूरी तरह से ढह चुका है।

अरविंद केजरीवाल ने कहा कि 90 फीसद लोगों को यह नहीं पता कि अगर उनके घर में कोई बीमार हो जाए तो वे कहां जाएं। लोगों को राहत देने के लिए सरकार ने दीनदयाल स्वास्थ्य सेवा योजना निकाली थी, ताकि अगर किसी को सरकारी अस्पताल में ठीक से इलाज न मिले, तो वह प्राइवेट अस्पताल में जाकर इलाज करा सके। इस योजना की राशि अब बढ़ाकर, तीन लोगों के परिवार के लिए पूरे साल का 4 लाख रुपए का इंश्योरेंस कर दिया गया है।

## राम मंदिर में एक और महापाप, सोने की राम चरित मानस भी गायब : केजरीवाल

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**नई दिल्ली, 4 जुलाई।** अयोध्या स्थित राम मंदिर में चोरी का सिलसिला थम नहीं रहा है। अब सामने आ रहा है कि राम मंदिर से सोने की राम चरित मानस भी गायब हो गई है। इस पर आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि पूर्व गृह सचिव द्वारा पूरी श्रद्धा से चढ़ाई गई एक किलोग्राम सोने की राम चरित मानस भी गायब है। चंदा चोरों ने एक और महापाप किया है।

उधर, ''आप'' दिल्ली के प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने राम मंदिर में चढ़ावा चोरी को लेकर आरएसएस से कई सवाल पूछे हैं। उन्होंने आरएसएस से पूछा कि वह देश को बताए कि हिंदुओं के खिलाफ किसने काम किया या उन्हें किसने बदनाम किया? क्या उन्होंने बदनाम किया, जिन्होंने मंदिर का चंदा चुराया? या फिर उन्होंने बदनाम किया, जिन्होंने इन चोरों को बचाने की कोशिश की? या फिर उन्होंने बदनाम किया, जिन्होंने सबसे पहले इस चोरी को उजागर किया और सरकार पर इस मामले को स्वीकार करने और कार्रवाई करने का दबाव बनाया?

सौरभ भारद्वाज ने आगे कहा कि मैं आरएसएस से पूछना चाहता हूं कि हिंदू विरोधी होने और हिंदुओं को बदनाम करने का काम किसने किया है? उन लोगों ने जिन्होंने चढ़ावे की चोरी की, जिन्होंने चोरों को बचाने की कोशिश की या उन लोगों ने जिन्होंने सबसे पहले इस चोरी के खिलाफ आवाज उठाई और सरकार पर इसे मानने का दबाव बनाया?

## कौशल और परिश्रम के बल पर आत्मनिर्भर बन सकती है महिलाएं : कपिल अत्रेजा



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**करनाल, 4 जुलाई।** स्थानीय सेवाश्री आश्रम में सेवा भारती, करनाल तथा भारत विकास परिषद्, कर्ण शाखा द्वारा संचालित माता जीजाबाई स्वरूप निखार प्रशिक्षण केंद्र में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही बहनों एवं बालिकाओं को ओर अधिक दक्ष, आत्मविश्वासी तथा स्वावलंबी बनाने हेतु विशेष कक्षा का आयोजन किया गया। भाविप कर्ण शाखा की अध्यक्ष डॉ. रचना चौधरी और इस स्थाई प्रकल्प की संरक्षक श्रीमती ज्योति चौधरी तथा भाविप कर्ण शाखा की टीम के द्वारा इस प्रशिक्षण केंद्र में हरियाणा की सुप्रसिद्ध रूप सज्जा विशेषज्ञ तारा कटारिया का विशेष लेक्चर रखा गया। जिसमें बहन तारा कटारिया ने बच्चियों को अत्यंत सहज एवं आत्मीय भाव से रूप सज्जा के विभिन्न कार्यों की आधुनिक कार्यप्रणाली, तकनीकों तथा व्यावहारिक अनुभवों को विस्तारपूर्वक साझा किया। प्रशिक्षण प्राप्त कर रही सभी बहनों ने पूरे मनोयोग एवं उत्साह के साथ उनकी बातों को समझा और अपने कौशल को निखारने का संकल्प लिया। डॉ. रचना चौधरी ने बहनों को जीवन में संस्कारों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि कौशल के साथ-साथ उत्तम संस्कार ही व्यक्ति को समाज में सम्मान और सफलता प्रदान करते हैं। इस प्रकल्प की संरक्षक श्रीमती ज्योति चौधरी ने रूप सज्जा प्रकल्प को ओर अधिक प्रभावी एवं उन्नत बनाने के लिए अनेक उपयोगी सुझाव दिए, जिससे भविष्य में अधिक से अधिक बहनों को इसका लाभ मिल सके। हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के सदस्य, कपिल अत्रेजा ने स्वावलंबन के विषय पर सभी बहनों से आह्वान किया कि वे अपने कौशल और परिश्रम के बल पर आत्मनिर्भर बन सकती है तथा समाज और राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। इस अवसर पर सेवा भारती के ज़िला पालक सुरेंद्र गोयल ने सेवा भारती द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वावलंबन एवं सामाजिक समरसता के क्षेत्र में किए जा रहे विभिन्न सेवा कार्यों का विस्तृत परिचय कराया तथा सेवा के माध्यम से समाज परिवर्तन की प्रेरणा दी। सेवाव्रती नरेश माटा ने सेवा भारती के बाल संस्कार केंद्रों की जानकारी साझा करते हुए उनके उद्देश्य एवं समाज में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। अंत में सेवा भारती के जिलाध्यक्ष विपिन अरोड़ा ने आए हुए सभी सदस्यों व अतिथियों का धन्यवाद किया।

## हरियाणा में पर्यटन क्रांति

# पिंजौर में यादविंद्रा गार्डन और टिक्कर ताल का 90 करोड़ से होगा कायाकल्प

- पिंजौर में बनेगा वन स्टॉप डेस्टिनेशन फॉर वेडिंग
- पीपीपी मोड पर बनेगा होटल, छत पर उतरेंगे हेलीकॉप्टर
- टिक्कर ताल में एडवेंचर पार्क, बोटिंग और हंटेड-हाउस होगा अपग्रेड



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 4 जुलाई।** हरियाणा के विश्व प्रसिद्ध पिंजौर स्थित यादविंद्रा गार्डन तथा मोरनी के टिक्कर ताल का अब 90 करोड़ रुपये की लागत से कायाकल्प किया जाएगा।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शनिवार को पर्यटन विभाग के उच्च अधिकारियों के साथ आयोजित एक बैठक में पिंजौर के ऐतिहासिक यादविंद्रा गार्डन और मोरनी हिल्स के खूबसूरत टिक्कर ताल को आधुनिक एवं अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप विकसित करने के निर्देश दिए हैं।

इस परियोजना के तहत दोनों प्रमुख पर्यटन स्थलों के जीर्णोद्धार और आधुनिकीकरण पर करीब 90 करोड़ रुपए खर्च किए जाने का प्रस्ताव तैयार किया गया है। सरकार की इस पहल से न केवल हरियाणा में पर्यटन को नए पंख मिलेंगे, बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार और राज्य के राजस्व में भी भारी बढ़ोतरी होगी।

यादविंद्रा गार्डन के समीप आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित एक भव्य वन स्टॉप डेस्टिनेशन फॉर वेडिंग विकसित करने को कहा है, जिससे पर्यटन विभाग को अतिरिक्त राजस्व की प्राप्ति हो सके। इस हाई-टेक वेडिंग डेस्टिनेशन में एक कन्वेंशन सेंटर और एग्जीबिशन सेंटर समेत तमाम आधुनिक सुविधाएं मौजूद होंगी।

इसके साथ ही, यहां पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप मोड पर एक आलीशान होटल का निर्माण भी किया जाएगा, जिसकी छत पर अत्याधुनिक हेलिपैड की सुविधा होगी ताकि देश-विदेश से आने वाले मेहमान सीधे हवाई मार्ग से यहाँ पहुंच सकें।

विरासत एवं पर्यटन विभाग के आयुक्त एवं सचिव डॉ. अमित अग्रवाल ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि विकास कार्यों के दौरान यादविंद्रा गार्डन की ऐतिहासिक और पारंपरिक विरासत को पूरी तरह संजोकर रखा जाएगा। गार्डन के मूल स्वरूप से छेड़छाड़ किए बिना यहाँ पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए अत्याधुनिक संगीतमय फव्वारे, एक खूबसूरत बटरफ्लाई पार्क और एक एक्वेरियम बनाया जाएगा।

इसके अलावा, मोरनी के पास स्थित प्रसिद्ध टिक्कर ताल को एडवेंचर लवर्स की पहली पसंद बनाने के लिए टिक्कर ताल में एडवेंचर पार्क, बोटिंग और हंटेड-हाउस समेत अन्य दर्शनीय स्थलों का कायाकल्प किया जाएगा, जिससे यह प्राकृतिक स्थल पर्यटकों के लिए एक बेहद रोमांचक, खूबसूरत और कभी न भूलने वाला सफर साबित हो सके। बैठक में मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी और मुख्यमंत्री के उप प्रधान सचिव डॉ. यशपाल सहित कई वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

## एसडीएम की धमकी से लापता शिक्षक अपने चाचा के घर मिला

**करनाल (शैलेंद्र जैन)।** हरियाणा के करनाल में एसडीएम तहसीलदार पर उत्पीडन् का आरोप लगा लापता हुए सरकारी टीचर को पुलिस ने बरामद कर लिया है। पुलिस को करीब 7 घंटे बाद टीचर प्रदीप उनके चाचा के घर से ही मिले। टीचर का नोट मिलते ही पुलिस एक्टिव हो गई। सबसे पहले सेक्टर-9 के कॉन्वेंट स्कूल के पास प्रदीप कुमार की गाड़ी मिली। इसके बाद पुलिस उन्हें ट्रेस करते हुए करनाल के आई टीआई चौक पहुंची। यहां से ही उनके जरनैली कॉलोनी स्थित चाचा के घर में होने की सूचना मिली। पुलिस ने रात करीब 8 बजे टीचर को परिवार को सौंप दिया। अब करनाल पुलिस नोट की जांच कर रही है, जिसमें घरौंडा एसडीएम, घरौंडा तहसीलदार पर उत्पीडन् का आरोप लगा टीचर शुक्रवार दोपहर लापता हुए थे। उन्होंने इस नोट में लिखा था- मैं अधिकारियों की मीटिंग में गया था। एसडीएम साहब ने कहा, तुझे नौकरी करनी सिखा दूंगा। उम्र के दबाव में ये दबाव सहन नहीं कर सकता, अब मैं आत्महत्या कर रहा हूं।

## तेज रफ्तार कार ने एक्टिवा सवार को मारी टक्कर, चालक फरार; घायल आईसीयू में भर्ती



अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा

**जीरकपुर।** शिवालिक विहार निवासी 55 वर्षीय विजय कुमार हुड्डा सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए। वह अपनी ड्यूटी से लौट रही बेटी मनीषा हुड्डा को एक्टिवा पर लेने जा रहे थे। इसी दौरान सामने से तेज रफ्तार और लापरवाही से आ रही एक कार ने उनकी एक्टिवा को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया।

घायल के बेटे अजय ने बताया कि हादसे के तुरंत बाद स्थानीय लोगों की मदद से विजय कुमार को उपचार के लिए पहले चंडीगढ़ के सेक्टर-32 स्थित सरकारी अस्पताल ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें मोहाली के ग्रीशियन अस्पताल रेफर कर दिया गया।

परिजनों के अनुसार हादसे में विजय कुमार के पैर की हड्डी और कमर के पास की हड्डी टूट गई है। डॉक्टरों ने उनकी सर्जरी करने की बात कही है। फिलहाल वह अस्पताल के आईसीयू में भर्ती हैं और उनकी हालत गंभीर बनी हुई है।

परिजनों ने पुलिस से फरार कार चालक की जल्द पहचान कर उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से आरोपी की तलाश की जा रही है।

## वार्ड नंबर-3 स्थित गणेश विहार में दूषित पेयजल से हाहाकार, सीवरेज मिला पानी पीने को मजबूर 150 परिवार

डायरिया और जलजनित बीमारियों का बढ़ा खतरा, कई शिकायतों के बावजूद नहीं हुआ समाधान; लोगों ने आंदोलन की चेतावनी, नगर परिषद ने जांच का दिया भरोसा



अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा

**जीरकपुर।** बलटाना के वार्ड नंबर-3 स्थित गणेश विहार में पिछले लंबे समय से दूषित पेयजल की समस्या बनी हुई है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि घरों में सप्लाई हो रहे पानी में सीवरेज का पानी मिलकर आ रहा है, जिससे पानी पूरी तरह गंदा हो गया है। इस कारण लोगों को पीने के पानी के लिए भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गंदे पानी की सप्लाई के चलते इलाके के लोगों में डायरिया, फूड पॉइजनिंग और अन्य जलजनित बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। लोगों का कहना है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया गया, जिससे क्षेत्रवासियों में प्रशासन के प्रति नाराजगी बढ़ती जा रही है। स्थानीय पार्षद देवेंद्र नेगी ने बताया कि गणेश विहार के करीब 150 परिवार इस समस्या से प्रभावित हैं। उन्होंने कहा कि लोग मजबूरी में वाटर प्योरिफायर से पानी साफ करने के बाद उसे उबालकर पी रहे हैं, ताकि किसी गंभीर बीमारी की चपेट में आने से बच सकें। पार्षद ने संबंधित विभाग से पेयजल और सीवरेज लाइनों की तत्काल जांच कर समस्या का स्थायी समाधान करने की मांग की। उनका कहना है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो लोगों का स्वास्थ्य गंभीर खतरे में पड़ सकता है और स्थिति और बिगड़ सकती है। दूषित पानी की समस्या को लेकर स्थानीय लोगों में कड़ा रोष देखने को मिला। इस दौरान स्थानीय निवासी प्रमिला, मधु बिष्ट, सरबजीत कौर, सुनीता पाठक, अनुष्का, प्रीति ढिल्लों, बानी, सोनू, चांदनी, नीलू, दीप्ति सहित अन्य क्षेत्रवासी मौजूद रहे। लोगों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे प्रशासन के खिलाफ आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

### सीवरेज चैंबर के नीचे से गुजर रही पेयजल पाइप, दूषित पानी की यही है बड़ी वजह

स्थानीय निवासियों का कहना है कि वे लंबे समय से इस समस्या से जूझ रहे हैं, लेकिन नगर परिषद का कोई भी अधिकारी आज तक मौके पर निरीक्षण के लिए नहीं पहुंचा। लोगों के अनुसार, सीवरेज चैंबर के नीचे से पेयजल पाइपलाइन गुजर रही है। चैंबर क्षतिग्रस्त होने के कारण सीवरेज का गंदा पानी पेयजल पाइपलाइन में मिल रहा है, जिससे घरों में दूषित पानी की सप्लाई हो रही है। क्षेत्रवासियों ने बताया कि सीवरेज चैंबर का ढक्कन और अंदर का हिस्सा भी टूटा हुआ है। उन्होंने प्रशासन से तत्काल मरम्मत कर स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने की मांग की है।

'मैं मौके पर टीम भेजकर पूरे मामले की जांच करवाता हूं। यदि जांच के दौरान कहीं पेयजल पाइपलाइन टूटी हुई या सीवरेज का पानी मिक्स होने की समस्या पाई गई तो उसे प्राथमिकता के आधार पर तुरंत ठीक करवा दिया जाएगा।'

**—स्वनीत सिंह, जेई, नगर परिषद**


कार्यालय ग्राम पंचायत बागा चनोगी
विकास खंड सराज, जिला मंडी (हि.प्र.)

निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बागा चनोगी, विकास खंड सराज, जिला मंडी (हि.प्र.) में वित्त वर्ष 2026-27 के लिए विभिन्न कार्यों के निष्पादन हेतु अवश्यकतानुसार अधिकृत विक्रेताओं से मुहरबंद (Sealed) निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदाएं दिनांक 22/07/2026 तक ग्राम पंचायत बागा चनोगी के कार्यालय में पहुंच जानी चाहिए। निविदाएं दिनांक 23/07/2026 को प्रातः 11:00 बजे कार्यालय ग्राम पंचायत में पदाधिकारियों गणपूर्ति व निविदाओं या उसके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष (यदि उपस्थित हो) खोली जाएगी। प्रकाशकीय कारणों में इस तिथि को बदलाव करने का अधिकार ग्राम पंचायत बागा चनोगी के पास सुरक्षित रहेगा। सूचना ग्राम के सूचना पट पर प्रदर्शित की जाएगी। ग्राम पंचायत को इस अवधि हेतु निम्नलिखित सामग्री की आवश्यकता रहेगी।
सामग्री का विवरण इस प्रकार है :- रेता क्रेशर, बजरी क्रेशर 10 एमएम, 20 एमएम, 40 एमएम, तारस्पेन (Ropeway) ईंट मिट्टी के भट्ठे की, JCB व L&T मशीन, सामग्री ढुलवान पंचायत क्षेत्र व सीमेंट ढुलवान बुनाग से बागा चनोगी, जीप, ट्रैक्टर, शटरिंग लोहा लकड़ी, एल्युमिनियम दरवाजे, खिड़की, प्लाई बोर्ड, हार्डवेयर आइटम सरिया, एंगल, चैनल, पीवीसी शीटें, रेलिंग लोहा, सेनिटरी वाल राईटिंग, साईन बोर्ड कार्यालय फर्नीचर, GI Sheet खच्चर द्वारा ढुलवान।
निविदाता के पास अपना जीएसटी व टीन नम्बर होना अवश्यक है। रेता, बजरी आपूर्तिकर्ता को खनन विभाग से जारी M/X/W Form ग्राम पंचायत को प्रस्तुत करने होंगे। PWD लैब से प्रमाणित किया हुआ प्रमाण पत्र भी संलग्न करना होगा। M/X/W Form उपलब्ध न करने पर निदेशक ग्रामीण विभाग एवं पंचायतीराज विभाग के पत्र संख्या XEN (RD&PR) DB General 2023-1/2024192/2023-34307 dated 30/11/2023 की अनुपालना में M/X/W Form न करने पर पेनल्टी ली जाएगी। निविदाएं पर दरें स्पष्ट अंकित होनी चाहिए। निविदाओं को रद्द करने का पूर्ण अधिकार भी ग्राम पंचायत बागा चनोगी के पास रहेगा। निविदाएं प्रधान ग्राम पंचायत बागा चनोगी के नाम आनी चाहिए।
नोट : निविदादाता 20,000/- (बीस हजार) रुपये धरोहर राशि निविदा खोलने से पहले ग्राम पंचायत के पास जमा करनी होगी। या तो निविदा को रद्द किया जाएगा।

हस्ता/-
प्रधान/सचिव
ग्राम पंचायत बागा चनोगी, विकास खंड सराज, जिला मंडी (हि.प्र.)



tifr HBCSE
होमी भाभा विज्ञान शिक्षा केंद्र
टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ फंडामेंटल रिसर्च

भारतीय गणित ओलंपियाड पात्रता परीक्षा (IOQM) 2026-27

भारतीय राष्ट्रीय गणित ओलंपियाड (INMO) 2027 में भाग लेने के इच्छुक छात्रों के लिए, राष्ट्रीय गणित ओलंपियाड पात्रता परीक्षा (IOQM) में शामिल होना अनिवार्य है।
यह परीक्षा 6 सितंबर, 2026 को आयोजित की जाएगी।
IOQM में सफल होने वाले छात्र INMO 2027 में भाग लेने के पात्र होंगे।
यह अंतर्राष्ट्रीय गणित ओलंपियाड (IMO) 2027 और यूरोपीय गर्ल्स गणित ओलंपियाड (EGMO) 2028 में भारतीय टीम के आधिकारिक सदस्य के रूप में भागीदारी की दिशा में पहला चरण है।

अधिक जानकारी और पंजीकरण लिंक:
https://olympiads.hbcse.tifr.res.in एवं https://www.mtai.org.in/

पंजीकरण संबंधित परीक्षा केंद्रों पर सीधे किया जा सकता है
इसके अलावा, ऑनलाइन पंजीकरण भी 29 जून 2026 से शुरू होगा
ऑनलाइन पंजीकरण के लिए वेबसाइट: https://ioqm.mtai.org.in/

पंजीकरण की अंतिम तिथि: 25 जुलाई 2026

CBC 48143/11/0004/2627



पंजाब नैशनल बैंक भरोसे का प्रतीक! pnb punjab national bank ...the name you can BANK upon!

शाखा कार्यालय-सेक्टर 38-सी चंडीगढ़, ई-मेल:bo148520@pnb.bank.in, दूरभाष: 0172-2636245

लॉकर धारकों को ब्रेक ऑपन सूचना -पंजाब नैशनल बैंक
(लॉकर्स के किराये के भुगतान में चूककर्ता)

यह हमारे सम्मानित ग्राहकों की सूचना हेतु है, जिनके हमारी शाखा पर किराये पर लॉकर्स है और समझौते का उल्लंघन किया है। आरबीआई/बैंक दिशानिर्देशों के अनुसार किरायेदारों को भेजी गई यह सूचना वापस प्राप्त हुई है, उनके रिकॉर्डेड पते के अनुसार प्राप्त नहीं हुए अथवा छोड़ गए अथवा मर गए हैं। लॉकर धारकों को उनके रिकॉर्डेड पते पर व्यक्तिगत संपर्क करने के प्रयास किए गए, लेकिन वह व्यर्थ रहे हैं तथा उनके वर्तमान ठिकाने का पता नहीं चल सका है। कोई दावेदार दावा करने के लिए आगे नहीं आया है। इसलिए, कोई और विकल्प न होने के कारण, नीचे दिए गए सभी लोगों और उनके दावेदारों/नॉमिनी को यह सूचना दी जा रही है कि वे शाखा से संपर्क करें और 90 दिनों के भीतर बैंक की बकाया राशि का भुगतान करें, जिसमें असफल रहने पर बैंक उनकी लागत, जोखिम और दायित्व पर लॉकर्स को तोड़कर खोलने की प्रक्रिया करेगा तथा बैंक बाकाया किराया, लागत और अन्य प्रभारों की वसूली हेतु ग्रहणाधिकार से अपने अधिकारों का प्रयोग करेगा।

| क्र.सं. | खाता धारक का नाम | शाखा का नाम | लॉकर नंबर | खाता धारक का पता |
|---|---|---|---|---|
| 1. | सुश्री रेनू देवी | सेक्टर 38सी (पुराना 40डी) | एए00067 | (1) मकान सं. 199, एकता कालोनी, बलोंगी, एसएएस नगर मोहाली, पंजाब (2) मकान सं. 3358, सेक्टर 40-डी, चंडीगढ़ (3) मकान सं 78, झुडू माजरा कालोनी, सेक्टर 38 वेस्ट, चंडीगढ़ |
| 2. | श्री संदीप सिंह | सेक्टर 38सी (पुराना 40डी) | एए00067 | मकान सं. 3358, सेक्टर 40-डी, चंडीगढ़ |
| 3. | सुश्री पूजा मलहोत्रा | सेक्टर 38सी (पुराना 40डी) | एए00054 | (1) मकान सं. 3030, सेक्टर 44-डी, चंडीगढ़ (2) मकान सं. 2928, प्रथम तल, सेक्टर 42-सी, चंडीगढ़ (3) आर802, 8वां तल, गिलको हाईट्स, खरड, मोहाली, पंजाब। |

दिनांक: 04.07.2026 स्थान: चंडीगढ़ प्राधिकृत अधिकारी


## माता मनसा देवी मंदिर में हर वर्ष आने वाले करोड़ों रुपये के चढ़ावे का पिछले 10 सालों का ऑडिट होना चाहिए : ओपी सिहाग

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**पंचकूला, 4 जुलाई।** जननायक जनता पार्टी पंचकूला के जिला अध्यक्ष ओ पी सिहाग ने कहा कि पंचकूला में स्थित माता मनसा देवी मंदिर की पूरे प्रदेस सहित उत्तरी भारत में बहुत ज्यादा मान्यता है। उन्होंने कहा कि यहां साल में दो दफा बड़े पैमाने पर मेला लगता है उस वक्त लाखों श्रद्धालु इस प्राचीन मंदिर में पूजा करने तथा अपनी मन्नतें मांगने आते हैं। इसके अलावा हर रोज इस मंदिर में सैंकड़ों की संख्या में लोग एवं माता को मानने वाले श्रद्धालू आते हैं। ओ पी सिहाग ने कहा कि मंदिर में आने वाले माता के भगत एवं श्रद्धालू बड़ी मात्रा में सोने चांदी के आभूषण एवं करोडों रुपये का चढ़वा चढ़ते हैं।

जजपा ज़िला अध्यक्ष ओ पी सिहाग ने कहा कि पिछले दिनों प्रदेश सरकार द्वारा नियुक्त किये गये गैर सरकारी सदस्यों ने जिसमें ज्यादातर बीजेपी के वरिष्ठ नेता है उन्होंने मुख्यमंत्री हरियाणा के समक्ष माता मनसा देवी श्राइन बोर्ड के वरिष्ठ अधिकारियों पर मनमाने तरीके से कार्य करने , मंदिर की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाने के साथ उनकी उपेक्षा किए जाने बारे गम्भीर आरोप लगाए हैं। जिससे यह बात साबित होती है कि मंदिर के रख रखाव में सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है। जजपा ज़िला अध्यक्ष ओ पी सिहाग ने कहा कि हरियाणा सरकार को तुरंत मंदिर में आ रहे चढवे तथा तथा वहां खर्च किए जा रहे पूरे पैसे एवं अन्य भेंट किए गए क़ीमती सामानों का पिछले 10 वर्षो का पूरा ऑडिट करवाना चाहिए ताकि राम मंदिर की तरह यहां भी कोई बड़ी गड़बड़ी न हो। उन्होंने कहा कि देश भर में बड़े पैमाने पर मंदिरों में आनेवाले दान एवं चढ़वे की चोरी की खबरों ने हर जगह बड़ी खलबली मचा दी है तथा हिन्दू धर्म को मानने वाले लोगों की आस्था पर गहरी चोट पहुंची है।

# चंडीगढ़ में पेट्रोल पंप पर फायरिंग

## 2 युवकों ने जबरन पंप खुलवाना चाहा, सिक्योरिटी गार्ड ने इनकार किया, बहस के बाद चली गोली

**सिक्योरिटी गार्ड ने लाइसेंसी पिस्टल से किया फायर**

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 4 जुलाई।** चंडीगढ़ के सेक्टर-38 वेस्ट में एक पेट्रोल पंप पर शुक्रवार रात करीब 10 बजे बवाल हो गया। यहां पेट्रोल भरवाने पहुंचे 2 बाइक सवारों ने सिक्योरिटी गार्ड के साथ कहासुनी की। बात इतनी बढ़ गई कि सिक्योरिटी गार्ड को अपनी लाइसेंसी पिस्टल से फायरिंग करनी पड़ी।

गोली चलती देख युवक वहां से भाग गए। सिक्योरिटी गार्ड का कहना है कि पेट्रोल पंप बंद हो चुका था। फिर भी युवक पंप खोलकर बाइक में पेट्रोल डालने का दबाव बना रहे थे। वे गाली-गलौज कर रहे थे, इसलिए उन्हें डराने के लिए फायरिंग की गई।

सूचना मिलते ही मलोया थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस ने 2 युवकों के खिलाफ केस दर्ज किया है। इनमें से एक की पहचान सचिन के रूप में हुई है, जबकि दूसरे की पहचान की जा रही है। पुलिस ने घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज कब्जे में ली है।

पुलिस के अनुसार, शुक्रवार रात तय समय पर सेक्टर-36 वेस्ट का पेट्रोल पंप बंद हो चुका था। इसके बाद करीब 10 बजे एक बाइक पर सवार होकर दो युवक वहां पहुंचे। उन्होंने ड्यूटी पर तैनात सुरक्षा कर्मी से बाइक में पेट्रोल भरने को कहा।

सुरक्षाकर्मी ने युवकों को बताया कि पंप बंद हो चुका है। अब सुबह निर्धारित समय पर ही खुलेगा। इसके बावजूद दोनों युवक लगातार पेट्रोल भरवाने की जिद करते रहे और कथित तौर पर पंप खुलवाने का दबाव बनाने लगे। सुरक्षाकर्मी नहीं माना तो युवक उसके साथ गाली-गलौज करने लगे।

बताया जा रहा है कि सुरक्षा कर्मी ने कई बार युवकों को समझाने की कोशिश की, लेकिन वे नहीं माने। इसी दौरान दोनों पक्षों के बीच तीखी बहस हुई। विवाद बढ़ता देख सुरक्षाकर्मी ने अपनी लाइसेंसी पिस्टल निकाली और चेतावनी देने के उद्देश्य से हवा में एक फायर कर दिया। गोली चलती देख दोनों युवक घबरा गए और अपनी बाइक लेकर मौके से फरार हो गए। इसके बाद मौके पर कुछ लोग भी पहुंचे। नाइट ड्यूटी पर तैनात पेट्रोल पंप का स्टाफ उन्होंने मामले की सूचना पुलिस को दी।

### सीसीटीवी खंगाल रही पुलिस

घटना की सूचना मिलते ही थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने पेट्रोल पंप के कर्मचारियों और सुरक्षा कर्मी से पूछताछ की। साथ ही वहां लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी, ताकि पता चल सके कि पूरा विवाद कैसे हुआ।

# पंचकूला में बहन के बॉयफ्रेंड ने भाई का कत्ल किया

## चाकू से दिल पर वार, दोस्तों ने आरोपी को पीटकर मार डाला; पार्टी में बिन बुलाए आया था

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**पंचकूला, 4 जुलाई।** हरियाणा के पंचकूला में डबल मर्डर की सनसनीखेज वारदात सामने आई है। यहां छह दिन पहले पिता बने युवक की उसकी बहन के बॉयफ्रेंड ने चाकू से वारकर हत्या कर दी। दोनों के बीच नामकरण समारोह में बिना बुलाए आने पर झगड़ा हुआ था। इसके बाद मृतक युवक के दोस्तों ने आरोपी बॉयफ्रेंड को घेर लिया और उसे पीट-पीटकर मार डाला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सेक्टर-6 स्थित नागरिक अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया है।

मृतक युवक की पहचान 26 वर्षीय संजीत निवासी सेक्टर 19 के रूप में हुई, जबकि उसकी बहन के बॉयफ्रेंड का नाम अर्जुन था। शुरुआती जांच में पता चला कि शुक्रवार की रात को संजीत के बेटे के नामकरण समारोह में बिना बुलाए ही अर्जुन पहुंच गया था। इसके लेकर उसका संजीत से झगड़ा हुआ था।

डीसीपी क्राइम अमरिंदर सिंह के अनुसार संजीत के घर 6 दिन पहले बेटे का जन्म हुआ था। परिवार ने इस खुशी में सेक्टर-19 में नामकरण समारोह और पार्टी का आयोजन किया था। इस पार्टी की उसकी बहन सोनम का बॉयफ्रेंड अर्जुन भी बिन बुलाए ही अपने 7-8 साथियों के साथ पहुंच गया। डीसीपी क्राइम के अनुसार, संजीत का परिवार इस रिश्ते के खिलाफ था। इसी को लेकर संजीत और अर्जुन में झगड़ा हो गया। दोनों की खूब मारपीट हुई। दोनों के दोस्त भी इस झगड़े में कूद पड़े। हंगामा बढ़ने पर अुर्जन और उसके दोस्त वहां भाग गए। डीसीपी के मुताबिक, अर्जुन और उसके दोस्तों के वहां से भाग जाने के बाद संजीत भी अपने साथियों के साथ उनके पीछे दौड़ पड़ा। संजीत को पीछे आता देख अर्जुन सेक्टर-19 इंडस्ट्रियल एरिया के अंडरपास के पास छुप गया। इसी दौरान संजीत ने उसे देख लिया और उसके पास पहुंच गया। आरोप है कि संजीत को देख अर्जुन ने हाथ में लिए चाकू से उसकी छाती पर वार कर दिया। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। यह देख अर्जुन के दोस्त वहां से फरार हो गए। अर्जुन को संजीत के दोस्तों ने घेर लिया और पीट-पीट कर मार डाला। उधर, परिवार के लोग भी दोनों के पीछे-पीछे आए गए। दोनों को मरा देख उन्होंने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते सेक्टर-19 पुलिस चौकी, सेक्टर-20 थाना पुलिस और क्राइम ब्रांच की टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए।

## न्यूज ब्रीफ

### अमरावती क्षेत्र में घर में चोरी करने वाले तीन नाबालिगों को पंचकूला पुलिस ने महज 12 घंटे में किया काबू

**पंचकूला (अप्रस/सुनील सिंघई)।** पंचकूला पुलिस ने चोरी के एक मामले का त्वरित खुलासा करते हुए महज 12 घंटे के भीतर तीन नाबालिगों को काबू कर चोरी गए अधिकांश सोने-चांदी के आभूषण बरामद कर लिए। पुलिस चौकी अमरावती में पंचकूला निवासी युवती ने शिकायत दर्ज कराई थी कि 27 जून 2026 को वह और उनके पति घर पर ताला लगाकर काम पर गए थे। दोपहर में लौटने पर घर की अलमारी खुली मिली और उसमें रखे सोने-चांदी के आभूषण तथा नकदी चोरी मिली। शिकायत के आधार पर थाना पिंजौर में भारतीय न्याय संहिता की धारा 305(1) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान अमरावती चौकी इंचार्ज सब इंस्पेक्टर प्रीतम सिंह की अगुवाई में टीम ने स्थानीय स्तर पर गहन पड़ताल करते हुए मात्र 12 घंटे के भीतर तीन नाबालिग ( उम्र 14-16 )को काबू कर लिया। पूछताछ के दौरान एक नाबालिग ने ईडब्ल्यूएस डीएलएफ फ्लैटों के पास झाड़ियों में छिपाकर रखे गए चोरी के सोने-चांदी के आभूषण बरामद किए गए। बरामद सामान में सोने की बालियां, सोने का कोका, चांदी की पाजेब, चांदी की चुटकियां, चांदी का ब्रेसलेट, चांदी की चेन, चांदी का सिक्का तथा चांदी का छोटा हाथी शामिल हैं। डीसीपी पंचकूला सृष्टि गुप्ता- चूंकि तीनों आरोपी नाबालिग हैं, इसलिए मामले की जांच जुवेनाइल अधिकारी द्वारा की गई। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद तीनों नाबालिगों को जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड के समक्ष पेश किया गया, जहां से उन्हें बाल सुधार गृह अंबाला भेज दिया गया है।

### डिजिटल अरेस्ट कर बुजुर्ग महिला से 16 लाख की ठगी करने वाले साइबर गिरोह के दो आरोपी पंचकूला पुलिस की गिरफ्त में

**पंचकूला (अप्रस/सुनील सिंघई)।** पंचकूला साइबर अपराधियों के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई कर रही पंचकूला पुलिस को एक और बड़ी सफलता मिली है। डीसीपी क्राइम एंड ट्रैफिक अमरिंदर सिंह के नेतृत्व में लंबित साइबर अपराध मामलों के त्वरित निपटारे के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत साइबर क्राइम थाना सेक्टर-20 पंचकूला की टीम ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए डिजिटल अरेस्ट के नाम पर बुजुर्ग महिला से लाखों रुपये की धोखाधड़ी करने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। साइबर थाना प्रभारी युद्धवीर सिंह के अनुसार, पंचकूला निवासी बुजुर्ग महिला ने साइबर क्राइम पोर्टल के माध्यम से एक शिकायत दर्ज करवाई थी। पीड़िता ने बताया कि अपराधियों ने उनके मोबाइल पर कॉल कर खुद को मुंबई क्राइम ब्रांच का फर्जी अधिकारी बताकर डराया कि उनके नाम से ईरान भेजे जा रहे एक पार्सल में ड्रग्स, फर्जी पासपोर्ट और अवैध कार्ड मिले हैं। इसके बाद मनी लॉन्ड्रिंग के झूठे केस में फंसाने की धमकी देकर आरोपियों ने महिला को कई दिनों तक घर के एक कमरे में डिजिटल अरेस्ट रखा। इस दौरान लोक-लाज और जेल जाने के डर से घबराई बुजुर्ग महिला से झांसा देकर अलग-अलग संदिग्ध बैंक खातों में कुल 16 लाख रुपये ट्रांसफर करवा लिए गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। डीसीपी क्राइम एंड ट्रैफिक अमरिंदर सिंह- हमारी जांच में सामने आया कि ठगी गई रकम में से 5 लाख रुपये बीकानेर निवासी गोपाल सारन के स्टेट बैंक ऑफ इंडिया खाते में ट्रांसफर हुई थी। यह बैंक खाता पैसों के लालच में प्रमोद गोदारा को बेचा था। इसके बाद हमारी साइबर क्राइम थाना टीम ने जाल बिछाकर आरोपी गोपाल सारन (उम्र 26 वर्ष) और सह-आरोपी प्रमोद गोदारा (उम्र 23 वर्ष) को गिरफ्तार कर लिया। अब गिरोह के फरार मुख्य सरगना और अन्य संदिग्ध खाताधारकों की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है।

# एमसी चंडीगढ़ ने डड्डूमाजरा में वन महोत्सव वृक्षारोपण अभियान की तैयारियों की समीक्षा की

अर्थ प्रकाश/वीरेन्द्र सिंह

**चंडीगढ़, 4 जुलाई।** नगर निगम चंडीगढ़ अगले सप्ताह दादूमाजरा डंपिंग ग्राउंड में वन महोत्सव 2026 के तहत एक बड़े वृक्षारोपण अभियान के आयोजन के लिए पूरी तरह तैयार है, जहाँ विभिन्न प्रकार के लगभग 10 हज़ार पौधे लगाए जाएंगे।

इस कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा करने के लिए, एमसी कमिश्नर अमित कुमार, मुख्य वन संरक्षक सौरभ कुमार (आईएफएस), विशेष कमिश्नर प्रदीप कुमार, अनूप कुमार, संयुक्त कमिश्नर बलबीर राज सिंह, मुख्य अभियंता संजय अरोड़ा और नगर निगम व वन विभाग के अन्य अधिकारियों ने साइट का दौरा किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान, अधिकारियों ने वृक्षारोपण क्षेत्र, पौधों की उपलब्धता, साइट की तैयारी, सिंचाई की व्यवस्था, लॉजिस्टिक्स और वृक्षारोपण अभियान के सुचारू संचालन के लिए आवश्यक अन्य सुविधाओं की समीक्षा की। कमिश्नर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे सुनिश्चित करें कि सभी व्यवस्थाएं समय पर पूरी हों और कार्यक्रम में शामिल सभी विभागों के बीच उचित समन्वय बना रहे। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि वृक्षारोपण अभियान दादूमाजरा साइट पर हरित क्षेत्र को बढ़ाने और पर्यावरण को और बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

अधिकारियों ने वृक्षारोपण योजना, पौधों की प्रजातियों के चयन और रोपण के बाद पौधों के स्वस्थ विकास और जीवित रहने को सुनिश्चित करने के लिए रखरखाव की व्यवस्था पर भी चर्चा की।

एमसी चंडीगढ़ और वन विभाग संयुक्त रूप से इस कार्यक्रम के लिए व्यापक तैयारियां कर रहे हैं और उन्हें सरकारी विभागों, शिक्षण संस्थानों, रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन, पर्यावरण समूहों और आम जनता की भागीदारी की उम्मीद है। अधिकारियों ने विश्वास व्यक्त किया कि वन महोत्सव वृक्षारोपण अभियान पर्यावरणीय स्थिरता को बढ़ावा देने और चंडीगढ़ को हरा-भरा और स्वच्छ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा।

# वर्षों पुरानी पेयजल किल्लत का अब जल्द होगा समाधान

**मिलेगा नहरी पानी, 21.44 करोड़ की परियोजना को मंजूरी**

अर्थ प्रकाश/वीरेन्द्र सिंह



**चंडीगढ़, 4 जुलाई।** मनीमाजरा गांव दरिया, मौलीजागरां, विकास नगर, सुंदर नगर, रायपुर कलां, मौली गांव, रायपुर खुर्द कॉलोनी नंबर-4 समेत आसपास के क्षेत्रों में वर्षों से चली आ रही पेयजल समस्या के समाधान की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। नगर निगम की मासिक बैठक में 21.44 करोड़ रुपये की लागत से नहरी पानी की नई पाइपलाइन बिछाने की परियोजना को सर्वसम्मति से मंजूरी दे दी गई। इस मौके पर निगम हाऊस में नहरी पानी का ऐजेंडा पास होते ही पार्षद बिमला दुबे ने मेयर, कमिश्नर व सभी पार्षदों व अधिकारियों को मिठाई बाँटकर खुशी व्यक्त की। वार्ड नंबर 9 की पार्षद बिमला दुबे ने बताया कि इस परियोजना के तहत संबंधित इलाकों तक सीधे नहरी पानी की आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। इससे गर्मियों में पानी की कमी से जूझ रहे हजारों परिवारों को बड़ी राहत मिलेगी और नियमित रूप से स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो सकेगा।

भाजपा नेता एवं पूर्व डिप्टी मेयर अनिल दुबे ने कहा कि लंबे समय से इस परियोजना को मंजूरी दिलाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे थे। नगर निगम की बैठक में प्रस्ताव पारित होने पर उन्होंने चंडीगढ़ के मेयर सौरभ जोशी, निगम आयुक्त अमित कुमार, सभी पार्षदों और अधिकारियों का आभार जताया। नगर निगम अधिकारियों के अनुसार परियोजना को पूरा होने में लगभग छह महीने का समय लगेगा। पार्षद बिमला दुबे ने कहा कि क्षेत्र के लोग लंबे समय से पर्याप्त पेयजल आपूर्ति की मांग कर रहे थे। परियोजना पूरी होने के बाद इन क्षेत्रों में नियमित और स्वच्छ नहरी पानी की आपूर्ति सुनिश्चित हो जाएगी, जिससे वर्षों पुरानी पेयजल किल्लत काफी हद तक समाप्त हो जाएगी।

# पंजाब पुलिस के हेड कॉन्स्टेबल को 5 साल की कैद

## 15 साल से था फरार, 35 साल पुराने अपहरण केस में सीबीआई कोर्ट का फैसला

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**मोहाली, 4 जुलाई।** पंजाब की मोहाली स्थित सीबीआई की विशेष अदालत में शनिवार पंजाब पुलिस के भगोड़े हेड कॉन्स्टेबल कश्मीर सिंह को 5 साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट ने दोषी पर 10,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया है। मामला साल 1991 का है, जब पुलिसकर्मियों ने मिलकर एक व्यक्ति का अपहरण किया था और बाद में वह लापता हो गया।

सीबीआई कोर्ट मोहाली ने इस मामले में बाकी आरोपियों को साल 2023 में ही सजा सुना दी थी। लेकिन आरोपी कश्मीर सिंह ट्रायल के दौरान ही चकमा देकर फरार हो गया था। कोर्ट ने 21 जुलाई 2010 को उसे 'भगोड़ा' घोषित किया था। करीब 15 साल तक कानून की आंखों में धूल झोंकने के बाद सीबीआई ने आखिरकार उसे 12 नवंबर 2025 को दबोच लिया। इसके बाद 2 मार्च 2026 को उस पर नए सिरे से आरोप तय किए गए और आज अदालत ने उसे उसके किए की सजा भुगतने जेल भेज दिया।

गौरतलब है कि 7 अगस्त 1991 -में पंजाब पुलिस के तत्कालीन एसएचओ सुबा सिंह, एएसआई दलबीर सिंह, हेड कांस्टेबल कश्मीर सिंह और कांस्टेबल रावेल सिंह ने मिलकर बलजीत सिंह नाम के व्यक्ति को जबरन उठा लिया था। बलजीत को तरनतारन के चबाल पुलिस स्टेशन में 10 दिन तक अवैध रूप से बंद रखा गया। परिवार वाले हर दूसरे दिन उससे मिलने थाने जाते थे। 10 दिनों के बाद पुलिस अधिकारियों ने बलजीत सिंह को हिरासत में रखने की बात से साफ इनकार कर दिया और वह रहस्यमयी तरीके से गायब हो गया। आज तक उसका सुराग नहीं मिला।

### हाईकोर्ट के आदेश पर 2006 में सीबीआई ने संभाला था केस

पीड़ित बलजीत सिंह की पत्नी ने अपने पति को इंसाफ दिलाने के लिए पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट में क्रिमिनल रिट पिटीशन दायर की थी। हाईकोर्ट के सख्त रुख के बाद 27 जनवरी 2006 को दिए आदेश के अनुपालन में सीबीआई ने 20 मार्च 2006 को इस मामले में एफआईआर दर्ज की। गहन जांच के बाद सीबीआई ने 26 अप्रैल 2007 को सभी आरोपियों के खिलाफ कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की थी।

### बाकी 3 पुलिसकर्मियों को 2023 में ही मिल चुकी है सजा

सीबीआई कोर्ट मोहाली ने इस मामले में मुख्य सह-आरोपियों—पूर्व एसएचओ सुबा सिंह, एएसआई दलबीर सिंह और कांस्टेबल रावेल सिंह को 29 मार्च 2023 को ही दोषी ठहराते हुए 5-5 साल की कठोर कैद और 10-10 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुना दी थी। शनिवार को कोर्ट ने भगोड़े कश्मीर सिंह को भी उसी तर्ज पर बराबर की सजा देकर मामले का पूरी तरह निपटारा कर दिया।

# लेबर कंस्ट्रक्शन वर्कर्स यूनियन ने श्री जैन को किया सम्मानित



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 4 जुलाई।** चंडीगढ़ लेबर कंस्ट्रक्शन वर्कर यूनियन के एक प्रतिनिधिमंडल ने आज सुबह श्री जैन के आवास पर भारत के एडिशनल सॉलिसिटर जनरल के तौर पर उनकी दोबारा नियुक्ति पर उनको सम्मानित किया। इस प्रतिनिधिमंडल की अगुवाई चंडीगढ़ के पूर्व पार्षद एवं लेबर यूनियन के अध्यक्ष श्री राम लाल ने की। प्रतिनिधिमंडल ने समाज के गरीब तबके, खासकर मजदूरों की भलाई के लिए श्री जैन की कोशिशों की सराहना की। उन्होंने सोशल वेलफेयर कमेटी के चेयरमैन के तौर पर चंडीगढ़ में 'मजदूर भवन' बनवाने के लिए श्री जैन की खास कोशिशों के लिए भी उनका शुक्रिया अदा किया जो कि पूरे देश में अपनी तरह का पहला भवन होगा। राम लाल ने कहा कि वे भारत के माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के आभारी हैं कि उन्होंने श्री जैन को चंडीगढ़ के लोगों, खासकर समाज के गरीब और पिछड़े वर्गों की सेवा और अधिक समय के लिये जारी रखने का एक और मौका दिया।

प्रतिनिधिमंडल में चेयरमैन अवधराज चौहान, वाईस चेयरमैन सोनी गोयल, अध्यक्ष लेबर यूनियन राम लाल, गुलाब चंद यादव, सुरिन्द्र प्रताप, राजेन्द्र पाल तथा देपिंद्र पाल शामिल थे।

# कॉलोनीवासियों को मिले मालिकाना हक, 20 हजार लीटर मुफ्त पानी उनका अधिकार: मनीष तिवारी

**खाड़ी युद्ध के नाम पर जनता से महंगाई वसूली, लेकिन कीमतें घटने के बावजूद राहत नहीं दे रही मोदी सरकार: तिवारी**

**राम मंदिर चंदा घोटाले पर भाजपा की चुप्पी जनता के विश्वास के साथ विश्वासघात: एच.एस. लक्की**

अर्थ प्रकाश/वीरेन्द्र सिंह



**चंडीगढ़, 4 जुलाई।** चंडीगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा आज मौलीजागरा पार्ट-2 स्थित सुंदर नगर कॉलोनी में एक विशाल जनसभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में चंडीगढ़ के सांसद मनीष तिवारी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने क्षेत्र के लिए लगभग 5 लाख रुपये की लागत से हाई-रिज़ॉल्यूशन सीसीटीवी कैमरों की सौगात दी, ताकि स्थानीय नागरिकों, विशेषकर महिलाओं, बच्चों और वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा को और मजबूत किया जा सके।

सभा को संबोधित करते हुए सांसद मनीष तिवारी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी शुरू से ही कॉलोनीवासियों को मालिकाना हक दिलाने की मांग को मजबूती से उठाती रही है और भविष्य में भी इसे हर स्तर पर उठाती रहेगी। उन्होंने कहा कि वर्षों से इन कॉलोनियों में रहने वाले लोगों को अब उनके घरों का कानूनी मालिकाना हक मिलना चाहिए, ताकि वे सम्मान और सुरक्षा के साथ अपना जीवन व्यतीत कर सकें। मनीष तिवारी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी चंडीगढ़ के प्रत्येक परिवार को 20,000 लीटर मुफ्त पानी उपलब्ध कराने की अपनी प्रतिबद्धता पर पूरी तरह कायम है। उन्होंने कहा कि यह कोई खैरात नहीं बल्कि जनता का अधिकार है, लेकिन भारतीय जनता पार्टी और उसका प्रशासन इस जनहितकारी निर्णय को लागू करने में लगातार बाधाएं उत्पन्न कर रहे हैं। उन्होंने केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा सरकार ने खाड़ी युद्ध का हवाला देकर पेट्रोल, डीज़ल, रसोई गैस तथा अन्य आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में भारी बढ़ोतरी की। आज अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में लगभग 30 प्रतिशत तक कमी आने के बावजूद आम जनता को उसका कोई लाभ नहीं दिया जा रहा। इससे स्पष्ट है कि भाजपा सरकार की प्राथमिकता जनता को राहत देना नहीं बल्कि उन पर आर्थिक बोझ बढ़ाना है। इस अवसर पर चंडीगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एच.एस. लक्की ने अपने संबोधन में कथित राम मंदिर चंदा घोटाले का मुद्दा उठाते हुए भाजपा पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि जो लोग वर्षों तक भगवान राम के नाम पर राजनीति करते रहे, आज उसी चंदे से जुड़े गंभीर आरोपों पर पूरी तरह खामोश हैं। उन्होंने कहा कि देश की जनता की धार्मिक आस्था के साथ किसी भी प्रकार का खिलवाड़ स्वीकार नहीं किया जा सकता।

# मानसून सीजन में लगाये जायेंगे शहर में पौधे, हर पौधे की होगी जियो टैगिंग

**बागवानी विंग बनायेगा हर पौधों का हैल्थ कार्ड**

**एमसी की नर्सरियों से पसंद के पौधे ले सकेंगे शहरवासी**

अर्थ प्रकाश/वीरेंद्र सिंह



**चंडीगढ़, 4 जुलाई।** मानसून सीजन के आगमन के साथ ही पौधारोपण अभियान की तैयारी पूरी कर ली है। इस वर्ष नगर निगम 1.5 लाख से भी ज्यादा पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। सबसे खास बात यह है कि इसी सीजन में लगने वाले प्रत्येक बात यह है कि इस सीजन में लगने वाले प्रत्येक पौधे की जियो टैगिंग की जायेगी और उसका हैल्थ कार्ड बनेगा, जिससे पौधों की निगरानी और देखभाल को अधिक प्रभावी बनाया जा सके।

एमसीसी के अधिकारियों के अनुसार पौधारोपण अभियान को पूर्ण रूप से पारदर्शी और परिणामोन्मुख बनाने के लिए आधुनिक तकनीक का उपयोग किया जायेगा। जियो टैगिंग के माध्यम से हरेक पौधे की सटीक लोकेशन दर्ज की जायेगी, जबकि हैल्थ कार्ड में पौधे की प्रजाति, रोपण तिथि, विकास की स्थिति और रखरखाव संबंधी जानकारी दर्ज होगी। इससे यह सुनिश्चित किया जा सकेगा।

### हरित क्षेत्र का होगा विस्तार

इस कार्य के लिए नगर निगम चंडीगढ़ की नर्सरी में पौधे तैयार होंगे, शहरवासियों को पर्यावरण संरक्षण से जोड़ने के लिए नगर निगम मानसून सीजन के दौरान अपनी नर्सरियों से पौधे का वितरण करेगा। नागरिक अपनी पसंद के पौधे ले कर उन्हें अपने घरों, संस्थानों और आसपास के क्षेत्रों में लगा सकेंगे। उम्मीद जताई जा रही है कि जनभागीदारी के माध्यम से शहर में हरित क्षेत्र का विस्तार होगा और पर्यावरण संरक्षण को नई मजबूती भी मिलेगी।

### संरक्षण का होगा वास्तविक आंकलन

केवल कागजों में पौधोरोपण के आंकड़े न बढ़ें, बल्कि लगाये गये पौधों के संरक्षण और विकास पर भी नियमित निगरानी रखी जाये। अधिकारियों का कहना है कि जियो टैगिंग और हैल्थ कार्ड प्रणाली लागू होने से पौधारोपण अभियान की प्रभावशीलता बढ़ेगी और लगाये गये पौधों के संरक्षण और विकास की वास्तविक स्थिति का आंकलन करना काफी सरल होगा। यह पहल शहर के ग्रीन कवर को बढ़ाने और पर्यावरण संतुलन को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। एमसी ने संबंधित विभाग को निर्देश जारी किये हैं कि जिन स्थानों पर पौधे लगाये जाने हैं, वहां भूमि की तैयारी सिंचाई व्यवस्था और सुरक्षा उपायों को पहले से सुनिश्चित किया जाये, ताकि पौधों की जीवित रहने की दर अधिक से अधिक हो सके। इसके लिए गड्ढे तैयार कराने और पौधें की नियमित देखभाल की प्लानिंग भी बनायी गई है।

सम्पादकीय

# विपक्ष की लोकतंत्र खतरे में होने की आशंका राजनीतिक पैंतरेबाजी

आखिर इसे राजनीतिक पैंतरेबाजी न कहा जाए तो और क्या कहा जाए कि देश के 24 विपक्षी दल सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश को पत्र लिखकर कह रहे हैं कि देश में लोकतंत्र खतरे में हैं और अंतिम उम्मीद अब सीजेआई ही हैं। बेशक, ऐसे पत्रों से किसी को नहीं रोका जा सकता और इस पर भी पाबंदी नहीं लगाई जा सकती कि वे किसे पत्र लिख रहे हैं। भारत में लोकतंत्र के चार स्तंभ हैं और न्यायपालिका उनमें से एक है। अनेक अवसरों पर यह सामने आया है कि न्यायपालिका ने अपनी भूमिका को निडरता के साथ निभाया है। जाहिर है, इसी की उम्मीद भी की जाती है। हालांकि विपक्षी दलों का यह पत्र चकित करने वाला है, वह इस प्रकार कि इस समय अगर देश में उनका शासन नहीं है तो लोकतंत्र खतरे में है। लेकिन जब उनका देश में राज होता था तो बेशक आपातकाल तक लगा दिया जाता था और देशवासियों की आवाज को बंद कर दिया जाता था। उस समय जैसे कोई भी यह कहने को जेल की कोठरियों से बाहर नहीं छोड़ा जाता था कि देश में लोकतंत्र खतरे में है। उस समय के सत्ताधारी राजनीतिक दल ने तो न्यायपालिका को भी आंखें दिखा दी थी और आज जब उनकी सरकार नहीं है तो वे देश में लोकतंत्र खतरे में बता रहे हैं। निश्चित रूप से इंडिया गठबंधन में शामिल दलों की यह आगामी लोकसभा चुनाव के लिए अभी से तैयारी का प्रथम चरण है। वे राज्यों में विधानसभा चुनावों को लेकर, ईवीएम से मतदान कराने को लेकर, चुनाव आयोग की कथित संदिग्ध भूमिका को मसला बनाने को लेकर, एसआईआर के जरिए विपक्ष के वोट काटने के आरोपों को लेकर लगातार मुद्दे बनाते रहते हैं। लेकिन आश्चर्यचकित करने वाली बात है कि जनता भी अब उनके इन आरोपों पर कोई रिस्पांस नहीं दे रही है। यह भी बड़ा सच है कि जिस पश्चिम बंगाल में भाजपा तत्कालीन सत्ताधारी टीएमसी से भिड़ रही थी, उस समय टीएमसी की मदद को कांग्रेस समेत कोई भी विपक्षी राजनीतिक दल सामने नहीं आया। संभव है, राज्य में टीएमसी की जीत हो जाती तो आज लोकतंत्र खतरे में नहीं होता।

**हालांकि राष्ट्रीय राजनीति के लिए आज का समय वास्तव में ही बेहद चुनौतीपूर्ण हो गया है। एक तरफ विपक्ष विशेषकर कांग्रेस सत्ता से बाहर है। और सत्ता से उसकी दूरी की बेचैनी पूरा देश देख और समझ रहा है। राज्य विधानसभाओं में कांग्रेस हारती है तो उसे चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली में दोष नजर आता है, लोकसभा चुनाव में सीटें नहीं जीत पाती तो उसका आरोप होता है कि सत्ता में बैठे लोगों के कहे पर चुनाव आयोग चल रहा है। उसका कहना होता है कि अवैध मतदाताओं की संख्या बढ़ा कर सत्ता पक्ष जीत गया। उसके नेता कहते हैं कि वोट की चोरी की जा रही है। एसआईआर होता है तो उसमें भी विपक्ष को कुछ घोटाला नजर आता है।**

हालांकि राष्ट्रीय राजनीति के लिए आज का समय वास्तव में ही बेहद चुनौतीपूर्ण हो गया है। एक तरफ विपक्ष विशेषकर कांग्रेस सत्ता से बाहर है। और सत्ता से उसकी दूरी की बेचैनी पूरा देश देख और समझ रहा है। राज्य विधानसभाओं में कांग्रेस हारती है तो उसे चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली में दोष नजर आता है, लोकसभा चुनाव में सीटें नहीं जीत पाती तो उसका आरोप होता है कि सत्ता में बैठे लोगों के कहे पर चुनाव आयोग चल रहा है। उसका कहना होता है कि अवैध मतदाताओं की संख्या बढ़ा कर सत्ता पक्ष जीत गया। उसके नेता कहते हैं कि वोट की चोरी की जा रही है। एसआईआर होता है तो उसमें भी विपक्ष को कुछ घोटाला नजर आता है। गौरतलब है कि विपक्षी दलों ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त के कथित पक्षपातपूर्ण रवैये पर सवाल उठाए हैं। सीबीआई, ईडी और एनआईए के विपक्ष के खिलाफ दुरुपयोग का आरोप लगाया है। वहीं बैलेट पेपर प्रणाली बहाल करने पर विचार की मांग की है, और आदर्श आचार संहिता के पालन में सत्ता पक्ष के प्रति नरमी का भी आरोप मढ़ा है। अब इन सभी आरोपों को किसी न किसी तरह से विपक्षी नेता रोजाना ही दोहराते रहते हैं। जिन इलाकों में कांग्रेस और विपक्षी राजनीतिक दल जीत जाते हैं, वहां किसी बैलेट पेपर प्रणाली की जरूरत नहीं होती है और मुख्य निर्वाचन आयुक्त की भूमिका भी वहां सही होती है। लेकिन जहां विपक्ष हारता है, वहां पर सभी समस्याएं पैदा हो जाती है।

मालूम हो, ईवीएम को लेकर सुप्रीम कोर्ट में बहस हो चुकी है और यह निर्णय आ चुका है कि ईवीएम को हैक किए जाने संबंधी आरोपों में कोई सच्चाई नहीं है। बावजूद इसके यह बहस खत्म होने का नाम नहीं ले रही। बैलेट पेपर से चुनाव की मांग के संबंध में सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि बैलेट से चुनाव में क्या होता था, यह हमें याद है। दरअसल, बैलेट पेपर से चुनाव के दौरान हिंसा, बूथ कैप्चरिंग और वोट पर्चियों को छिपाने के ऐसे हथकंडे अपनाए जाते थे, जिनसे लोकतंत्र की स्वतंत्रता पर अपराध की कालिख के दाग पड़ते थे। वास्तव में देश बड़े बदलाव से गुजर रहा है और यह जरूरी है कि सभी संवैधानिक संस्थाओं में संतुलन कायम हो। लेकिन यह भी जरूरी है कि जनता को गुमराह करने की प्रवृत्ति बंद हो।

# समझ–समझ का फेर

**दैनिक अर्थ प्रकाश**



स्पिरिचुअल हीलर
**सिद्ध गुरू प्रमोद निर्वाण**
*गिनीज़ विश्व रिकॉर्ड विजेता लेखक*




बचपन बड़ा अजीब जीव है। बाहर से देखने पर लगता है कि बस छोटा-सा इंसान है, जिसकी जेब में टॉफी, हाथ में गुब्बारा और दिमाग में कार्टून घूम रहे हैं, लेकिन भीतर से देखा जाए तो वही छोटा-सा बच्चा भविष्य का पूरा समाज लेकर घूम रहा होता है। हम जिस बच्चे को आज डांटकर चुप करा देंगे, वही कल किसी ऑफिस में बॉस बनकर दस लोगों को चुप कराएगा, और जिस बच्चे को आज हर बात पर अपमान मिलेगा, वही कल फेसबुक पर लंबी-लंबी पोस्ट लिखकर दुनिया को अपमानित करने का कार्यक्रम चलाएगा। बचपन कोई 'ट्रायल वर्जन' नहीं है। यही असली सॉफ्टवेयर है। बाद में तो बस अपडेट आते रहते हैं। इसलिए जब बचपन में किसी बच्चे को बार-बार यह एहसास कराया जाता है कि वो किसी काम का नहीं है, तब भीतर कहीं एक गांठ पड़ जाती है। बाद के जीवन में वही गांठ कभी दब्बूपन बनकर निकलती है और कभी दबंगई बनकर।

हमने अक्सर देखा है कि घरों में बच्चे को सुधारने के नाम पर ऐसा व्यवहार किया जाता है, जैसे बच्चा नहीं, कोई सरकारी फाइल हो जिसे लाल पेन से ठीक करना जरूरी हो। 'चुप रहो', 'बैठो', 'उधर मत जाओ', 'हंस क्यों रहे हो?', 'रो क्यों रहे हो?', 'इतने बेवकूफ कैसे हो सकते हो?' – बेचारा बच्चा सोचता होगा कि आखिर करे क्या? फिर एक दिन वही बच्चा बड़ा होकर या तो इतना दब जाता है कि बस 'जी सर, जी मैडम' कहते-कहते उसकी आत्मा भी सरकारी बाबू बन जाती है, या फिर वह ऐसा विद्रोही बनता है कि उसे समाज के किसी नियम-कानून की चिंता नहीं रहती। भीतर की चोट कभी गायब नहीं होती, बस उसका मेकअप बदल जाता है।

दब्बू बच्चा बड़ा खतरनाक होता है, क्योंकि वह बाहर से शांत दिखाई देता है। समाज को लगता है कि सहयोगी प्रकृति का है लेकिन असल में वह हर जगह डरता है – स्कूल में, नौकरी में, रिश्तों में। ऐसे लोग धीरे-धीरे अपनी इच्छाओं का गला घोंटते-घोंटते इतने पक जाते हैं कि एक दिन अचानक फूट पड़ते हैं। बच्चों पर चिल्लाते हैं, पत्नी पर गुस्सा निकालते हैं, या सोशल मीडिया पर राष्ट्र बचाने निकल पड़ते हैं। भीतर का दमन कहीं न कहीं रास्ता मांगता है। ऊर्जा अगर प्रेम में नहीं बहेगी तो गुस्से में बहेगी। अब समाज फिर उसी व्यक्ति को 'चिड़चिड़ा' कहता है, जबकि उसकी चिड़चिड़ाहट का बीज तो बरसों पहले हमने ही बोया था।

दूसरी तरफ विद्रोही बच्चा है। यह वह प्राणी है जो बचपन में इतनी डांट खा चुका है कि बाद में हर बात पर विद्रोह का झंडा उठा लेता है। स्कूल में मास्टर ने डांटा, तो उसने बेंच पर 'मास्टर गधा है' लिख दिया। घर में पिताजी ने टोका, तो उसने बाल नीले कर लिए। समाज ने कहा सीधे चलो, तो उसने मोटरसाइकिल का साइलेंसर निकाल दिया ताकि पूरी कॉलोनी को उसके आने-जाने का पता चले। भीतर उसका दर्द वही है, फर्क सिर्फ इतना है कि दब्बू आदमी दर्द को छुपाता है और दबंग आदमी दर्द को माइक पर बोलता है। दोनों घायल हैं। एक चुपचाप रोता है, दूसरा स्पीकर लगाकर। यह सिर्फ समझ-समझ का फेर है।

हम अगर थोड़ा ध्यान से देखेंगे तो पाएंगे कि ज्यादातर लोग अपने बचपन की अधूरी लड़ाइयां ही लड़ रहे हैं। कोई हर वक्त खुद को साबित करने में लगा है, क्योंकि बचपन में उसे निकम्मा कहा गया था। कोई हर समय लोगों को कंट्रोल करना चाहता है, क्योंकि कभी उसके जीवन पर उसका अपना कंट्रोल नहीं था। कोई हर वक्त मजाक करता रहता है, क्योंकि भीतर कहीं बहुत दर्द है और हंसी उसका हेलमेट बन गई है। हमारे समाज में आधे लोग मनोवैज्ञानिक समस्या से नहीं, 'मम्मी-पापा स्पेशल एडिशन' से परेशान हैं। बचपन में अगर बार-बार तुलना की जाएगी – 'देखो शर्मा जी का बेटा' – तो बच्चा धीरे-धीरे यह मान लेता है कि वह खुद कभी पर्याप्त नहीं हो सकता। फिर पूरी जिंदगी शर्मा जी के बेटे को हराने में निकल जाती है। मजे की बात यह है कि शर्मा जी का बेटा भी किसी वर्मा जी के बेटे से परेशान है। पूरा समाज एक-दूसरे के बच्चों से प्रतियोगिता कर रहा है और बच्चों को समझ ही नहीं आ रहा कि आखिर जिंदगी है क्या?

हास्यास्पद बात यह है कि बड़े लोग बच्चों से कहते हैं, 'बेटा, आत्मविश्वासी बनो' और पांच मिनट बाद कहते हैं, 'इतना मत बोलो' हम चाहते हैं कि बच्चा स्वतंत्र भी हो और हमारी इच्छा का गुलाम भी। हम चाहते हैं कि वह रचनात्मक बने, लेकिन रंग भरते समय सूरज को हरा बना दे तो हम घबरा जाते हैं। एक बच्चा अगर दीवार पर चित्र बना दे तो घर वाले ऐसे प्रतिक्रिया देते हैं जैसे उसने रिजर्व बैंक लूट लिया हो। जबकि सच तो यह है कि दीवार पर चित्र बनाने वाला बच्चा भविष्य का कलाकार भी हो सकता है। लेकिन हम उसे तुरंत पोछा पकड़ाकर कहते हैं, 'पहले यह साफ करो, फिर कला करना।' धीरे-धीरे बच्चा सीख जाता है कि मौलिकता खतरनाक चीज है। फिर वही बच्चा बड़ा होकर फाइलों में नोटिंग करता है और भीतर का पिकासो चुपचाप मर जाता है।

असल जरूरत यह नहीं है कि हम बच्चों को 'कंट्रोल' करें। जरूरत यह है कि हम उन्हें समझें। बच्चा कोई मशीन नहीं है, जिसमें बटन दबाकर मनचाहा व्यवहार निकाला जा सके। वह ऊर्जा है, संभावना है, संवेदनशीलता है। अगर उसे प्रेम मिलेगा, सम्मान मिलेगा, सुना जाएगा, तो वही बच्चा संतुलित इंसान बनेगा। फिर उसे न दब्बू बनने की जरूरत होगी, न दबंग बनने की। क्योंकि दब्बूपन और दबंगई दोनों ही असंतुलन हैं। एक में आत्मा सिकुड़ जाती है, दूसरे में अहंकार फूल जाता है। स्वस्थ मनुष्य वह है जिसे खुद को साबित करने की जरूरत नहीं पड़ती। जो सहज हो सके, हंस सके, रो सके, अपनी बात कह सके, और दूसरों की बात भी सुन सके। इसके लिए पहले हमें अपने भीतर झांकना पड़ेगा क्योंकि जो माता-पिता खुद भीतर से घायल हैं, वही अनजाने में अपने बच्चों को भी घायल कर देते हैं। दुख की सबसे बड़ी खासियत यही है – वह वंशानुगत हो जाता है।

इसलिए शायद अब समय आ गया है कि हम बच्चों को 'सुधारने' की जगह उन्हें 'स्वीकारना' सीखें। जब बच्चा गलती करे, तब हम केवल डांटेंगे नहीं, समझेंगे भी। जब वह डर जाए, तब हम केवल सलाह नहीं देंगे, उसके पास बैठेंगे भी। और सबसे जरूरी बात – हम उसे यह एहसास देंगे कि उसका अस्तित्व मूल्यवान है। क्योंकि जिस बच्चे को यह भरोसा मिल गया कि 'हम जैसे हैं, वैसे भी प्रिय हैं', वह जीवन में संतुलित रहेगा। फिर वह न समाज के लिए समस्या बनेगा, न खुद के लिए। और शायद तब हमारे घरों में कम चिल्लाहट होगी, कम मानसिक तनाव होगा, और कम लोग फेसबुक पर रात दो बजे मोटिवेशनल पोस्ट लिख रहे होंगे कि ÷हम अकेले आए हैं, अकेले जाएंगे।÷ बचपन को प्रेम मिल जाए तो आधी मनोचिकित्सा की दुकानें बंद हो जाएंगी। और दुनिया थोड़ी कम पागल, थोड़ी ज्यादा हंसती हुई दिखाई देगी।

## अर्थ प्रकाश में **34 साल पहले** आज का दिन

### नगर में कन्वैंशन सैंटर विकसित होगा: दुग्गल

चंडीगढ़। चंडीगढ़ में आगामी एक से 4 दिसंबर तक एग्रो टैक-94 नामक 4 दिवसीय शो का आयोजन किया जा रहा है। भारत में अपनी किस्म का यह सबसे बड़ा शो होगा। यह घोषणा प्रशासक के सलाहकार विनोद दुग्गल ने की। वह भारतीय उद्योग संघ के वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक में भाग ले रहे थे। श्री दुग्गल ने बताया कि ऐसे विशाल आयोजन को मद्देनजर रखते हुए चंडीगढ़ में बाहर से आने वालों के लिए ठहरने की सुविधाओं के विकास पर 90 लाख रु. खर्च किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इजराइल ने इस शो में हिस्सेदार देश के रूप में पहले ही पुष्टि कर दी है। श्री दुग्गल के अनुसार पंजाब, हरियाणा तथा हिमाचल प्रदेश भी इस शो में भाग लेने पर सहमत हो चुके है। प्रशासक सलाहकार ने बताया कि इस शो का मुख्य उद्देश्य कृषि क्षेत्र में व्यापार की संभावनाओं का पता लगाना तथा लोगों को कृषि तकनीक में हाल ही में हुए विकास से अवगत कराना है। उन्होंने संघ को प्रशासन के पूरे सहयोग का आश्वासन दिया तथा बताया कि चंडीगढ़ प्रशासन चंडीगढ़ को कन्वैन्शन सेंटर के रूप में विकसित करने के बारे में आई.टी.पी.ओ. से विचार विमर्श कर रहा है तथा शीघ्र ही इस बारे में कोई निर्णय हो जाने की संभावना है।

### दिल्ली रैली में हरियाणा से 4 लाख कांग्रेसी जाएंगे, राज्य में तबादलों पर रोक: भजन

चंडीगढ़। केंद्र सरकार के तीन वर्ष का कार्यकाल पूरा होने के उपलक्ष्य में आगामी 14 जुलाई को होने वाली अखिल भारतीय कांग्रेस रैली में हरियाणा से 4 लाख कार्यकर्त्ता भाग लेंगे। यह घोषणा मुख्यमंत्री भजनलाल ने आज यहां पार्टी की एक बैठक के बाद दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि पार्टी हाईकमान ने दो लाख कार्यकर्त्ता लाने की अनुमति दी थी लेकिन फिर भी हम चार लाख कार्यकर्ता लेकर जा रहे है। उन्होंने कहा कि इसके लिए पार्टी विधायकों को निर्देश दे दिए गए है कि वे कार्यकर्ताओं के दिल्ली पहुंचने का प्रबंध करें।

### कुत्ते ने मालिक पर गोली चलाई


नई दिल्ली। अगर किसी कुत्ते को उसका मालिक या अन्य कोई व्यक्ति गोली मार दे तो कोई आश्चर्य की बात नहीं लेकिन अगर कोई कुत्ता अपने मालिक पर गोली चला दे तो सभी दंग रह जाएंगे। ऐसी ही एक विचित्र घटना पिछले दिनों पोलैंड में घटी। पोलैंड के वारसा शहर में एक व्यक्ति ने निशानेबाजी का अभ्यास करने के लिए अपनी बंदूक गोलियों से भरकर रखी थी कि इतने में उसका पालतू कुत्ता सूंघता-सूंघता बंदूक तक आ पहुंचा और उसने बंदूक का घोड़ा दबा दिया जिस कारण उसके मालिक के शरीर में कई छर्रे घुस गए तथा उसे गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती करवाना पड़ा।

## ज्ञान सागर : देखें आज के दिन क्या घटा

| | |
|---|---|
| 1687 | आइजैक न्यूटन द्वारा फिलोसोफी नेचुरलिस प्रिंसिपिया मैथेमेटिका को पहली बार प्रकाशित किया गया था, जिसमें गति के उनके कानूनों और सार्वभौमिक गुरुत्वाकर्षण के उनके कानून का वर्णन किया गया था। |
| 1811 | वेनेजुएला ने स्पेनिश साम्राज्य से अपनी आजादी की घोषणा की। |
| 1841 | थॉमस कुक ने इंग्लैंड में अपना पहला रेलवे भ्रमण की व्यवस्था किया। |
| 1848 | हंगरी के राष्ट्रीय क्रांतिकारी संसद ने काम करना शुरू किया। |
| 1922 | नीदरलैंड में पहला आम चुनाव हुआ। |
| 1924 | ब्राजील के साउ पाउलो में सैन्य विद्रोह हुआ। |
| 1937 | हॉरमेल फ़ूड्स कॉर्पोरेशन ने स्पैम, डिब्बाबंद मांस उत्पाद को पेश किया जो अंततः पॉप संस्कृति, लोकगीत और शहरी किंवदंती में प्रवेश करेगा। |
| 1946 | बिकनी एटोल के नाम पर, परमाणु हथियारों के परीक्षण के स्थल, मार्शल आइलैंड्स में चौराहे, आधुनिक बिकनी पेरिस में एक फैशन शो में थे। |
| 1950 | कोरियाई युद्ध-उत्तर कोरियाई औरअमेरिकन बलों के बीच पहली मुठभेड़ में, अप्रस्तुत और अनुशासनहीन अमेरिकी सेना के बल को रौंद दिया गया। |
| 1962 | फ्रांस ने अल्जीरिया को स्वतंत्र किया। |
| 1962 | अल्जीरिया के ओरान में हुए नरसंहार में 96 लोगों की मौत हुई। |
| 1969 | टॉम बोया में केन्याई के विकास मंत्री, की हत्या कर दी गयी। |
| 1977 | जनरल मुहम्मद जिया-उल-हक ने एक सैन्य तख्तापलट में पाकिस्तानी प्रधानमंत्री जुल्फिकार अली भुट्टो को उखाड़ फेंका। |
| 11986 | गुडविल गेम्स मास्को में आयोजित किए गए। |
| 1989 | यूनाइटेड स्टेट्स नेशनल सिक्योरिटी काउंसिल के सदस्य ओलिवर नॉर्थ को ईरान-कॉन्ट्रा अफेयर के मामले में दोषी ठहराया गया था। |
| 1999 | संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा तालिबान पर प्रतिबंध की घोषणा। |
| 2003 | सीवियर एक्यूट रेस्पिरेटरी सिंड्रोम विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा निहित होने की घोषणा की। |
| 2004 | इंडोनेशिया में पहला राष?ट्रपति चुनाव आयोजित हुआ। |
| 2004 | ग्रीस ने यूरो कप 2004 फुटबाल प्रतियोगिता जीतकर इतिहास बनाया। |
| 2006 | उत्तर कोरिया द्वारा कथित तौर पर कम से कम सात अलग-अलग बैलिस्टिक मिसाइलों का परीक्षण करने के बाद संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने एक आपातकालीन बैठक आयोजित की। |
| 2009 | चीन में शिनजियांग उइगर स्वायत्त क्षेत्र की राजधानी qirümqi में हिंसक दंगों की एक श्रृंखला शुरू हुई। |
| 2013 | इराक की राजधानी बगदाद के एक मस्जिद पर हुये बम हमले में 15 लोगों की मौत। |
| 2015 | 7 वीं महिला 'फुटबॉल विश्व कप' वैंकूवर में संयुक्त राज्य अमेरिका ने जापान को 5-2 से हराया। |

## बोल ब्यूटीफुल

**नगमा सहर:** जब दिल्ली-देहरादून हाईवे खुला तो तमाम लोगों ने इसकी खूबियां गिनाई और अब जब इसके निर्माण में खामियां सामने आ रही है तो उन पर भी बात की जाए। निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल उठने ही चाहिए।



**मिलिंद खांडेकर:** जुलाई आ गया है, लेकिन जून में मानसून की बारिश देश भर में औसत से 40 प्रतिशत कम हुई है। पिछले 25 साल में जून में इससे कम बारिश सिर्फ दो बार 2009 और 2014 में हुई थी। मौसम विभाग के अनुसार जुलाई में भी बारिश औसत के मुकाबले 94 प्रतिशत ही रह सकती है। अल नीनो का असर दिख रहा है।

**नवनीत मिश्र:** भारत के सामने दो विकल्प है। तेल के चक्कर में या तो खाड़ी देशों को साधता फिरे और बीच-बीच में अमेरिका की प्रेशर पालिटिक्स भी झेलता रहे। या फिर एथनाल, हाइड्रो फ्यूल आदि वैकल्पिक ईंधन पर अपनाकर आत्मनिर्भर बन जाए।

**आनंद रंगनाथन:** भारत में दस लाख की आबादी पर 931 डाक्टर है। वहीं दस लाख की आबादी में एनजीओ की संख्या 2357 है। भारत में डाक्टर से अधिक एनजीओ है। यह भी हमारे देश का एक सच है।

# महिलाओं के बेहतर स्वास्थ्य से ही होगा असली महिला सशक्तिकरण

**दैनिक अर्थ प्रकाश**



महिला सशक्तिकरण पर देश में वर्षों से बहस होती रही है। संसद ने वर्ष 2023 में नारी शक्ति वंदन अधिनियम (106वां संविधान संशोधन) पारित किया और वर्ष 2026 में महिलाओं के आरक्षण को शीघ्र लागू करने के उद्देश्य से 131वें संविधान संशोधन विधेयक तथा परिसीमन से जुड़े प्रस्ताव भी चर्चा में रहे। इनका उद्देश्य संसद और विधानसभाओं में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाना था। लोकतंत्र में महिलाओं का प्रतिनिधित्व निश्चित रूप से आवश्यक है, लेकिन इससे भी बड़ा प्रश्न यह है कि यदि देश की आधी आबादी शारीरिक रूप से स्वस्थ ही नहीं होगी, तो क्या केवल राजनीतिक प्रतिनिधित्व उसे वास्तविक सशक्तिकरण दे पाएगा?

विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) की हालिया रिपोर्ट भारत के लिए गंभीर चेतावनी है। भारतीय महिलाएं पुरुषों की तुलना में औसतन लगभग तीन वर्ष अधिक जीवित रहती हैं, लेकिन वे अपने जीवन का 15.5 प्रतिशत हिस्सा खराब स्वास्थ्य, बीमारी या विकलांगता के साथ बिताती हैं। महिलाओं की औसत जीवन प्रत्याशा लगभग 69 वर्ष है, जबकि स्वस्थ जीवनकाल केवल 58.3 वर्ष है। अर्थात वे लगभग 11 वर्ष किसी न किसी स्वास्थ्य समस्या से जूझती रहती हैं। यह किसी भी विकसित राष्ट्र के लिए चिंता का विषय होता, लेकिन भारत जैसे युवा देश के लिए यह और भी गंभीर चुनौती है।

महिलाओं के खराब स्वास्थ्य का सबसे बड़ा कारण एनीमिया (खून की कमी) है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (NFHS-5) के अनुसार देश की 57 प्रतिशत महिलाएं एनीमिया से पीड़ित हैं। यानी हर दो महिलाओं में एक से अधिक महिला के शरीर में पर्याप्त खून नहीं है। हरियाणा जैसे आर्थिक रूप से समृद्ध राज्य की स्थिति भी चिंताजनक है। यहां लगभग 57.5 प्रतिशत महिलाएं एनीमिया की शिकार हैं, जो राष्ट्रीय औसत से भी अधिक है। यह बताता है कि केवल आर्थिक विकास पर्याप्त नहीं, बल्कि पोषण, जागरूकता और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं भी उतनी ही जरूरी हैं।

देश के विभिन्न राज्यों के आंकड़े भी बड़ी असमानता दिखाते हैं। बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, असम और ओडिशा में महिलाओं में एनीमिया की दर सबसे अधिक है। बिहार में यह लगभग 63 प्रतिशत तक पहुंच चुकी है। दूसरी ओर मिजोरम, नागालैंड, मणिपुर, केरल और अरुणाचल प्रदेश में यह अपेक्षाकृत कम है। मिजोरम में महिलाओं में एनीमिया का प्रतिशत लगभग 39 प्रतिशत है, जो देश में सबसे कम माना जाता है। यह स्पष्ट संकेत है कि बेहतर पोषण, मजबूत स्वास्थ्य व्यवस्था और जन-जागरूकता से इस समस्या पर प्रभावी नियंत्रण संभव है। वैश्विक स्तर पर देखें तो भारत की स्थिति संतोषजनक नहीं कही जा सकती। महिलाओं में एनीमिया की व्यापकता वाले देशों में भारत दुनिया के सबसे अधिक प्रभावित देशों में शामिल है। दक्षिण एशिया



और अफ्रीका के कुछ देशों को छोड़ दें तो अधिकांश विकसित यूरोपीय देशों में महिलाओं में एनीमिया 10 से 20 प्रतिशत के बीच है। जापान, जर्मनी, फ्रांस, ब्रिटेन और स्कैंडिनेवियाई देशों में यह दर सामान्यतः 15 प्रतिशत से कम है। इसके विपरीत भारत में यह 57 प्रतिशत है। स्पष्ट है कि आर्थिक महाशक्ति बनने की दौड़ में स्वास्थ्य के मोर्चे पर अभी लंबा सफर तय करना बाकी है।

यदि पिछले सात दशकों पर नजर डालें तो भारत ने जीवन प्रत्याशा के क्षेत्र में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। आजादी के समय देश में औसत जीवन प्रत्याशा लगभग 32 वर्ष थी, जो आज बढ़कर लगभग 70 वर्ष के आसपास पहुंच गई है। यानी भारतीय पहले की तुलना में दोगुने समय तक जीवित रह रहे हैं। लेकिन विडंबना यह है कि लंबी जिंदगी के साथ स्वस्थ जीवन नहीं बढ़ पाया। महिलाएं पहले से अधिक जी रही हैं, पर बेहतर स्वास्थ्य के साथ नहीं।

सरकारों ने एनीमिया मुक्त भारत अभियान, पोषण अभियान, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, जननी सुरक्षा योजना, साप्ताहिक आयरन-फोलिक एसिड अनुपूरण कार्यक्रम, आंगनवाड़ी सेवाओं और स्कूल स्वास्थ्य कार्यक्रम जैसी अनेक योजनाएं शुरू की हैं। इनकी मंशा सराहनीय है, लेकिन अपेक्षित परिणाम अभी तक नहीं मिले हैं। इसका सबसे बड़ा कारण योजनाओं का कमजोर क्रियान्वयन, पोषण संबंधी जागरूकता का अभाव और नियमित स्वास्थ्य जांच की कमी है। आज राजनीतिक दल महिलाओं के लिए नए-नए विधेयकों और घोषणाओं की बात करते हैं। यह स्वागतयोग्य है, लेकिन देश को वोट बैंक की राजनीति से ऊपर उठकर महिलाओं के स्वास्थ्य को राष्ट्रीय प्राथमिकता बनाना होगा। यदि संसद महिलाओं के लिए आरक्षण सुनिश्चित कर सकती है, तो प्रत्येक किशोरी और गर्भवती महिला की नियमित हीमोग्लोबिन जांच, पोषण केंद्रों की स्थापना, स्कूलों में पोषण शिक्षा तथा प्रत्येक जिले में एनीमिया उन्मूलन की जवाबदेही भी सुनिश्चित की जानी चाहिए। योजनाओं से अधिक उनका प्रभावी क्रियान्वयन महत्वपूर्ण है।

महिलाओं का बेहतर स्वास्थ्य केवल एक सामाजिक आवश्यकता नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की सबसे बड़ी पूंजी है। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का विकास होता है। स्वस्थ महिला ही स्वस्थ परिवार और सशक्त अगली पीढ़ी का निर्माण करती है। जब माताएं स्वस्थ होंगी तो बच्चों का पोषण बेहतर होगा, विद्यार्थी अधिक सक्षम बनेंगे, खेलों में उत्कृष्ट खिलाड़ी तैयार होंगे और देश को शिक्षा, विज्ञान, स्वास्थ्य, कृषि, उद्योग तथा अर्थव्यवस्था के हर क्षेत्र के लिए अधिक सक्षम नागरिक मिलेंगे।

महिलाओं का स्वास्थ्य केवल महिला का नहीं, पूरे राष्ट्र के भविष्य का प्रश्न है। इसलिए अब समय आ गया है कि महिला सशक्तिकरण की चर्चा केवल आरक्षण और राजनीतिक भागीदारी तक सीमित न रहे, बल्कि स्वास्थ्य और पोषण को उसकी पहली शर्त बनाया जाए। क्योंकि महिलाओं के बेहतर स्वास्थ्य से ही असली महिला सशक्तिकरण होगा और वही विकसित, आत्मनिर्भर तथा मजबूत भारत की सबसे सुदृढ़ नींव बनेगा।

**— सतीश मेहरा**

## 'पंचायती राज को सरकार की सर्वोत्तम देखभाल और हिस्सेदारी मिलनी चाहिए'

**कुल्लू, 4 जुलाई (अशेष शर्मा)।** पंचायती राज व्यवस्था देशभर में स्वाभाविक विकास और प्रगति के लिए सरकार, पंचायती राज संस्थाओं के प्रतिनिधियों तथा ग्रामीण जनता से सर्वोत्तम देखभाल और सहयोग की हकदार है। यह बात सत्य प्रकाश ठाकुर, पूर्व मंत्री (हिमाचल प्रदेश) एवं अध्यक्ष, बलवंत राय मेहता पंचायती राज फाउंडेशन (ट्रस्ट) ने आज यहां एक बैठक के दौरान कही। इस बैठक में श्री जुगल किशोर गुप्ता, उपाध्यक्ष, ऑल इंडिया पंचायत परिषद एवं उत्तर क्षेत्र प्रभारी भी उपस्थित थे। श्रीमती प्रेम लता ठाकुर, उपाध्यक्ष, ऑल इंडिया पंचायत परिषद भी बैठक में मौजूद रहीं। बैठक में पंचायती राज संस्थाओं के प्रतिनिधियों, ग्रामीण जनता की ज्वलंत समस्याओं तथा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए सरकार से उनकी वास्तविक अपेक्षाओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

विकास, शांति और समृद्धि सुनिश्चित करने के लिए नियमित और समय पर पंचायत चुनावों की आवश्यकता पर जोर देते हुए, नेताओं ने सरकार से आग्रह किया कि जम्मू और कश्मीर में RLB/ULB चुनाव जल्द से जल्द कराए जाएं।

### प्रदेश में 2,56,870 किसान कर रहे हैं प्राकृतिक खेती, दूध उत्पादकों को 300 करोड़ रुपये किए गए वितरित

# प्रदेश सरकार हिमाचल को प्राकृतिक खेती में देश का अग्रणी राज्य बनाने के लिए प्रतिबद्ध: मुख्यमंत्री

अर्थ प्रकाश/अनिल कुमार शर्मा



**शिमला।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार हिमाचल प्रदेश को देश का अग्रणी प्राकृतिक खेती राज्य बनाने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। मुख्यमंत्री ने कृषि विभाग की बैठक की अध्यक्षता करते हुए अधिकारियों को इस दिशा में पूर्ण दक्षता व लगन से कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार विभाग को कृषि प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करने के लिए हर संभव सहयोग प्रदान करेगी। उन्होंने प्राकृतिक खेती से तैयार किए गए उत्पादों को बाजार उपलब्ध करवाने के लिए कृषि विभाग में अलग मार्केटिंग विंग स्थापित करने के निर्देश दिए। उन्होंने इन उत्पादों की डिजिटल मार्केटिंग प्लेटफॉर्म पर बिक्री की संभावनाएं तलाशने को भी कहा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान में प्रदेश के 2,56,870 किसान 44,784.73 हेक्टेयर भूमि पर प्राकृतिक खेती कर रहे हैं। प्रदेश सरकार की नई पहलों के बाद प्राकृतिक खेती अपनाने वाले किसानों की संख्या लगातार ब? रही है। उन्होंने कहा कि जो किसान खेती छो? चुके थे, वे भी अब दोबारा खेती की ओर लौट रहे हैं और प्राकृतिक खेती में रुचि दिखा रहे हैं।

सुक्खू ने कहा कि हिमाचल प्रदेश देश का पहला राज्य है जिसने प्राकृतिक खेती से तैयार की गई फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य प्रदान किया है। राज्य सरकार ने प्राकृतिक खेती से तैयार की गई फसलों की एमएसपी में भी उल्लेखनीय वृद्धि की है। अब प्राकृतिक खेती से तैयार किए गए गेहूं की खरीद 80 रुपये प्रति किलोग्राम, मक्की 50 रुपये प्रति किलोग्राम, कच्ची हल्दी 150 रुपये प्रति किलोग्राम, पांगी घाटी की जौ 80 रुपये प्रति किलोग्राम तथा अदरक 30 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से की जा रही है।

ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा दूध पर न्यूनतम समर्थन मूल्य लागू करने के बाद प्रदेश में दूध उत्पादन तथा सहकारी डेयरी प्रणाली से जुड़ने वाले किसानों की संख्या में निरंतर वृद्धि हुई है। सरकार ने गाय के दूध का एमएसपी 32 रुपये से बढ़ाकर 61 रुपये प्रति लीटर तथा भैंस के दूध का एमएसपी 47 रुपये से बढ़ाकर 71 रुपये प्रति लीटर कर दिया है।

उन्होंने कहा कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य छोटे और सीमांत डेयरी किसानों के अलावा अधिक से अधिक किसानों को इस योजना का लाभ सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने पिछले साढ़े तीन वर्षों में प्रदेश के दूध उत्पादकों को 300 करोड़ रुपये का भुगतान किया है। मुख्यमंत्री ने कृषि विभाग को कांगड़ा जिले के ब?ा भंगाल क्षेत्र को प्राकृतिक खेती पंचायत घोषित करने की सभी औपचारिकताएं शीघ्र पूरी करने के निर्देश दिए। उन्होंने ब?ा भंगाल क्षेत्र में उगाई जाने वाली राजमाह के लिए भौगोलिक संकेतक (जीआई) टैग प्राप्त करने की प्रक्रिया शुरू करने के भी निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए धन की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। कृषि मंत्री प्रो. चन्द्र कुमार, सचिव कृषि सी. पॉलरासु, मुख्यमंत्री के सचिव आशीष सिंहमार, हिमाचल प्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड के प्रबंध निदेशक राम कुमार गौतम तथा कृषि विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी बैठक में उपस्थित थे।



## आस्था और उल्लास के साथ शुरू हुआ माता हाटेश्वरी का तीन दिवसीय मेला

अर्थ प्रकाश /आदर्श यादव

**सुंदरनगर (मंडी) 4 जुलाई।** पांडवकालीन खंडपीठ माता हाटेश्वरी का तीन दिवसीय पारंपरिक मेला हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ आरंभ हो गया। मेले के शुभारंभ अवसर पर आयोजित विशाल जागरण में क्षेत्र सहित दूर-दराज से पहुंचे श्रद्धालुओं ने पूरी रात माता के भजनों का रसपान किया और माता का आशीर्वाद प्राप्त किया।

मेले का शुभारंभ शुक्रवार सायंकाल अतिरिक्त उपायुक्त मंडी गुरसीमर सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर एससी-एसटी निगम के अध्यक्ष लाल सिंह कौशल तथा एसडीएम बल्ह स्मृतिका नेगी विशेष रूप से उपस्थित रही। मंदिर प्रबंधक समिति के अध्यक्ष नंदलाल ठाकुर ने मुख्य अतिथि एवं अन्य गणमान्य अतिथियों को शॉल, टोपी और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

विशाल जागरण में मुख्य गायक चंबा के काकू ठाकुर व जोगिंदर नगर के राकेश रावत एवं उनकी मंडली ने पूरी रात माता हाटेश्वरी की महिमा का गुणगान किया, जिससे श्रद्धालु भक्तिमय वातावरण में सराबोर रहे। मेले के पहले दिन सैकड़ों श्रद्धालुओं ने माता के दर्शन कर सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

शनिवार को खेलकूद प्रतियोगिताओं का शुभारंभ खंड विकास अधिकारी धनोटू मनमोहन शर्मा ने किया। हालांकि सुबह से मौसम खराब रहने के कारण सभी मुकाबले आयोजित नहीं हो सके।

## रक्कड़ कॉलोनी में सीमेंट डंप से स्थानीय लोग परेशान, प्रशासन से नियमों के पालन की मांग

अर्थ प्रकाश/रोहित शर्मा



**ऊना, 4 जुलाई।** रक्कड़ कॉलोनी स्थित रिहायशी क्षेत्र में संचालित एक सीमेंट डंप को लेकर स्थानीय निवासियों ने भारी वाहनों की आवाजाही से उत्पन्न समस्याओं पर चिंता जताई है। लोगों का कहना है कि प्रतिदिन बड़ी संख्या में भारी वाहन इस मार्ग से गुजरते हैं, जिससे सड़क की स्थिति प्रभावित हो रही है और धूल प्रदूषण के कारण आम जनजीवन पर भी असर पड़ रहा है।

स्थानीय निवासियों के अनुसार, जिला प्रशासन द्वारा पूर्व में इस मार्ग पर भारी वाहनों की आवाजाही को लेकर निर्धारित समय और प्रतिबंध संबंधी निर्देश जारी किए गए थे। लोगों का आरोप है कि इन निर्देशों का पूर्ण रूप से पालन नहीं हो रहा है, जिसके कारण क्षेत्र में समस्याएं लगातार बनी हुई हैं। निवासियों का कहना है कि सीमेंट डंप पर माल की लोडिंग और अनलोडिंग की प्रक्रिया के दौरान बड़ी संख्या में वाहन क्षेत्र में प्रवेश करते हैं, जिससे संपर्क मार्ग क्षतिग्रस्त हो रहा है और पैदल चलने वाले तथा दोपहिया वाहन चालकों को भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

जानकारी के अनुसार, इस मामले से संबंधित कुछ पहलुओं को न्यायालय में चुनौती दी गई है और मामला वर्तमान में न्यायालय के विचाराधीन है। ऐसे में अंतिम निर्णय न्यायालय के आदेशों के अनुरूप ही लिया जाएगा।

स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि जब तक न्यायालय का अंतिम फैसला नहीं आता, तब तक लागू आदेशों और नियमों का प्रभावी ढंग से पालन सुनिश्चित किया जाए, ताकि आम लोगों की सुरक्षा, यातायात व्यवस्था और पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखा जा सके।

निवासियों ने यह भी मांग उठाई है कि यदि आवश्यक हो तो संबंधित विभाग क्षेत्र का निरीक्षण कर स्थिति का आकलन करे और कानून एवं नियमों के अनुसार उचित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

## पेपर प्रेजेंटेशन वर्कशॉप का आयोजन

अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर

**सोलन।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड नई दिल्ली के तत्वावधान में शनिवार को गुरुकुल इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल सोलन में एक दिवसीय पेपर प्रेजेंटेशन वर्कशॉप का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का मुख्य विषय कम्प्यूटेशनल थिंकिंग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस रहा। कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों को आधुनिक तकनीकी अवधारणाओं से जोड़ते हुए स्कूली शिक्षा में इन्नोवेशन को बढ़ावा देना था।

कार्यशाला में गुरुकुल स्कूल के शिक्षकों के अलावा हिमाचल प्रदेश के विभिन्न नामी विद्यालयों से आए शिक्षकों ने हिस्सा लिया और गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, भाषाओं व अन्य विषयों में एआई (ढ्ढ) और कम्प्यूटेशनल थिंकिंग के प्रभावी उपयोग पर आधारित अपने अभिनव शोध-पत्र प्रस्तुत किए। प्रतिभागी शिक्षकों ने इसके माध्यम से विद्यार्थियों के समग्र विकास और भविष्य उन्मुख शिक्षा की आवश्यकता पर विशेष प्रकाश डाला।

प्रत्येक प्रेजेंटेशन के बाद निर्णायक मंडल ने शोध-पत्रों की विषयवस्तु, रिसर्च मैथडोलॉजी, व्यावहारिक उपयोगिता और क्लासरूम में उनके प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर कई कड़े और महत्वपूर्ण सवाल पूछे। प्रतिभागी शिक्षकों ने आत्मविश्वास, तार्किक दृष्टिकोण और विषय की गहरी समझ के साथ जूरी के तमाम प्रश्नों के उत्तर देकर अपने विचारों का सफलतापूर्वक समर्थन किया। इस प्रश्नोत्तर सत्र ने पूरी कार्यशाला को अत्यंत संवादात्मक और ज्ञानवर्धक बना दिया।

इस प्रतिष्ठित कार्यक्रम के विशेषज्ञ और निर्णायक मंडल में शिक्षा और तकनीक जगत की कई जानी-मानी हस्तियां शामिल रहीं, जिनमें डॉ. निशांत जैन, सहायक प्राध्यापक जे.पी. विश्वविद्यालय, वाकनाघाट, वंदना शर्मा प्रधानाचार्या, साई ब्लाइट इंटरनेशनल स्कूल, धर्मपुर, पंकज डढ्वालिया पी.जी.टी. इन्फॉर्मेटिक्स प्रैक्टिसेज, पाइनग्रोव स्कूल, धर्मपुर थे।

## खानपुर एवं टक्का ग्राम पंचायतों में वित्तीय साक्षरता एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं पर जागरूकता शिविर आयोजित

अर्थ प्रकाश/रोहित शर्मा



**ऊना, 4 जुलाई।** वित्तीय साक्षरता एवं बैंकिंग जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आज ग्राम पंचायत खानपुर एवं टक्का, जिला ऊना में एक माह के वित्तीय समावेशन एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के संतृप्ति अभियान के अंतर्गत जागरूकता शिविरों का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन पंजाब नेशनल बैंक, लीड बैंक कार्यालय, ऊना के तत्वावधान में जिला अग्रणी प्रबंधक विजय सिंह तथा वित्तीय साक्षरता केंद्र ऊना के समन्वयक राज कुमार के मार्गदर्शन में किया गया।

इस अवसर पर जिला अग्रणी प्रबंधक विजय सिंह ने पंचायत प्रधानों, पंचायत समिति सदस्यों एवं ग्रामीणों को बैंकिंग सेवाओं तथा केंद्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जन-धन योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, अटल पेंशन योजना सहित अन्य सामाजिक सुरक्षा योजनाओं एवं डिजिटल बैंकिंग सेवाओं के लाभों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं के माध्यम से आम नागरिक कम प्रीमियम पर बीमा सुरक्षा प्राप्त कर सकते हैं, वृद्धावस्था के लिए नियमित पेंशन सुनिश्चित कर सकते हैं तथा स्वरोजगार एवं कृषि गतिविधियों के लिए वित्तीय सहायता का लाभ उठा सकते हैं। उन्होंने सभी पात्र व्यक्तियों से इन योजनाओं से जुड़कर अधिकतम लाभ प्राप्त करने का आह्वान किया।

विजय सिंह ने केवाईसी की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए बैंक खातों की जानकारी समय-समय पर अद्यतन रखने पर बल दिया। उन्होंने साइबर सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करते हुए ऑनलाइन धोखाधड़ी, फर्जी कॉल, ओटीपी फ्रॉड एवं संदिग्ध लिंक के माध्यम से होने वाली ठगी से बचने के उपाय बताए।

उन्होंने लोगों से अपील की कि वे किसी भी परिस्थिति में अपना ओटीपी, एटीएम पिन, बैंक खाता विवरण अथवा अन्य गोपनीय जानकारी किसी के साथ साझा न करें।

## न्यूज ब्रीफ

### कुल्लू-मनाली ट्रक यूनियन के प्रधान बने होमिंदर महंत, विशाल सूद (शैली) चुने गए उपप्रधान



**कुल्लू, 4 जुलाई (अशेष शर्मा)।** हिमाचल ट्रक ऑपरेटर यूनियन, कुल्लूङ्खमनालीङ्खलाहौल एवं स्पीति के चुनाव में होमिंदर महंत को यूनियन का नया प्रधान चुना गया है, जबकि विशाल सूद (शैली) उपप्रधान निर्वाचित हुए हैं। वहीं राजन सोहल को यूनियन का चेयरमैन चुना गया। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के चयन के बाद ट्रक ऑपरेटरों और समर्थकों में उत्साह का माहौल देखा गया। यूनियन के सदस्यों ने सभी विजयी प्रत्याशियों को बधाई देते हुए उम्मीद जताई कि नया नेतृत्व ट्रक ऑपरेटरों की समस्याओं के समाधान, उनके हितों की रक्षा और संगठन को और अधिक मजबूत बनाने की दिशा में प्रभावी कार्य करेगा। इस अवसर पर नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने यूनियन के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ निर्वहन किया जाएगा। उन्होंने भरोसा दिलाया कि संगठन की एकता बनाए रखते हुए सभी ट्रक ऑपरेटरों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी और यूनियन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए सामूहिक प्रयास किए जाएंगे।

### एनएचपीसी पार्बती परियोजना ने जिला आयुर्वेदिक अस्पताल कुल्लू के साथ किया एमओयू

कुल्लू, 4 जुलाई। एनएचपीसी पार्बती जलविद्युत परियोजना चरण-ढ्ढ्ढ ने कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (ष्टस्क्र) और सतत विकास (स्ष्ठ) पहल के तहत एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। परियोजना प्रबंधन ने जिला आयुर्वेदिक अस्पताल कुल्लू में आधुनिक उपकरण उपलब्ध कराने के लिए अस्पताल प्रशासन के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। इस पहल के तहत अस्पताल को 3 लाख रुपये मूल्य के आवश्यक चिकित्सा उपकरण प्रदान किए जाएंगे। कंपनी अधिनियम 2013 के तहत अपनी विकासात्मक प्रतिबद्धता को आगे ब?ाते हुए, इस एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। एनएचपीसी के प्रतिनिधि के रूप में समूह वरिष्ठ प्रबंधक (सिविल) श्री आनंद कुमार सिंह और जिला आयुर्वेदिक अस्पताल की प्रभारी डॉ. मनुबाला गौतम ने इस समझौते पर सहमति जताई। इस अवसर पर उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन) श्री अरविंद कौशिक भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। अस्पताल में इन नए उपकरणों के आने से न केवल कुल्लू जिला, बल्कि पड़ोसी क्षेत्रों जैसे लाहौल-स्पीति, पांगी और मंडी के मरीजों को भी बेहतर और आधुनिक आयुर्वेदिक चिकित्सा सुविधाएं मिल सकेंगी। एनएचपीसी प्रबंधन ने दोहराया कि वे परियोजना के आसपास के क्षेत्रों के सतत विकास और जन कल्याण के लिए लगातार कार्य करते रहेंगे।

## शीघ्र आरम्भ होगा सोलन-सुबाथू मार्ग के सुधारिकरण का कार्य : विक्रमादित्य

लोक निर्माण मंत्री ने किया सोलन-सुबाथू मार्ग का निरीक्षण

अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर



**सोलन।** लोक निर्माण तथा शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह आज सुबाथू पहुंचकर मुख्य जिला स?क (परवाणू-कसौली-धर्मपुर-सोलन) का निरीक्षण किया और स्थानीय लोगों से मिलकर वस्तु स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने लोगों को विश्वास दिलाया कि शीघ्र ही इस मार्ग के सुदृढ़ीकरण का कार्य आरम्भ कर दिया जाएगा।

विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि मौसम एवं अन्य कारणों से इस मार्ग की स्थिति खराब है। इसके मुरम्मत कार्य के लिए लोक निर्माण विभाग द्वारा नाबार्ड के तहत 23 करोड़ रुपए की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट बनाकर स्वीकृति के लिए भेजी गई है। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही स्वीकृति मिलने के उपरांत सड़क के सुधारीकरण का कार्य आरम्भ हो जाएगा। उन्होंने कहा कि नाबार्ड से 23 करोड़ की राशि स्वीकृत होने तक इस सड़क का सुधारीकरण का कार्य 1 करोड़ 35 लाख रूपये की लागत से विभाग द्वारा करवाया जा रहा है। लोक निर्माण मंत्री ने कहा कि वह स्वयं विभिन्न क्षेत्रो में जाकर सड़कों का निरीक्षण कर रहे हैं। सड़कों में यदि कोई कमी पाई जाती है तो उसे संबन्धित अधिकारियों को दुरूस्त करने के निर्देश दिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश की सभी सड़कों को बेहतर बनाना प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है। वर्तमान समय में प्रदेश में जो भी मार्ग बनाएं जा रहे हैं, उन सभी में बॉक्स कल्वर्ट लगाए जा रहें हैं, ताकि भारी वर्षा से सड़कों को नुकसान न पहुँचे। उन्होंने कहा कि 20 करोड़ रूपये की राशि से धर्मपुर सुबाथू मार्ग का सुधारीकरण का कार्य प्रगति पर है।

लोक निर्माण मंत्री ने कहा कि सोलन ड़िला में गत साड़े तीन वर्षो में सड़कों, पुलों और भवनों के निर्माण पर लगभग 227 करोड़ रुपए व्यय किए गए हैं। उन्होंने कहा कि सोलन ड़िला में 12 नए पुल निर्मित किए गए और 11 पुलों का निर्माण कार्य प्रगति पर है। इस पर लगभग 40 करोड़ रुपए व्यय किए जा रहे हैं।

उन्होंने इस अवसर पर जन समस्याएं भी सुनीं और अधिकारियों को इनके त्वरित निपटारे के निर्देश दिए। इस अवसर पर हि.प्र. कांग्रेस पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ के उपाध्यक्ष कर्नल संजय शांडिल, जिला परिषद सदस्य अमित ठाकुर, ग्राम पंचायत तोप-की-बेड़ की प्रधान मन्जू गौड़, कांग्रेस पार्टी के शोभित बहल, सक्षम, संधीरा शीनू सिंह, विश्व कर्मी समाज कल्याण बोर्ड के सदस्य मदन हिमाचली, लोक निर्माण विभाग हि.प्र. के प्रमुख अभियंता एन.पी. सिंह, नगर निगम सोलन की आयुक्त एकता कापटा, लोक निर्माण विभाग के कार्यकारी अधीक्षण अभियंता अरविंद शर्मा, अधिशाषी अभियंता रवि कपूर सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति व ग्रामीण उपस्थित थे।

## अवैध रूप से ले जाई जा रही 530 पेटी देसी शराब की बरामद

हरिपुर रोड पर नाकाबंदी के दौरान ट्रक की तलाशी, एक आरोपी गिरफ्तार

अर्थ प्रकाश/सलीम कुरैशी

**नालागढ़।** अवैध नशा कारोबार/तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस जिला बद्दी के तहत पुलिस थाना बरोटीवाला की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए हरिपुर रोड पर नाकाबंदी के दौरान एक ट्रक को रोककर उसकी तलाशी ली। पुलिस के मुताबिक तलाशी के दौरान ट्रक से बिना किसी वैध परमिट अथवा लाइसेंस के परिवहन की जा रही 530 पेटी देसी शराब बरामद की गई। बरामद खेप में 4300 पव्वे (86 पेटी), 6552 अध्धे (273 पेटी) तथा 2052 बोतलें (171 पेटी) शामिल हैं। पुलिस ने मौके पर ही अवैध शराब तथा ट्रक को कब्जे में लेकर आरोपी चालक को गिरफ्तार कर लिया।

एएसपी बद्दी अशोक वर्मा ने पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस थाना बरोटीवाला में हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 39(1)(ए) के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि उक्त अवैध शराब की खेप कहां से लाई गई थी तथा इसे किस स्थान पर पहुंचाया जाना था। उन्होंने कहा बद्दी पुलिस अवैध नशा तस्करी के विरुद्ध लगातार प्रभावी कार्रवाई कर रही है तथा ऐसे अवैध कारोबार में संलिप्त किसी भी आरोपी व्यक्ति के खिलाफ कानून के अनुसार कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## प्रधानमंत्री ने एसजेवीएन की 1000 मेगावाट बीकानेर सौर विद्युत परियोजना का उद्घाटन किय

अर्थ प्रकाश/अनिल कुमार शर्मा



**शिमला** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजस्थान के पचपदरा में एसजेवीएन की 1000 मेगावाट बीकानेर सौर विद्युत परियोजना का उद्घाटन किया। यह भारत की नवीकरणीय ऊर्जा यात्रा में महत्वपूर्ण उपलब्धि है तथा स्वच्छ ऊर्जा एवं सततशील विकास लक्ष्यों की प्राप्ति के प्रति राष्ट्र की प्रतिबद्धता को दोहराती है।

इस ऐतिहासिक अवसर पर राजस्थान के माननीय राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े,राजस्थान के माननीय मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, केंद्रीय विद्युत तथा आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री, मनोहर लाल, केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी, विधि और न्याय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार),संसदीय कार्य राज्य मंत्री, भारत सरकार अर्जुन राम मेघवाल, उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी,उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेम चंद बैरवा, तथा अन्य विशिष्ट अतिथियों एवं गणमान्य जनों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

कार्यक्रम में भूपेंद्र गुप्ता, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एसजेवीएन, अजय कुमार शर्मा, निदेशक (कार्मिक), पार्थजीत डे, निदेशक (वित्त), राजेश कुमार चंदेल, निदेशक (परियोजनाएं), श्री पंकज पोरवाल, मुख्य सतर्कता अधिकारी, प्रशांत शर्मा, सीईओ, एसजेवीएन ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एसजीईएल) तथा एसजेवीएन एवं एसजीईएल के वरिष्ठ अधिकारी वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

एसजेवीएन ने अपनी नवीकरणीय ऊर्जा अधीनस्थ कंपनी, एसजेवीएन ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एसजीईएल) के माध्यम से राजस्थान के बीकानेर में 1000 मेगावाट बीकानेर सौर विद्युत परियोजना का विकास किया है। लगभग 5,000 एकड़ भूमि में फैली इस परियोजना का विकास लगभग ?5,492 करोड़ के निवेश से किया गया है। यह एकल स्थान पर घरेलू सामग्री आवश्यकता (डीसीआर) श्रेणी के अंतर्गत भारत की सबसे बड़ी एकल ईपीसी सौर परियोजना है, जो स्वदेशी क्षमताओं पर आधारित विश्वस्तरीय नवीकरणीय ऊर्जा अवसंरचना का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करती है।

## भारतीय आभूषण, डिजाइन व प्रतिभा को वैश्विक मंचों तक पहुंचाने का लें संकल्प : अनुराग ठाकुर

अर्थ प्रकाश/शिल्पा शर्मा



**हमीरपुर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने राजस्थान के जयपुर में ज्वैलर्स एसोसिएशन के शताब्दी कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत कर Jewellery Eminence Awards 2026 के अंतर्गत विजेताओं और प्रतिभागियों को सम्मानित किया व इस विषय पर अपने विचार साझा किए।

अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा ÷हमारे शास्त्रों में आभूषण निर्माण की शिल्प कला को केवल आजीविका नहीं बल्कि धैर्य और एकाग्रता से सौंदर्य सृजन की साधना कहा गया है। मैं ज्वैलर्स एसोसिएशन जयपुर को हार्दिक शुभकामनाएं देता हूँ कि वर्ष 1927 में स्थापित यह संस्था आज अपनी यात्रा के सौवें वर्ष में प्रवेश कर चुकी है। किसी भी संस्था के लिए एक शताब्दी तक अपने मूल्यों, विश्वसनीयता और नेतृत्व को बनाए रखना कोई साधारण उपलब्धि नहीं है। जयपुर सिर्फ अपने ऐतिहासिक रणकौशल और अपने योद्धाओं के जौहर के लिए ही नहीं बल्कि अपने जेवर और अपने जौहरियों के लिए भी जाना जाता है। जयपुर के जौहरियों ने इस तीन सौ सालों की परंपरा को न केवल जीवित रखा है बल्कि इसे एक वैश्विक ब्रांड बना दिया है। जयपुर की इस धरा ने सदियों से न सिर्फ गहने ग? हैं, बल्कि भारतीय संस्कृति को सजाया है÷

अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा आज जब हम 18वें Jewellery Eminence Awards (JEA) 2026 का उत्सव मना रहे हैं, तो यह महज एक पुरस्कार समारोह नहीं बल्कि हमारे सांस्कृतिक विरासत का उत्सव है। आज पूरा विश्व Make In India और Digital India का लोहा मान रहा है और मेरा सुझाव है की आप Design India को global brand के रूप में स्थापित करें ।

# शिक्षा व्यवस्था की होगी ऑनलाइन निगरानी : रोहित

## शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने वर्चुअल संवाद कार्यक्रम का किया शुभारंभ

अर्थ प्रकाश/अनिल कुमार शर्मा

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के सरकारी विद्यालयों में शिक्षा व्यवस्था को अधिक प्रभावी, पारदर्शी एवं उत्तरदायी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने शनिवार को वर्चुअल संवाद कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

हिमाचल स्कूल स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा शनिवार को राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पोर्टमोर, शिमला में वर्ष 2025-26 के आईएसएफ वर्ल्ड स्कूल चैंपियनशिप, एशियन स्कूल चैंपियनशिप तथा 69वें राष्ट्रीय स्कूल खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पदक विजेता एवं प्रतिभागी खिलाड़ियों के सम्मान में भव्य पुरस्कार वितरण समारोह में शिक्षा




मंत्री ने वर्चुअल संवाद का शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम की शुरुआत जिला चंबा के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मेहला से की गई, जहां शिक्षा मंत्री ने विद्यालय के प्रधानाचार्य से वर्चुअल माध्यम से सीधा संवाद किया।

इस दौरान शिक्षा मंत्री ने विद्यालय में शिक्षकों एवं अन्य स्टाफ की उपलब्धता, रिक्त पदों की स्थिति, विद्यार्थियों के शैक्षणिक परिणाम तथा विद्यालय में उपलब्ध शैक्षणिक सुविधाओं की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। प्रधानाचार्य ने वर्चुअल माध्यम से विद्यालय की कक्षाओं का भी अवलोकन करवाया। शिक्षा मंत्री ने आश्वस्त किया कि भर्ती प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरांत रिक्त शिक्षकों के पदों को प्राथमिकता के आधार पर भरा जाएगा, जिससे विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध हो सके।

रोहित ठाकुर ने कहा कि हाल ही में उनके जम्मू-कश्मीर के दौरे के दौरान उन्होंने वहां के शिक्षा विभाग में वर्चुअल निरीक्षण की प्रभावी व्यवस्था देखी। उसी से प्रेरणा लेकर हिमाचल प्रदेश में भी सरकारी विद्यालयों के लिए वर्चुअल संवाद कार्यक्रम प्रारंभ किया गया है।

### शिक्षा मंत्री, शिक्षा सचिव और निदेशक करेंगे संवाद

कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए निदेशक स्कूल शिक्षा ने कहा कि अब शिक्षा मंत्री, शिक्षा सचिव और निदेशक सहित निदेशालय के वरिष्ठ अधिकारी सभी सरकारी स्कूलों में वर्चुअल संवाद पर बल देंगे। उन्होंने कहा कि इससे तुरंत फीडबैक मिलेगा और कभी भी स्कूल प्रधानाचार्य से वर्चुअल संवाद किया जा सकेगा।

उन्होंने कहा कि इस पहल के माध्यम से शिक्षा विभाग के अधिकारी एवं सरकार सीधे विद्यालयों के प्रधानाचार्यों, शिक्षकों और विद्यार्थियों से संवाद स्थापित कर सकेंगे। इससे विद्यालयों की वास्तविक स्थिति की जानकारी समय पर प्राप्त होगी, विद्यार्थियों से सीधे फीडबैक लिया जा सकेगा तथा शिक्षण व्यवस्था से जुड़ी समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। साथ ही, विद्यालयों के नियमित निरीक्षण की प्रक्रिया अधिक सरल, प्रभावी और पारदर्शी बनेगी।

शिक्षा मंत्री ने कहा कि राय सरकार का उद्देश्य सरकारी विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करना तथा आधुनिक तकनीक के माध्यम से शिक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं जवाबदेह बनाना है। वर्चुअल संवाद कार्यक्रम इस दिशा में एक महत्वपूर्ण और अभिनव कदम साबित होगा।

# पीसी एंड पीएनडीटी अधिनियम जागरूकता शिविर का आयोजन

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा

**कुल्लू, 4 जुलाई।** बीडीओ कार्यालय बंजार के सम्मेलन कक्ष में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत पीसी एंड पीएनडीटी अधिनियम विषय पर एक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बालिका संरक्षण, भ्रूण लिंग परीक्षण पर रोक, महिला सशक्तिकरण तथा लैंगिक समानता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग से श्यामा देवी ने पीसी एंड पीएनडीटी अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों की जानकारी देते हुए भ्रूण लिंग परीक्षण पर प्रतिबंध, कन्या भ्रूण हत्या के दुष्परिणाम तथा बालिका के संरक्षण एवं सम्मान के महत्व पर प्रकाश डाला।

जिला मिशन समन्वयक, मिशन शक्ति, कुल्लू पल्लवी ठाकुर ने मिशन शक्ति के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं एवं सेवाओं की जानकारी साझा की। उन्होंने वन स्टॉप सेंटर, महिला हेल्पलाइन-181, महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण से जुड़ी सहायता सेवाओं के बारे में विस्तार से बताते हुए महिलाओं को इन सुविधाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। जेंडर सेंसिटाइजेशन स्पेशलिस्ट प्रेरणा और सरिता ने जेंडर संवेदनशीलता विषय पर जागरूक किया। उन्होंने लैंगिक समानता, महिलाओं एवं बालिकाओं के अधिकारों, भेदभाव की रोकथाम तथा समाज में सकारात्मक सोच विकसित करने की आवश्यकता पर विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम के अंत में बाल विकास परियोजना अधिकारी, बंजार चंपा देवी ने महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं जैसे एकीकृत बाल विकास सेवा, पोषण अभियान, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, मिशन शक्ति, आंगनवाड़ी सेवाओं तथा महिलाओं एवं बच्चों के कल्याण से संबंधित अन्य योजनाओं की जानकारी प्रतिभागियों के साथ साझा की।

# मांगों को लेकर पेंशनरज संयुक्त संघर्ष समिति हिमाचल प्रदेश ने वित्त विभाग को ज्ञापन सौंपा

अर्थ प्रकाश/अनिल कुमार शर्मा

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश पेंशनरज संयुक्त संघर्ष समिति के प्रदेश अतिरिक्त महासचिव भूपराम वर्मा ने वक्तय में कहा है कि निदेशक, कोषागार एवं लेखा विभाग हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा दिनांक 01 जुलाई, 2026 को निर्देश जारी कर प्रदेश के सभी जिला कोषाधिकारियों को कहा हैं कि वर्ष 2026-27 के लिए पेंशनर्स लाइफ सर्टिफिकेट ऑनलाइन के माध्यम से जीवन प्रमाण ऐप या लोक मित्र केंद्र के माध्यम से प्रेषित अनिवार्य किया है। इस आदेश से भविष्य में पेंशनर लाइफ सर्टिफिकेट केवल ऑनलाइन द्वारा ही जिला कोषागार अधिकारी प्राप्त किए जाएंगे।

वर्मा का कहना है कि यह आदेश स्वागत योग्य है परंतु हिमाचल प्रदेश के अधिकांश क्षेत्र दुर्गम गाँव है और वृद्ध अवस्था में उनको लोकमित्र केंद्र तक जाना आना मुश्किल है और काफी पैनशनरज के पास स्मार्टफोन भी नहीं है।



इसके अलावा जो वृद्ध पेंशनरज दूर्गम, कठिन व पिछड़े क्षेत्र के हैं वहां पर टेलीफोन टावर व नेटवर्क सिग्नल की समस्या भी है। इसके अतिरिक्त जीवन प्रमान एप भी सही काम नहीं कर रहा है और उसमें अपलोडिंग नहीं हो पा रही है जिससे पेंशनरज को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। वर्मा का कहना है कि लोक मित्र केंद्र इस कार्य के लिए ?100 शुल्क ले रहे हैं जो कि एक अनावश्यक खर्चा बुजुर्गों को करना पड रहा है। इस विषय में प्रदेश अतिरिक्त महासचिव भूपराम वर्मा की अध्यक्षता में एक प्रतिनिधिमंडल ने प्रधान सचिव (वित्त) दिवेश कुमार और निदेशक विजय वर्धन विशेष सचिव वित्त एवं कोषागार व लेखा हिमाचल प्रदेश को एक पत्र सौप कर इस आदेश की समीक्षा करने का आग्रह किया गया और पुरानी व्यवस्था ऑफलाइन मोड को भी जारी रखा जाए जिसे कठिनाई का सामना ना करना पड़े! उन्होंने इस संबंध में आश्वासन दिया कि सहानुभूतिपूर्वक विचार कर पेंशनर हित में समीक्षा की जाएगी। इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश संयुक्त संघर्ष समिति के प्रदेश मीडिया प्रभारी सैन राम नेगी और बुधीराम जस्टा,मुख्य सलाहकार भी शामिल रहे।

# विकास में शून्य, कर्ज लेने में सबसे आगे है सुक्खू सरकार : जयराम ठाकुर

अर्थ प्रकाश /आदर्श यादव

**सुंदरनगर (मंडी) 4 जुलाई।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने प्रदेश की सुक्खू सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि सरकार विकास और जनसुविधाओं के मामले में पूरी तरह विफल रही है, जबकि कर्ज लेने में नए-नए रिकॉर्ड बना रही है। उन्होंने कहा कि विपक्ष में रहते हुए कांग्रेस ने कर्ज के मुद्दे पर जनता को गुमराह किया, लेकिन सत्ता में आते ही उसी कांग्रेस सरकार ने कर्ज को अपना प्रमुख शासन मॉडल बना लिया।

उन्होंने कहा कि प्रदेश पर कर्ज का बोझ लगभग 1.20 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचने वाला है और हर महीने की शुरुआत भारी-भरकम कर्ज लेकर की जा रही है। इसके बावजूद न तो विकास कार्य दिखाई दे रहे हैं और न ही नई परियोजनाएं धरातल पर उतर रही हैं। जनता को बुनियादी सुविधाओं के लिए भी संघर्ष करना पड़ रहा है। उन्होंने दावा किया कि सुक्खू सरकार ने अपने साढ़े तीन वर्ष के कार्यकाल में जितना कर्ज लिया है, उतना अब तक की किसी सरकार ने नहीं लिया और कार्यकाल पूरा होने तक मुख्यमंत्री कर्ज लेने के सभी रिकॉर्ड तोड़ देंगे।

जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार हिमाचल प्रदेश को सड़क, रेल, स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यटन और आपदा राहत सहित विभिन्न विकास योजनाओं के लिए लगातार उदारतापूर्वक सहायता प्रदान कर रही है।

उन्होंने प्रदेश सरकार से सवाल किया कि लगातार लिया जा रहा हजारों करोड़ रुपये का कर्ज आखिर किस विकास कार्य पर खर्च हो रहा है। उनका आरोप था कि सरकार नई योजनाएं शुरू करने के बजाय पूर्व सरकार द्वारा खोले गए संस्थानों को बंद करने, योजनाओं की वित्तीय सहायता रोकने, लोगों की नौकरियां समाप्त करने और नए-नए शुल्क लगाने में व्यस्त है।

# प्रतिबंधित सीजन में अवैध मछली बिक्री पर मत्स्य विभाग की सख्त कार्रवाई, पांच मामलों में 8 हजार जुर्माना वसूला

अर्थ प्रकाश/रोहित शर्मा

**ऊना, 4 जुलाई।** ऊना में मत्स्य विभाग ने प्रतिबंधित (क्लोज) सीजन के दौरान अवैध रूप से मछली बेचने वालों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करते हुए नियमों के उल्लंघन के पांच मामलों में कुल 8 हजार रुपये का जुर्माना वसूला है।

मत्स्य विभाग के सहायक निदेशक विवेक शर्मा ने बताया कि विभाग के विशेष दस्ते ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों में सघन निरीक्षण अभियान चलाकर मछली विक्रय केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। अभियान के दौरान अवैध रूप से मछली बिक्री के पांच मामले पाए गए, जिनमें नियमानुसार मौके पर ही कुल 8 हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया। उन्होंने बताया कि वर्तमान में मछलियों के प्रजनन काल को ध्यान में रखते हुए क्लोज सीजन लागू है। इस अवधि में मत्स्य संसाधनों के संरक्षण तथा प्राकृतिक प्रजनन प्रक्रिया को सुरक्षित बनाए रखने के लिए



मछली पकड़ने और बिक्री पर प्रतिबंध लगाया गया है।

उन्होंने कहा कि विभाग की इस कार्रवाई का उद्देश्य प्रजनन काल के दौरान मत्स्य संसाधनों का संरक्षण सुनिश्चित करना है। ऐसे में नियमों की अवहेलना किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी।

विवेक शर्मा ने कहा कि मत्स्य संसाधनों के संरक्षण में सभी नागरिकों, व्यापारियों तथा मछली विक्रेताओं का सहयोग अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सभी संबंधित लोगों से क्लोज सीजन के दौरान निर्धारित नियमों का पूर्णतः पालन करने की अपील की।

उन्होंने बताया कि जिले में अवैध गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है तथा भविष्य में भी इस प्रकार के औचक निरीक्षण एवं प्रवर्तन अभियान जारी रहेंगे। नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## न्यूज ब्रीफ

### हिमाचल प्रदेश ग्रामीण बैंक हटगढ़ ने तीन नामांकितों को सौंपी 2-2 लाख की बीमा दावा राशि

**सुंदरनगर (मंडी) 4 जुलाई (आदर्श यादव)।** मंडी जिला के हटगढ़ स्थित हिमाचल प्रदेश ग्रामीण बैंक की शाखा हटगढ़ द्वारा केंद्र सरकार की सामाजिक



सुरक्षा योजनाओं प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के अंतर्गत तीन नामांकित लाभार्थियों को ?2-2 लाख की बीमा दावा राशि प्रदान की गई। शाखा प्रबंधक ललित शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत स्वर्गीय हेम राज की नामांकित श्रीमती अनीता तथा स्वर्गीय नरेंद्र कुमार की नामांकित किरण कुमारी को ?2-2 लाख की दावा राशि प्रदान की गई। वहीं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना ([illegible]) के अंतर्गत स्वर्गीय परमानंद की नामांकित इंदिरा देवी को ?2 लाख की बीमा दावा राशि सौंपी गई। इस अवसर पर शाखा प्रबंधक ललित शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना आम नागरिकों के लिए अत्यंत लाभकारी सामाजिक सुरक्षा योजनाएँ हैं। इन योजनाओं के माध्यम से किसी भी अप्रत्याशित दुर्घटना अथवा असामयिक मृत्यु की स्थिति में प्रभावित परिवार को आर्थिक संबल प्राप्त होता है, जिससे कठिन समय में उन्हें राहत मिलती है। उन्होंने क्षेत्र के सभी बैंक ग्राहकों एवं पात्र नागरिकों से इन योजनाओं से जुड़कर बीमा करवाने की अपील करते हुए कहा कि इनका प्रीमियम बेहद कम है, जबकि आवश्यकता के समय मिलने वाली ?2 लाख तक की वित्तीय सहायता परिवार के लिए बड़ा सहारा साबित होती है। बैंक ने लोगों से सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने का भी आग्रह किया।

# 8 घंटे के बाद कंपनी में लगी आग पर पूरी तरह से पाया काबू

**नालागढ़।** औद्योगिक क्षेत्र काठा स्थित काईजन फार्मा दवा कंपनी में लगी आग पर 8 घंटे में काबू पाया गया। इस आगजनी में कंपनी को करो?ें रुपये का नुकसान हुआ है। प्लांट के दो मंजिल पूरी तरह से जल गए है। दमकल विभाग ने 8 घंटे में आग पर काबू पा लिया था। आग लगने का कारण शार्टसर्किट बताया जा रहा है। फायर विभाग द्वारा करीब 8 करोड़ की संपत्ति को जलने से बचा लिया गया है

जानकारी अनुसार औद्योगिक क्षेत्र काठा स्थित काईजन फार्मा में गत सांय अचानक आई ड्राप सेक्शन में आग लगी । देखते ही देखते आग पूरे प्लांट में फैल गई। आग बुझाने में बद्दी के दमकल विभाग की चार, नालाग? से दो, एक बिरला कंपनी और एक वर्धमान से फायर हाईड्रैंट आग बुझान में लगे थे। इस घटना में कंपनी को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। आगजनी से मशीनरी कच्चा व तैयार माल प्रभावित हुआ है। दो कर्मचारी आग की चपेट में आकर झुलस गए जिनका अस्पताल में उपचार चल रहा है।

# ज्योति के उपचार के लिए आगे आए इंटरनेशनल पैरा धावक वीरेंद्र

ज्योति तोमर के ईलाज पर करीब 20 लाख रूपए का आएगा खर्चा , निर्धन मां-बाप की बंधी आस

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**सोलन।** इंटरनेशनल पैरा धावक वीरेंद्र सिंह अब एक बेटी का जीवन बचाने के लिए न सिर्फ सोलन से राजगढ़ तक दौड़ लगाएंगे। सिरमौर जिला के राजगढ़ उपमंडल के खालटू गांव की बेटी ज्योति के ऑपरेशन पर करीब 20 लाख रुपए की राशि खर्च आएगी। निर्धन परिवार से संबंध रखने वाली ज्योति के माता-पिता के लिए यह धनराशि जुटानी असंभव है। इसलिए उन्होंने लोगों से मदद की गुहार लगाई थी। सिरमौर के इंटरनेशनल पैराधावक वीरेंद सिंह ने ज्योति के उपचार के लिए चैरिटी रन का फैसला लिया। इस नेक कार्य में उनके सिरमौर कल्याण मंच सोलन भी है। शनिवार सुबह 10 बजे सोलन की अधिठात्री देवी शूलिनी माता मंदिर में वीरेंद्र सिंह व सिरमौर कल्याण मंच के सदस्यों ने पहले मंदिर पहुंच कर माता का आर्शिवाद लिया और इसके बाद वीरेंद्र सिंह को




चैरिटी के लिए रवाना किया। शनिवार को पूरा दिन वह सोलन शहर में दुकानों में जाकर लोगों से दानपात्र में पैसे एकत्र कर रहे हैं।

इस मौके पर सिरमौकल्याण मंच के प्रधान प्रदीप मंमगाई, वरिष्ठ उपप्रधान डॉ एसएस परमार, महासचिव यशपाल कपूर के अलावा विपुल कश्यप, उमेश कमल, मनोज पुंडीर, जयचंद शर्मा, संजीव अवस्थी, एलआर दहिया, कमलराज चौहान समेत अन्य मौजूद रहे। इस चैरिटी रन से जो भी पैसा एकत्र होगा, उसे ज्योति के उपचार के लिए दिया जाएगा। रविवार प्रात÷ वीरेंद्र सिंह सोलन से राजगढ़ तक की दौड़ लगाएंगे और लोगों से ज्योति के उपचार के लिए धनराशि भी एकत्र करेंगे। सिरमौर जिला के राजगढ़ उपमंडल के खालटू गांव निवासी यशपाल तोमर और आशा देवी की 20 वर्षीय बेटी ज्योति तोमर सोलन के संस्कृत कॉलेज में शास्त्री अंतिम वर्ष की छात्रा है। ज्योति तोमर से गलती से बैटरी में पडने् वाला पानी को पी लिया। इससे उसका गले में गंभीर इंफेक्शन हो गया। वह अभी न तो बोल पाती है और न की कुछ खा-पी सकती है। उसके गले के ऑपरेशन पर करीब 20 लाख रुपए का खर्चा है। ज्योति के माता-पिता ने प्रदेश की जनता से अपील की है कि उनकी छोटी सी मदद उनकी बेटी को नया जीवनदान दे सकती है। उन्हें उम्मीद है कि जनसहयोग से उनकी बेटी का ईलाज हो जाएगा। प्रदेश के लोगों से अभी तक करीब 5 लाख रुपए उनके खाते में जमा हो गए हैं।

# सीडी साख सहकारी सभा मुख्यालय गोहर स्थित दाड़ी में सहकारी चौपाल का आयोजन

अर्थ प्रकाश/सुभाग सचदेवा

**गोहर, 4 जुलाई।** दी सी डी साख सहकारी सभा सीमित मुख्यालय गोहर स्थित दाड़ी, में आज ÷सहकारी चौपाल÷ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सहायक पंजीयक सहकारी सभाएं, मंडी, राजेश जसवाल ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।

कार्यक्रम के दौरान सहकारिता को और अधिक सशक्त बनाने, सहकारी संस्थाओं के माध्यम से आम लोगों तक बेहतर सेवाएं पहुंचाने तथा विभिन्न सहकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विस्तार से चर्चा की गई। राजेश जसवाल ने उपस्थित सचिवों एवं कर्मचारियों को सहकारिता के सिद्धांतों के अनुरूप पारदर्शिता और जनसेवा की भावना से कार्य करने का आह्वान किया।

इस अवसर पर दी सी डी साख सहकारी सभा के पूर्व उपाध्यक्ष श्याम लाल कश्यप व महाप्रबंधक भीम सिंह ने मुख्य अतिथि राजेश जसवाल को हिमाचली टोपी एवं



शाल भेंट कर सम्मानित किया।कार्यक्रम में सहकारी सभा गोहर के निरीक्षक मनोज कुमार, गोहर उपमंडल की विभिन्न सहकारी सभाओं के सचिव, दी सी डी साख सहकारी सभा के पूर्व उपाध्यक्ष श्याम लाल कश्यप, महाप्रबंधक भीम सिंह वर्मा, उपमहाप्रबंधक योगराज ठाकुर, सहायक महाप्रबंधक तिपेंद्र ठाकुर, मुख्यालय प्रबंधक दिनेश शर्मा, प्रबंधक धनी राम, भारत भूषण शर्मा, भारत भूषण वर्मा, शाखा मौवीसेरी के प्रबंधक एवं सीडी कर्मचारी संघ के महामंत्री छविंद्र सिंह सहित सभा के अनेक कर्मचारी तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थि रहे।

वक्ताओं ने सहकारिता आंदोलन को और अधिक मजबूत बनाने तथा ग्रामीण क्षेत्रों में सहकारी संस्थाओं की भूमिका को सुदृढ़ करने का संकल्प दोहराया।

# हरित इस्पात उत्पादन, पर्यावरणीय सततता एवं आरआईएनएल के कार्यों की हुई विस्तृत समीक्षा

अर्थ प्रकाश/शिल्पा शर्मा

**हमीरपुर।** हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से सांसद एवं संसदीय कोयला, खान एवं इस्पात संबंधी स्थायी समिति के अध्यक्ष अनुराग सिंह ठाकुर ने आज संसद भवन में समिति की महत्वपूर्ण बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में इस्पात मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों, स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (स्ढ्ढरु) तथा राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड (ऋढ्ढहरु) के प्रतिनिधियों के साथ इस्पात क्षेत्र से जुड़े दो महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। इनमें सार्वजनिक क्षेत्र के इस्पात उपक्रमों में पर्यावरणीय सततता एवं हरित पहल तथा आरआईएनएल के कार्यों, वित्तीय पुनरुत्थान, परिचालन प्रदर्शन और श्रमिक सुरक्षा सुधारों की व्यापक समीक्षा शामिल रही। बैठक के दौरान समिति को इस्पात उत्पादन के साथ पर्यावरणीय



संतुलन बनाए रखने के उद्देश्य से अपनाए जा रहे उत्सर्जन नियंत्रण उपायों, अपशिष्ट प्रबंधन, हरित इस्पात तकनीकों तथा कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने के प्रयासों की विस्तृत जानकारी दी गई। समिति ने ग्रीन स्टील नीति, डीकार्बोनाइजेशन रणनीतियों तथा कार्बन कैप्चर, यूटिलाइजेशन एंड स्टोरेज (ष्टष्टस्) जैसी आधुनिक पहलों की प्रगति की समीक्षा की। साथ ही राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड की वित्तीय स्थिति, परिचालन क्षमता तथा कर्मचारियों की सुरक्षा को और सुदृढ़ बनाने के लिए किए जा रहे सुधारों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत का इस्पात क्षेत्र तेज़ी से स्वच्छ, कम-कार्बन और पर्यावरण-अनुकूल उत्पादन की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि संसदीय स्थायी समिति इस बात के लिए प्रतिबद्ध है कि देश का इस्पात क्षेत्र आर्थिक दृष्टि से और अधिक सशक्त बने, पर्यावरणीय दायित्वों का पूरी तरह पालन करे तथा सार्वजनिक क्षेत्र के इस्पात उपक्रमों में कार्यरत प्रत्येक कर्मचारी की सुरक्षा, कल्याण और हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता मिले।

**बैठक** — तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ विभागीय परियोजनाओं की समीक्षा की

# युवाओं को आधुनिक तकनीकी से जोड़ना सरकार की प्राथमिकता : राजेश

अर्थ प्रकाश /अजय मल्होत्रा

**घुमारवीं (बिलासपुर)।** नगर एवं ग्राम नियोजन, आवास, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी ने घुमारवीं में तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ विभागीय समीक्षा बैठक की। बैठक में तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास से जु? विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। विशेष रूप से राज्य में स्थापित किए जा रहे कंप्यूटर बेस्ड टेस्ट (सीबीटी) सेंटर, स्किल अकादमी केंद्रों के सुदृ?ीकरण तथा विभाग की भावी कार्य योजना की विस्तार से समीक्षा की गई। मंत्री ने विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं



परियोजनाओं की प्रगति का जायजा लेते हुए अधिकारियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में उपायुक्त बिलासपुर राहुल कुमार सहित संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। राजेश धर्माणी ने कहा कि मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार का स्पष्ट लक्ष्य हिमाचल के युवाओं को 21वीं सदी की आवश्यकताओं के अनुरूप कौशल प्रदान कर उन्हें रोजगार और स्वरोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध करवाना है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने अपने बजट भाषण में घुमारवीं में स्किल अकादमी स्थापित करने तथा मल्टी स्किल एवं डिजिटल यूनिवर्सिटी विकसित करने की घोषणा की है, जिससे प्रदेश के युवाओं को आधुनिक तकनीक, नवाचार, उद्यमिता, व्यावसायिक प्रशिक्षण तथा उद्योगों की मांग के अनुरूप कौशल प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जा सके।

बैठक में मंत्री राजेश धर्माणी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि घुमारवीं में निर्माणाधीन स्किल अकादमी सेंटर का कार्य हर हाल में 30 जुलाई तक पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि यह अत्याधुनिक स्किल सेंटर लगभग 4.5 करो? रुपये की लागत से विकसित किया जा रहा है। यह केंद्र प्रदेश के युवाओं को आधुनिक तकनीकों से जो?ने और उद्योगों की वर्तमान आवश्यकताओं के अनुरूप कौशल प्रशिक्षण उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित होगा।

उन्होंने स्किल अकादमी सेंटर में भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डिजिटल मीडिया, भाषा कौशल तथा उद्योगों एवं रोजगार बाजार की मांग के अनुरूप विभिन्न आधुनिक पाठ्यक्रम प्रारंभ किए जाएंगे। इन पाठ्यक्रमों के माध्यम से युवाओं को नई तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण मिलेगा, जिससे उनकी रोजगार क्षमता में वृद्धि होगी तथा उन्हें स्वरोजगार और निजी क्षेत्र में बेहतर अवसर प्राप्त होंगे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार तकनीकी शिक्षा को समय की मांग के अनुरूप आधुनिक स्वरूप प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार का उद्देश्य युवाओं को केवल प्रमाण-पत्र उपलब्ध कराना नहीं, बल्कि उन्हें ऐसे कौशल से सशक्त बनाना है, जिनकी आवश्यकता वर्तमान और भविष्य के उद्योगों में होगी। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि प्रशिक्षण कार्यक्रमों को उद्योगों की आवश्यकताओं से जोड़ते हुए अधिक उपयोगी एवं रोजगारोन्मुख बनाया जाए।

# नगला रोड बनी तालाब, नगर परिषद के काम पर उठे सवाल

## धंसी इंटरलॉकिंग सड़क और सीवरेज-बरसाती पानी के जमाव से लोगों का जीना मुश्किल; हादसों का खतरा बढ़ा

**सड़क पर बह रहा सीवरेज और बरसाती पानी, लोगों का फूटा गुस्सा**

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा





**जीरकपुर, 4 जुलाई।** नगला रोड पर पानी भर गया है जिस कारण आवाजाही प्रभावित हो रही है। पानी के कारण वाहन चालकों समेत आसपास सोसायटियों के लोगों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। लोगों का कहना है कि हाल ही नगर परिषद द्वारा इंटरलाकिंग टाइल्स लगाकर सड़क को बनाया था। लोगों का आरोप है कि लेवलिंग ठीक से नहीं की गई जिस कारण सड़क पर पानी जमा हो रहा है, कई जगहों पर सड़क धंस गई है और जिसमे बरसात का पानी भर गया जो अब परेशानी का कारण बन रहा है। रिहायशी इलाकों से जुड़ने वाला यह मुख्य मार्ग अब हादसों का कारण बनता जा रहा है। रोज़ सुबह-शाम यहां से दफ्तर जाने वाले, बुजुर्ग और पैदल राहगीर डर के साए में सफर करते हैं। बारिश के चलते सड़क पर पानी भर गया है। कई जगह तो हालात ये हैं कि गड्ढे सड़क पर हैं या सड़क धसने से बने गड्ढों में यह फर्क करना मुश्किल हो गया है। इसी रोड पर कई बाइक सवार गड्ढों की वजह से गिर चुके हैं। कई कारें फंसकर क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं।

स्थानीय निवासियों अर्जुन, राम जीत राम, सोम प्रकाश, मोनू और मलकीत सिंह का आरोप है कि क्षेत्र की सड़क पर बरसाती पानी के साथ-साथ सीवरेज का गंदा पानी भी लगातार जमा और बह रहा है, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय निवासी ने बताया कि इस समस्या को लेकर कई बार नगर परिषद के अधिकारियों से शिकायत की जा चुकी है, लेकिन आज तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं कीनगला रोड बनी तालाब, नगर परिषद के काम पर उठे सवाल।

### रिहायशी इलाका, फिर भी लापरवाही

इस रोड के किनारे एक दर्जन से ज्यादा सोसायटियां हैं। हजारों की संख्या में लोग रोजाना इसी रास्ते से आते-जाते हैं। इसके बावजूद प्रशासन की नींद अब तक नहीं टूटी है। लोगों का कहना है कि नगर परिषद के ठेकेदार ने सड़क को सही ढंग से नहीं बनाया जिस कारण उनके हों की तरफ पानी आ रहा है। सड़क कई जगहों से धंसना शुरू हो गई है। लोगों ने सड़क बनाने वाले ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। गई। लोगों ने प्रशासन से जल्द समाधान कर जलभराव और गंदे पानी की समस्या से राहत दिलाने की मांग की है।

# दून क्षेत्र में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक, बूथ संगठन को मजबूत बनाने पर जोर

अर्थ प्रकाश/जग्गी





**कालका, 6 जुलाई।** कालका ब्लॉक के दून क्षेत्र में बूथ नंबर 1 से 26 तक के बीएलए-2 कार्यकर्ताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का नेतृत्व जिला अध्यक्ष संजय चौहान, पूर्व जिला अध्यक्ष राजेश कोना तथा सरपंच मनदीप ने किया। बैठक में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के डेलीगेट एवं प्रवक्ता अजय सिंगला तथा ब्लॉक कांग्रेस कालका के नवनियुक्त अध्यक्ष सुनील शाम विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस दौरान बूथ स्तर पर संगठन को अधिक मजबूत एवं सक्रिय बनाने, संगठन के विस्तार तथा जनसेवा से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की मजबूती बूथ स्तर के संगठन पर निर्भर करती है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से जनता के बीच रहकर उनकी समस्याओं को प्राथमिकता से उठाने और पार्टी की नीतियों को घर-घर तक पहुंचाने का आह्वान किया। बैठक में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने संगठन के प्रति पूर्ण निष्ठा के साथ कार्य करने का संकल्प लिया। नेताओं ने विश्वास जताया कि कार्यकर्ताओं का उत्साह, समर्पण और संगठन के प्रति प्रतिबद्धता कांग्रेस पार्टी को क्षेत्र में और अधिक मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।


## न्यूज ब्रीफ

### एमसीएम में कौशल आधारित शिक्षा से निखर रहा विद्यार्थियों का भविष्य




**चंडीगढ़ (अप्रस)।** बदलते रोजगार परिदृश्य में विद्यार्थियों को उद्योग की जरूरतों के अनुरूप तैयार करने के उद्देश्य से मेहर चंद महाजन डीएवी महिला महाविद्यालय (एमसीएम) राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत विभिन्न कौशल संवर्धन पाठ्यक्रम संचालित कर रहा है। इन पाठ्यक्रमों के माध्यम से छात्राओं में व्यावसायिक दक्षता, डिजिटल साक्षरता, संप्रेषण कौशल और उद्यमशीलता की सोच विकसित की जा रही है। महाविद्यालय में डिजिटल मार्केटिंग, पब्लिक स्पीकिंग, बिजनेस कम्युनिकेशन, ई-कॉमर्स, बैकएंड वेब डेवलपमेंट, मोबाइल पत्रकारिता, फोटोग्राफी, ग्राफिक डिजाइनिंग, परियोजना प्रबंधन, व्यक्तित्व विकास, अंतरराष्ट्रीय बैंकिंग और सिक्योरिटी एनालिसिस सहित कई रोजगारोन्मुख पाठ्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। इसके अलावा बेकरी, इंटीरियर डेकोरेशन, ब्यूटी केयर, जैविक खेती और सामाजिक अनुसंधान जैसे व्यावहारिक पाठ्यक्रम भी उपलब्ध हैं। महाविद्यालय विद्यार्थियों को इंटर्नशिप, उद्योग विशेषज्ञों से संवाद, उद्यमशीलता गतिविधियों और अनुभवात्मक अधिगम के अवसर भी उपलब्ध करा रहा है। कार्यवाहक प्राचार्या श्रीमती नीना शर्मा ने कहा कि एमसीएम का उद्देश्य छात्राओं को केवल डिग्री तक सीमित रखना नहीं, बल्कि उन्हें आत्मविश्वासी, कुशल और रोजगार के लिए पूरी तरह तैयार बनाना है।

### विजय शर्मा टिंकू, खरड़ के चुनाव क्षेत्र इंचार्ज की सास का निधन, कई दिग्गज नेताओं ने शोक जताया



**न्यू चंडीगढ -खरड़ (अप्रस/जे के बत्ता)।** कांग्रेस पार्टी के चुनाव क्षेत्र इंचार्ज विजय शर्मा टिंकू, जो मोहाली के डिस्ट्रिक्ट प्लानिंग बोर्ड के पूर्व चेयरमैन थे, की सास श्रीमती करम रेखा का निधन हो गया। वह 85 साल की थीं और उनकी अंतिम प्रार्थना गुरुवार, 9 जुलाई को दोपहर 1-00 से 2-00 बजे तक राम दरबार मंदिर, किचलू नगर, लुधियाना में होगी। उनकी मौत पर, कई राजनीतिक, धार्मिक और सामाजिक नेताओं ने श्री विजय शर्मा टिंकू के परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की, जिनमें अमरिंदर सिंह राजा वारिंग, अध्यक्ष पंजाब प्रदेश कांग्रेस कमेटी, प्रताप सिंह बाजवा, पंजाब विधानसभा में विपक्ष के नेता, चरणजीत सिंह चन्नी, पूर्व मुख्यमंत्री, सांसद, जालंधर, चेयरमैन कैंपेन कमेटी, पंजाब, मनीष तिवारी, सांसद चंडीगढ़, सिनियर कांग्रेसी नेता व पूर्व मेयर नगर निगम चंडीगढ रविन्द्र पाल सिंह पाली , अमर सिंह, सांसद, श्री फतेहगढ़ साहिब, शमशेर सिंह दुलो पूर्व सांसद और पूर्व मंत्री, कैप्टन संदीप संधू जन सचिव पंजाब कांग्रेस, विजय इंदर सिंगला पूर्व मंत्री, बलवीर सिंह सिद्धू पूर्व मंत्री, कमल किशोर शर्मा जिला अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी मोहाली, वरिष्ठ कांग्रेस नेता और पंजाब गौ सेवा आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष, श्री कमलजीत सिंह चावला, गुरप्रीत सिंह जीपी पूर्व विधायक ने परिवार के साथ दुख साझा किया।

### पूर्व अकाली विधायक उजागर सिंह बडाली के घर न्यू - चंडीगढ़ में वारिस पंजाब के नेता बापू तरसेम सिंह पहुंचे - पार्टी में शामिल होने को लेकर अभी साफ नहीं: बडाली



**न्यू चंडीगढ -खरड़ (अप्रस/जे के बत्ता)।** खबर है कि खरड़ हलके के पूर्व विधायक और अकाली दल के सीनियर नेता जत्थेदार उजागर सिंह बडाली ने अपने ग्रुप और अकाली दल वारिस पंजाब के नेता बापू तरसेम सिंह के साथ पार्टी में शामिल होने को लेकर मीटिंग की। मिली जानकारी के मुताबिक, बडाली ग्रुप हलके के बारे में उनकी राय न लेने से पार्टी से नाराज बताया जा रहा है। जिसे लेकर जहां पहले वारिस पंजाब के नेताओं की उनके दामाद साहिब सिंह बडाली के साथ मीटिंग करने की खबरें थीं, वहीं अब यह बात सामने आई है कि पार्टी के एग्जीक्यूटिव प्रेसिडेंट बापू तरसेम सिंह ने जथेदार उजागर सिंह बडाली से उनके न्यू - चंडीगढ़ स्थित घर पर मुलाकात की। जथेदार उजागर सिंह बडाली, साहिब सिंह बडाली, मेजर सिंह संगतपुरा आदि ग्रुप नेताओं के साथ एक खास मीटिंग हुई और उन्होंने एक-दूसरे को सिरोपा भी भेंट किया। बापू तरसेम सिंह ने माना है कि बडाली ग्रुप बिना किसी शर्त के फॉर्मली शामिल हो गया है, वहीं साहिब सिंह बडाली ने कहा कि वारिस पंजाब के नेता घर जरूर आए हैं लेकिन आखिरी फैसला वर्करों से सलाह-मशविरा करने के बाद ही लिया जाएगा। इसलिए, हालांकि उनका मर्जर लगभग पक्का लग रहा है, लेकिन बडाली ग्रुप के अभी तक फाइनल अनाउंसमेंट न करने की वजह से यह पूरी तरह साफ नहीं हो पाया है।

### पटियाला की राव नदी में बाढ़ के डरे बिना बना दिया सर्विस सैंटर



**न्यू चंडीगढ -खरड़ (अप्रस/जे के बत्ता)।** पिछले साल जब मानसून आया था तब नयागांव में पटियाला की राव नदी में बरसाती पानी से बाढ आ गई थी तथा एक जगह कटाव पड गया था तब नयागांव वासी भयभीत हो गये थे कि कहीं नयागांव के अंदर बाढ का स्थिति ना पैदा हो जायेँ । लेकिन नदी में कब्जा करने वालों ने तो हद ही कर दी । सिंघा देवी कलोनी को जाने वाले नये पुल के निचे अंदर बना कार वाशिंग सैंटर ही बना डाला । जिनको अपनी प्रवाह तो नही है परन्तु लोगो की जान से खिलवाड करते हुऐ वाशिंग सैंटर बना डाला । जबकि पता है मानसून समझो कि आ ही गया है अब अगर बरसाती पानी का बहाव तेज हो गया तो पटियाला की राव नदी उफान आ गया तो फिर नयागांव में बाढ की स्थिति पैदा हो सकती है। प्रशासन अब आँखे मूंदे बैठा है। दीपक शर्मा जे ई ड्रेन विभाग ङ्क मै सोमवार को इस अवैध कार वाशिंग सैंटर बनाने वाले को नोटिस जारी करके फिर उमोलिश करवा देंगे।

# रोटरी क्लब ऑफ ट्राई सिटी पंचकूला को मिला स्टार क्लब सम्मान, दिनेश बंसल बने स्टार अचीवमेंट प्रेसिडेंट

अर्थ प्रकाश/सुनील सिंघई



**पंचकूला, 4 जुलाई।** रोटरी इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3080 ने वर्ष 2025-26 में उत्कृष्ट सामाजिक सेवा और उल्लेखनीय कार्यों के लिए रोटरी क्लब ऑफ ट्राई सिटी पंचकूला को प्रतिष्ठित स्टार क्लब अवार्ड से सम्मानित किया है। क्लब के प्रधान दिनेश बंसल को स्टार अचीवमेंट प्रेसिडेंट तथा सचिव को स्टार अचीवमेंट सेक्रेटरी अवार्ड प्रदान किया गया। हाल ही में उत्तराखंड के रुड़की में आयोजित डिस्ट्रिक्ट अवार्ड समारोह में डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन रवि प्रकाश ने यह सम्मान प्रदान किया। बाद में असिस्टेंट गवर्नर मुकेश अग्रवाल ने क्लब के प्रधान दिनेश बंसल को सम्मान सौंपा। वर्ष 2025-26 के दौरान क्लब ने समाज सेवा के क्षेत्र में कई उल्लेखनीय कार्य किए। इनमें जरूरतमंदों को कंबल, जूते, जुराबें और टोपियां वितरित करना, स्कूली बच्चों को स्कूल बैग उपलब्ध कराना, वृक्षारोपण अभियान, रक्तदान शिविर, स्वतंत्रता दिवस एवं गणतंत्र दिवस समारोहों का आयोजन तथा रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3080 के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर की आधिकारिक यात्रा का सफल आयोजन शामिल हैं। इस अवसर पर दिनेश बंसल ने कहा कि यह सम्मान क्लब के सभी सदस्यों की मेहनत, समर्पण और सेवा भावना का परिणाम है। उन्होंने विश्वास जताया कि क्लब भविष्य में भी समाजहित के कार्यों को इसी प्रतिबद्धता और उत्साह के साथ जारी रखेगा। क्लब के सदस्यों ने इस उपलब्धि को टीमवर्क का परिणाम बताते हुए सभी को बधाई दी।

# जिसने स्वयं को संभाला, उसने भगवान को पाया: सुधांशु जी महाराज



अर्थ प्रकाश/सुनील सिंघई

**पंचकुला, 4 जुलाई।** विश्व जागृति मिशन के हरियाणा स्थित शिव धाम आश्रम, मोरनी मोड़ सेक्टर-31 पंचकुला में दो दिवसीय गुरु पूर्णिमा महोत्सव का शुभारम्भ शुक्रवार सायं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। दीप प्रज्वलन विश्व जागृति मिशन के परमाध्यक्ष पूज्य गुरुदेव श्री सुधांशु जी महाराज ने किया। इस अवसर पर पंजाब एवं हरियाणा के पूर्व न्यायाधीश एस.एन. अग्रवाल, जस्टिस नवाब सिंह, पंचकुला के महापौर श्यामलाल बंसल, शिवालिक विकास बोर्ड के अध्यक्ष ओम प्रकाश सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। भक्तों को संबोधित करते हुए गुरुदेव ने कहा कि हमें कायरों की तरह नहीं जीना है। समस्याएं जीवन का हिस्सा हैं, लेकिन सच्चे वीर की तरह उनका सामना करना है। जो स्वयं को संभालता है, उस परमात्मा की कृपा अवश्य होती है। हम सांसारिक बंधनों में फंसने नहीं, प्रेम और शांति से जीने आए हैं। कार्यक्रम के मुख्य संयोजक मनोज शास्त्री ने बताया कि कल प्रातःकालीन सत्र में गुरु दर्शन, गुरु पाद पूजन, गुरु आरती एवं दिव्य सत्संग होगा, जिसके बाद महोत्सव का समापन होगा। पंजाब व हरियाणा के हजारों भक्तों को गुरुदेव का आशीर्वाद प्राप्त हुआ।

# पंजाब में बिजली बिल भुगतान को और आसान बनाएगा कैनरा बैंक-पीएसपीसीएल समझौता



अर्थ प्रकाश/वीरेन्द्र सिंह

**चंडीगढ़, 4 जुलाई।** कैनरा बैंक के चंडीगढ़ सर्कल ने पंजाब स्टेट पावर कारपोरेशन लिमिटेड (पीएसपी सीएल) के साथ बिजली बिलों के डिजिटल भुगतान को अधिक सुविधाजनक बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण समझौता (एमओयू) किया है। इस समझौते के तहत उपभोक्ता पेमेंट गेटवे के माध्यम से अपने बिजली बिलों का भुगतान आसानी से कर सकेंगे।

एमओयू पर कैनरा बैंक की ओर से बी. रवि, रीजनल हेड, रीजनल ऑफिस चंडीगढ़ ने हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर कैनरा बैंक के चंदर सिंह तोमर, सर्किल हेड, चंडीगढ़ भी उपस्थित रहे। वहीं, पीएसपीसीएल की ओर से एस.के. बेरी, निदेशक (वित्त) तथा जसविंदर सिंह, मुख्य लेखा अधिकारी (राजस्व) ने समझौते पर हस्ताक्षर किए। समारोह में दोनों संस्थानों के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे।

इस साझेदारी के माध्यम से कैनरा बैंक और पीएसपीसीएल का उद्देश्य पंजाब के लाखों बिजली उपभोक्ताओं को सुरक्षित, तेज़ और बेहतर डिजिटल भुगतान सुविधा उपलब्ध कराना है।

# स्कॉर्पियो सवार हमलावरों ने युवक पर चलाई गोलियां, गंभीर घायल

**गोलियां चलाने वालों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा: थाना प्रमुख**

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**बनूड़, 4 जुलाई।** 3-4 जुलाई की दरमियानी रात करीब 1 बजे शहर के बैरियर चौक के पास स्कॉर्पियो सवार युवकों और एक दुकान पर खड़े अन्य युवकों के बीच कहासुनी हो गई। देखते ही देखते स्कॉर्पियो सवार युवकों ने गोली चला दी, जो जसप्रीत काली नाम के युवक को लगी और वह बुरी तरह घायल हो गया। उसे चंडीगढ़ के सेक्टर 32 के जनरल हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है, जहां वह जिंदगी और मौत से जूझ रहा है। इस मामले की जानकारी देते हुए थाना प्रमुख इंस्पेक्टर अर्शदीप शर्मा ने बताया कि जसप्रीत सिंह काली निवासी वार्ड नंबर 3 बनूड़ अपने 2 साथियों के साथ रात करीब 1 बजे जीरकपुर काम से घर लौट रहा था। वे खाने-पीने का सामान खरीदने के लिए बैरियर चौराहे पर रुके थे। उसी समय स्कॉर्पियो सवार एक युवक वहां रुका और उनकी उससे किसी बात पर कहासुनी हो गई। बात इतनी बढ़ गई कि स्कॉर्पियो सवार लोगों ने पिस्टल निकालकर जसप्रीत काली पर फायरिंग कर दी। एक गोली जसप्रीत के हाथ और दूसरी जांघ पर लगी। हमलावरों ने युवक पर करीब आधा दर्जन राउंड फायरिंग की और मौके से फरार हो गए। फायरिंग से जसप्रीत काली बुरी तरह लहूलुहान हो गया , जिसे एक राहगीर और उसके साथी चंडीगढ़ के सेक्टर 32 के जनरल हॉस्पिटल पहुंचाया। जहां वह जिंदगी और मौत से जूझ रहा है। थाना प्रमुख ने आगे बताया कि घटना स्थल के पास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज ले ली गई है, जिससे गोलियां चलाने वाले आरोपियों की पहचान हो गई है। इंस्पेक्टर अर्शदीप शर्मा ने बताया कि हमलावरों की पहचान राजपुरा निवासी गोल्डी शेरगिल और बनूड़ निवासी शिवा के रूप में हुई है। उनके खिलाफ केस दर्ज कर उन शुरु कर दी है। आरोपियों को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# 6 सुपरवाइजर्स, 50 बीएलओ को शो काज नोटिस देने और 10 बीएलओ को सस्पेंड करने के लिए डीसी को लिखा पत्र

**विशेष गहन पुनरीक्षण और डिजिटलीकरण के कार्य को गंभीरता, मेहनत और तेजी से करे सभी अधिकारी**

अर्थ प्रकाश/सुनील सिंघई



**पंचकूला, 4 जुलाई।** एसडीएम व ईआरओ पंचकूला चंद्रकांत कटारिया ने शनिवार को विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में दिलाई बरतने के मामले में 6 सुपरवाइजर्स, 50 बीएलओस को शो काज नोटिस देने के ओर 10 बीएलओस को सस्पेंड करने के लिए पत्र जिला निर्वाचन अधिकारी को भेजा।

उन्होने बताया कि पंचकूला विधानसभा क्षेत्र के मतदाताओं के तेजी से फार्म भरवाने में मदद के लिए 4 व 5 जुलाई को पंचकूला में 12 जगह कैंप आयोजित किए जाएंगे। इनमें बीड घग्गर, राजीव कालोनी, खडक मंगौली, माजरी, सैक्टर-20 आशियाना, सैक्टर-26 आशियाना और सैक्टर-28 आशियाना व अन्य जगहों में शिविर लगाए जाएंगे। इन शिविरों में कोई भी मतदाता आकर अपना गणना प्रपत्र भरवा सकता है। इन शिविरों का उद्देश्य मतदाता सत्यापन सूची व डिजिटलीकरण के कार्य में तेजी लाना है।

उन्होंने स्पष्ट तौर पर कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण के कार्य में सभी अधिकारी और कर्मचारी गंभीरता, मेहनत और तेजी से काम करे ताकि त्रुटिरहित मतदाता सूची तय समय में तैयार हो सकें।

ईआरओ ने मतदाताओं से अपील की कि वे फार्म भरने के लिए पास के कैंप में पहुंचकर मदद लें व सुपरवाईजर्स व बीएलओ व बीएलए को सहयोग करें व अपनी एक न्यूनतम पासपोर्ट साईज फोटो अपने पास रखें ताकि त्रुटिरहित मतदाता सूची समय पर तैयार हो सके।

उन्होंने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान मतदाताओं का सत्यापन किया जाएगा। इस प्रक्रिया में मृत, स्थायी रूप से स्थानांतरित अथवा दोहरे पंजीकरण वाले मतदाताओं के नाम नियमानुसार मतदाता सूची से हटाए जाएंगे। इसके बाद मतदाताओं की संख्या के आधार पर पंचकूला विधानसभा क्षेत्रों में मतदान केंद्रों का रैशनलाइजेशन किया जाएगा।

# फिफा वर्ल्ड कप के बीच, स्कैंडिनेविया में इतिहास रचने फिर उतरेगी मिनर्वा अकादमी एफसी, हेलसिंकी में अधूरा सपना पूरा करने का लक्ष्य

**हेलसिंकी कप और गोथिया कप में फिर दिखेगा भारतीय फुटबॉल का दम, पिछले साल की सफलता दोहराने और नया इतिहास बनाने की तैयारी**

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़। 4 जुलाई।** भारतीय युवा फुटबॉल की अग्रणी अकादमी मिनर्वा अकादमी एफसी लगातार दूसरे वर्ष स्कैंडिनेविया के प्रतिष्ठित युवा फुटबॉल टूर्नामेंटों में हिस्सा लेने जा रही है। अकादमी की टीमें फिनलैंड के हेलसिंकी कप और स्वीडन के गोथिया कप में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। इन दोनों टूर्नामेंटों को दुनिया के सबसे बड़े और प्रतिष्ठित यूथ फुटबॉल आयोजनों में गिना जाता है, जहां हर वर्ष दर्जनों देशों की हजारों टीमें हिस्सा लेती हैं। मिनर्वा के लिए इस बार सबसे बड़ा लक्ष्य हेलसिंकी कप के बी-12 वर्ग में पिछले साल का अधूरा सपना पूरा करना है। पिछले वर्ष अकादमी की टीम शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल तक पहुंची थी, लेकिन बेहद करीबी मुकाबले में खिताब से चूक गई थी। इस बार खिलाड़ी उसी निराशा को प्रेरणा बनाकर ट्रॉफी जीतने के इरादे से मैदान में उतरेंगे।

मिनर्वा अकादमी पिछले वर्ष स्कैंडिनेविया में अपने शानदार प्रदर्शन से यूरोप के कोचों और फुटबॉल विशेषज्ञों का ध्यान आकर्षित कर चुकी है। यूरोप, दक्षिण अमेरिका, अफ्रीका और एशिया की मजबूत टीमों के खिलाफ अकादमी ने तकनीकी कौशल, अनुशासित खेल और आक्रामक सोच का शानदार प्रदर्शन किया था। इसी प्रदर्शन ने भारतीय युवा फुटबॉल को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाई।

अकादमी अब स्कैंडिनेविया में एक और ऐतिहासिक सफलता हासिल करने की तैयारी में है। मिनर्वा का लक्ष्य न केवल पिछले साल की उपलब्धियों को दोहराना है, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी विरासत को और मजबूत करना भी है।

वर्षों से मिनर्वा अकादमी भारत के कई अंतरराष्ट्रीय और पेशेवर फुटबॉल खिलाड़ियों को तैयार करती रही है। अकादमी का उद्देश्य केवल ट्रॉफियां जीतना नहीं, बल्कि ऐसे खिलाड़ी तैयार करना है जो भविष्य में भारतीय फुटबॉल का नाम दुनिया भर में रोशन कर सकें। हेलसिंकी कप और गोथिया कप जैसे टूर्नामेंट युवा खिलाड़ियों को दुनिया की सर्वश्रेष्ठ अकादमियों के खिलाफ खेलने का अवसर देते हैं। यहां खिलाड़ियों को अलग-अलग देशों की खेल शैली समझने, उच्च स्तरीय प्रतिस्पर्धा का अनुभव लेने और अंतरराष्ट्रीय स्काउट्स के सामने अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलता है।

इस दौरे की तैयारी के लिए मिनर्वा के कोचिंग स्टाफ ने पिछले कई महीनों से खिलाड़ियों को तकनीकी, सामरिक, शारीरिक और मानसिक रूप से तैयार किया है। अकादमी का मानना है कि ऐसे अंतरराष्ट्रीय अनुभव भारतीय खिलाड़ियों के विकास में अहम भूमिका निभाते हैं और उनके लिए भविष्य में विदेशों में अवसरों के नए द्वार खोलते हैं।

अब सभी की निगाहें हेलसिंकी और गोथेनबर्ग पर होंगी, जहां मिनर्वा अकादमी एफसी एक बार फिर भारतीय फुटबॉल का परचम लहराने और अंतरराष्ट्रीय मंच पर नया इतिहास रचने के इरादे से मैदान में उतरेगी।

# इग्नू ने पुनः पंजीकरण का 15 जुलाई 2026 तक एक और अवसर प्रदान किया

अर्थ प्रकाश/सुनील सिंघई

**पंचकूला 4 जुलाई।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) ने जुलाई 2026 सत्र के लिए ऑनलाइन पुनः पंजीकरण (री-रजिस्ट्रेशन) फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि बढ़ाकर 15 जुलाई 2026 कर दी है। यह सुविधा मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा (ह्रष्ठरु) तथा ऑनलाइन माध्यम से संचालित सभी कार्यक्रमों के लिए उपलब्ध है।

इग्नू क्षेत्रीय केंद्र चंडीगढ़ के वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक डॉ. भानु प्रताप सिंह ने बताया कि इस तिथि-विस्तार से वर्तमान शिक्षार्थियों को अपने-अपने कार्यक्रमों के अगले सेमेस्टर/वर्ष के लिए बिना किसी शैक्षणिक व्यवधान के पंजीकरण कराने का एक और अवसर मिलेगा। सभी पात्र विद्यार्थियों को सलाह दी गई है कि वे अंतिम समय में होने वाली तकनीकी समस्याओं से बचने के लिए निर्धारित विस्तारित समय-सीमा से पहले ही पुनः पंजीकरण की प्रक्रिया पूरी कर लें।

क्षेत्रीय केंद्र, चंडीगढ़ ने अपने अधिकार क्षेत्र के सभी पात्र शिक्षार्थियों से आग्रह किया है कि वे इस अवसर का लाभ उठाते हुए 15 जुलाई 2026 या उससे पहले पुनः पंजीकरण की प्रक्रिया पूरी करें। पुनः पंजीकरण के दौरान किसी भी प्रकार की कठिनाई आने पर शिक्षार्थी मार्गदर्शन एवं सहायता के लिए क्षेत्रीय केंद्र, चंडीगढ़ से संपर्क कर सकते हैं।

डॉ. भानु प्रताप सिंह ने बताया कि पुनः-पंजीकरण प्रक्रिया के लिए अभ्यर्थी को स्वयं आधिकारिक वेबसाइट अर्थात् https://onlinerr.ignou.ac.in/ पर अपने उपलब्ध आईडी और पासवर्ड से लॉगिन करना होगा। यदि किसी शिक्षार्थी को किसी प्रकार की कठिनाई का सामना करना पड़ता है, तो वह सहायता के लिए क्षेत्रीय केंद्र चंडीगढ़ कार्यालय से संपर्क कर सकता/सकती है।

# क्षेत्र का सर्वांगीण विकास और नागरिकों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान ही प्राथमिकता : हरविंदर कल्याण

हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंदर कल्याण ने घरौंडा में सुनीं जनसमस्याएं; अधिकारियों को दिए तुरंत निवारण के निर्देश

अर्थ प्रकाश/ईशा



**घरौंडा, 4 जुलाई।** हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंदर कल्याण ने शनिवार को अपने नियमित जनसुनवाई कार्यक्रम के तहत घरौंडा के पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में क्षेत्रवासियों की समस्याएं सुनीं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पहुंचे स्थानीय लोगों ने अपनी समस्याएं विधानसभा अध्यक्ष के समक्ष रखीं, जिसके बाद उन्होंने मौके पर संबंधित विभागों के अधिकारियों को समस्याओं के तुरंत व समयबद्ध निपटारे के निर्देश दिए। इससे पहले विधानसभा अध्यक्ष ने अधिकारियों के साथ हलके में चल रहे विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की।

इस मौके विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने कहा कि क्षेत्र के लोगों को अधिक से अधिक सुविधाएं देकर उनके जीवन को सरल और सुगम बनाना ही मेरा लक्ष्य है। जनता ने मुझे जो जिम्मेदारी सौंपी है, मैं उस पर पूरी तरह खरा उतरने का प्रयास कर रहा हूं। क्षेत्र का सर्वांगीण विकास और हर नागरिक की समस्या का समाधान मेरी प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार अंत्योदय की भावना के साथ पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है।

### नगरपालिका कर्मियों ने किया स्वागत

घरौंडा रेस्ट हाउस पहुंचने पर नगरपालिका के नवनियुक्त कर्मचारियों द्वारा विधानसभा अध्यक्ष का स्वागत किया गया। कर्मचारियों ने फूल-मालाएं पहनाकर और पुष्पवर्षा कर उनका अभिनंदन किया। इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष ने सभी नए कर्मचारियों को बधाई दी और उन्हें पूरी ईमानदारी व निष्ठा के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने का आह्वान किया। इस अवसर पर एसडीएम राजेश सोनी, डीएपी मनोज सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व आमजन उपस्थित रहे।

### ये आई समस्याएं

जनसुनवाई में मुख्य रूप से बिजली, पानी, सड़कों की मरम्मत और विभिन्न सरकारी योजनाओं से जुड़ी समस्याएं सामने आईं। इनमें अशोका कॉलोनी में गलियां, खेत का रास्ता, ट्रांसफार्मर ओवरलोड को बड़ा करवाना, कुटैल में सैनी डेरा पर ट्रासंफार्मर ओवरलोड को बड़ा करवाना, केबल बदलना, शहर में सीवरेज ब्लॉक से सम्बन्धित शिकायत, स्कूल संचालक परिवहन, ग्राम पंचायत मलीकपुर के विकास कार्य, गढ़ी खजूर में महाराणा प्रताप चौक निर्माण, फरीदपुर में खेतों के रास्ते की समस्याएं शामिल हैं। विधानसभा अध्यक्ष हरविन्दर कल्याण ने सभी समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और उनके समाधान के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## सरकारी योजनाओं का लाभ हर बच्चे तक पहुंचाना प्राथमिकता, स्कूलों में मूलभूत सुविधाओं पर विशेष जोर : नीलम कुंडू

अर्थ प्रकाश/मनदीप कुमार



**समालखा, 4 जुलाई।** जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी पानीपत नीलम कुंडू ने शनिवार को पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, भापरा रोड समालखा में खंड समालखा एवं बापौली के सभी प्राथमिक विद्यालयों के मुख्य शिक्षकों की बैठक ली। बैठक में शिक्षा विभाग की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा करते हुए उन्होंने निर्देश दिए कि सरकार द्वारा संचालित सभी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र विद्यार्थी तक सुनिश्चित रूप से पहुंचे।

नीलम कुंडू ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ बच्चों को सुरक्षित, स्वच्छ और सुविधायुक्त वातावरण उपलब्ध कराना भी विद्यालयों की जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी विद्यालयों में स्वच्छ शौचालय, साफ पेयजल, साफ-सुथरे कक्ष तथा डिजिटल शिक्षण संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने बताया कि प्राथमिक विद्यालयों में साफ-सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए विभाग द्वारा प्रति विद्यालय 8 हजार रुपये प्रतिमाह की राशि वर्ष में 10 माह तक उपलब्ध कराई जाएगी। इस राशि का उपयोग विद्यालय परिसर को स्वच्छ एवं बच्चों के अनुकूल बनाने में किया जाए ताकि विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिल सके।

जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी ने शिक्षकों से सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गए डिजिटल उपकरणों का प्रभावी उपयोग करने और विद्यार्थियों को निपुण भारत मिशन के लक्ष्यों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीक के माध्यम से बच्चों की सीखने की क्षमता को और मजबूत बनाया जा सकता है।

बैठक में विद्यालय भवनों की सुरक्षा का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया गया। नीलम कुंडू ने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी विद्यार्थी को जर्जर भवन में न बैठाया जाए। यदि किसी विद्यालय की इमारत असुरक्षित या क्षतिग्रस्त अवस्था में है तो उसकी सूचना तत्काल लिखित रूप में विभागीय कार्यालय को भेजी जाए ताकि आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

बैठक में खंड समालखा और बापौली के लगभग 95 मुख्य शिक्षकों ने भाग लिया। इस अवसर पर जिला एफएलएन समन्वयक अनिल मलिक, बृजेश राजपाल, सुकरामपाल, सुरेश गौतम, मुख्य अध्यापक भापरा विद्यालय, पूर्व प्राचार्य साहब सिंह रंगा, वीणा, रेखा, पूनम, सुमित सचदेवा, हरिओम, प्रवीण, मुकेश, नीरज, दीपक, राजेश, रविंद्र सहित अन्य शिक्षक एवं शिक्षा विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### ओम कॉन्वेंट स्कूल में उत्साहपूर्वक मनाया गया वन महोत्सव



**कुरुक्षेत्र (अर्थप्रकाश/राजकुमार वालिया/अरविंद मोहन शर्मा )।** ओम कॉन्वेंट स्कूल में वन महोत्सव सप्ताह के अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए वन महोत्सव का आयोजन बड़े उत्साह एवं जागरूकता के साथ किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रबंधक श्री उमाशंकर, संचालिका श्रीमती ज्योति राजपूत, प्रधानाचार्या श्रीमती उषा धीमान, समस्त अध्यापकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यार्थियों द्वारा पर्यावरण संरक्षण की शपथ लेकर किया गया। इसके पश्चात ऽसेव अर्थ, सेव वाटरऽ विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें विद्यार्थियों ने अपने आकर्षक चित्रों के माध्यम से जल एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। साथ ही विद्यालय परिसर में पौधारोपण अभियान चलाया गया तथा विद्यार्थियों ने विभिन्न रचनात्मक एवं पर्यावरण जागरूकता से जुड़ी गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक श्री उमाशंकर ने वन महोत्सव के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वृक्ष हमारे जीवन का आधार हैं। उन्होंने सभी विद्यार्थियों एवं अभिभावकों से अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनकी नियमित देखभाल करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए प्रत्येक व्यक्ति का योगदान आवश्यक है और आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ एवं हरित वातावरण देना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय परिवार ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प दोहराते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी सुरक्षा का संदेश दिया।

### डॉ. कुमार गौरव बने लायंस क्लब के अध्यक्ष



**यमुनानगर (अप्रस/वीरेंद्र त्यागी)।** समाज सेवा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के तहत गुरु गोबिंद सिंह कॉलेज ऑफ फार्मेसी, यमुनानगर के प्राचार्य डॉ. कुमार गौरव ने लायंस क्लब यमुनानगर-जगाधरी के लायनिस्टिक वर्ष 2026-27 के लिए अध्यक्ष के रूप में पदभार ग्रहण किया। नई कार्यकारिणी में वरुण चोपड़ा को सचिव तथा मुकेश शर्मा को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। पदभार ग्रहण करने के साथ ही नई कार्यकारिणी ने अपने सेवा कार्यों की शुरुआत स्लम क्षेत्र में जरूरतमंद परिवारों एवं बच्चों को भोजन वितरित कर की। इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोगों को भोजन उपलब्ध कराया गया। डॉ. कुमार गौरव ने कहा कि लायंस क्लब का वास्तविक उद्देश्य समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सेवा पहुंचाना है और सेवा का पहला कदम जरूरतमंदों के बीच से ही शुरू होना चाहिए। डॉ. कुमार गौरव ने बताया कि नए लायनिस्टिक वर्ष में स्वास्थ्य जांच शिविर, रक्तदान शिविर, नेत्र जांच एवं नेत्रदान जागरूकता, पर्यावरण संरक्षण, शिक्षा, महिला सशक्तिकरण, युवा विकास तथा जरूरतमंद परिवारों के लिए विभिन्न जनकल्याणकारी परियोजनाएं संचालित की जाएंगी। सचिव वरुण चोपड़ा ने क्लब के सभी सदस्यों से सेवा कार्यों में सक्रिय सहभागिता का आह्वान किया, जबकि कोषाध्यक्ष मुकेश शर्मा ने पारदर्शी एवं उत्तरदायी वित्तीय प्रबंधन का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर क्लब के वरिष्ठ सदस्यों एवं गणमान्य नागरिकों ने नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को शुभकामनाएं देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि डॉ. कुमार गौरव के नेतृत्व में लायंस क्लब समाज सेवा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करेगा तथा जरूरतमंद लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का कार्य करेगा।

### 6.83 ग्राम हेरोइन सहित तस्कर गिरफ्तार

**पानीपत (अप्रस/सुभाष जैन)।** एंटी नारकोटिक्स सेल पुलिस टीम ने वीरवार देर रात होटल मिड टाउन के साथ लगती गली में 6.83 ग्राम हेरोइन के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान जगजीवन राम कॉलोनी निवासी अजीत के रूप में हुई है। एंटी नारकोटिक्स सेल इंचार्ज सब इंस्पेक्टर सुभाष ने बताया कि वीरवार देर रात को उनकी टीम गश्त व जांच पड़ताल के दौरान जीटी रोड स्थित गोहाना मोड़ पर थी। इसी दौरान गुप्त सूचना मिली की होटल मिड टाउन के साथ लगती खटीक बस्ती की और जाने वाले गली में जगजीवन राम कॉलोनी निवासी अजीत मादक पदार्थ लेकर बेचने की फिराक में घूम रहा है। सूचना को पुख्ता मानकर पुलिस टीम होटल मिड टाउन के पास पहुंची तो गली में घूम रहा एक युवक पुलिस टीम को देखकर खटीक बस्ती की और तेज कदमों से चलने लगा। पुलिस टीम ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए कुछ कदमों पर ही युवक को काबू किया। पूछताछ में उसने अपनी पहचान अजीत पुत्र स्वराज निवासी जगजीवन राम कॉलोनी के रूप में बताई। ड्यूटी मजिस्ट्रेट तहसीलदार मतलौडा विरेंद्र गिल की मौजूदगी में युवक की तलाशी ली। उसकी पहनी हुई पेंट की जेब से पोलोथिन में पैक हेरोइन बरामद हुई। बरामद हेरोइन का वजन करने पर 6.83 ग्राम पाया गया।

## रविवार को बूथ स्तर पर होगी बीएलओ की मीटिंग, एएसडीडी लिस्ट जारी कर सुधार का मिलेगा मौका

5 जुलाई को घरौंडा विधानसभा के सभी बूथों पर बैठे रहेंगे बीएलओ, मौके पर ही दर्ज होंगी आपत्तियां

अर्थ प्रकाश/ईशा

**घरौंडा, 3 जुलाई।** घरौंडा विधानसभा क्षेत्र में रविवार 5 जुलाई को बूथ स्तर पर विशेष बैठक आयोजित की जाएगी। इस दौरान सभी बूथों पर बीएलओ मौजूद रहेंगे और एएसडीडी सूची जारी की जाएगी। इस सूची में जिन मतदाताओं के नाम हटाए जाने हैं, उनकी जानकारी दी जाएगी। लोग मौके पर ही सूची की जांच कर सकेंगे और अगर किसी का नाम गलती से शामिल है तो तुरंत आपत्ति दर्ज करवा सकेंगे।

घरौंडा के एसडीएम राजेश कुमार सोनी ने बताया कि सुबह 8 बजे से सभी बीएलओ अपने-अपने बूथ पर बैठ जाएंगे और कार्य पूरा होने तक वहीं रहेंगे। इस बैठक में बीएलए के साथ-साथ गांव के सरपंच, पंच और चुनाव लड़ने के इच्छुक व्यक्ति भी शामिल हो सकते हैं। उन्होंने बताया कि एएसडीडी का मतलब अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृत और डुप्लीकेट मतदाता होता है। यानी इस सूची में उन लोगों के नाम होंगे, जिनके वोट हटाए जाने हैं। यदि किसी मतदाता का नाम गलती से इस सूची में आ गया है, तो वह मौके पर ही आपत्ति दर्ज करवा सकता है और अपना नाम सही करवा सकता है।

**एसआईआर फॉर्म भी कर सकेंगे जमा :** एसडीएम ने बताया कि इसी दिन मतदाता अपने एसआईआर फॉर्म भी जमा करवा सकते हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे अपने नजदीकी बूथ पर जाकर सूची की जांच जरूर करें, ताकि किसी भी प्रकार की गलती को समय रहते ठीक किया जा सके।

## विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के प्रति जागरूकता के लिए के.एम. राजकीय महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने निकाली रैली

अर्थ प्रकाश/हितेश गर्ग



**नरवाना, 4 जुलाई।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार चलाए जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एस.आई.आर.) कार्यक्रम के प्रति आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से के.एम. राजकीय महाविद्यालय, नरवाना के तत्वावधान में शनिवार को एक विशाल मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली को महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. मीनू सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में महाविद्यालय के बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने उत्साह और जोश के साथ भाग लिया। विद्यार्थियों ने हाथों में जागरूकता संबंधी तख्तियां एवं बैनर लेकर शहर के प्रमुख मार्गों पर मार्च किया तथा नागरिकों को विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के महत्व से अवगत कराया। इस दौरान विद्यार्थियों ने लोकतंत्र को मजबूत बनाने तथा मतदाता सूची को शुद्ध एवं अद्यतन रखने का संदेश दिया।

महाविद्यालय परिसर से प्रारंभ हुई यह रैली शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी। पूरे मार्ग में विद्यार्थियों ने सशक्त लोकतंत्र की पहचान, शुद्ध मतदाता सूची अभियान, मतदाता सूची का करें सुधार, लोकतंत्र होगा और मजबूत, घर-घर पहुंचे लोकतंत्र अभियान, एस.आई.आर. में दें अपना योगदान, पहले सत्यापन फिर मतदान, सही मतदाता सूची, लोकतंत्र की मजबूती तथा हर पात्र नागरिक का नाम, मतदाता सूची में हो दर्ज तमाम जैसे जागरूकता नारों के माध्यम से लोगों को अभियान से जुड़ने के लिए प्रेरित किया रैली के दौरान विद्यार्थियों ने नागरिकों से अपील की कि वे मतदाता सूची में दर्ज अपने नाम, पते, आयु एवं अन्य विवरणों का समय रहते सत्यापन अवश्य करवाएं। यदि किसी पात्र नागरिक का नाम अभी तक मतदाता सूची में दर्ज नहीं है तो वह निर्धारित प्रक्रिया के माध्यम से अपना नाम अवश्य दर्ज करवाए। साथ ही जिन मतदाताओं के विवरण में किसी प्रकार की त्रुटि है, वे उसे भी विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के दौरान ठीक करवाएं ताकि भविष्य में मतदान के समय किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

### गांव गुलियाणा में जिला उपाध्यक्ष ने कांग्रेस कायकर्ताओं की बैठक

**कैथल (अप्रस/ओम प्रकाश)।** गांव गुलियाणा में कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष सुनील कुंडू की अध्यक्षता में एक अहम बैठक का आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्र से जुड़े विभिन्न जनहित मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं रखते हुए मुख्य रूप से खराब सडक़ों, पेयजल की कमी, सफाई व्यवस्था और बिजली संबंधी परेशानियों का मुद्दा उठाया। उपस्थित लोगों ने कहा कि लंबे समय से ये समस्याएं बनी हुई हैं, लेकिन समाधान की दिशा में ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं।जिला प्रधान सुनील कुंडू ने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए आश्वासन दिया कि इन मुद्दों को संबंधित विभागों और उच्च स्तर तक मजबूती से उठाया जाएगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा आम जनता की आवाज बनकर काम करती रही है और आगे भी लोगों के हक के लिए संघर्ष जारी रहेगा। इस दौरान बैठक में क्षेत्र के कई गणमान्य व्यक्ति व ग्रामीण मौजूद रहे। बैठक के अंत में सभी ने एकजुट होकर क्षेत्र के विकास और समस्याओं के समाधान के लिए प्रयास करने का संकल्प लिया।

## विद्यार्थियों कानून को जानकर सुरक्षित रहें और जिम्मेदार नागरिक बनें : शेर सिंह

अर्थ प्रकाश/राजकुमार वालिया



**कुरुक्षेत्र, 4 जुलाई।** विद्यार्थियों एवं शिक्षकों में सुरक्षा, अनुशासन और सामाजिक जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से एसटी थॉमस कॉन्वेंट स्कूल, लोटस ग्रीन सिटी, सेक्टर-09, कुरुक्षेत्र में शुक्रवार को सड़क सुरक्षा, पॉश अधिनियम, पोक्सो अधिनियम एवं डॉग बाइट जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में कुरुक्षेत्र पुलिस और स्वास्थ्य विभाग के विशेषज्ञों ने छात्र-छात्राओं को कानूनी अधिकारों और आपातकालीन स्थितियों में बरते जाने वाले कदमों की विस्तृत जानकारी दी।विद्यालय की प्रबंध निदेशक अंजली मरवाह व प्रधानाचार्या रजनी वर्मा, उप निदेशक कार्तिकेय मरवाह और इंचार्ज दीपक कुमार ने मुख्य अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता कुरुक्षेत्र पुलिस के रोड सेफ्टी इंचार्ज शेर सिंह ने यातायात नियमों का पालन करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि दुपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट और चार पहिया वाहन में सीट बेल्ट का प्रयोग अनिवार्य है। किसी भी 18 वर्ष से कम आयु के विद्यार्थी वाहन न चलाएं।

उन्होंने कहा कि पॉश अधिनियम 2013 के तहत कार्यस्थल पर महिलाओं की सुरक्षा और पोस्को अधिनियम 2012 के तहत बच्चों को लैंगिक अपराधों से संरक्षण के प्रावधानों के बारे में बताया। उन्होंने साइबर सुरक्षा, गुड टच-बैड टच की पहचान और किसी भी प्रकार के उत्पीड़न की स्थिति में 112, 1098 हेल्पलाइन पर शिकायत करने के अधिकारों से अवगत कराया।

### मन की बात कार्यक्रम के उचाना हलका संयोजक बने सुरेंद्र नंबरदार

**उचाना (अप्रस/मित्तल)।** भाजपा ने मन की बात कार्यक्रम के लिए उचाना हलका संयोजक के रूप में भाजपा नेता सुरेंद्र नंबरदार की नियुक्ति की है। जिम्मेदारी मिलने पर सुरेंद्र नंबरदार ने कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी, मन की बात प्रदेश प्रभारी सुरेंद्र पूनिया, प्रदेश सह-संयोजक मनोज, लोकसभा संयोजक मंदीप मलिक, जिलाध्यक्ष तेजेंद्र ढूल, विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री, बलदेव वाल्मीकि, संजय पंवार, रिछपाल शर्मा, दीपक बुडायन तथा विकास श्योकंद का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निर्वहन करेंगे। उचाना हलके में अधिक से अधिक बूथों एवं सार्वजनिक स्थानों पर मन की बात कार्यक्रम का सामूहिक प्रसारण सुनिश्चित किया जाएगा, ताकि आमजन प्रधानमंत्री के विचारों से जुड़ सकें।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मन की बात कार्यक्रम प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को प्रसारित होता है। यह कार्यक्रम देशवासियों को प्रेरित करने, समाज में सकारात्मक बदलाव लाने वाले लोगों के प्रयासों को सम्मान देने तथा विभिन्न सामाजिक विषयों पर जनजागरूकता बढ़ाने का सशक्त माध्यम बन चुका है।

## सर्व जागरूक संगठन ने कमला पार्क में चलाया सफाई व पौधारोपण अभियान

अर्थ प्रकाश/वीरेंद्र त्यागी

**यमुनानगर, 4 जुलाई।** नगर निगम के स्वच्छ भारत अभियान से जुड़ी राष्ट्रीय जागरूक संगठन की राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ पायल रावत ने अपने संगठन के सदस्यों के साथ मिलकर कमला पार्क में सफाई अभियान चलाते हुए पौधारोपण किया।

स्वच्छ भारत मिशन के कार्यकारी उपाध्यक्ष सुभाष चंद्र के जन्मदिवस के मौके पर डॉ पायल के साथ नेहा पंडित, इशिका, वसुंधरा व महेंद्र सिंह राजपुरोहित के साथ-साथ अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे। मौके पर सफाई अभियान में भाग लेते हुए डॉक्टर पायल ने बताया कि समय-समय पर विभिन्न स्थानों पर सफाई अभियान उनके संगठन द्वारा चलाए जाते रहे हैं लेकिन आज यह विशेष अभियान सुभाष चंद्र जी के जन्म दिवस के मौके पर चलाए जा रहा है ताकि लोग उनके जन्मदिन पर स्वच्छ भारत अभियान से जुड़े और अपने आसपास साफ सफाई रखें। उन्होंने कहा कि नियमित रूप से भी पार्क की सफाई स्थानीय कमेटी द्वारा की जाती है और आज विशेष रूप से उनकी टीम यहां सफाई अभियान तथा पौधारोपण करने आई है। पार्क वेलफेयर से जुड़ी सामाजिक कार्यकर्ता सरोज राजपुरोहित ने बताया कि उन्होंने गर्मी के इन दिनों में पक्षियों के लिए भी पार्क में पानी हुआ खाने का इंतजाम किया हुआ है। सरोज का कहना था कि हर किसी को अपने साथ-साथ पशु पक्षियों के लिए भी इंतजाम करना चाहिए। इस मौके पर सर्व जागरूक संगठन ने स्थानीय महिलाएं जो की पार्क की देखभाल करते हैं की समस्याओं को भी सुना और उनके समाधान का आश्वासन दिया।

## अशोक अरोड़ा भाजपा की छोड़ कांग्रेस पार्टी की करें चिंता : सुधीर चुघ

लगाया आरोप, कांग्रेस पार्टी में व्यापक स्तर पर है गुटबाजी

अर्थप्रकाश/राजकुमार वालिया/अरविंद मोहन शर्मा



**कुरुक्षेत्र, 4 जुलाई।** नगर पार्षद सुधीर चुघ ने थानेसर के विधायक एवं पूर्व मंत्री अशोक अरोड़ा द्वारा भाजपा में गुटबाजी के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि अशोक अरोड़ा भाजपा की चिंता छोड़कर अपनी पार्टी की चिंता करें। उन्होंने कहा कि अशोक अरोड़ा को मीडिया में बयान देने से पहले सोचना चाहिए था कि कांग्रेस में गुटबाजी व्यापक सतर पर है ।कांग्रेस में गुटबाजी कार्यकर्ता से लेकर बड़े नेताओं तक है ।ऐसे में विधायक अशोक अरोड़ा द्वारा भाजपा पार्टी में हो रही गुटबाजी को लेकर बयान देना हास्यास्पद लगता है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक अनुशासित पार्टी है और पार्टी के अंदर सर्व सहमति से फैसले लिए जाते हैं।

उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं के सुझाव पर ही काम करती है जबकि कांग्रेस पार्टी में ऐसा कुछ नहीं है । कांग्रेस पार्टी में गुटबाजी व्यापक सतर पर है। कांग्रेस हर कोई नेता अपने को पार्टी के शीर्ष नेताओं से बड़ा मानता है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी में अनुशासन से ही काम किए जाते है। भाजपा का हर कार्यकर्ता अनुशासित है और पार्टी के बने हुए संविधान के अनुसार ही काम करता है। जबकि ऐसा कांग्रेस में नहीं है । कांग्रेस में तो ऐसे हालात बने हुए हैं कि छोटे से कार्यकर्ता भी बड़े नेताओं का कहना नहीं मानते। उन्होंने अशोक अरोड़ा को सलाह दी की वह भाजपा में गुटबंदी को लेकर ज्यादा चिंतित ना हो बल्कि अपनी पार्टी कांग्रेस की चिंता करें।

## बीपीएस राजकीय मेडिकल कॉलेज में बनेगी अत्याधुनिक जेनेटिक लैब

### बीपीएस मेडिकल कॉलेज में वंशानुगत बीमारियों का लग सकेगा पता

अर्थ प्रकाश/भंवर सिंह



**गोहाना, 4 जुलाई।** सोनीपत जिले के गांव खानपुर कलां स्थित भगत फूल सिंह राजकीय महिला मेडिकल कॉलेज के अस्पताल में जेनेटिक लैब बनेगी। यह क्षेत्र की सबसे अत्याधुनिक लैब होगी। मेडिकल प्रशासन को इसकी मंजूरी मिल चुकी है। किसी बीमारी का कारण अनुवांशिक (वंशानुगत) है या नहीं, भविष्य में किसी बीमारी का जोखिम कितना है और कौन-सा उपचार अधिक प्रभावी रहेगा। इन सभी का जेनेटिक लैब में पता किया जा सकेगा। इसके अलावा डीएनए जैसे टेस्टों की भी सुविधा शुरू होगी।

बीपीएस महिला मेडिकल के निदेशक डॉ. जेसी दुरेजा के अनुसार बहुत जल्द जेनेटिक लैब के निर्माण पर कार्य शुरू कर दिया जाएगा। इस पर करीब 2 करोड़ 32 लाख रुपए खर्च होंगे। इसके लिए सरकार से मंजूरी मिल चुकी है। लैब की मशीन खरीदने के लिए हरियाणा मेडिकल सर्विस कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचएमएससीएल) को ऑर्डर कर दिया है। लैब से लोगों को बहुत फायदा होगा।

जेनेटिक लैब में ये होंगे टेस्ट- डीएनए टेस्ट, क्रोमोसोम विश्लेषण, कैरियर स्क्रीनिंग, प्रीनेटल जेनेटिक टेस्ट, नवजात शिशु स्क्रीनिंग, कैंसर जेनेटिक टेस्ट, एक्सोम या जीनोम सीक्सवेंसिग जैसे टेस्ट हो सकेंगे। इन टेस्टों से पीढ़ी दर पीढ़ी होने वाली बीमारियों के कारण का पता लगाया जा सकेगा। वंशानुगत जानकारी होने पर उपयुक्त इलाज और स्टिक दवा का चयन संभव हो जाएगा।

इसके अलावा स्वास विभाग के लिए वीडियो ब्रोंकोस्कॉपी भी खरीदने की मंजूरी मिल गई है। यह वीडियो ब्रोंकोस्कॉपी करीब 36 लाख रुपए की लागत से खरीदी जाएगी। इससे फेफड़ों से जुड़ी बीमारियों की जांच होती हैं।

> मेडिकल कॉलेज के अस्पताल में जेनेटिक लैब की मंजूरी मिल चुकी है। इसके लिए हमने प्रक्रिया शुरू कर दी है। जल्द ही लोगों को इसकी सुविधा मिलेगी। इस पर करीब 2 करोड़ 32 लाख खर्च होंगे। इसके अलावा स्वास विभाग के लिए वीडियो ब्रोंकोस्कॉपी भी खरीदने की मंजूरी मिल गई है।
>
> **-डॉ. जेसी दुरेजा, निदेशक, बीपीएस राजकीय महिला मेडिकल कॉलेज, खानपुर कलां**

# एसआईआर फॉर्म में 'गायब' हुआ हिम्मतगढ़-ढकोला, पूरे गांव का पता बदलने पर भड़के ग्रामीण

90त्न फॉर्म में गांव की जगह 'वेलिंगटन सिटी' दर्ज होने का आरोप, एसडीएम को सौंपा शिकायत पत्र; दस्तावेजों और जमीन संबंधी कार्यों पर संकट की जताई आशंका

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा



**जीरकपुर, 4 जुलाई।** भारत सरकार की ओर से चलाए जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के दौरान जीरकपुर के गांव हिम्मतगढ़-ढकोला के निवासियों में उस समय रोष फैल गया, जब उन्हें मिले एसआईआर फॉर्म में उनके गांव का पता गलत दर्ज मिला। ग्रामीणों का आरोप है कि फॉर्म में गांव का नाम हटाकर वेलिंगटन सिटी लिखा गया है, जबकि उनका वास्तविक पता गांव हिम्मतगढ़-ढकोला है। इस संबंध में ग्रामीणों ने एसडीएम डेराबस्सी को शिकायत भी सौंपी है। ग्रामीणों ने बताया कि हिम्मतगढ़-ढकोला उनका पुश्तैनी गांव है और उनके आधार कार्ड, वोटर आईडी समेत सभी सरकारी दस्तावेजों में यही पता दर्ज है। इसके बावजूद एसआईआर फॉर्म में गांव का नाम बदल दिया गया है। उनका कहना है कि गांव के करीब 90 प्रतिशत लोगों के फॉर्म में यही त्रुटि सामने आई है। गांव के पूर्व सरपंच जगदेव सिंह ने कहा कि यदि सरकारी रिकॉर्ड में पता बदल गया तो भविष्य में दस्तावेज बनवाने, जमीन संबंधी कार्यों और अन्य प्रशासनिक प्रक्रियाओं में लोगों को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि इलाके में वेलिंगटन सिटी नाम का कोई अस्तित्व नहीं है, इसलिए फॉर्म में दर्ज गलत पते को तुरंत ठीक किया जाए। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि एसआईआर फॉर्म में आवश्यक संशोधन कर सही पता दर्ज किया जाए, ताकि भविष्य में किसी भी प्रकार की कानूनी या प्रशासनिक परेशानी से बचा जा सके। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणों और महिलाओं ने विरोध जताते हुए प्रशासन से जल्द कार्रवाई की मांग की।

एसआईआर के दौरान मतदाता सूची में हर प्रकार की गलतियों का सुधार किया जा रहा है। चाहे पता हो या नाम की स्पेलिंग, यदि किसी को कोई संशोधन करवाना है तो निर्धारित फॉर्म भरकर जमा करें। नियमानुसार उसका सुधार कर दिया जाएगा।

— **अमित गुप्ता, एसडीएम, डेराबस्सी**

# पंजाब में जीजा को जिंदा जलाया, बचाने आई भाभी भी जलकर मरी

पत्नी को लेने अमृतसर से तरनतारन गया था

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**अमृतसर, 4 जुलाई।** तरनतारन में अपनी पत्नी को मायके से ससुराल ले जाने आए पति को उसके ही साले ने पेट्रोल डालकर आग लगा दी। इसमें व्यक्ति की मौत हो गई। उसे बचाने आई भाभी भी आग की चपेट में आई, जिससे उसकी भी जान चली गई। इतना ही नहीं, इन दोनों को आग के हवाले करने वाला साला भी चपेट में आ गया, जिससे वह भी बुरी तरह झुलस गया। हालांकि, मौके पर मौजूद लोगों ने उसे बचा लिया। यह दुर्घटना तो पिछले महीने की है, लेकिन पूरे अग्निकांड का अब सीसीटीवी फुटेज सामने आया है।

इस सीसीटीवी में व्यक्ति के साथ कहासुनी, हाथापाई होती दिख रही है। इसके बाद आग लगने पर पीड़ित इधर-उधर भागते दिख रहे हैं।



पुलिस ने आरोपी के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के अनुसार, यह मामला तरनतारन के गांव संघा का है। यह वारदात 13 जून को हुई। मृतक की पहचान अमृतसर के गांव लोपोके के निवासी लवप्रीत सिंह के रूप में हुई है। 13 जून को वह अपनी पत्नी संदीप कौर को मनाकर ससुराल लाने के लिए उसके मायके गांव संघा पहुंचा था। इनकी 9 महीने पहले शादी हुई थी। कुछ दिन बाद ही झगड़ के बाद पत्नी मायके चली आई थी और यहीं रह रही थी।

ससुराल पहुंचने पर लवप्रीत सिंह की उसके ससुराल वालों से बहस हुई। पड़ोसी भी मौके पर जमा हो गए। इसी दौरान विवाद बढ़ गया और लवप्रीत का साला साजन सिंह पेट्रोल की बोतल उठा लाया। उसने वह बोतल अपने जीजा लवप्रीत पर उढ़ेल दी।

इसी दौरान बीच-बचाव करने साजन सिंह की भाभी गुरजीत कौर भी आ गई, जिससे तेल उनके ऊपर भी गिर गया। इसके बाद गुस्से में साजन सिंह ने लाइटर लगा दिया, जिससे फौरन आग लग गई। थोड़ी देर में दोनों लवप्रीत सिंह और गुरजीत कौर जल गए। साजन सिंह भी आग की चपेट में आ गया, जिससे वह भी झुलस गया। मौके पर मौजूद लोग फौरन लवप्रीत और गुरजीत को लेकर अस्पताल पहुंचे, जहां उन्हें डॉक्टर ने मृत करार दे दिया। मामले की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने लवप्रीत और गुरजीत की हत्या के आरोप में साजन सिंह को गिरफ्तार कर लिया। उसे भी कुछ दिन अस्पताल में रहना पड़ा। उसके बाद पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया।

## न्यूज ब्रीफ

### मुख्यमंत्री भगवंत मान ने महिलाओं को मासिक भत्ता देने का आखिरी वादा भी किया पूराः अजय कुमार चौहान



**होशियारपुर, (अप्रस/तरसेम दीवाना)।** आम आदमी पार्टी द्वारा वार्ड नंबर 26 से चुनाव मैदान में उतारे गए उम्मीदवार अजय कुमार चौहान ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए पंजाब सरकार की उपलब्धियों और इलाके में मिल रहे भारी समर्थन के बारे में अहम खुलासे किए। अजय चौहान ने दावा किया कि पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने राज्य की जनता से किए अपने सभी वादे पूर्ण रूप से निभाए हैं। पत्रकारों से बातचीत के दौरान अजय कुमार चौहान ने विशेष रूप से जिक्र किया कि सरकार का एक आखिरी बड़ा वादा भी अब पूरा हो चुका है। उन्होंने कहा 'मुख्यमंत्री भगवंत मान द्वारा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए आम महिलाओं को 1000 रुपये और एससी महिलाओं को 1500 रुपये हर महीने उनके खातों में डालने का जो वादा किया था, वह अब पूरा कर दिया गया है। इस ऐतिहासिक फैसले से जनता में खुशी की लहर है।' उम्मीदवार चौहान ने बताया कि सरकार की जन–हितैषी नीतियों के कारण आज वार्ड नंबर 26 के वोटर और सपोर्टर आम आदमी पार्टी को दिल से प्यार कर रहे हैं। इलाके के लोग विकास कार्यों से बेहद संतुष्ट हैं और आज होने वाले चुनावों में 'झाड़ू' के निशान पर वोट डालकर आम आदमी पार्टी को बड़ी जीत दिलाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। उन्होंने अंत में कहा कि वार्ड नंबर 26 का सर्वांगीण विकास करवाना और लोगों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल करना ही उनका मुख्य उद्देश्य है।

### आर.के. हाई स्कूल, जगराओं के एक शिक्षक का पूरे वर्ष का वेतन कर भला हो भला सोसायटी दिया



**जगराओं (अप्रस/प्रदीप पाल)।** पंजाब केसरी लाला लाजपत राय द्वारा अपने पिता स्वर्गीय राधा कृष्ण की स्मृति में वर्ष 1913 में स्थापित आर.के. हाई स्कूल, जगराओं के एक शिक्षक का पूरे वर्ष का वेतन कर भला हो भला सोसायटी, जगराओं ने अपने पूर्व चेयरमैन स्वर्गीय अमित अरोड़ा की स्मृति में देने का निर्णय लिया है। इस नेक पहल की शुरुआत आज सोसायटी के चेयरमैन रोहित अरोड़ा के नेतृत्व में की गई। इस अवसर पर विशाल शर्मा, सुनील बजाज, नीरज कटारिया तथा कैप्टन नरेश वर्मा उपस्थित रहे। सभी ने स्कूल की प्रिंसिपल सीमा शर्मा को वेतन सहायता का चेक भेंट किया। उल्लेखनीय है कि स्वर्गीय अमित अरोड़ा ने अपने जीवनकाल में भी अपने बचपन के इस विद्यालय को एक कंप्यूटर सेट भेंट किया था। उनकी स्मृति में शुरू की गई यह पहल शिक्षा के क्षेत्र में समाज सेवा का प्रेरणादायक उदाहरण है। इस अवसर पर प्रिंसिपल सीमा शर्मा ने कैप्टन नरेश वर्मा एवं कर भला हो भला सोसायटी के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए इस सराहनीय प्रयास की प्रशंसा की। उन्होंने अन्य सामाजिक संस्थाओं से भी शिक्षा के क्षेत्र में इसी प्रकार सहयोग करने की अपील की।

### पी डी जैन चैरिटेबल ट्रस्ट (रजि.) जगराओं ने बांटी कुष्ठ आश्रम में मासिक राशन की 40वीं किस्त



**जगराओं (अप्रस/प्रदीप पाल)।** स्वतंत्रता सेनानी श्री दयाचंद जैन के सुपुत्र समाज सेवक श्री राजेंद्र जैन ने अपने माता–पिता की याद में स्थापित पी डी जैन चैरिटेबल ट्रस्ट(रजि.) जगराओं के माध्यम से हर माह की भांति आज सुबह 10:00 बजे लाजपत राय कुष्ठ आश्रम जगराओं में बहुत ही साधारण परंतु प्रभावशाली ढंग से आयोजित समारोह के माध्यम से कुष्ठ आश्रम के सभी 35 परिवारों को मासिक राशन की 40वीं किस्त प्रदान की गौरव तलब है कि आज से लगभग 40 माह पहले श्री राजेंद्र जैन ने कुष्ठ आश्रम के सभी परिवारों की भोजन की समस्या को ध्यान में रखते हुए हर मां हर परिवार को एक महीने का पूरा राशन देने का फैसला किया था और उस समय से सफलतापूर्वक हर महीने के पहले शनिवार को कुष्ठ आश्रम में पी डी जैन चैरिटेबल ट्रस्ट (रजि.)के माध्यम से राशन वितरण किया जाता है और कुष्ठ आश्रम के सभी बच्चों को नमकीन बिस्कुट आदि भी दिए जाते हैं श्री राजेंद्र जैन समाज कल्याण लोक भलाई स्वास्थ्य धार्मिक व सामाजिक कार्यों के कुल 13 प्रोजेक्ट महीना वार और हर रोज के आधार पर चला रहे हैं और यह सभी खर्च अपनी नेक कमाई से करते हैं और किसी भी प्रकार का चंदा दान या पैसा इकट्ठा पब्लिक से नहीं करते आज के शुभ अवसर पर राजकुमार भल्ला सरदार गुरिंदर सिंह सिद्धू कैप्टन नरेश वर्मा केवल किशन मल्होत्रा मैडम कंचन गुप्ता दिनेश जैन मोहित जैन रमेश जैन आदि उपस्थित रहे मेहमानों को चाय नाश्ता ठंडा आदि दिया गया और राजेंद्र जैन ने सभी का धन्यवाद किया।

# नाले की नहीं हुई सफाई तो ढकोली में फिर दोहराए जाएंगे पिछले साल जैसे हालात

पिछले वर्ष घरों में घुसा था बरसाती पानी,पिछली बार भी लोगों ने खुद किए बचाव के इंतजाम

झाड़ियां, पेड़ और पॉलीथीन बने पानी की निकासी में सबसे बड़ी बाधा

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा



**जीरकपुर, 4 जुलाई।** मानसून शुरू होने से पहले नगर परिषद की ओर से जलभराव रोकने और नालों की सफाई को लेकर बड़े-बड़े दावे किए जा रहे हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर हालात इन दावों की पोल खोलते नजर आ रहे हैं। ढकोली स्थित मुख्य बरसाती नाले की हालत बेहद खराब है। पूरा नाला जंगली झाड़ियों, पेड़ों और बड़ी मात्रा में जमा पॉलीथीन व अन्य कचरे से पटा पड़ा है, जिससे बरसाती पानी की निकासी लगभग बाधित हो गई है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर परिषद एक ओर पॉलीथीन पर रोक लगाने और सफाई व्यवस्था को लेकर अभियान चलाने के दावे करती है, वहीं दूसरी ओर बरसाती नाला स्वयं पॉलीथीन और कचरे से भरा हुआ है। ऐसे में यदि समय रहते नाले की सफाई नहीं करवाई गई तो मानसून की पहली तेज बारिश के साथ ही ढकोली में जलभराव की गंभीर समस्या उत्पन्न हो सकती है।

जानकारी के अनुसार यह बरसाती नाला ममता एन्क्लेव से होकर आर्मी क्षेत्र के नीचे से गुजरते हुए डिफेंस एन्क्लेव और कृष्णा एन्क्लेव से होकर सुखना चो में मिलता है, जहां से आगे इसका पानी घग्गर नदी में जाता है। वर्तमान में नाले में उगी घनी झाड़ियां और जमा कचरा पानी के प्राकृतिक बहाव में बड़ी बाधा बने हुए हैं।

डिफेंस एन्क्लेव के निवासियों ने बताया कि पिछले वर्ष मानसून के दौरान बरसाती पानी उनके घरों में घुस गया था, जिससे काफी नुकसान हुआ था। इसी आशंका के चलते इस बार कई लोगों ने अपने घरों के बाहर लकड़ी के बैरियर और छोटी-छोटी दीवारें बनाकर पहले से ही बचाव के इंतजाम कर लिए हैं।

क्षेत्रवासियों ने नगर परिषद प्रशासन से मांग की है कि मानसून की शुरुआत से पहले बरसाती नाले की व्यापक सफाई करवाई जाए और पानी की निकासी सुचारु बनाई जाए, ताकि ढकोली के लोगों को एक बार फिर जलभराव और नुकसान का सामना न करना पड़े।

सोमवार को मौके का जायजा लेने के बाद नाले की सफाई करवा दी जाएगी।

**सवनीत सिंह**
**जेई नगर परिषद जीरकपुर**

# अमित बावा सैनी को कांग्रेस के राष्ट्रीय ओबीसी विभाग में बड़ी जिम्मेदारी, 'छात्रों की गूंज' अभियान के राष्ट्रीय समन्वयक नियुक्त

अर्थ प्रकाश/चौहान



**डेरा बस्सी, 4 जुलाई।** डेरा बस्सी के वरिष्ठ कांग्रेस नेता अमित बावा सैनी को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (ओबीसी विभाग) की ओर से बड़ी संगठनात्मक जिम्मेदारी सौंपी गई है। पार्टी द्वारा जारी एक आधिकारिक सर्कुलर के अनुसार अमित बावा सैनी को विकास यादव के साथ 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम का राष्ट्रीय समन्वयक (नेशनल कोऑर्डिनेटर) नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति ओबीसी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अनिल जयहिंद द्वारा जारी सर्कुलर के माध्यम से की गई है। इस नई जिम्मेदारी के तहत अमित बावा सैनी देश के सभी 28 राज्यों में चल रहे 'छात्रों की गूंज' अभियान के सिटी कोऑर्डिनेटरों के कार्यों का समन्वय और नियमित निगरानी करेंगे। सर्कुलर के अनुसार राष्ट्रीय समन्वयकों का दायित्व विभिन्न राज्यों के सिटी कोऑर्डिनेटरों के साथ प्रभावी संवाद बनाए रखना, उनकी दैनिक गतिविधियों की समीक्षा करना, प्रगति रिपोर्ट तैयार करवाना तथा समेकित रिपोर्ट ओबीसी कांग्रेस के राष्ट्रीय नेतृत्व को उपलब्ध कराना होगा। इसके अलावा अभियान के सफल संचालन के लिए संगठन के सभी पदाधिकारियों और सिटी कोऑर्डिनेटरों को राष्ट्रीय समन्वयकों के साथ पूर्ण सहयोग करने के निर्देश भी दिए गए हैं। डेरा बस्सी के लिए यह नियुक्ति विशेष महत्व रखती है, क्योंकि स्थानीय स्तर पर सक्रिय कांग्रेस नेता अमित बावा सैनी को अब राष्ट्रीय स्तर पर संगठन की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिली है। उनके समर्थकों और क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने इस नियुक्ति पर खुशी व्यक्त करते हुए इसे डेरा बस्सी के लिए सम्मान की बात बताया है।

# रेलवे ओवर ब्रिज की सड़क पर भ्रष्टाचार की लीपापोती, ठेकेदार बिछा रहा है नाममात्र की परत: गोपी शर्मा

अर्थ प्रकाश/प्रदीप पाल



**जगराओं 4 जुलाई।** आम आदमी पार्टी आप के नेता गोपी शर्मा ने तहसील रोड पर चल रहे सड़क निर्माण में हो रही सरेआम धांधली की पोल खोल दी है। उन्होंने कुछ दिन पहले ही खुलासा किया था कि ठेकेदार द्वारा इस्तेमाल किए गए अत्यंत घटिया और दोयम दर्जे के मटेरियल के कारण, नई-नवेली सड़क बनने के महज़ तीन दिन बाद ही उखड़ने और टूटने लगी है। यह सीधे-सीधे जनता के टैक्स के पैसों की बर्बादी है। आज इसी घोटाले की एक और परत उधेड़ते हुए गोपी शर्मा ने बताया कि उन्होंने रेलवे ओवर ब्रिज पर बन रही नई सड़क का भी औचक निरीक्षण किया। वहां के हालात और भी ज्यादा शर्मनाक मिले। कंस्ट्रक्शन कंपनी के ठेकेदार द्वारा वहां सड़क बनाने के नाम पर महज एक कागज़ जैसी पतली परत बिछाकर जनता की आंखों में धूल झोंकी जा रही है। गोपी शर्मा ने ठेकेदार की इस मनमानी और सरेआम हो रही लूट पर कड़ा ऐतराज जताते हुए इस पूरे निर्माण कार्य की तत्काल और उच्च स्तरीय जांच की सख्त मांग की है। उन्होंने नियमों की उड़ाई जा रही धज्जियों पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा, नियमों के मुताबिक निर्माण कंपनी को काम शुरू करने से पहले साइट पर एक सूचना बोर्ड लगाना अनिवार्य होता है। इस बोर्ड पर इस्तेमाल होने वाली निर्माण सामग्री के अनुपात का पूरा ब्यौरा पारदर्शी तरीके से लिखा होना चाहिए। शर्मा ने बताया कि उन्होंने साइट पर उस बोर्ड को काफी ढूंढा और वहां काम कर रहे मजदूरों से भी पूछताछ की, लेकिन पता चला कि वहां जानबूझकर ऐसा कोई बोर्ड लगाया ही नहीं गया है! यह सीधे तौर पर सरकारी नियमों को ठेंगा दिखाने और अपनी चोरी व घटिया काम को छुपाने की एक सोची-समझी साजिश है। इस गोलमाल और मिलीभगत को कतई बर्दाश्त न करते हुए, गोपी शर्मा ने इसकी पुख्ता शिकायत सीधे मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के व्हाट्सएप नंबर और संबंधित उच्च अधिकारियों को भेज दी है, ताकि इन घोटालेबाज़ों पर जल्द से जल्द और सख्त कार्रवाई हो सके।

# खालसा कॉलेज माहिलपुर में भांगड़ा प्रशिक्षण शिविर संपन्न, शिक्षार्थियों को किया सम्मानित

अर्थ प्रकाश/तरसेम दीवाना



**होश्यारपुर/माहिलपुर, 4 जुलाई।** क्षेत्र के प्रतिष्ठित श्री गुरु गोबिंद सिंह खालसा कॉलेज, माहिलपुर में प्रिंसिपल डॉ. परविंदर सिंह के नेतृत्व और भांगड़ा टीम के संयोजक प्रो. मनप्रीत सेठी की देखरेख में आयोजित 20 दिवसीय भांगड़ा प्रशिक्षण शिविर का आज समापन हो गया। शिविर के आखिरी दिन भाग लेने वाले सभी शिक्षार्थियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

इस प्रशिक्षण शिविर के दौरान भांगड़ा सिखाने के लिए कोच राजिंदर कुमार ने विशेष सेवाएं निभाई। वहीं शिविर की सफलता में कॉलेज की भांगड़ा टीम के पूर्व छात्रों खुशवंत सिंह बैंस, हरलीन राय और शरनदीप सिंह झूटी ने भी विशेष योगदान दिया।

कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. परविंदर सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि इस शिविर में हर आयु वर्ग के व्यक्तियों, बुजुर्गों, महिलाओं और स्कूल-कॉलेज के बच्चों ने बेहद उत्साह के साथ हिस्सा लिया।

उन्होंने आगे बताया कि सुबह और शाम के सत्रों में आयोजित इस शिविर के दौरान उस्ताद राजिंदर कुमार ने शिक्षार्थियों को इस पारंपरिक लोक नृत्य की प्रस्तुति के विभिन्न पहलुओं और बारीकियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

इस समापन समारोह के अवसर पर इंजीनियर तरलोचन सिंह संधू ने विशेष रूप से शिरकत की और कॉलेज प्रबंधकों द्वारा लगाए गए इस रचनात्मक शिविर की जमकर सराहना की। कार्यक्रम के अंत में आयोजकों द्वारा भांगड़ा प्रशिक्षण में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

# नौकरी के नाम पर ठगी के बाद युवक का अपहरण, बंधक बनाकर 18 लाख रुपये उड़ाए

पैसे लौटाने के बहाने जीरकपुर बुलाया, मारपीट कर मोबाइल से खातों से रकम ट्रांसफर करने का आरोप; एक नाम जोड़ और दो अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा

**जीरकपुर, 4 जुलाई।** जीरकपुर थाना पुलिस ने हरियाणा के भिवानी निवासी एक युवक की शिकायत पर एक व्यक्ति और दो अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपहरण, बंधक बनाने, मारपीट, लूट, धमकी और अन्य गंभीर धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि नौकरी दिलाने के नाम पर पहले उससे लाखों रुपये लिए गए और बाद में पैसे लौटाने के बहाने जीरकपुर बुलाकर उसके साथ वारदात को अंजाम दिया गया। पुलिस को दिए बयान में भिवानी निवासी राहुल सोनी ने बताया कि वह ट्रांसपोर्ट का काम करता है। करीब डेढ़ वर्ष पहले आरोपी भवानी सिंह ने नौकरी दिलाने का झांसा देकर उससे करीब छह लाख रुपये लिए थे, लेकिन न तो नौकरी दिलाई और न ही रकम लौटाई। शिकायतकर्ता के अनुसार, जब भी वह अपने पैसे मांगता, आरोपी टालमटोल करता रहता था। राहुल ने बताया कि 1 जुलाई 2026 को भवानी सिंह ने उसे फोन कर पैसे वापस लेने के लिए जीरकपुर बुलाया। रॉयल एस्टेट के गेट के पास मुलाकात के बाद आरोपी उसे प्रीत कॉलोनी स्थित एक मकान में ले गया। शिकायतकर्ता के अनुसार, जैसे ही वह घर के बाहर खड़ा हुआ, भवानी सिंह और उसके साथ मौजूद दो अज्ञात लोगों ने उसे पीछे से पकड़ लिया, उसका मुंह बंद कर एक कमरे में बंधक बना दिया। आरोप है कि उसके हाथ-पैर रस्सियों से बांधकर लाठियों से मारपीट की गई और जान से मारने की धमकी दी गई। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि आरोपियों ने उसके मोबाइल फोन का इस्तेमाल कर विभिन्न बैंक खातों से करीब 18 लाख रुपये निकाल लिए। इनमें से करीब 5 लाख रुपये भवानी सिंह के खाते में ट्रांसफर किए गए, जबकि शेष राशि अन्य खातों में भेज दी गई। आरोप है कि आरोपी उसके सैमसंग और वीवो मोबाइल फोन भी अपने साथ ले गए और मौके से फरार हो गए। राहुल ने बताया कि आरोपियों के जाने के बाद वह किसी तरह बंधन से मुक्त हुआ। रास्ते में राहगीरों की मदद से वह मुख्य सड़क तक पहुंचा और अपने दोस्तों को सूचना दी।

इसके बाद उसे सेक्टर-32 सिविल अस्पताल, चंडीगढ़ में भर्ती कराया गया, जहां उसका उपचार हुआ। जांच अधिकारी एएसआई सतिंदर सिंह ने शिकायत के आधार पर आरोपी भवानी सिंह तथा दो अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं 115(2), 140(2), 308(5), 351(3) और 3(5) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है।

# सिंहपुरा रोड पर 2400 नशीली गोलियों के साथ युवक गिरफ्तार

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा

**जीरकपुर, 4 जुलाई।** जीरकपुर पुलिस ने सिंहपुरा रोड पर गश्त के दौरान एक युवक को 2400 नशीली गोलियों सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान संजय कुमार (39) पुत्र किशोरी लाल, निवासी गांव चोआ पचराला, जिला हमीरपुर (हिमाचल प्रदेश) के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 22, 61 और 85 के तहत मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार 3 जुलाई को एएसआई हरविंदर सिंह अपनी टीम के साथ सिंहपुरा रोड पर गश्त कर रहे थे। दोपहर करीब 1.20 बजे एक युवक सेना के रंग की टी-शर्ट और लोअर पहनकर पीठ पर बैग लेकर आता दिखाई दिया। पुलिस को देखकर वह घबरा गया और भागने लगा, लेकिन पुलिस टीम ने पीछा कर उसे काबू कर लिया। तलाशी के दौरान आरोपी के बैग से हल्के गुलाबी रंग के लिफाफे में रखी प्रॉक्सीको स्पास ब्रांड की 2400 नशीली गोलियां बरामद हुई। आरोपी इन गोलियों को रखने संबंधी कोई लाइसेंस या वैध दस्तावेज पेश नहीं कर सका।

पुलिस ने गोलियों को कब्जे में लेकर सील कर लिया और आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि मामले की आगे की जांच जारी है और यह पता लगाया जा रहा है कि आरोपी इतनी बड़ी मात्रा में नशीली गोलियां कहां से लाया था और इन्हें किसे सप्लाई किया जाना था।

# देश भगत विश्वविद्यालय के नेतृत्व शिखर सम्मेलन में 246 प्रतिनिधियों की सहभागिता, 12 एमओयू पर हुए हस्ताक्षर




अर्थ प्रकाश संवाददाता

**मंडी गोबिंदगढ़, 4 जुलाई।** देश भगत विश्वविद्यालय ने जी एडूकनेक्ट के सहयोग से डीबीयू-आईसीसी नेतृत्व शिखर सम्मेलन-2026 का सफल आयोजन किया। सम्मेलन में देशभर से 246 प्रतिनिधियों ने भाग लिया, जिनमें 166 से अधिक अध्ययन केंद्रों के प्रमुख, शिक्षाविद, शिक्षा उद्यमी, उद्योग विशेषज्ञ तथा विश्वविद्यालयों के वरिष्ठ प्रशासक शामिल रहे। इस अवसर पर 12 नए समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए, जिससे विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय शैक्षणिक नेटवर्क और रणनीतिक साझेदारियों को और मजबूती मिली। कार्यक्रम का आयोजन कुलाधिपति डॉ. ज़ोरा सिंह, प्रो-कुलाधिपति डॉ. तजिंदर कौर, अध्यक्ष डॉ. संदीप सिंह तथा कुलपति प्रो. (डॉ.) हर्ष सदावर्ती के मार्गदर्शन में किया गया। सम्मेलन का उद्देश्य उच्च शिक्षा में नेतृत्व, नवाचार, डिजिटल परिवर्तन, अनुसंधान तथा संस्थागत सहयोग को बढ़ावा देना रहा। मुख्य वक्तव्य में कुलपति प्रो. (डॉ.) हर्ष सदावर्ती ने कहा कि विश्वविद्यालय नवाचार, वैश्विक सहभागिता, प्रौद्योगिकी आधारित शिक्षण और उद्योग-शिक्षा सहयोग के माध्यम से विद्यार्थियों को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार कर रहा है।

सम्मेलन में विश्वविद्यालय के शैक्षणिक कार्यक्रमों, एनएएसी 'ए+' मान्यता, ऑनलाइन शिक्षा, अनुसंधान गतिविधियों और अंतरराष्ट्रीय सहयोगों पर विस्तृत प्रस्तुतियां दी गई। जी एडूकनेक्ट के संस्थापक एवं अध्यक्ष संदीप शर्मा तथा सलाहकार दिनेश शर्मा ने शिक्षा नेतृत्व, संस्थागत विकास और अध्ययन केंद्रों के विस्तार पर विचार साझा किए।

समापन अवसर पर उत्कृष्ट अध्ययन केंद्रों, विश्वविद्यालय अधिकारियों और कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। 166 से अधिक अध्ययन केंद्र प्रमुखों को स्मृति-चिह्न और प्रशस्ति-पत्र प्रदान किए गए।

**ड्राइविंग लाइसेंस में फर्स्ट एड सर्टीफिकेट का फर्जीवाड़ा**

# पंचकूला में मिले चार फर्जी सर्टीफिकेट

**वाइस चेयरमैन ने जिला सचिवों को दिए जांच के आदेश**

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 4 जुलाई।** हरियाणा में ड्राइविंग लाइसेंस बनवाते समय रोड सेफ्टी एंड फर्स्ट एड सर्टिफिकेट का फर्जीवाड़ा सामने आया है। कई शिकायतें सामने आने के बाद हरियाणा रेडक्रॉस के वाइस चेयरमैन ने सभी जिलों में जांच के आदेश जारी कर दिए हैं। जिला सचिवों द्वारा जांच करके रिपोर्ट दाखिल की जाएगी।


पंचकूला में एफआईआर दर्ज करवाने के निर्देश भी मुख्यालय की तरफ से जारी कर दिए गए हैं। फर्जीवाड़े का खुलासा तब हुआ जब पंचकूला जिला में जिला रेडक्रास सोसायटी की टीम ने निरीक्षण के दौरान कालका एसडीएम कार्यालय में ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने के लिए लगाए गए सर्टिफिकेट की जांच की। जांच के दौरान पाया कि फर्स्ट सर्टिफिकेट जिला रेडक्रॉस सोसायटी की अधिकृत प्रक्रिया के तहत जारी नहीं किए गए हैं और विभागीय रिकार्ड से इनका कोई ब्यौरा नहीं मिला।

जिला रेडक्रॉस सोसायटी, पंचकूला के जिला प्रशिक्षण अधिकारी (डीटीओ) ईशांक कौशिक ने निरीक्षण रिपोर्ट तैयार कर जिला सचिव को दी। इसके बाद मुख्यालय के पास रिपोर्ट आने के बाद वाइस चेयरमैन अंकुश मिगलानी ने तुरंत संज्ञान लेते हुए सभी जिला सचिवों को सर्टिफिकेट की जांच करने के निर्देश दिए।

जिला रेडक्रॉस सोसायटी, पंचकूला की टीम जिला प्रशिक्षण अधिकारी ईशांक कौशिक के नेतृत्व में 23 जून 2026 को काला एसडीएम कार्यालय में ड्राइविंग लाइसेंस आवेदकों द्वारा जमा कराए गए रोड सेफ्टी एवं फर्स्ट एड प्रमाण पत्रों के सत्यापन के लिए पहुंची। टीम द्वारा ड्राइविंग लाइसेंस आवेदनों से संबंधित फाइलों और उनके साथ संलग्न प्रमाणपत्रों का विभागीय रिकॉर्ड से मिलान किया गया। जांच में चार आवेदकों ललित, संभावी सिंगला, दीपक कुमार और गौरव शर्मा के प्रमाणपत्र फर्जी पाए गए।

ये प्रमाणपत्र ड्राइविंग लाइसेंस से संबंधित कार्यों में सक्रिय फर्जी दलाल या एजेंटों के माध्यम से तैयार कराए गए और आवेदन के साथ जमा किए गए। ऐसे प्रमाणपत्र जिला रेडक्रॉस सोसायटी के आधिकारिक रिकॉर्ड में उपलब्ध नहीं हैं।

हरियाणा रेडक्रॉस सोसायटी के वाइस चेयरमैन अंकुश मिगलानी ने बताया कि सभी जिला सचिवों को निर्देश दिए गए हैं कि ड्राइविंग लाइसेंस आवेदनों के साथ संलग्न बेसिक रोड सेफ्टी और फर्स्ट एड सर्टिफिकेट की जांच की गई। जांच के दौरान यदि कोई सर्टिफिकेट फर्जी पाया जाता है तो उसकी तुरंत एफआईआर दर्ज कराई जाए। फर्जी दस्तावेज तैयार करने वाली कंपनी या संबंधित फर्म के खिलाफ भी एफआईआर कराने के साथ उसकी पूरी रिपोर्ट तैयार मुख्यालय भेजी जाए। साथ ही फर्जी दस्तावेज तैयार करने और उनका उपयोग करने वाले जिम्मेदार व्यक्तियों की पहचान कर उनके खिलाफ आवश्यक कार्रवाई करने की सिफारिश की गई है।















अर्थ प्रकाश न्यूज पेपर्स के लिए मालिक, मुद्रक एवं प्रकाशक महावीर जैन द्वारा 'अर्थ प्रकाश प्रेस' चंडीगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित तथा अर्थ प्रकाश कार्यालय अर्थ प्रकाश भवन, सैक्टर 29-डी, चण्डीगढ़ से जारी। प्रधान सम्पादक : **महावीर जैन,** सम्पादक एवं मुख्य संवाददाता **कैलाश चन्द जैन**
आर.एन.आई. पंजीक्रम : **42427/86** डाक पंजीक्रम : **G/CHD/0197/2021-23** फोन : 0172-2638515, 9814019928 E-mail : arthparkash@gmail.com, arthparkashnews@gmail.com मुख्य सलाहकार : **हरीश चंद्र जैन,** एचसीएस (सेवानिवृत्त)

# मां लक्ष्मी को प्रसन्न करने के आसान उपाय, घर में आएगी सुख-समृद्धि

हिंदू धर्म में मां लक्ष्मी को धन, वैभव और समृद्धि की देवी माना जाता है। हर व्यक्ति यह चाहता है कि उनके घर-परिवार पर मां लक्ष्मी की कृपा बनी रहे। लेकिन क्या आप जानते हैं कि मां लक्ष्मी को 'चंचला' क्यों कहा जाता है। धार्मिक ग्रंथों में मान्यताओं में मां लक्ष्मी को चंचला कहने के पीछे एक विशेष कारण बताया गया है। मान्यता के मुताबिक जिस घर में परिश्रम, स्वच्छता, दान-पुण्य और धर्म का पालन होता है, वहां पर मां लक्ष्मी का वास होता है। वहीं जिस घर में अहंकार, आलस, कलह और अनैतिक कार्य बढ़ जाते हैं, वहां पर मां लक्ष्मी वास नहीं करती हैं। इसी वजह से मां लक्ष्मी को चंचला कहा जाता है।

संस्कृत भाषा में 'चंचला' का अर्थ होता है, जो एक स्थान पर स्थिर न रहे, जैसे कि हमारा मन। आपने अक्सर लोगों से यह सुना होगा कि मन बहुत चंचल होता है। हमारा मन गतिशील रहता है। मां लक्ष्मी को चंचला नाम देने के पीछे की वजह यह है कि धन और संपत्ति कभी भी स्थायी नहीं होती है। जीवन में धन का आना-जाना एक स्वाभाविक प्रक्रिया होती है। आज जो व्यक्ति



धनवान है, वह भविष्य में आर्थिक समस्याओं में घिर सकता है। वहीं कठिन परिस्थितियों में रहने वाला समय में धनी और समृद्ध बन सकता है।

वहीं पुराणों में इस बात का उल्लेख मिलता है कि समुद्र मंथन के समय मां लक्ष्मी प्रकट हुई थीं। मां लक्ष्मी ने भगवान श्रीहरि विष्णु को अपना पति चुना और क्षीर सागर में वास करने लगीं। वहीं भगवान विष्णु को सृष्टि का पालनहार माना जाता है और वह संतुलन बनाए रखने का काम करते हैं। इसलिए माना जाता है कि लक्ष्मी भी उस स्थान पर ज्यादा समय रहती हैं, जहां पर अनुशासन, संतुलन और सद्गुण मौजूद होते हैं।

**लक्ष्मी प्राप्ति के सूत्र:** रोजाना घर की पहली रोटी गाय को और आखिरी रोटी कुत्ते को देना चाहिए। ऐसा करने से भाग्य का द्वार खुलता है और मां लक्ष्मी की कृपा प्राप्त होती है।

हर शुक्रवार को नियमित रूप से श्रीसूक्त या लक्ष्मी सूक्त का पाठ करना चाहिए। ऐसा करने से मां लक्ष्मी का उस स्थान पर स्थायी वास होता है।

रोजाना सुबह उठकर सबसे पहले मुख्यद्वार पर गृहलक्ष्मी को एक लोटा जल डालना चाहिए। इससे मां लक्ष्मी के घर आने का मार्ग प्रशस्त होता है।

घर में पूजा के दौरान घी का जो दीपक जलाया जाता है, उसमें रुई की बत्ती की जगह मौली का इस्तेमाल करना चाहिए। क्योंकि मां लक्ष्मी को लाल रंग अतिप्रिय है।

# सच्चे मन एवं निस्वार्थ भाव से किए गए कर्मों का फल परमात्मा अवश्य देते हैं: महंत राजेंद्र पुरी



**जग ज्योति दरबार में सत्संग में पहुंचे भारी संख्या में श्रद्धालु**

अर्थ प्रकाश /अर्पण वधवा

**कुरुक्षेत्र।** जग ज्योति दरबार में शनिवार को आयोजित अनुष्ठान एवं सत्संग में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। पूजन के उपरांत सत्संग में महंत राजेंद्र पुरी ने श्रद्धालुओं को आशीर्वाद देते हुए कहा कि मनुष्य जीवन में किए गए हर कर्म का फल अवश्य मिलता है। चाहे कर्म अच्छा हो या बुरा।

महंत राजेंद्र पुरी ने कहा कि सच्चे मन और निस्वार्थ भाव से किए गए कर्मों का फल परमात्मा अवश्य देते हैं। सच्चे मन और निस्वार्थ भाव से किए गए कर्मों से जीवन में कल्याण ही होता है। उन्होंने बताया कि श्रीमद्भगवद्गीता के कर्मफल सिद्धांत के अनुसार मनुष्य का कोई भी कार्य व्यर्थ नहीं जाता है और हर कर्म का परिणाम सुनिश्चित होता है। मनुष्य जीवन में किए गए कर्म का फल अवश्य भोगना पड़ता है। महंत राजेंद्र पुरी ने कहा कि प्रत्येक कर्म का कोई न कोई परिणाम अवश्य होता है, चाहे वह तुरंत दिखाई दे या समय के साथ। अच्छे कर्मों का फल सकारात्मक अनुभव, आंतरिक शांति और दूसरों की भलाई के रूप में लौटता है। बुरे कर्मों का परिणाम भी किसी न किसी रूप में मानसिक अशांति या कठिनाई बनकर सामने आता है। इस अवसर पर मंगल दास, मयंक बंसल, अनुज बंसल, कविता रानी, श्रुति बंसल, राधा गोयल, जीवन सिंह, हरभजन सिंह, मनोज गोयल, सुरजीत सिंह, शाम लाल, गगनदीप सिंह, सुरेंद्र राणा, अजय राठी, विजय राठी, अक्षय राठी, मनप्रीत सिंह व कन्हैया लाल इत्यादि भी मौजूद रहे।




**नोकरियां यहां देखें**

**बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट**
पोस्ट: जूनियर इंजीनियर, अन्य
कुल पद: 224
वेतनमान: 40,000-1,25,000
आवेदन: 9-14 जुलाई तक
फीस: 400
पात्रता: डिप्लोमा, बीई, बीटेक, अनुभव
आयु: अधिकतम 45 वर्ष
वेबसाइट: www.nhsrcl.in

**एनटीपीसी एसीटी**
पोस्ट: असिस्टेंट केमिस्ट ट्रेनी
कुल पद: 40
वेतनमान: 30,000-1,20,000
आवेदन: 9 जुलाई तक
फीस: 500
पात्रता: M.Sc. (केमिस्ट्री)
आयु: अधिकतम 27 वर्ष
वेबसाइट: careers.ntpc.co.im

**एसबीआई एससीओ**
पोस्ट: लॉ ऑफिसर
कुल पद: 49
वेतनमान: 48,480-93,960
आवेदन: 14 जुलाई तक
फीस: 750
पात्रता: LLB, 2-4 वर्ष का अनुभव
आयु: 21 से 35 वर्ष
वेबसाइट: www.sbi.bank.in

**भारत संचार निगम लिमिटेड (BSNL)**
पद: चीफ टेक्नोलॉजी ऑफिसर
कुल पद: 100
वेतन: 1,64,000-4,05,000
आवेदन शुल्क: 3,000
आयु सीमा: 20-30 वर्ष
वेबसाइट: www.bsnl.co.in

**सीमा सड़क संगठन (BRO)**
पद: GREF भर्ती
कुल पद: 899
वेतन: 5,200-20,200
आवेदन शुल्क: 50
योग्यता: 10वीं, 12वीं, ITI, डिप्लोमा
आयु सीमा: 18-27 वर्ष
वेबसाइट: www.bro.gov.in

**एरोनॉटिकल डेवलपमेंट एजेंसी (ADA)**
पद: प्रोजेक्ट साइंटिस्ट B और C
कुल पद: 220
योग्यता: संबंधित क्षेत्र में इंजीनियरिंग स्नातक
वेतन: 75,000 प्रति माह
आयु सीमा: अधिकतम 27 वर्ष
वेबसाइट: www.adaic.aero

जॉब्स से संबंधित सूचनाएं पाने के लिए arthparkash.com देखें

# गन्नौर में बैंक ऑफ महाराष्ट्र की नई शाखा का शुभारंभ, विधायक देवेंद्र कादियान ने किया उद्घाटन



अर्थ प्रकाश/सुरेन्द्र कुमार

**गन्नौर।** शहर के रेलवे रोड स्थित बैंक ऑफ महाराष्ट्र की नई शाखा का उद्घाटन बुधवार को विधायक देवेंद्र कादियान ने रिबन काटकर किया। इस अवसर पर बैंक अधिकारियों ने मुख्य अतिथि का बुके, शॉल एवं स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। यह शाखा बैंक की हरियाणा में 71वीं तथा गुरुग्राम अंचल की 45वीं शाखा है।विधायक देवेंद्र कादियान ने कहा कि गन्नौर तेजी से औद्योगिक और आर्थिक विकास की ओर बढ़ रहा है। ऐसे में बैंक ऑफ महाराष्ट्र की शाखा खुलने से क्षेत्र के नागरिकों, व्यापारियों, किसानों और युवाओं को बैंकिंग सुविधाएं और अधिक सुलभ होंगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में रेल कोच कारखाना और अंतरराष्ट्रीय बागवानी मंडी जैसी परियोजनाओं से रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे, जिससे बैंकिंग सेवाओं की मांग भी बढ़ेगी।उन्होंने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार वित्तीय समावेशन को मजबूत करने के लिए निरंतर प्रयासरत है, ताकि आधुनिक बैंकिंग सेवाओं का लाभ समाज के हर वर्ग तक पहुंचे। शाखा प्रबंधक साक्षी मलिक ने बताया कि यहां ग्राहकों को डिजिटल बैंकिंग, ऋण, जमा योजनाएं एवं अन्य आधुनिक सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। गुरुग्राम अंचल के प्रबंधक अभिषेक बिंदल ने कहा कि बैंक ऑफ महाराष्ट्र तकनीक आधारित सेवाओं के माध्यम से ग्राहकों को बेहतर सुविधा देने के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम में समाजसेवी अंकित मल्होत्रा, पूर्व पार्षद हरीश मदान, नवीन कुमार, सरपंच गुरमेल, मेघा सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# जिस्मानी वजूद हमारा असल वजूद नहीं है

संत महात्मा इन्सान को जागृति दिलाते है ताकि इन्सान युगों-युगों से गुरु-पीर-पैगम्बरों ने दिये सन्देशों की ओर गौर करे। इस भागती-दौड़ती दुनिया में जरा ठहर कर सोचे कि क्या हम यूं ही भागते चले जायेंगे? इन अमोलक स्वासों की पूंजी क्या ऐसे ही हाथों से निकल जायेगी, कुछ हासिल किये बगैर? और वो कुछ हासिल किये बगैर का मतलब क्या है? जो 'कुछ' शब्द का इस्तेमाल वो कुछ नहीं है, वो सब कुछ है।वो है इस परमात्मा, ईश्वर निराकार दातार का बोध हासिल करना, इसकी प्राप्ति करना।महापुरुषों ने भी एक वस्तु का ही जिक्र किया है-

पाया है कुछ पाया है, मेरे सतगुर
अलख लखाया है।

कि जो कुछ पाया है दरअसल ये कुछ अलख है।यही तो सब कुछ है।परमात्मा, ईश्वर, निराकार, अकाल पुरुख जो सर्वत्र समाई हुई सत्ता है, जो कण-कण में व्याप्त है, जो जमीं जमां के विखै समस्त एक ज्योत है।जिसकी उपस्थिति कण-कण में है, ऐसे परम अस्तित्व की अंश आत्मा घट-घट में है।आत्मा करके ही हमारा असल वजूद है। जिस्मानी वजूद हमारा असल वजूद नहीं है।अगर जिस्मानी वजूद ही हमारा असल वजूद होता तो Self-realization (आत्मानुभूति) शब्द का इस्तेमाल कभी नहीं होता



सद्गुरू माता सुदीक्षा जी महाराज

क्योंकि हमारा जिस्म हमारी True entity नहीं है, ये हमारा असली अस्तित्व नहीं है। हमारा असली अस्तित्व आत्मा है जो परमात्मा की अंश है और इसी का बोध हासिल करना है, इसी की पहचान करनी है। आईने के सामने रोज हम सुबह खड़े होते हैं, दिन में कई बार खड़े होते होंगे।जो शक्लो-सूरत अपनी दिखाई देती है, वो हमारी जिस्मानी शक्लो-सूरत जरुर है उस तल तक तो ये हमारी पहचान है ही, हमें क्या हमारे जानने वालों को भी है।हमारी शक्लो-सूरत से वो भी वाकिफ हैं और हम तो हैं ही। रोज्र अपनी शक्ल देखते हैं लेकिन ये हमारी अपनी असली शक्लो-सूरत, हमारी असली पहचान नहीं है।जो आत्मा के रुप में है वो हमारी True entity है।हमारा असली अस्तित्व है और उसी से हम अंजान होते हैं।इसीलिए कहा जाता है कि Self-realization (आत्मानुभूति) करनी है। अपने आप को जानना है और अपने आप को जानेंगे कब? जैसे अपनी शारीरिक शक्लो-सूरत की पहचान आईने के कारण है।

अगर आईना हमने कभी देखा ही न हो तो हम अपनी सूरत से भी अंजान होंगे।अपने आपकी भी पहचान नहीं होगी।कभी आप अंदाजा लगाईये कि किसी ने कभी आईना न देखा हो, अपनी सूरत न देखी हो और कैमेरे से उसी की फोटो खींचकर उसकी सूरत उसी के सामने रख दें तो वो सोच में ही पड़ा रहेगा कि पता नहीं ये कौन है? क्योंकि वो अपनी सूरत से अंजान है।तस्वीर उसी की खींच कर, उसकी हाथों में दे दी गई लेकिन परेशान हो रहा है, हैरान हो रहा है कि ये कौन है? इसी तरह आत्मा ने इस परमात्मा का बोध नहीं किया, यही असल में आईना है, ये परमात्मा इसी का ही मूल है और इसी से ही इसका बोध भी होना है। इसलिये जब Self-realization (आत्मानुभूति) की बात होती है तो अगला शब्द है कि through God-realization (ब्रह्मानुभूति से) यानि की परमात्मा को जान कर ही अपनी पहचान होगी।

## पंचांग

रविवार, 5 जुलाई, 2026, सूर्योदय: 05:25 ए एम, सूर्यास्त: 07:30 पी एम, चन्द्रोदय: 10:55 पी एम, चन्द्रास्त: 10:01 ए एम, शक सम्वत: 1948 पराभव, विक्रम सम्वत: 2083 सिद्धार्थी, गुजराती सम्वत: 2082 पिङ्गल, अमान्त महीना: ज्येष्ठ, पूर्णिमान्त महीना: आषाढ़, वार: रविवार, पक्ष: कृष्ण पक्ष, तिथि: पञ्चमी - 01:30 पी एम तक, नक्षत्र: शतभिषा - 03:12 पी एम तक, योग: आयुष्मान् - 04:40 पी एम तक, करण: तैतिल - 01:30 पी एम तक, द्वितीय करण: गर - 01:43 ए एम, जुलाई 06 तक, सूर्य राशि: मिथुन, चन्द्र राशि: कुम्भ, राहुकाल: 05:44 पी एम से 07:30 पी एम, गुलिक काल: 03:59 पी एम से 05:44 पी एम, यमगण्ड: 12:27 पी एम से 02:13 पी एम, अभिजित मुहूर्त: 11:59 ए एम से 12:56 पी एम, दुर्मुहूर्त: 05:37 पी एम से 06:33 पी एम, अमृत काल: 07:34 ए एम से 09:16 ए एम, वर्ज्य: 09:51 पी एम से 11:31 पी एम।

## भविष्य फल



**मेष:** यह अवधि मिश्रित प्रभाव प्रदान करती है। आपके पास नए अवसर होंगे और उनका उपयोग करके लाभ प्राप्त करेंगे।
**वृष:** आपको करियर के मामले में कोई शुभ समाचार मिल सकता है। आपके आस-पास का माहौल अच्छा बना रहेगा।
**मिथुन:** व्यापार में बढ़ोतरी होगी। ऑफिस में वेतन वृद्धि हो सकती है। प्रमोशन के भी कुछ चांस बन सकते हैं।
**कर्क:** आज आपको बहुत सारे लाभ मिल सकते हैं। किन्तु यदि आप आर्थिक लाभ हेतु आसान तरीकों की तलाश करते हैं तो आप केवल बुरे परिवर्तनों को आमंत्रित कर रहे हैं।
**सिंह:** आज आप किसी काम में बहुत ज्यादा ही बिजी रह सकते हैं। नजदीकी रिश्तों में किसी बात से खटास आ सकती है।
**कन्या:** आज आपका भाग्य आपके साथ है, इसलिए जीतने का अच्छा मौका आपके पास रहेगा। आप नए संकल्प कर सकते है।
**तुला:** कार्य स्थल पर सकारात्मक और सहायक विकास होगा। लंबे समय से लंबित पड़ा वांछित काम पूरा होगा।
**वृश्चिक:** आप लोगों की बातों को अच्छे से समझने की कोशिश करेंगे। अपने काम की रूपरेखा में बदलाव कर सकते हैं।
**धनु:** आज आपको नए संपर्कों का आज लाभ मिल सकता है। अपने स्वतंत्र विचारों को अभिव्यक्त कर दें लेकिन आवाज को नीची रखें।
**मकर:** आज ईमानदारी से किया गया कार्य अतिरिक्त लाभ के रूप में अपने फल देगा। व्यक्तिगत जीवन को अपने व्यावसायिक हितों के साथ हस्तक्षेप न करने दें।
**कुंभ:** आज का दिन आपके लिये कुछ अच्छे पल लेकर आया है। आप अपनी मेहनत और क्षमता के बल पर सफलता हासिल करेंगे।
**मीन:** आज आप खरीदारी सम्बन्धी किसी ऑफर या लाटरी खरीदने का जोखिम उठा सकते हैं।

# 72 गांवों में एक साथ चला पौधारोपण अभियान, हजारों पौधे लगाए

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

**सोनीपत।** विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में हरियाणा के 72 गांवों में शनिवार को एक साथ मानसून अभिनंदन पौधारोपण अभियान चलाया गया। अभियान के तहत प्रदेशभर के 200 से अधिक स्थानों से लोग ऑनलाइन और प्रत्यक्ष रूप से जुड़े। हजारों पौधे लगाए गए तथा सैकड़ों लोगों ने पर्यावरण संरक्षण और पौधों के संरक्षण का संकल्प लिया।केंद्रीय ऊर्जा, आवास एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल नई दिल्ली से ऑनलाइन कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकार नहीं, बल्कि जनभागीदारी से ही संभव है। उन्होंने प्रत्येक व्यक्ति से जीवनकाल में कम से कम 15 से 20 पौधे लगाने तथा उनके वृक्ष बनने तक देखभाल करने का आह्वान किया। साथ ही परिवार के



प्रत्येक सदस्य के जन्मदिन पर पौधा लगाने और प्रधानमंत्री के 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान से जुड़ने की अपील की। मुख्यमंत्री के ओएसडी वीरेंद्र बढ़खालसा ने कहा कि प्रकृति संरक्षण भारतीय संस्कृति का अभिन्न हिस्सा है। कार्यक्रम में मनु दनोदा, कुलबीर दनोदा, बिंदर दनोदा और समाजसेवी देवेंद्र सूरा सहित अनेक लोगों ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

# अवैध असला रखने का आरोपी गिरफ्तार

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र पुलिस ने अवैध असला रखने के एक आरोपी को किया गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक श्री चंद्र मोहन के कुशल मार्गदर्शन में अपराध अन्वेषण शाखा-2 की टीम ने अवैध असला रखने के आरोपी मोनू वासी जुलेडा जिला जींद को गिरफ्तार करके एक देशी कट्टा व एक जिन्दा रौंद बरामद करने में सफलता हासिल की है। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 3 जुलाई 26 को अपराध अन्वेषण शाखा-2 प्रभारी निरीक्षक मनदीप सिंह के मार्ग निर्देश में सहायक उप निरीक्षक गुरबख्श सिंह, नरेश कुमार, कर्मबीर व मुख्य सिपाही दिनेश की टीम मल्टीआर्ट कल्चरल सेंटर चौंक के पास मौजूद थी। पुलिस टीम को सूचना मिली कि एक नौजवान लड़का मोनू वासी जुलेडा जिला जींद को नाजायज असला देसी कट्टा हर समय अपने साथ रखता है। इस समय मोनू ब्रह्मसरोवर पर बाजीगर धर्मशाला के पास पार्किंग में खड़ा किसी का इंतजार कर रहा है। यदि तुरंत रेड की जाए तो आरोपी को अवैध असले सहित पकड़ा जा सकता है।

# प्रेरणा वृद्धाश्रम में भारत रत्न गुलजारीलाल नंदा जयंती पर बड़ी कार्यक्रम आयोजित

अर्थ प्रकाश/राजकुमार वालिया

कुरुक्षेत्र। प्रेरणा वृद्धाश्रम में भारत रत्न गुलजारीलाल नंदा एवं युगपुरुष स्वामी विवेकानंद को स्मरण किया गया। प्रेरणा वृद्धाश्रम के संस्थापक एवं संचालक डा. जय भगवान सिंगला ने बताया कि प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी प्रेरणा वृद्धाश्रम में भारत रत्न गुलजारीलाल नंदा जयंती पर बड़ी धूमधाम से कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस अवसर पर अरुण पाराशर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। प्रोफेसर बाबूराम हिंदी विभागाध्यक्ष बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय रोहतक ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की, जबकि नंदा फाउंडेशन दिल्ली से राजेश जोशी एवं हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी के संस्कृति प्रकोष्ठ के निदेशक डा.सीडीएस कौशल विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। इस अवसर पर अरुण पाराशर ने कहा कि भारत रत्न नंदा जी भारत माता के ऐसे महान सपूत थे। जो दो बार भारत के प्रधानमंत्री रहे एवं भारत सरकार में गृह मंत्री, श्रम मंत्री एवं अन्य कई उच्च पदों पर विराजमान रहने के बावजूद उन्होंने अपने रहने के लिए एक घर भी नहीं बनाया। न ही उनका कोई बैंक बैलेंस था, ऐसे व्यक्ति विरले ही होते हैं।

नंदा फाउंडेशन दिल्ली से आए राजेश जोशी ने कहा कि आज कहीं



भी गुलजारीलाल नंदा जी जैसे नेता नजर नहीं आते वो सारी उम्र भ्रष्टाचार के विरुद्ध संघर्ष करते रहे। उनका जीवन आज के समाज के लिए प्रेरणादायक है, उन्होंने पूरा जीवन गरीब, मजदूर एवं शोषित वर्ग के उत्थान के लिए लगा दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रोफेसर बाबू राम ने कहा कि आज जहां नंद जी की जन्म जयंती है वहीं युगपुरुष स्वामी विवेकानंद जी की पुण्यतिथि भी है। स्वामी विवेकानंद एक ऐसे व्यक्तित्व के स्वामी थे जिन्होंने पूरे विश्व में भारत की संस्कृति, संस्कार और वेदों का डंका बजा दिया। इस अवसर पर मंच संचालन प्रेरणा के महासचिव हरकेश पपोसा ने किया। उपाध्यक्ष किरण गर्ग ने सभी अतिथियों का सम्मान करते हुए कहा कि यह हमारे लिए गर्व की बात है कि आज हम सब नंदा जी की जयंती और स्वामी विवेकानंद जी की पुण्यतिथि इकट्ठे होकर मना रहे हैं। इस अवसर पर अरुण पाराशर, राजेश जोशी, प्रोफेसर बाबूराम, डा. चितरंजन दयाल सिंह कौशल, नरेश गर्ग, माता बलविंदर कौर, क्षमा मेहरोत्रा, जोगिंदर खुराना, बलदेव श्रीवास्तव, उषा सच्चर, मंगतराम, अलवर से गोवर्धन लाल, अशोक कुमार, श्री गोधाम गौशाला पथमेड़ा से स्वामी ब्रह्मानंद भारद्वाज इत्यादि कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# राजकीय कन्या महाविद्यालय में एसआईआर-2026 के तहत तीन दिवसीय विशेष कैंप शुरू

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

गोहाना। भारत निर्वाचन आयोग के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर)- 2026 अभियान के तहत शनिवार से राजकीय कन्या महाविद्यालय, गोहाना में तीन दिवसीय विशेष कैंप शुरू हुआ। यह कैंप 4 से 6 जुलाई तक चलेगा। इसका उद्देश्य मतदाताओं की समस्याओं का समाधान करना और मतदाता सूची को त्रुटिरहित एवं अद्यतन बनाना है।निर्वाचन पंजीयन अधिकारी एवं अतिरिक्त उपायुक्त अजय चोपड़ा ने बताया कि अभियान का उद्देश्य प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में शामिल करना, अपात्र एवं मृत मतदाताओं के नाम



नियमानुसार हटाना तथा मतदाता विवरण में मौजूद त्रुटियों का सुधार करना है। उन्होंने कहा कि शुद्ध और अद्यतन मतदाता सूची स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव की आधारशिला है।कैंप में नए मतदाताओं के नाम जोड़ने, नाम हटाने, पते व अन्य विवरण में संशोधन, दावे और आपत्तियों के निस्तारण सहित निर्वाचन संबंधी सभी सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। साथ ही मतदाताओं को आवेदन प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेजों और निर्वाचन नियमों की जानकारी भी दी जा रही है। अजय चोपड़ा ने नागरिकों से 4 से 6 जुलाई तक कैंप में पहुंचकर अपने सभी निर्वाचन संबंधी कार्य समय पर पूरे कराने की अपील की।

# रेवली में विधायक निखिल मदान ने किया पौधारोपण, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

**सोनीपत।** विधायक निखिल मदान शनिवार को रेवली गांव में बाबा श्री कलीनाथ जी कुश्ती अखाड़ा समिति द्वारा आयोजित भंडारे एवं पौधारोपण कार्यक्रम में शामिल हुए। यह कार्यक्रम गांव में बने ऑक्सीजन बाग में आयोजित किया गया।इस अवसर पर विधायक निखिल मदान ने त्रिवेणी (बड़, पीपल और नीम) का पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने उपस्थित लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान से जुड़ने की अपील की। विधायक ने कहा कि औद्योगीकरण के कारण हरियाली में कमी और प्रदूषण में



बढ़ोतरी हो रही है, जिसे रोकने के लिए सामूहिक रूप से वृक्षारोपण को गति देने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को धरती मां के नाम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए और उसकी देखभाल भी करनी चाहिए। इस दौरान उन्होंने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया और आयोजकों को शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में ईश कुमार, अश्वनी, सत्यपाल दहिया, कप्तान दहिया, सुरेश अंतिल, रामनारायण, रणसिंह, अमित कोच, नरेश दहिया, सुखबीर नैन सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।




## नायब सिंह सैनी ने पंचकूला में सीए छात्रों के राष्ट्रीय सम्मेलन 'प्रज्ञान 2026' का किया शुभारंभ

# देश के भरोसे की चाबी सीए के हाथों में, व्यावसायिक नैतिकता सर्वोपरि : मुख्यमंत्री

- सीए देश की आर्थिक मजबूती के प्रमुख स्तंभ, विकसित भारत के निर्माण में निभाएंगे अहम भूमिका
- चार्टर्ड अकाउंटेंट के हस्ताक्षर अर्थव्यवस्था की दिशा और दशा तय करते हैं

अर्थ प्रकाश/सुनील सिंघई



**पंचकूला, 4 जुलाई।** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। आज देश में हर महीने रिकॉर्ड जी.एस.टी. कलेक्शन हो रहा है जो देश की बढ़ती हुई आर्थिक ताकत का प्रतीक है। इस टैक्स व्यवस्था को मजबूत बनाने में चार्टेड अकाउंटेंट्स (सीए) का बड़ा योगदान है। इंस्टीच्यूट आफ चार्टेड अकाउंटेटस ऑफ इंडिया द्वारा पंचकूला में सैंटर आफ एक्सिलेंस स्थापित करने के लिए 5 एकड भूमि की मांग पर मुख्यमंत्री ने सरकार की ओर से हर संभव सहायता उपलब्ध करवाने का आश्वासन दिया।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी शनिवार को पंचकूला स्थित इंद्रधनुष आडिटोरियम में सीए छात्रों के राष्ट्रीय सम्मेलन ''प्रज्ञान 2026'' को मुख्यअतिथि के रूप में संबोंधित कर रहे थे। इससे पहले मुख्यमंत्री ने दीप प्रज्जवलित कर सम्मेलन का शुभारंभ किया।

सीए छात्रों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प में सीए का योगदान महत्वपूर्ण है। विकसित भारत की जो आर्थिक इमारत खड़ी होगी, उसका नक्शा और उसका ब्लूप्रिंट आप युवा साथी ही तैयार करेंगे। प्रधानमंत्री की एक प्रेरणादायक बात का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि श्री नरेंद्र मोदी ने द इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया के एक कार्यक्रम में कहा था कि एक चार्टर्ड अकाउंटेंट के हस्ताक्षर देश के प्रधानमंत्री के हस्ताक्षर से भी ज्यादा शक्तिशाली होते हैं। यह आपकी कलम, ईमानदारी और सत्यनिष्ठा को दिया गया देश का सबसे बड़ा सम्मान है। सरकारें नीतियां, योजनाएं और कार्यक्रम बना सकती है लेकिन, एक चार्टर्ड अकाउंटेंट के हस्ताक्षर से पूरी अर्थव्यवस्था की दिशा और दशा तय होती है।

उन्होंने कहा कि इस सम्मेलन का विषय 'प्रज्ञान यश' का पथ हमें सिखाता है कि सफलता केवल प्रतिभा से नहीं मिलती, बल्कि मेहनत, ईमानदारी, अनुशासन और निरंतर सीखते रहने की भावना से मिलती है। इस सम्मेलन में देश के जाने-माने वक्ताओं के प्रेरणादायक भाषण, विद्यार्थियों की प्रेजेंटेशन, सार्थक चर्चाएं, नेटवर्किंग के अवसर और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि दुनिया के लिए सी.ए. सिर्फ दो अक्षर हो सकते हैं परंतु सी.ए. की पढ़ाई कोई साधारण कोर्स नहीं है। यह एक कठिन साधना और तपस्या है।

मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने सीए छात्रों से संवाद करते हुए कहा कि उनके सामने आज जो चुनौतियां हैं, उनसे कहीं बड़ी जिम्मेदारी उनकी व्यावसायिक नैतिकता की है। जब वे डिग्री लेकर बाहर निकलेंगे, तो उनके हाथों में देश के भरोसे की चाबी होगी। उनकी एक सही सलाह और एक ईमानदार रिपोर्ट देश के खजाने को भर सकती है, जिससे सीमा पर खड़े जवान के लिए अच्छे उपकरण आते हैं और देश के गरीब की थाली में राशन पहुंचता है। देश के विभिन्न हिस्सों से आए छात्रों का हरियाणा में स्वागत करते हुए उन्होंने कहा कि यह वह राज्य है जो देश के विकास में बहुत बड़ा योगदान देता है। हरियाणा आज नए बिजनेस और स्टार्टअप्स का बड़ा हब बन रहा है। यहां व्यापार को और आसान बनाने के लिए हर संभव कदम उठाए जा रहे हैं और आप जैसे युवाओं के लिए यहां अवसरों का एक पूरा आसमान खुला हुआ है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज तकनीक की दुनिया बहुत तेजी से बदल रही है। हर तरफ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी ए.आई. की चर्चा हो रही है। कुछ लोग डराते हैं कि ए.आई. से चार्टर्ड अकाउंटेंट्स की नौकरियां खतरे में पड़ जाएंगी। उन्होने कहा कि वे पूरे विश्वास के साथ कहते हैं कि कोई भी ए.आई., कोई भी कंप्यूटर सॉफ्टवेयर एक इंसान के विवेक, उसके अनुभव और उसकी निर्णय लेने की क्षमता का विकल्प कभी नहीं बन सकता। तकनीक काम को आसान बना सकती है, डेटा को जल्दी प्रोसेस कर सकती है परंतु वह आपकी नैतिकता, आपकी ईमानदारी और आपके मानवीय दृष्टिकोण का विकल्प नहीं हो सकती।

इस अवसर पर चेयरमैन बोर्ड आफ स्टडीज सीए श्री राजेश शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में सीए का अहम योगदान है। इंस्टीच्यूट आफ चार्टेड अकाउंटेटस आफ इंडिया का उल्लेख करते हुए उन्होने बताया कि इंस्टीच्यूट की देशभर में 185 शाखाएं हैं। विश्व में 154 ओवरसीज चैप्टर और 31 प्रतिनिधि कार्यालय हैं। यह इंस्टीच्यूट 5 लाख 30 हजार सदस्यों और 12 लाख छात्रों के साथ विश्व की सबसे बडी अकाउंटिंग बॉडी है। निकासा चंडीगढ के चैयरमेन श्री संजीव कुमार लखातिया ने मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी और अन्य अतिथिगण का स्वागत किया।

इस अवसर पर वाईस चेयरमेन चंडीगढ ब्रांच सीए श्री रचित गोयल, कार्यक्रम निदेशक सीए श्री हंसराज चुघ, चैयरमेन आईसीएआई चंडीगढ सीए श्री साहिल गर्ग, वाईस चेयरमेन बोर्ड आफ स्टडीज सीए श्री ज्ञानचंद मिश्रा, वाईस चेयरमेन एनआईआरसी सीए श्री अजीत सिंह, सचिव आईसीएआई चंडीगढ सीए श्री साहिल मितल, चंडीगढ बीजेपी के पूर्व अध्यक्ष श्री संजय टंडन, पंचकूला के मेयर श्री श्याम लाल बंसल, शिवालिक विकास बोर्ड के चैयरमेन श्री ओमप्रकाश देवीनगर, मुख्यमंत्री के राजनीतीक सचिव श्री तरूण भंडारी, मुख्यमंत्री के ओएसडी श्री राकेश संधू, मीडिया सचिव श्री प्रवीण आत्रेय, सीए स्टूडेंटस और इंस्टीच्यूट आफ चार्टेड अकाउंटेटस आफ इंडिया और निकासा के अन्य प्रतिनिधी उपस्थित रहे।









# ई-जागृति : डिजिटल भारत में उपभोक्ता न्याय के लिए नई परिकल्पना

**दैनिक अर्थ प्रकाश**

न्याय में देरी, लंबे समय से भारतीय उपभोक्ताओं के लिए सबसे बड़ी निराशाओं में से एक रही है। चाहे वह खराब उत्पाद हो, ऑनलाइन खरीदी गई वस्तु का न मिल पाना हो, या अनुचित सेवा अनुबंध हो, शिकायत दर्ज करने से लेकर राहत पाने तक की प्रक्रिया अक्सर धीमी, बोझिल और डराने वाली रही है। हालांकि, भारत की उपभोक्ता संरक्षण व्यवस्था समय के साथ लगातार विकसित हुई है, लेकिन इसे समर्थन देने वाली प्रणाली तेज़ी से डिजिटल होती अर्थव्यवस्था की वास्तविकताओं के साथ कदम मिलाते हुए आगे नहीं ब? पायी।

आज, उपभोक्ता ई-कॉमर्स प्लेटफ़ॉर्म, डिजिटल भुगतान प्रणाली और ऑनलाइन बाज़ार में बड़े पैमाने पर लेन-देन करते हैं। उपभोक्ता न्याय की पारंपरिक व्यवस्था–जो भौतिक रूप से दाखिल करने, व्यक्ति द्वारा एक-एक कर जांच करने, अलग-अलग सॉफ़्टवेयर प्लेटफार्म का उपुओग करने और आमने-सामने की सुनवाई के इर्द-गिर्द बनायी गयी थी–धीरे-धीरे अपर्याप्त सिद्ध होने लगी। डिजिटल युग में उपभोक्ता अधिकार सुनिश्चित करने के लिए केवल कानूनी सुधार ही पर्याप्त नहीं थे; इसके लिए न्याय देने के तरीके में पूरी तरह से बदलाव करने की जरूरत थी।

यहीं पर ई-जागृति एक महत्वपूर्ण बदलाव लाती है। यह सिर्फ़ एक तकनीक प्लेटफ़ॉर्म नहीं है, बल्कि यह व्यवस्था के केंद्र में पहुंच, पारदर्शिता और दक्षता को रखकर उपभोक्ता विवाद समाधान के तरीके की नए सिरे से परिकल्पना करने का प्रयास है।

उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 में एक आधुनिक फ्रेमवर्क की परिकल्पना की गयी थी, जो बाज़ार की उभरती वास्तविकताओं के अनुरूप काम करने में सक्षम हो। हालाँकि, कानून की भावना को प्रभावी सार्वजनिक सेवा में बदलने के लिए कई अलग-अलग पुरानी प्रणालियों को हटाकर एकीकृत डिजिटल इकोसिस्टम को अपनाने की जरूरत थी। पुराने प्लेटफॉर्म में एकरूपता की कमी, पुरानी संरचना, एक-दूसरे से जुड़कर काम करने की सीमित सुविधा और भौतिक प्रक्रियाओं पर अधिक निर्भरता जैसी समस्याएँ थीं। कई उपभोक्ताओं के लिए–विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोग, वरिष्ठ नागरिक, दिव्यांगजन और अनिवासी भारतीय –न्याय पाने की प्रक्रिया की लागत अक्सर एक बड़ी बाधा बन जाती थी।

ई- जागृति उपभोक्ता शिकायत की पूरी प्रक्रिया को डिजिटल बनाकर इन संरचनात्मक चुनौतियों का समाधान करती है। ओटीपी आधारित पंजीकरण और ऑनलाइन दाखिल करने से लेकर डिजिटल जाँच,



इलेक्ट्रॉनिक भुगतान, वर्चुअल सुनवाई, बहुभाषी आदेश और वास्तविक समय में मामले की निगरानी तक, यह प्लेटफ़ॉर्म नागरिकों को किसी भौगोलिक या प्रक्रियात्मक जटिलता की बाधा के बिना न्याय पाने में मदद करता है।

ऐसे बदलाव का महत्व केवल सुविधा तक ही सीमित नहीं है। यह नागरिकों और सार्वजनिक संस्थानों के बीच रिश्ते को मौलिक रूप से बदल देता है। डिजिटल वर्कफ़्लो कागजी काम को कम करते हैं, अलग-अलग अधिकार-क्षेत्रों में प्रक्रियाओं को एक जैसा बनाते हैं, विवेकाधीन देरी को कम करते हैं और पारदर्शिता बढ़ाते हैं। मामलों की स्वचालित सूची, ऑनलाइन डैशबोर्ड और तुरंत सूचना सुनिश्चित करती है कि कानूनी प्रक्रिया के दौरान शिकायतकर्ता को हर जानकारी मिलती रहे, जिससे प्रणाली में जनता का भरोसा मजबूत होता है।

इस प्लेटफ़ॉर्म ने न्याय को और अधिक समावेशी बनाने के लिए उभरती तकनीकों को भी अपनाया है। एआई-सहायता प्राप्त मामला विश्लेषण, वॉइस-टू-टेक्स्ट कार्यप्रणाली, टेक्स्ट-टू-स्पीच सुविधा, बहुभाषी इंटरफेस, उन्नत सर्च क्षमता और पहुँच प्राप्त करने के उपकरण जैसी विशेषताओं के जरिए समाज के विभिन्न हिस्सों से अधिक लोगों की भागीदारी संभव हुई है। इतना ही नहीं, राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग और राज्य उपभोक्ता आयोगों में हाइब्रिड वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सुविधाओं का देश भर में लागू होना भी उतना ही अहम रहा है, जिससे वर्चुअल सुनवाई उपभोक्ता न्याय दिलाने की प्रक्रिया का एक ज़रूरी हिस्सा बन गई है। दूरदराज के जिलों या विदेशों में रहने वाले नागरिकों के लिए, इससे कानूनी लड़ाई की वित्तीय और लॉजिस्टिक लागत दोनों काफी हद तक कम हो गई हैं।

फिर भी, इस स्तर के तकनीकी बदलाव में चुनौतियाँ हमेशा मौजूद रहती हैं। डिजिटल सुधार अक्सर संस्थानों को स्थापित प्रथाओं पर फिर से सोचने के लिए मजबूर करते हैं और उपयोगकर्ताओं को अपरिचित प्रणाली अपनाने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। ई-जागृति की शुरुआत के दौरान, डेटा स्थानान्तरण, भुगतान गेटवे एकीकरण, इंटरफेस की उपयोगिता और लंबे समय से चल रहे मैनुअल प्रक्रियाओं में बदलाव को लेकर चिंताएँ उभरीं। कानूनी पेशेवरों और अन्य हितधारकों के कुछ हिस्सों ने नई डिजिटल व्यवस्था को अपनाते समय कुछ चिंताएं जाहिर कीं। इन चिंताओं को बाधा मानने की बजाय, कार्यान्वयन प्रक्रिया ने उन्हें निरंतर सुधार के मौकों के तौर पर देखा। उपभोक्ता आयोगों, कानूनी पेशेवरों, तकनीकी विशेषज्ञों और राज्य सरकारों के साथ व्यापक परामर्श से इस प्लेटफ़ॉर्म को बेहतर बनाने में मदद मिली। नियमित क्षमता निर्माण कार्यक्रम, क्षेत्रीय कार्यशालाएं, वर्चुअल प्रशिक्षण सत्र, साप्ताहिक शिकायत निवारण संवाद और लगातार तकनीकी समर्थन से हितधारकों का नई प्रणाली में धीरे-धीरे भरोसा ब?ा। इस अनुभव से एक महत्वपूर्ण सबक मिला- डिजिटल परिवर्तन केवल इसलिए सफल नहीं होता कि तकनीक लागू की गई है, बल्कि इसलिए सफल होता है, क्योंकि संस्थाएं उपयोगकर्ता की प्रतिक्रिया के प्रति संवेदनशील रहती हैं और निरंतर सुधार के लिए प्रतिबद्ध रहती हैं।

शुरुआती परिणाम उत्साहवर्धक हैं। थोड़े ही समय में, ई-जागृति ने लाखों उपभोक्ताओं को एक साझा डिजिटल प्लेटफॉर्म पर ला दिया है, दो लाख से अधिक मामलों के दाखिले की सुविधा दी है, उच्च समाधान दर हासिल की है और साठ से अधिक देशों के उपभोक्ताओं को भारत के उपभोक्ता विवाद निवारण व्यवस्था तक पहुंचने में सक्षम बनाया है। मानकीकृत डिजिटल वर्कफ़्लो ने दक्षता में सुधार किया है और उन प्रक्रियात्मक अड़चनों को कम किया है, जो पहले की प्रणाली की विशेषता थी।

राष्ट्रीय ई-शासन पुरस्कार 2026 में रजत पुरस्कार के माध्यम से मान्यता, न केवल एक संस्थागत उपलब्धि के रूप में, बल्कि सरकारी प्रक्रिया की सफल पुनः डिज़ाइन की स्वीकृति के रूप में महत्वपूर्ण है। यह पुरस्कार इस बात को मान्यता देता है कि सार्थक डिजिटल शासन केवल मौजूदा प्रक्रियाओं को कंप्यूटरीकृत करने के बारे में नहीं है; यह उन्हें सरल, तेज़ और नागरिक-केंद्रित बनाने के लिए फिर से डिज़ाइन करने के बारे में है। भारत की व्यापक डिजिटल इंडिया यात्रा ने दिखाया है कि जब मजबूत संस्थागत प्रतिबद्धता हो, तो तकनीक सार्वजनिक सेवा अदायगी को बदल सकती है। डिजिटल पहचान और प्रत्यक्ष लाभ अंतरण से लेकर ऑनलाइन कराधान और स्वास्थ्य देखभाल प्लेटफार्मों तक, देश ने शासन में तकनीक की भूमिका का लगातार विस्तार किया है। अब उपभोक्ता न्याय भी उन क्षेत्रों की सूची में शामिल हो गया है, जिसमें संरचनात्मक डिजिटल सुधार हो रहे हैं। 'ई-जागृति' की सफलता भविष्य के शासन सुधारों के लिए भी महत्वपूर्ण सबक देती है। डिजिटल प्लेटफार्मों को संस्थाओं के बजाय नागरिकों को ध्यान में रखकर डिजाइन किया जाना चाहिए। पहुंच को बाद में सोची जाने वाली बात के बजाय एक मूल सिद्धांत के रूप में लिया जाना चाहिए। कृत्रिम बुद्धिमत्ता को निष्पक्षता से समझौता किए बिना पारदर्शिता और कुशलता बढ़ाने के लिए इस्तेमाल किया जाना चाहिए। सबसे बढ़कर, तकनीक को न्याय को सरल बनाना चाहिए, न कि उसमें जटिलता की नई परतें जोड़नी चाहिए।

जैसे-जैसे भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था बढ़ती जा रही है, उपभोक्ता का विश्वास उन संस्थाओं की विश्वसनीयता पर अधिक निर्भर करेगा, जो उपभोक्ता अधिकारों की रक्षा करती हैं। प्रभावी विवाद समाधान अब केवल एक प्रशासनिक उद्देश्य नहीं रहा; यह एक आर्थिक आवश्यकता बन गया है, जो बाजारों में भरोसे को मजबूत करता है और जिम्मेदार व्यावसायिक प्रथाओं को बढ़ावा देता है।

ई-जागृति प्लेटफार्म दिखाता है कि सोच-समझकर किया गया डिजिटल बदलाव कानूनी इरादे और नागरिक अनुभव के अंतर को कम कर सकता है। उपभोक्ता न्याय को तेज़, अधिक पारदर्शी और अधिक समावेशी बनाकर, यह एक सरल लेकिन शक्तिशाली सिद्धांत को मजबूत करता है–कि डिजिटल लोकतंत्र में, न्याय तक पहुंच भी सेवा तक पहुंच जितनी ही सहज होनी चाहिए। यही शायद इक्कीसवीं सदी में ग्राहक देवो भव का सबसे सार्थक रूप है।

**-श्री प्रल्हाद जोशी**

(लेखक केंद्रीय नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा तथा उपभोक्ता कार्य, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री हैं)

## सैय्याखेड़ा में 44 लाख के विकास कार्यों का शिलान्यास, जलभराव व बिजली समस्या जल्द दूर होगी: विधायक कादियान



अर्थ प्रकाश/सुरेन्द्र कुमार

गन्नौर। क्षेत्रीय विधायक देवेंद्र कादियान ने शनिवार को गांव सैय्याखेड़ा में करीब 44 लाख रुपए की लागत से विभिन्न विकास कार्यों का नारियल फोड़कर उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इस दौरान ग्रामीणों ने उनका स्वागत किया और क्षेत्र की समस्याएं भी रखीं।

विधायक ने 23.95 लाख रुपए से पीडब्ल्यूडी रोड से जगदीश के खेत तक 1.38 किमी सड़क, 5.50 लाख रुपए से कुलबीर से रामेहर तक तथा 3.85 लाख रुपए से अत्तर सिंह तक रास्तों के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। पंडित वाली गली और स्कूल वाली गली का निर्माण कार्य पहले ही पूरा होने पर उद्घाटन किया गया। ग्रामीणों ने जलभराव, बिजली आपूर्ति और सड़क की खराब स्थिति की शिकायत की। इस पर विधायक ने सड़क ब्लॉक दोबारा लगाने, जलनिकासी के लिए पुलिया निर्माण और बिजली व्यवस्था सुधार के निर्देश दिए।

विधायक ने कहा कि क्षेत्र में चार नए पावर हाउस ट्रायल पर हैं, जिनके शुरू होने से बिजली समस्या में सुधार होगा। उन्होंने बताया कि एशिया की सबसे बड़ी अंतरराष्ट्रीय बागवानी मंडी दिसंबर तक शुरू होने की उम्मीद है, जिससे किसानों को बड़ा लाभ मिलेगा और गन्नौर को नई पहचान मिलेगी।

## तीन दिवसीय जीएसटी सर्टिफिकेट कोर्स का शुभारंभ, प्रतिभागियों को मिलेगा व्यावहारिक प्रशिक्षण

अर्थ प्रकाश संवाददाता

चंडीगढ़। ब्राइटएज टैक्स सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड ने सीएस संजय मल्होत्रा (प्रैक्टिसिंग कंपनी सेक्रेटरी) और पीसीसीआई के सहयोग से महात्मा गांधी स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन (एमजीएस आईपीए), सेक्टर-26 में तीन दिवसीय 'जीएसटी-कॉन्सेप्ट्स टू कंप्लायंस' सर्टिफिकेट कोर्स का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में कंपनी सेक्रेटरी, चार्टर्ड अकाउंटेंट, कॉस्ट अकाउंटेंट, टैक्स प्रैक्टिशनर, अधिवक्ता, उद्यमी, वित्त विशेषज्ञ, छात्र तथा विभिन्न क्षेत्रों के पेशेवरों ने भाग लिया। कोर्स का उद्देश्य प्रतिभागियों को जीएसटी कानून की सैद्धांतिक जानकारी के साथ-साथ उसके व्यावहारिक अनुपालन का प्रशिक्षण देना है। पहले दिन ब्राइटएज टैक्स सॉल्यूशंस के डायरेक्टर एवं प्रैक्टिसिंग कंपनी सेक्रेटरी संजय मल्होत्रा तथा सेवानिवृत्त आईआरएस अधिकारी बलजीत सिंह खारा ने सप्लाई की अवधारणा, जीएसटी पंजीकरण, कर देयता, वैधानिक रिकॉर्ड और जीएसटी प्रैक्टिशनर से जुड़े विषयों पर तकनीकी सत्र लिए। मुख्य अतिथि राजन दत्त, आईआरएस, कमिश्नर, सीजीएसटी एवं केंद्रीय उत्पाद शुल्क (ऑडिट) आयुक्तालय, पंचकूला ने कहा कि जीएसटी लगातार विकसित होने वाला कानून है, इसलिए पेशेवरों के लिए निरंतर सीखना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि कोर्स में रजिस्ट्रेशन, इनपुट टैक्स क्रेडिट, रिटर्न, ऑडिट, कानूनी विवाद, निर्यात, रिफंड तथा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग जैसे विषयों पर भी व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा।

## सीमित सीटों के बीच सही मार्गदर्शन बना सफलता की कुंजी

अर्थ प्रकाश संवाददाता

चंडीगढ़। देश में चिकित्सा शिक्षा की बढ़ती प्रतिस्पर्धा और सीमित सीटों के कारण विद्यार्थियों तथा अभिभावकों के लिए सही एवं प्रमाणिक जानकारी का महत्व लगातार बढ़ता जा रहा है। ऐसे समय में विशेषज्ञों से सीधे संवाद और प्रवेश प्रक्रिया की स्पष्ट समझ विद्यार्थियों को बेहतर निर्णय लेने में मदद कर सकती है। इसी उद्देश्य से शनिवार को चिकित्सा प्रवेश से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें विद्यार्थियों और अभिभावकों को देश और विदेश में चिकित्सा शिक्षा से संबंधित आवश्यक जानकारियां दी गईं।

कार्यक्रम के दौरान शिक्षामेड की ओर से निःशुल्क पात्रता जांच और शैक्षणिक प्रोफाइल का मूल्यांकन भी किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. शबनम ने कहा कि देश में चिकित्सा सीटों की सीमित उपलब्धता और बढ़ती प्रतिस्पर्धा के कारण अनेक विद्यार्थी विदेश में शिक्षा के विकल्प तलाश रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी संस्थान में प्रवेश लेने से पहले उसकी मान्यता, पाठ्यक्रम, प्रशिक्षण व्यवस्था और भारत में लागू नियमों की पूरी जानकारी अवश्य प्राप्त करनी चाहिए।



इस अवसर पर सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ यूरोप के रेक्टर गोचा तुतबेरिद्ज़े, फैकल्टी डीन तमारा पेर्ताया, यूरोपियन यूनिवर्सिटी, जॉर्जिया की उप-डीन निनो पतराया तथा उपाध्यक्ष तमार जर्गिनावा ने विद्यार्थियों को चिकित्सा शिक्षा, मान्यता, वीजा प्रक्रिया, राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग के नियमों तथा भारत में चिकित्सकीय अभ्यास से जुड़े प्रावधानों की जानकारी दी। विशेषज्ञों ने कहा कि किसी भी निर्णय से पहले तथ्यों की जांच और सही परामर्श ही विद्यार्थियों के सुरक्षित और सफल भविष्य की सबसे मजबूत आधारशिला है।

## योगी सरकार में खेल क्रांति : वाराणसी का अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम जल्द बनेगा नई पहचान

**वाराणसी में आकार ले रहा विश्वस्तरीय क्रिकेट स्टेडियम**

**30 हजार दर्शकों की क्षमता के साथ विश्वस्तरीय सुविधाओं से होगा लैस**

अर्थ प्रकाश/विजय कुमार निगम

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खेल और खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रभावी कदम उठा रहे हैं। उनकी दूरदर्शी सोच और मजबूत नेतृत्व में प्रदेश में खेल अवसंरचना तेजी से विकसित हो रही है। इसी कड़ी में वाराणसी में निर्माणाधीन अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम एक ऐतिहासिक उपलब्धि के रूप में उभर रहा है। लगभग 400 करोड़ रुपये की लागत से बन रहा यह अत्याधुनिक स्टेडियम प्रदेश में खेल विकास के नए युग की शुरुआत का प्रतीक बन चुका है। स्टेडियम का निर्माण कार्य 92 प्रतिशत पूरा हो चुका है और जल्द ही यह खिलाड़ियों व क्रिकेट प्रेमियों को विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध कराएगा।

यह परियोजना उत्तर प्रदेश की बढ़ती खेल क्षमता का प्रमाण है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश खेल क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छू रहा है। यह स्टेडियम न केवल पूर्वांचल के खिलाड़ियों के लिए नई संभावनाएं खोलेगा, बल्कि उत्तर प्रदेश को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खेल मानचित्र पर मजबूत पहचान भी दिलाएगा। इस अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम की सबसे बड़ी विशेषता इसकी अनूठी शिव थीम है, जो इसे देश के अन्य क्रिकेट स्टेडियमों से अलग पहचान देती है। स्टेडियम का मीडिया सेंटर/ नार्थ पवेलियन भगवान शिव के डमरू के आकार में तैयार किया जा रहा है। वहीं फ्लडलाइट्स त्रिशूल की आकृति में स्थापित की जा रही हैं। प्रवेश द्वार बेलपत्र थीम पर आधारित है, जबकि छत को अर्धचंद्राकार स्वरूप दिया जा रहा है। काशी की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत को



आधुनिक वास्तुकला के साथ जोड़ने का यह प्रयास स्टेडियम को एक अद्वितीय पहचान प्रदान करेगा।

लगभग 30,000 दर्शकों की बैठने की क्षमता वाला यह स्टेडियम आधुनिक सुविधाओं और वैश्विक मानकों के अनुरूप विकसित किया जा रहा है। परिसर में एक अंतरराष्ट्रीय मानकों का मुख्य क्रिकेट मैदान और एक पूर्ण आकार का प्रैक्टिस ग्राउंड तैयार किया गया है। इससे राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय मैचों के आयोजन के साथ-साथ खिलाड़ियों के प्रशिक्षण और कौशल विकास के लिए भी उत्कृष्ट वातावरण उपलब्ध होगा। फिलहाल स्टेडियम का निर्माण कार्य अंतिम चरण में चल रहा है, सितंबर माह तक पूरा होने की संभावना है।

स्टेडियम में खिलाड़ियों, मैच अधिकारियों, मीडिया प्रतिनिधियों, प्रसारण एजेंसियों और दर्शकों के लिए सभी आवश्यक विश्वस्तरीय सुविधाओं का समावेश किया गया है। इसमें अत्याधुनिक ड्रेसिंग रूम, आधुनिक पवेलियन, उन्नत मीडिया एवं ब्रॉडकास्ट सुविधाएं, 1500 गाड़ियों की क्षमता वाली पार्किंग, उच्च क्षमता वाली फ्लडलाइट व्यवस्था, आधुनिक सुरक्षा प्रणाली, उन्नत विद्युत एवं अग्नि सुरक्षा प्रबंधन और दर्शकों के लिए उच्चस्तरीय सुविधाएं शामिल हैं। इन व्यवस्थाओं के चलते यह स्टेडियम देश के प्रमुख क्रिकेट स्टेडियमों की श्रेणी में शामिल होने की पूरी क्षमता रखता है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना की एक और बड़ी उपलब्धि यह है कि इसका निर्माण उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा अपनी संचित निधियों से कराया जा रहा है।

## माध्यमिक विद्यालयों में जुलाई में कक्षाओं के साथ-साथ अन्य कार्यों के कारण रहेगी व्यस्तता

अर्थ प्रकाश/विजय कुमार निगम

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार माध्यमिक विद्यालयों में शिक्षा को केवल पाठ्यपुस्तकों तक सीमित न रखकर विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का माध्यम बना रही है। इसी सोच के अनुरूप जुलाई में प्रदेश के माध्यमिक विद्यालयों में नियमित पठन-पाठन के साथ बोर्ड परीक्षा आवेदन प्रक्रिया, सतत मूल्यांकन, डिजिटल शिक्षा, छात्रवृत्ति, स्वास्थ्य, पर्यावरण, सांस्कृतिक गतिविधियों और करियर मार्गदर्शन का व्यापक अभियान चलेगा। शैक्षणिक कैलेंडर के अनुसार पूरे माह संचालित होने वाली गतिविधियों का उद्देश्य विद्यार्थियों की शैक्षणिक उपलब्धियों के साथ उनके व्यक्तित्व, नेतृत्व क्षमता, जीवन कौशल और सामाजिक उत्तरदायित्व का विकास करना है। नियमित शिक्षण के साथ सीखने की गुणवत्ता, तकनीकी दक्षता, अनुशासन और व्यावहारिक कौशल को भी समान रूप से बढ़ावा दिया जाएगा। जुलाई में राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस, विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान, वन महोत्सव, सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान तथा करियर काउंसिलिंग (साइकोमेट्रिक टेस्ट) जैसी गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इन कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता, पर्यावरण संरक्षण, सड़क सुरक्षा, सामाजिक दायित्व और भविष्य के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित किया जाएगा। जुलाई में निर्धारित पाठ्यक्रम के अनुसार नियमित शिक्षण कार्य जारी रहेगा। कक्षा 9 से 12 तक प्रवेश संबंधी कार्य पूरे किए जाएंगे। कक्षा 10 एवं 12 के विद्यार्थियों के विवरण का मिलान कर बोर्ड परीक्षा आवेदन प्रक्रिया पूरी की जाएगी, जबकि कक्षा 11 के विद्यार्थियों का पंचम पोर्टल पर पंजीकरण कराया जाएगा।

## जनसमस्याओं का समयबद्ध समाधान सरकार की प्राथमिकता : डॉ. अरविंद शर्मा

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

गोहाना। सहकारिता, कारागार, निर्वाचन, विरासत एवं पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने शनिवार को गोहाना स्थित सिंचाई विश्राम गृह में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में लोगों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने मौके पर ही संबंधित विभागों के अधिकारियों को शिकायतों का समयबद्ध और प्रभावी समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।डॉ. शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार सुशासन और जनसेवा के संकल्प के साथ कार्य कर रही है। सरकार की प्राथमिकता है कि आम नागरिक की शिकायतों का बिना अनावश्यक देरी के समाधान हो। उन्होंने अधिकारियों



से प्रत्येक मामले का गंभीरता और जवाबदेही के साथ निस्तारण करने को कहा, ताकि लोगों का प्रशासन पर विश्वास और मजबूत हो।

इस दौरान उन्होंने भारत निर्वाचन आयोग के विशेष मतदाता पुनरीक्षण अभियान का भी उल्लेख किया। उन्होंने पात्र मतदाताओं से निर्धारित गणना प्रपत्र समय पर भरकर संबंधित बीएलओ के पास जमा कराने की अपील की। उन्होंने कहा कि मतदान प्रत्येक नागरिक का लोकतांत्रिक अधिकार होने के साथ-साथ जिम्मेदारी भी है।

## राई में एसआईआर-2026 अभियान तेज, मतदाता सूची शुद्धिकरण पर जोर : माईराम कौशिक

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

सोनीपत। राई विधानसभा क्षेत्र में विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR)-2026 अभियान के तहत विभिन्न स्थानों पर बीएलओ, बीएलए एवं आरडब्ल्यूए प्रतिनिधियों के साथ समन्वय एवं जागरूकता बैठकें आयोजित की गई। अभियान की समीक्षा करते हुए भाजपा नेता माईराम कौशिक ने मतदाता सूची को शुद्ध एवं अद्यतन बनाने पर विशेष जोर दिया।उ न्होंने कहा कि आवासीय सोसाइटियों एवं शहरी क्षेत्रों में रहने वाले सभी पात्र नागरिक अपने ÷सामान्य निवास÷ के आधार पर केवल एक ही स्थान पर मतदाता पंजीकरण सुनिश्चित करें। किसी भी व्यक्ति का नाम दो स्थानों पर दर्ज नहीं होना चाहिए, ऐसे मामलों में तत्काल



संशोधन किया जाए। माईराम कौशिक ने बीएलओ को फॉर्म-6, 7, 8 एवं 8ए के कार्य समय पर पूर्ण करने, घर-घर जाकर एन्यूमरेशन फॉर्म भरवाने तथा सभी विवरणों का सही तरीके से डिजिटाइजेशन करने के निर्देश दिए। साथ ही ECINET ऐप के नियमित उपयोग और प्रतिदिन डेटा अपडेट पर भी बल दिया गया।उन्होंने आरडब्ल्यूए से अपील की कि वे मतदाता जागरूकता अभियान में सहयोग करें तथा नए, स्थानांतरित एवं मृत मतदाताओं की जानकारी समय पर बीएलओ को उपलब्ध कराएं। बैठक में क्षेत्र की मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाने पर बल दिया गया।

## 'माविगुन' राजधानी प्रस्ताव पर कायम रहेंगे : वाई.एस. जगन मोहन रेड्डी

**दलित ईसाई पर तेलुगु देशम पार्टी का स्टैंड सामने आना चाहिए, पूर्ण रूप से बिगड़ गई है कानून-व्यवस्था**

अर्थ प्रकाश/बोम्मा रेड्डी

ताडेपल्ली। आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं वाईएसआरसीपी के अध्यक्ष वाई.एस. जगन मोहन रेड्डी ने राज्य की गठबंधन सरकार पर कानून-व्यवस्था बनाए रखने में विफल रहने का आरोप लगाते हुए कई मुद्दों पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी माविगुन (मछलीपट्टनम, विजयवाड़ा और गुंटूर) को राजधानी क्षेत्र बनाने के प्रस्ताव पर पूरी तरह कायम है और इसे आगामी चुनावों में प्रमुख चुनावी मुद्दा बनाया जाएगा। साथ ही उन्होंने तेलुगु देशम पार्टी से दलित ईसाई समुदाय के मुद्दे पर अपना स्पष्ट राजनीतिक रुख सार्वजनिक करने की मांग की।

बुधवार को ताडेपल्ली में आयोजित प्रेस वार्ता में जगन ने कहा कि अमरावती परियोजना के नाम पर बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार हो रहा है। उनका आरोप था कि निर्माण कार्यों में ठेकेदारों को मनमाने ढंग से ऊंची दरों पर भुगतान किया जा रहा है, जबकि माविगुन क्षेत्र प्राकृतिक सुविधाओं और पहले से उपलब्ध बुनियादी ढांचे के कारण अधिक उपयुक्त विकल्प है। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी इस प्रस्ताव पर पहले की तरह अडिग है और जनता के बीच इसे लेकर जाएगी।

दलित ईसाई मुद्दे पर बोलते हुए जगन ने कहा कि धर्म परिवर्तन से किसी व्यक्ति की सामाजिक स्थिति नहीं बदलती। उन्होंने दावा किया कि उनकी पार्टी ने इस विषय पर अपना पक्ष पहले ही स्पष्ट कर दिया है तथा जस्टिस बालकृष्णन आयोग के समक्ष



भी अपना दृष्टिकोण रखा है। उन्होंने आरोप लगाया कि टीडीपी के कुछ नेता धार्मिक और जातीय भावनाएं भड़काने का प्रयास कर रहे हैं, जबकि पार्टी नेतृत्व इस विषय पर चुप्पी साधे हुए है।

जगन ने 'हे राम, आंध्र बचाओ' का नारा देते हुए कहा कि राज्य में पुलिस का राजनीतिक इस्तेमाल किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की आलोचना करने वालों पर झूठे मुकदमे दर्ज किए जा रहे हैं और विपक्षी नेताओं व कार्यकर्ताओं को परेशान किया जा रहा है। उंडावल्ली की घटना का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी के कार्यकर्ताओं पर हमला होने के बावजूद उन्हीं के खिलाफ मामले दर्ज किए गए।

पूर्व मुख्यमंत्री ने साई कृष्णा की कथित कस्टोडियल डेथ का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने आरोप लगाया कि मामले में महत्वपूर्ण सीसीटीवी फुटेज गायब हो गई और कॉल डाटा भी एकत्र नहीं किया गया, जिससे जांच को प्रभावित करने की आशंका पैदा होती है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों के खिलाफ निष्पक्ष कार्रवाई की मांग की। इसके अलावा उन्होंने दलित युवक क्रांति कुमार की आत्महत्या, मतदाता सूची से कथित रूप से नाम हटाने और किसानों की समस्याओं का भी उल्लेख किया।

जगन ने आरोप लगाया कि किसानों को फसल बीमा, इनपुट सब्सिडी और उचित समर्थन मूल्य जैसी सुविधाएं नहीं मिल रही हैं तथा कृषि व्यवस्था कमजोर हुई है। उन्होंने कहा कि राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति लगातार बिगड़ रही है और पुलिस का उपयोग राजनीतिक विरोधियों के खिलाफ किया जा रहा है। उन्होंने दोहराया कि वाईएसआरसीपी जनता के मुद्दों और माविगुन राजधानी प्रस्ताव को लेकर अपना संघर्ष जारी रखेगी।

# डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान राष्ट्र की अखंडता का अमर प्रतीक: प्रदीप जैन

-रोहतक के 'मंगल कमल' कार्यालय में आयोजित भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन में गूंजे राष्ट्रवाद और एकात्म भारत के संकल्प

वरिष्ठ भाजपा नेता बोले : डॉ. मुखर्जी ने राष्ट्रहित से कभी नहीं किया समझौता, ताउम्र देशहित के लिए किया संघर्ष

कार्यकर्ताओं ने उठाई मांग : रोहतक में स्थापित हो डॉ. मुखर्जी की आदमकद प्रतिमा, प्रमुख सड़क मार्ग का हो नामकरण*

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**रोहतक, सुकरमपाल 4 जुलाई ।** भारतीय जनता पार्टी जिला इकाई द्वारा शनिवार को 'मंगल कमल' कार्यालय में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्मरण पखवाड़ा के अंतर्गत एक विशाल कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष एडवोकेट रणबीर ढाका ने की, जबकि मुख्य वक्ता के तौर पर वरिष्ठ भाजपा नेता प्रदीप जैन उपस्थित रहे। सम्मेलन में भारी संख्या में पहुंचे पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के राष्ट्र निर्माण, राष्ट्रीय एकता और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के प्रति उनके अतुलनीय योगदान को श्रद्धापूर्वक नमन किया। सिद्धांतों के पक्के थे डॉ. मुखर्जी ‐ प्रदीप जैन* कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता प्रदीप जैन ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का देश की एकता, अखंडता और संप्रभुता के लिए दिया गया सर्वोच्च बलिदान सदैव देशवासियों को प्रेरित करता रहेगा। उन्होंने बताया कि भाजपा 23 जून (बलिदान दिवस) से 6 जुलाई (125वीं जयंती) तक पूरे देश में 'स्मरण पखवाड़ा' मना रही है, जिसके माध्यम से उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाया जा रहा है। प्रदीप जैन ने डॉ. मुखर्जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मात्र 33 वर्ष की आयु में कलकत्ता विश्वविद्यालय के सबसे युवा कुलपति बनने वाले डॉ. मुखर्जी ने शिक्षा जगत में अमिट छाप छोड़ी और बंगाली सहित भारतीय भाषाओं को सम्मान दिलाया। स्वतंत्र भारत के पहले उद्योग एवं आपूर्ति मंत्री के रूप में उन्होंने ऐतिहासिक औद्योगिक परियोजनाओं की मजबूत नींव रखी। उन्होंने कहा कि वर्ष 1950 में नेहरू-लियाकत समझौते का विरोध करते हुए उन्होंने केंद्रीय मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया और 1951 में भारतीय जनसंघ की स्थापना की। एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान नहीं चलेंगे'* का उनका उद्घोष राष्ट्रीय एकता का शाश्वत मंत्र बना। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाकर डॉ. मुखर्जी के एकात्म भारत के संकल्प को पूरा किया गया है।*प्रतिमा स्थापित करने व सड़क मार्ग के नामकरण की उठी मांग* सम्मेलन के दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं ने सर्वसम्मति से रोहतक शहर में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की एक आदमकद प्रतिमा स्थापित करने तथा शहर के किसी प्रमुख सड़क मार्ग का नाम उनके नाम पर रखने की पुरजोर मांग उठाई। कार्यकर्ताओं ने कहा कि राष्ट्र की अखंडता के लिए उनके ऐतिहासिक योगदान को यह स्थायी सम्मान मिलना ही चाहिए। भाजपा नेत्री ज्योत्सना रोहिल्ला ने भी अपने संबोधन में उनके जीवन को त्याग और साहस का अद्वितीय उदाहरण बताया। 7 जुलाई को डॉ. अर्चना गुप्ता का रोहतक में होगा भव्य अभिनंदन* अपने अध्यक्षीय संबोधन में जिलाध्यक्ष एडवोकेट रणबीर ढाका ने कहा कि डॉ. मुखर्जी



के विचार विकसित भारत के निर्माण की आधारशिला हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं को आगामी 7 जुलाई को भाजपा प्रदेश अध्यक्षा डॉ. अर्चना गुप्ता के प्रथम रोहतक आगमन पर नई अनाज मंडी में आयोजित होने वाले भव्य स्वागत एवं अभिनंदन समारोह का निमंत्रण दिया। ढाका ने आह्वान किया कि कार्यकर्ता अधिकतम संख्या में पहुंचकर इस कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाएं।यह रहे उपस्थित* इस गौरवमयी अवसर पर पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर, पूर्व मंत्री कृष्ण मूर्ति हुड्डा, पूर्व मेयर मनमोहन गोयल, भाजपा प्रदेश मीडिया सह-प्रभारी शमशेर सिंह खरक, पूर्व जिलाध्यक्ष राजकुमार शर्मा, जिला महामंत्री अभिनन्दन शर्मा, नितिन जैन, जिला उपाध्यक्ष नवीन ढुल, पूर्व विधायक सरिता नारायण, राजेश भालौट, देवराज सांपला, डॉ. अशोक कुमार रंगा, वीर सिंह हुड्डा, दीपक हुड्डा, डॉ. दिनेश घिलौड़, डॉ. प्रेस सिंह हुड्डा और पदम सिंह ढूल सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पी डी जैन चैरिटेबल ट्रस्ट (रजि.) जगराओं ने बांटी कुष्ठ आश्रम में मासिक राशन की 40वीं किस्त



अर्थ प्रकाश/ प्रदीप पाल/ जगराओं 4 जुलाई 2026 स्वतंत्रता सेनानी श्री दयाचंद जैन के सुपुत्र समाज सेवक श्री राजेंद्र जैन ने अपने माता-पिता की याद में स्थापित पी डी जैन चैरिटेबल ट्रस्ट(रजि.) जगराओं के माध्यम से हर माह की भांति आज सुबह 10:00 बजे लाजपत राय कुष्ठ आश्रम जगराओं में बहुत ही साधारण परंतु प्रभावशाली ढंग से आयोजित समारोह के माध्यम से कुष्ठ आश्रम के सभी 35 परिवारों को मासिक राशन की 40वीं किस्त प्रदान की गौरव तलब है कि आज से लगभग 40 माह पहले श्री राजेंद्र जैन ने कुष्ठ आश्रम के सभी परिवारों की भोजन की समस्या को ध्यान में रखते हुए हर मां हर परिवार को एक महीने का पूरा राशन देने का फैसला किया था और उस समय से सफलतापूर्वक हर महीने के पहले शनिवार को कुष्ठ आश्रम में पी डी जैन चैरिटेबल ट्रस्ट (रजि.)के माध्यम से राशन वितरण किया जाता है और कुष्ठ आश्रम के सभी बच्चों को नमकीन बिस्कुट आदि भी दिए जाते हैं श्री राजेंद्र जैन समाज कल्याण लोक भलाई स्वास्थ्य धार्मिक व सामाजिक कार्यों के कुल 13 प्रोजेक्ट महीना वार और हर रोज के आधार पर चला रहे हैं और यह सभी खर्च अपनी नेक कमाई से करते हैं और किसी भी प्रकार का चंदा दान या पैसा इकट्ठा पब्लिक से नहीं करते आज के शुभ अवसर पर राजकुमार भल्ला सरदार गुरिंदर सिंह सिद्धू कैप्टन नरेश वर्मा केवल किशन मल्होत्रा मैडम कंचन गुप्ता दिनेश जैन मोहित जैन रमेश जैन आदि उपस्थित रहे मेहमानों को चाय नाश्ता ठंडा आदि दिया गया और श्री राजेंद्र जैन ने सभी का धन्यवाद किया

## न्यूज ब्रीफ

### अकाली-भाजपा सरकार के समय लगाए गए 'गाइड मैप' बोर्ड बदहाली का शिकार, प्रशासन बना मूकदर्शक



अर्थ प्रकाश/डेराबस्सी। शिरोमणि अकाली दल और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की गठबंधन सरकार के कार्यकाल में शहर की सुंदरता बढ़ाने और आम लोगों की सुविधा के लिए नगर परिषद द्वारा लाखों रुपये की लागत से विभिन्न वार्डों के बाहर लगाए गए 'गाइड मैप' (नक्शा) बोर्ड आज बदहाली का शिकार होकर उपेक्षा की कहानी बयां कर रहे हैं। प्रशासनिक अधिकारियों की कथित अनदेखी के कारण जनता के पैसे से तैयार किए गए ये महत्वपूर्ण बोर्ड पूरी तरह से उपेक्षित हो चुके हैं। शहर के विभिन्न वार्डों और मुख्य मार्गों के प्रवेश द्वारों पर लगाए गए इन बोर्डों का उद्देश्य बाहर से आने वाले लोगों, रिश्तेदारों तथा कूरियर एवं डाक विभाग के कर्मचारियों को वार्ड के अंदर की गलियों और रास्तों की सही जानकारी उपलब्ध कराना था। लेकिन वर्तमान में अधिकांश बोर्डों पर निजी कंपनियों, कोचिंग सेंटरों और राजनीतिक नेताओं के अवैध विज्ञापन पोस्टर चिपका दिए गए हैं, जिससे उन पर बने नक्शे पूरी तरह ढक गए हैं। कई स्थानों पर ये बोर्ड टूट चुके हैं या उन पर जंग लग चुकी है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि सरकार बदलते ही विकास कार्यों के रखरखाव पर ध्यान देना भी बंद कर दिया जाता है। यदि समय-समय पर इन गाइड मैप बोर्डों की सफाई और आवश्यकतानुसार इन्हें अपडेट किया जाता, तो आज बाहरी लोगों को गलियां खोजने में परेशानी का सामना नहीं करना पड़ता। हैरानी की बात यह है कि नगर परिषद के अधिकारी प्रतिदिन इन मार्गों से गुजरते हैं, लेकिन किसी जिम्मेदार अधिकारी ने अब तक इन बोर्डों की मरम्मत करवाने या उन पर अवैध पोस्टर लगाने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने की पहल नहीं की। क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों ने प्रशासन और नगर परिषद के वरिष्ठ अधिकारियों से मांग की है कि गाइड मैप बोर्डों से तत्काल अवैध पोस्टर हटाए जाएं, क्षतिग्रस्त बोर्डों की मरम्मत कर उन्हें दोबारा रंग-रोगन किया जाए तथा सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने और अवैध विज्ञापन लगाने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। अब देखना यह होगा कि खबर प्रकाशित होने के बाद नगर परिषद प्रशासन इस दिशा में कोई ठोस कदम उठाता है या फिर सरकारी धन से तैयार की गई इस सार्वजनिक संपत्ति की उपेक्षा इसी तरह जारी रहती है। इस संबंध में नगर परिषद डेराबस्सी के कार्यकारी अधिकारी रवनीत सिंह ने कहा कि जल्द ही एक विशेष अभियान शुरू किया जाएगा, जिसके तहत शहर में खराब हालत में लगे गाइड मैप बोर्डों की मरम्मत कराई जाएगी, ताकि शहरवासियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

### करंट की चपेट में आने से दो नवयुवकों की अकाल मौत
### दोनों युवक अपने अपने परिवार में इकलौते थे



अर्थ प्रकाश/सिरसा। सिरसा के गांव कर्मगढ़ के पास एक खेत में मक्की की फसल ट्रॉली में लोड करते समय बिजली की 11 हजार वोल्टेज लाइन का करंट लगने से 2 नवयुवकों की मौत हो गई। दोनों मृतक जिला के गांव रोड़ी के बाशिंदे थे। दोनों अपने परिवार में इकलौते थे।इस घटना के बाद रोड़ी गांव के लोगों में गहरा शोक है।

परिजनों के अनुसार दोनो युवक 19 वर्षीय देवेंद्र सिंह और 19 वर्षीय दलजीत सिंह कर्मगढ़ में नागोकी के जसमीत सिंह द्वारा हिमांशु मेहता के खेत खरीदी गई मक्की की फसल काटकर ट्रॉली में लोड कर रहे थे कि एक युवक के ऊपर से गुजर रही बिजली की तार से सम्पर्क होने से अचेत हो गया जब दूसरे ने उसको सम्भालने की कोशिश की तो वह भी करंट की चपेट में आ गया जिससे वह भी अचेत हो गया, वहां काम कर रहे अन्य लोगो ने उनको संभाला और दोनों को घायलवस्था में गाड़ी से पहले निजी अस्पताल में ले जाया गया, जहां से डॉक्टरों ने सिविल अस्पताल में रेफर कर दिया। रात्रि को डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे और पुलिस बुलाई गई। पुलिस ने दोनों के शव को अपने कब्जे में लेकर सिविल अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिए हैं और घटनास्थल का जायजा लेने मौके पर पहुंची।

**दोनों परिवार में इकलौते बेटे**

ग्रामीणों के अनुसार, देवेंद्र अपने माता-पिता का इकलौती संतान था और पिता गुरदर्शन सिंह खेतीबाड़ी करते हैं। देवेंद्र ने हाल ही में चारा बनाने की साइलेज मेकर मशीन नई ली थी और यह पहला सीजन था। ऐसे में उसका दोस्त दलजीत उसे सहयोग के लिए साथ में गया था।

दलजीत सिंह अपनी 2 बहनों से छोटा था और माता-पिता का इकलौता बेटा था। पिता गुरप्रीत सिंह खेतीबाड़ी करते हैं। उसकी देवेंद्र के साथ पुरानी दोस्ती थी। वह दोस्त को हाथ बंटवाने के लिए साथ चला गया था। दोनों ही खेतीबाड़ी संभाल रहे थे।

# 7 जुलाई को डॉ. अर्चना गुप्ता के भव्य स्वागत को लेकर लाखनमाजरा ब्लॉक में भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक सम्पन्न

महिलाओं को नेतृत्व देने का वादा भाजपा ने निभाया, डॉ. अर्चना गुप्ता की नियुक्ति इसका प्रमाण ‐ नवीन ढुल

डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर कार्यकर्ताओं ने लिया राष्ट्रसेवा का संकल्प, स्वागत कार्यक्रम की तैयारियां तेज

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**रोहतक, सुकरमपाल 4 जुलाई ।** भारतीय जनता पार्टी के लाखनमाजरा ब्लॉक के कार्यकर्ताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक जिला उपाध्यक्ष नवीन ढुल की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में आगामी 7 जुलाई को नई अनाज मंडी, रोहतक में हरियाणा भाजपा की नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता के प्रस्तावित भव्य स्वागत कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ताओं की अलग-अलग जिम्मेदारियां एवं ड्यूटियां निर्धारित की गईं। बैठक को संबोधित करते हुए जिला उपाध्यक्ष नवीन ढुल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो महिलाओं को नेतृत्व और सम्मान देने का कार्य करती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से महिला आरक्षण विधेयक लाकर अपनी प्रतिबद्धता को सिद्ध किया। हरियाणा भाजपा की कमान डॉ. अर्चना गुप्ता को सौंपना इस बात का स्पष्ट संदेश है कि भाजपा अपने संकल्पों और वचनों पर सदैव कायम रहती है तथा महिलाओं को नेतृत्व के सर्वोच्च अवसर प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि आज भारतीय जनसंघ के संस्थापक, प्रखर राष्ट्रवादी विचारक एवं महान शिक्षाविद् डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर पूरा देश उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन कर रहा है। डॉ. मुखर्जी ने राष्ट्र की एकता, अखंडता और ÷एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान नहीं चलेंगे÷ के संकल्प के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। उनके आदर्श एवं राष्ट्रभक्ति का भाव प्रत्येक भाजपा कार्यकर्ता के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि डॉ. मुखर्जी के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने तथा राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का संकल्प लें। बैठक में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने विश्वास दिलाया कि 7 जुलाई को नई अनाज मंडी, रोहतक में आयोजित स्वागत समारोह में लाखनमाजरा ब्लॉक से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता पहुंचकर कार्यक्रम को ऐतिहासिक एवं भव्य बनाएंगे। बैठक में मुख्य रूप से मंडल सचिव अनिल राठी, पूर्व मंडल अध्यक्ष जस्सू प्रधान, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष ललिता शर्मा, सतबीर, महावीर आर्य, नरेश राठी, आजाद सिंह, रामसिंह जेई, आईटी प्रमुख समीर नागर, सुरेन्द्र, विजय, कृष्ण, जगदीश, सतराज, सुनील, अनिल पांचाल, सत्यनारायण राठी, अमन सरपंच, आशीष, सुमित पंवार एवं विक्रांत ढुल सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे

## लायंस क्लब डेराबस्सी सार्वजनिक संस्थानों में लगाएगा पौध: के.पी. शर्मा

-सदस्यों को पौधों की देखभाल के लिए किया प्रेरित



अर्थ प्रकाश/डेराबस्सी, 4 जुलाई। पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छ वातावरण के उद्देश्य से चलाए जा रहे अभियान के तहत लायंस क्लब डेराबस्सी द्वारा शनिवार को क्लब के अध्यक्ष के.पी. शर्मा के नेतृत्व में स्थानीय गौशाला परिसर में पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर डेराबस्सी इंडस्ट्री एसोसिएशन के अध्यक्ष विजय मित्तल ने पौधा लगाकर अभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने लायंस क्लब के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि क्लब समाज सेवा के क्षेत्र में सराहनीय योगदान दे रहा है। इस मौके पर क्लब अध्यक्ष के.पी. शर्मा ने बताया कि लायंस क्लब द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर पर्यावरण संरक्षण के लिए 'एक लायन-एक पौधा' अभियान शुरू किया गया है। इस अभियान के तहत प्रत्येक लायन सदस्य द्वारा कम से कम एक पौधा लगाने का संकल्प लिया गया है। उन्होंने बताया कि इसी अभियान के अंतर्गत स्थानीय गौशाला में छायादार पौधे लगाए गए हैं तथा आने वाले समय में डेराबस्सी के विभिन्न सार्वजनिक संस्थानों में भी पौधारोपण अभियान जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि क्लब के सदस्यों को अपने-अपने घरों में लगाने के लिए भी पौधे वितरित किए गए हैं। साथ ही सभी को पौधे लगाने के बाद उनकी नियमित देखभाल और संरक्षण सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया गया। के.पी. शर्मा ने कहा कि केवल पौधे लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनकी देखभाल करना भी उतना ही आवश्यक है, तभी इस अभियान का वास्तविक उद्देश्य पूरा हो सकेगा। इस अवसर पर समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने के लिए डॉ. बरखा राम को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विजय मित्तल, जोन चेयरमैन बलकार सिंह, डॉ. बरखा राम, क्लब के महासचिव लायन उपेश बंसल, कोषाध्यक्ष सुशील धीमान, निदेशक प्रेम सिंह सहित बड़ी संख्या में लायंस क्लब के सदस्य उपस्थित रहे।

# डेराबस्सी में आंगनवाड़ी मुलाजिम यूनियन सीटू का धरना, गुरदीप कौर पर हमले के आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की मांग

विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने दिया न्याय का भरोसा, होमगार्ड कर्मी कुलदीप सिंह बड़ाना समेत चार आरोपियों पर मामला दर्ज

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**डेराबस्सी।** आंगनवाड़ी कार्यकर्ता गुरदीप कौर के साथ हुई कथित मारपीट और जानलेवा हमले के विरोध में शनिवार को आंगनवाड़ी मुलाजिम यूनियन पंजाब (सीटू), ब्लॉक डेराबस्सी की ओर से जिला प्रधान गुरप्रीत कौर धनौनी की अगुवाई में विधायक कुलजीत सिंह रंधावा के आवास के बाहर रोष प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में आंगनवाड़ी वर्करों और हेल्परों ने भाग लेते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की।

यूनियन नेताओं ने कहा कि गुरदीप कौर पर उस समय हमला किया गया जब वह सरकार की 'मां दियां सत्कार योजना' के तहत फार्म भरने का कार्य कर रही थीं। उनका कहना था कि यदि तकनीकी कारणों या सर्वर संबंधी समस्या के चलते कोई दिक्कत आई थी, तो इसके लिए संबंधित विभाग जिम्मेदार है, न कि अपनी ड्यूटी निभा रही आंगनवाड़ी कार्यकर्ता। ऐसे में एक सरकारी कर्मचारी पर हमला करना बेहद गंभीर और निंदनीय घटना है।

प्रदर्शनकारियों ने मांग की कि हमले में शामिल सभी आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार कर उनके खिलाफ सख्त धाराओं के तहत कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में किसी भी सरकारी कर्मचारी के साथ इस प्रकार की घटना दोबारा न हो। यूनियन नेताओं ने कहा कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण कार्य करती हैं। ऐसे में उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार और प्रशासन की जिम्मेदारी है।

धरने के दौरान विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने यूनियन प्रतिनिधियों से मुलाकात कर उन्हें भरोसा दिलाया कि मामले में निष्पक्ष एवं सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस मामले में होमगार्ड कर्मी कुलदीप सिंह बड़ाना को निलंबित कर दिया गया है, जबकि पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। विधायक ने आश्वासन दिया कि कानून के अनुसार दोषियों के विरुद्ध उचित कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

इस संबंध में हंडेसरा पुलिस ने हमले के मामले में बलजिंदर कौर पत्नी कुलदीप सिंह, राजविंदर कौर पत्नी रविंद्र सिंह, कुलदीप सिंह तथा रविंद्र सिंह के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

यूनियन ने चेतावनी दी कि यदि भविष्य में आंगनवाड़ी कर्मचारियों की सुरक्षा को लेकर ठोस कदम नहीं उठाए गए तो पूरे प्रदेश में आंदोलन तेज किया जाएगा। उन्होंने सरकार से मांग की कि सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में लगे कर्मचारियों को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराया जाए तथा दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाई जाए।

धरने में जिला प्रधान गुरप्रीत कौर धनौनी, ब्लॉक प्रधान जसविंदर कौर, वाइस प्रधान रजनी बाला, बलजीत कौर, सर्कल प्रधान लाजवंती, प्रीतम कौर, सुरेश कुमारी, जसविंदर कौर, सरबजीत कौर सहित बड़ी संख्या में आंगनवाड़ी वर्करों और हेल्परों ने भाग लिया।

## जिला के सभी मतदाता 14 जुलाई तक अनिवार्य रूप से भरें एन्यूमरेशन फॉर्म: डीसी



अर्थ प्रकाश/रोहतक। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सचिन गुप्ता ने जिला के सभी पात्र मतदाताओं का आह्वान करते हुए कहा है कि विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत एन्यूमरेशन फॉर्म भरना प्रत्येक मतदाता के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि 14 जुलाई 2026 निर्धारित की गई है। इसलिए सभी मतदाता समय रहते अपना फॉर्म भरकर जमा करें ताकि उनका नाम मतदाता सूची में सही एवं अपडेट बना रहे। सचिन गुप्ता ने कहा कि समय पर एन्यूमरेशन फॉर्म भरें, अपने मताधिकार को सुरक्षित रखें और मजबूत लोकतंत्र के निर्माण में अपनी जिम्मेदारी निभाएं। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा मतदाताओं की सुविधा के लिए व्यापक स्तर पर अभियान चलाया जा रहा है। सभी बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) घर-घर जाकर मतदाताओं से संपर्क कर रहे हैं तथा उन्हें एन्यूमरेशन फॉर्म भरने में आवश्यक सहायता प्रदान कर रहे हैं। यदि किसी मतदाता तक अभी तक बीएलओ नहीं पहुंचा है तो वह स्वयं अपने संबंधित बीएलओ से संपर्क कर फॉर्म भर सकता है। उन्होंने कहा कि मतदाता ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों माध्यमों से एन्यूमरेशन फॉर्म भर सकते हैं। ऑनलाइन सुविधा के लिए मतदाता राष्ट्रीय मतदाता सेवा पोर्टल अथवा वोटर हेल्पलाइन ऐप का उपयोग कर सकते हैं। वहीं ऑफलाइन फॉर्म अपने संबंधित बीएलओ के माध्यम से आसानी से जमा किया जा सकता है। उपायुक्त सचिन गुप्ता ने कहा कि एन्यूमरेशन फॉर्म भरने से मतदाता सूची में उपलब्ध जानकारी सही एवं अपडेट रहेगी तथा भविष्य में मतदान से संबंधित किसी भी प्रकार की असुविधा से बचा जा सकेगा। उन्होंने कहा कि आपका वोट आपका लोकतांत्रिक अधिकार है और इसे सुरक्षित रखना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। उन्होंने जिला के सभी नागरिकों से आग्रह किया कि वे केवल स्वयं ही फॉर्म न भरें, बल्कि अपने परिवार के सदस्यों, रिश्तेदारों एवं पड़ोसियों को भी इसके लिए प्रेरित करें।

# पठानिया पब्लिक स्कूल का नाइट मार्च विद्यार्थियों के लिए बना अविस्मरणीय अनुभव

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**रोहतक, सुकरमपाल 4 जुलाई ।** पठानिया पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास तथा साहस को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से भव्य नाइट मार्च एवं रात्रि-भ्रमण का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा छठी से बारहवीं तक के लगभग 550 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस रोमांचक कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अनुशासन, टीमवर्क एवं साहस का उत्कृष्ट परिचय दिया। कार्यक्रम की शुरुआत विभिन्न मनोरंजक एवं कौशल-आधारित खेल प्रतियोगिताओं से हुई। विद्यार्थियों ने पासिंग द बॉल, लेमन रेस, बैलेंस रेस, सैक रेस, रस्साकशी, पैराशूट गेम, फुटबॉल मैच, हुला-हूप तथा अन्य टीम गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इन प्रतियोगिताओं ने विद्यालय परिसर को ऊर्जा, उत्साह और उल्लास से भर दिया। खेल गतिविधियों के उपरांत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। मंच का संचालन सुनीता वर्मा के दिशा निर्देशन में कक्षा दसवीं के छात्र यशवर्धन, खुश और कक्षा आठवीं के सान्विका ,वाणी ने बड़ी उत्साह पूर्वक किया। विद्यार्थियों ने गायन-वादन, नृत्य एवं हास्य-प्रधान लघु नाटिकाओं की मनमोहक प्रस्तुतियों से सभी का भरपूर मनोरंजन किया। उनकी शानदार प्रस्तुतियों ने दर्शकों की खूब सराहना प्राप्त की और पूरा विद्यालय परिसर तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। इसके पश्चात सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने सामूहिक रात्रि-भोज का आनंद लिया। रात्रि की मनमोहक चाँदनी में विद्यार्थियों ने शिक्षकों के मार्गदर्शन में टॉर्च के साथ लगभग 5 किलोमीटर लंबा नाइट मार्च किया। इस दौरान उन्होंने कच्चे एवं पथरीले रास्तों पर अनुशासन, साहस और टीम भावना का परिचय देते हुए यात्रा सफलतापूर्वक पूर्ण की। स्कूल निदेशक अंशुल पठानिया ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता, कठिन




परिस्थितियों में निर्णय लेने की योग्यता तथा सामाजिक एवं राष्ट्रीय दायित्वों के प्रति जागरूकता विकसित करने में अत्यंत सहायक सिद्ध होते हैं। उन्होंने कहा, 'आत्मविश्वास ही वह प्रकाश है जो हर चुनौतीपूर्ण मार्ग को सरल बना देता है।' कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों को सुरक्षित उनके घरों तक पहुँचाया गया। इस अवसर पर स्कूल को-फाउंडर वर्षा पठानिया, प्रधानाचार्या तन्वी पठानिया, उप-प्रधानाचार्या प्रीति ढांडा, सुनीता मोर, हैड मिस्ट्रेस सुमन राठी सहित समस्त समन्वयक, शिक्षकगण एवं विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहे। विद्यालय प्रबंधन ने इस सफल आयोजन के लिए सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी ऐसे प्रेरणादायक एवं अनुभवात्मक कार्यक्रम आयोजित करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

## बेंगलुरु में आंध्र प्रदेश के छात्र की नृशंस हत्या : बाइक सहित जिंदा जलाया

बेंगलुरु (एजेंसी)। बेंगलुरु के बाहरी इलाके सरजापुर में एक हृदयविदारक घटना सामने आई है, जहां नौकरी की तलाश में आए आंध्र प्रदेश के एक छात्र की निर्मम हत्या कर दी गई। बदमाशों ने 25 वर्षीय युवक वामशी कृष्णा को उसकी बाइक सहित जिंदा जला दिया, जिससे पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। यह घटना उसके माता-पिता और दोस्तों के लिए गहरे सदमे का कारण बनी है। गुंटूर निवासी वामशी कृष्णा ने हाल ही में बेंगलुरु से अपना डिप्लोमा पूरा किया था और रोजगार की तलाश में था। वह बेंगलुरु इलेक्ट्रॉनिक सिटी के एक पुराने दोस्त के वादे पर यहां आया था, जिसने वामशी को नौकरी दिलाने की बात कही थी। हालांकि, यहां पहुंचने पर उस दोस्त का मोबाइल फोन बंद मिला। परेशान वामशी ने शाम करीब 4:45 बजे सरजापुर में अपने दोस्त को आखिरी बार फोन किया था। इसके बाद, शाम 6-15 बजे के आसपास यह भयानक घटना हुई। एक वाहन चालक ने सड़क किनारे जलते हुए कुछ देखा और तुरंत सरजापुर पुलिस को सूचना दी। पुलिस टीम जब मौके पर पहुंची, तब उन्हें युवक का बुरी तरह जला हुआ शव और उसकी बाइक मिली। बदमाशों ने पेट्रोल डालकर वामशी और उसकी बाइक को आग के हवाले किया और फिर मौके से फरार हो गए। शव का पिछला हिस्सा नहीं जला था, जबकि छाती का ऊपरी हिस्सा बुरी तरह जला हुआ पाया गया, जिससे कई संदेह पैदा हो रहे हैं। बेंगलुरु ग्रामीण जिले के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वेंकटेश प्रसन्ना ने घटनास्थल का दौरा किया। हत्या के पीछे के कारणों का पता लगाने और सबूत इकट्ठा करने के लिए विशेषज्ञों की टीम और डॉग स्क्वाड को भी मौके पर बुलाया गया है। फिलहाल, सरजापुर पुलिस थाने में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और पुलिस हत्यारों की तलाश में गहन जांच कर रही है।

## ऋषिकेश में पहली बारिश बनी आफत, जलभराव ने खोली व्यवस्था की पोल

देहरादून (एजेंसी)। मॉनसून की पहली तेज बारिश ने जहां ऋषिकेश को भीषण गर्मी से राहत पहुंचाई, वहीं नगर निगम की लचर व्यवस्थाओं की पोल भी खोल दी। कुछ ही घंटों की बरसात ने शहर के प्रमुख इलाकों को जलमग्न कर दिया, जिससे आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ। सुबह दफ्तर जाने वाले कर्मचारी, स्कूल-कॉलेज के छात्र और रोजमर्रा के काम से निकलने वाले लोगों को जलभराव के कारण भारी परेशानी झेलनी पड़ी। कई सड़कों पर पानी इतना अधिक जमा हो गया कि गड्ढे और सड़क में फर्क करना मुश्किल था, जिससे दुर्घटना का खतरा बढ़ गया। शहर के कई इलाकों में जल निकासी की उचित व्यवस्था न होने से बारिश का पानी घंटों सड़कों पर जमा रहा, जिससे यातायात बुरी तरह प्रभावित हुआ। दोपहिया वाहन चालकों को सबसे अधिक परेशानी हुई और कई जगह लंबा जाम लग गया, जिससे लोगों का काफी समय बर्बाद हुआ। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह हर साल की समस्या है, जिस पर प्रशासन कोई स्थायी समाधान नहीं निकाल रहा है। जलभराव के कारण कई बाजारों में भी पानी भर गया, जिससे दुकानदारों को नुकसान की आशंका सताने लगी है। नागरिकों ने चेतावनी दी है कि यदि आने वाले दिनों में लगातार बारिश होती रही, तो हालात और भी गंभीर हो सकते हैं।

## मोबाइल विवाद में नाबालिग छात्रा ने की आत्महत्या

भुवनेश्वर (एजेंसी)। ओडिशा के बालासोर जिले से एक दिल दहला देने वाली खबर सामने आई है, जहां ?पिछले दिन मोबाइल फोन के एक मामूली विवाद ने एक नाबालिग लड़की की जान ले ली। गागापाल गांव में रुनू नायक (16) नाम की छात्रा ने अपने परिवार द्वारा मोबाइल छीनकर तोड़े जाने से आहत होकर कीटनाशक पी लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। यह घटना आधुनिक दौर में मोबाइल की लत के खतरनाक परिणामों पर गंभीर सवाल खड़े करती है। जानकारी के अनुसार रुनू अपने मोबाइल फोन में व्यस्त थी। उसकी इस लत से परेशान होकर मां और मामा ने उसे फोन वापस देने को कहा, लेकिन रुनू ने साफ इनकार कर दिया। बात इतनी बढ़ी कि परिवार के सदस्यों ने गुस्से में आकर उसके हाथ से फोन छीनकर तोड़ दिया। अपना पसंदीदा फोन टूटता देख रुनू इतनी आहत और क्रोधित हुई कि उसने खुद को कमरे में बंद कर लिया और वहां रखा कीटनाशक गटक लिया। जब परिवार को अनहोनी का आभास हुआ तो उन्होंने आनन-फानन में दरवाजा तोड़कर रुनू को बेहोशी की हालत में पड़ोसी जिले मयूरभंज के उदाला मेडिकल कॉलेज पहुंचाया। हालांकि, तब तक बहुत देर हो चुकी थी और डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतका के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। उन्होंने बताया कि रुनू लंबे समय से मोबाइल का अत्यधिक इस्तेमाल कर रही थी और उसकी लत रोकने की कोशिश में यह दुखद घटना घटित हुई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## जिसने उड़ा दी सीबीएसई की नींद, उस हैकर की मंत्री ने की तारीफ

कोलकाता (एजेंसी)। केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री सुकांत मजूमदार ने बंगाल के युवा एथिकल हैकर निसर्ग अधिकारी की जमकर सराहना की है। निसर्ग वही प्रतिभाशाली छात्र हैं, जिसने हाल ही में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की वेबसाइट में ऑनलाइन मार्किंग सिस्टम की सुरक्षा खामियों को उजागर कर दिया था। कोलकाता में इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा आयोजित एजुकेशन फॉर विकसित भारत कॉन्क्लेव में मजूमदार ने निसर्ग की इस उपलब्धि को बंगाल का टैलेंट बताया और कहा कि यह एक 10वीं पास छात्र की असाधारण विशेषज्ञता का प्रमाण है। मंत्री ने बताया कि सरकार ने निसर्ग की प्रतिभा को सही दिशा दी और उसे आईआईटी-कानपुर के साइबर सिक्योरिटी सेंटर से जोड़ा, जहाँ अब वह थ्रेट इंटेलिजेंस इंजीनियर के तौर पर काम कर रहे हैं। मजूमदार ने कहा कि निसर्ग चाहते तो किसी विरोध-प्रदर्शन का हिस्सा बन सकते थे, लेकिन सरकार ने उन्हें सीखने और देश के विकास में योगदान देने का एक बेहतर मंच प्रदान किया। निसर्ग अधिकारी तब चर्चा में आए थे जब सीबीएसई ने 12वीं के नतीजे घोषित किए थे और नए ऑन-स्क्रीन मार्किंग सिस्टम का उपयोग किया था। देश भर से सैकड़ों छात्रों ने आंसर शीट धुंधली होने, पन्ने गायब होने और फिजिकल व डिजिटल कॉपी में अंतर होने की शिकायतें की थीं। इसके बाद निसर्ग ने सीबीएसई पोर्टल के सार्वजनिक रूप से उपलब्ध कोड की जांच की और उसमें कई सिक्योरिटी कमजोरियों का पता लगाया, जिससे छात्रों की शिकायतों की पुष्टि हुई। उनके इस असाधारण कौशल को देखते हुए ही पिछले महीने उन्हें आईआईटी-कानपुर में नौकरी मिली। मंत्री ने निसर्ग के माता-पिता के हवाले से बताया कि वे भी अपने बेटे की क्षमताओं से हैरान थे और उसे नियंत्रित नहीं कर सकते थे, जो उत्तर बंगाल के एक बहुत ही छोटे से शहर से आता है।

### असम को अब ध्रुवीकरण की जरूरत नहीं

# मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने किया बड़ा दावा और कहा... लोगों का आत्मविश्वास लौटा, कानून-व्यवस्था मजबूत हुई

**गुवाहाटी (एजेंसी)।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने राज्य की राजनीति और सामाजिक माहौल को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि असम के मूल निवासियों में आत्मविश्वास जगाने के लिए राज्य को एक ध्रुवीकरण करने वाले नेतृत्व की जरूरत थी और उन्होंने स्वयं उस भूमिका को निभाया। सरमा का दावा है कि अब राज्य में लोगों का भरोसा मजबूत हो चुका है और इसलिए आगे ध्रुवीकरण की आवश्यकता नहीं रह गई है।



मीडिया से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री सरमा ने कहा कि पहले असम के लोगों को लगता था कि उनके हितों की रक्षा करने वाला कोई मजबूत नेतृत्व नहीं है। उन्होंने कहा कि अब स्थिति बदल चुकी है और लोगों को विश्वास हो गया है कि राज्य सरकार किसी एक समुदाय का पक्ष लेने के बजाय कानून के अनुसार शासन कर रही है। उनके अनुसार, अब कोई भी असमिया समाज को आसानी से चुनौती नहीं दे सकता और कानून-व्यवस्था पहले की तुलना में अधिक मजबूत हुई है। सीएम सरमा ने कहा, मुझे नहीं लगता कि अब असम में ध्रुवीकरण की आवश्यकता है। मैंने उस खतरे को नियंत्रित कर लिया है। अब कोई भी असमिया लोगों पर उंगली नहीं उठा सकता। अब कोई मंदिरों की जमीन पर कब्जा करने या किसी लड़की को उसकी सहमति के बिना ले जाने की हिम्मत नहीं करता। जब सभी लोग कानून का पालन करने लगते हैं तो रोज इस विषय पर बोलने की जरूरत नहीं रहती।

एक बातचीत के दौरान मुख्यमंत्री सरमा ने यह भी कहा कि असमिया मुसलमानों सहित राज्य के मूल निवासियों में अपने भविष्य को लेकर पहले असुरक्षा की भावना थी। उनका कहना था कि लोगों को ऐसे नेतृत्व की जरूरत थी जो उनके अधिकारों और हितों के पक्ष में खुलकर बोले। उन्होंने दावा किया कि उनकी सरकार बनने के बाद लोगों का आत्मविश्वास बढ़ा है और अब वे स्वयं को अधिक सशक्त महसूस करते हैं। इस दौरान हिमंत बिस्वा सरमा ने कांग्रेस और उसके वरिष्ठ नेता राहुल गांधी पर भी तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस अपनी पारंपरिक मध्यमार्गी राजनीति से हटकर वामपंथी विचारधारा और जाति आधारित राजनीति की ओर बढ़ गई है। सरमा ने कहा कि कांग्रेस में अपने 22 वर्षों के राजनीतिक जीवन के दौरान उन्होंने कभी जाति आधारित राजनीति या इस प्रकार की कार्यशैली नहीं देखी थी। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस पहले एक संतुलित और मध्यमार्गी दल थी, लेकिन अब उसकी वैचारिक दिशा बदल चुकी है।

## उपमुख्यमंत्री शिंदे की तबीयत बिगड़ी, अस्पताल में भर्ती

मुंबई (एजेंसी)। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की अचानक तबीयत बिगड़ने के बाद उन्हें ठाणे के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। चिकित्सकों के अनुसार उनकी स्थिति फिलहाल स्थिर है और विशेषज्ञ डॉक्टरों की निगरानी में उनका उपचार जारी है। स्वास्थ्य संबंधी परेशानी के चलते उन्होंने अपने सभी निर्धारित सार्वजनिक कार्यक्रम रद्द कर दिए हैं। जानकारी के अनुसार, पिछले कुछ दिनों से लगातार राजनीतिक व्यस्तताओं और विधानमंडल के चल रहे अधिवेशन के कारण एकनाथ शिंदे पर काम का अत्यधिक दबाव था। इसी दौरान उन्हें बुखार और कमजोरी महसूस होने लगी। इसके बावजूद उन्होंने कुछ निर्धारित कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए ठाणे का दौरा किया, लेकिन स्वास्थ्य अधिक खराब होने पर उन्हें कार्यक्रम बीच में ही रद्द करने पड़े। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, डॉक्टरों ने प्रारंभिक जांच के बाद शिंदे को घर पर आराम करने के बजाय अस्पताल में भर्ती होकर उपचार कराने की सलाह दी। इसके बाद शुक्रवार देर रात उन्हें ठाणे के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों का कहना है कि अत्यधिक थकान, वायरल बुखार और कमजोरी के कारण उनकी तबीयत प्रभावित हुई है। हालांकि, उनकी हालत नियंत्रण में है और चिंता की कोई बात नहीं है। शिंदे की अस्वस्थता का असर राजनीतिक कार्यक्रमों पर भी पड़ा। ठाणे के गंगूबाई शिंदे हॉल में शुक्रवार को धुले से शिवसेना (उद्धव ठाकरे गुट) की उपनेत्री शुभांगी पाटिल के पार्टी प्रवेश का कार्यक्रम प्रस्तावित था। उपमुख्यमंत्री की तबीयत खराब होने के कारण इस कार्यक्रम का समय बदलना पड़ा। बाद में देर रात करीब दो बजे कल्याण से सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे की मौजूदगी में शुभांगी पाटिल ने शिवसेना में प्रवेश किया।



## बाबा बर्फानी के दर्शनों के लिए हजारों श्रद्धालु पवित्र गुफा की ओर अग्रसर



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अमरनाथ यात्रा 2026 अपने शुभारंभ के बाद पूरी भव्यता के साथ जारी है। बाबा बर्फानी के दर्शनों के लिए देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु पवित्र गुफा की ओर बढ़ रहे हैं। इसी कड़ी में, तीर्थयात्रियों का तीसरा जत्था शनिवार को बालटाल और पहलगाम स्थित दो बेस कैंपों की ओर सुरक्षित रूप से रामबन जिले में पहुंचा। कड़ी सुरक्षा के बीच गुज़र रहे काफिले के लिए रामबन प्रशासन ने सुचारु ट्रैफिक प्रबंधन, साफ-सफाई, चिकित्सा सहायता और अन्य ज़रूरी सुविधाओं का पुख्ता इंतज़ाम किया था, ताकि यात्रा निर्बाध रूप से चालू रह सके।

इसके पहले, यात्रा के दूसरे दिन 3,865 श्रद्धालुओं के दूसरे जत्थे को भगवती नगर बेस कैम्प, जम्मू से बालटाल और पहलगाम के लिए रवाना किया गया था। यह जत्था सुरक्षा के बीच दो अलग-अलग काफिलों में निकला। बालटाल मार्ग के लिए 1,735 तीर्थयात्री तड़के 3-13 बजे रवाना हुए, जबकि पहलगाम मार्ग की ओर जाने वाले 2,130 तीर्थयात्री 3-38 बजे निकले। इस जत्थे में 2,965 पुरुष, 618 महिलाएं, 230 साधु, 48 साध्वियां और 4 बच्चे शामिल थे, जो कुल 201 वाहनों 83 बसें, 14 मीडियम मोटर वाहन और 104 लाइट मोटर वाहन में यात्रा कर रहे थे।

वहीं, शुक्रवार को ही, दक्षिण कश्मीर में स्थित बालटाल व पहलगाम-नुनवान बेस कैम्पों से अमरनाथ यात्रियों के पहले जत्थे को तड़के रवाना किया गया। बीच-बीच में बारिश के बावजूद, पारंपरिक 48 किलोमीटर लंबे नुनवान-पहलगाम रूट और छोटे 14 किलोमीटर लंबे बालटाल रूट, दोनों से सुबह-सुबह यात्रा का श्रीगणेश हुआ। उल्लेखनीय है कि शुक्रवार को दूसरे जत्थे के रवाना होने तक, पिछले दो दिनों में कुल 8,687 तीर्थयात्री वार्षिक अमरनाथ यात्रा के लिए जम्मू के भगवती नगर यात्री निवास से कश्मीर घाटी के लिए निकल चुके हैं। यह 57 दिवसीय पवित्र तीर्थयात्रा 28 अगस्त को समाप्त होगी।

# चन्नी पर भारी पड़ा हाईकमान का फैसला

### पंजाब कांग्रेस में नेतृत्व को लेकर बढ़ी हलचल, ऑब्जर्वर पैनल की सिफारिश भी नहीं आई काम

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** पंजाब कांग्रेस में नेतृत्व परिवर्तन को लेकर लंबे समय से चल रही चर्चाओं के बीच पार्टी हाईकमान के फैसले ने नई राजनीतिक बहस को जन्म दे दिया है। सूत्रों के अनुसार, पंजाब की राजनीतिक स्थिति का आकलन करने के लिए गठित कांग्रेस के तीन सदस्यीय ऑब्जर्वर पैनल ने पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बनाने की सिफारिश की थी। इसके बावजूद पार्टी नेतृत्व ने मौजूदा अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग को उनके पद पर बरकरार रखने का फैसला किया, जिससे संगठन के एक वर्ग में नाराजगी देखी जा रही है।

जानकारी के मुताबिक, अजय माकन, मीनाक्षी नटराजन और भजन लाल जाटव की सदस्यता वाली समिति ने पंजाब के करीब 67 वरिष्ठ नेताओं से अलग-अलग मुलाकात कर उनकी राय जानी। इस दौरान कांग्रेस कार्यसमिति (सीडब्ल्यूसी) के सदस्यों, पूर्व मंत्रियों, विधायकों, सांसदों, जिला कांग्रेस अध्यक्षों तथा वरिष्ठ नेता अंबिका सोनी सहित कई नेताओं से विस्तार से चर्चा की गई। नेताओं से विशेष रूप से पूछा गया कि क्या प्रदेश संगठन के नेतृत्व में बदलाव की आवश्यकता है। सूत्रों की मानें तो अधिकांश नेताओं ने पिछले साढ़े चार वर्षों से प्रदेश अध्यक्ष रहे राजा वड़िंग के कामकाज पर असंतोष व्यक्त करते हुए चन्नी को संगठन की कमान सौंपने की वकालत की। समिति ने नेताओं की राय को अपनी रिपोर्ट में शामिल करते हुए चन्नी को राज्य में कांग्रेस का सबसे लोकप्रिय चेहरा बताया। इससे चन्नी समर्थकों को नेतृत्व परिवर्तन की पूरी उम्मीद थी। हालांकि, कांग्रेस हाईकमान ने नेतृत्व में बदलाव के बजाय यथास्थिति बनाए रखने का निर्णय लिया। राजा वड़िंग को प्रदेश अध्यक्ष बनाए रखा गया, जबकि चरणजीत सिंह चन्नी को चुनाव अभियान समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इस फैसले के बाद पार्टी के कुछ नेताओं ने सवाल उठाते हुए कहा कि यदि नेतृत्व बदलने का इरादा नहीं था तो व्यापक स्तर पर रायशुमारी कराने का औचित्य क्या था।

वहीं, पार्टी के भीतर एक अन्य धड़ा हाईकमान के फैसले का समर्थन करता नजर आ रहा है। इस वर्ग का मानना है कि चन्नी लोकप्रिय नेता जरूर हैं, लेकिन संगठन और विधायकों के बीच उनकी वास्तविक पकड़ को लेकर अभी भी सवाल बने हुए हैं। ऐसे में आगामी चुनावी तैयारियों के दौरान यह स्पष्ट होगा कि पंजाब कांग्रेस इस फैसले के बाद कितनी एकजुट रह पाती है और आंतरिक असंतोष का पार्टी के प्रदर्शन पर क्या असर पड़ता है।



## राम मंदिर चढ़ावा चोरी पर भड़के महंत, बोले- दोषियों को सीधे फांसी दे दो

**अयोध्या (एजेंसी)।** नवनिर्मित भव्य राम मंदिर में रामलला के चरणों में आने वाले चढ़ावे में कथित हेराफेरी के मामले ने अब एक गंभीर मोड़ ले लिया है। इस मामले पर श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य और प्रतिष्ठित महंत दिनेंद्र दास महाराज ने बेहद आक्रामक रुख अपनाया है। उन्होंने दोषियों के लिए सबसे कड़ी सजा की मांग करते हुए दोटूक शब्दों में कहा कि भगवान के घर में इस तरह का अपराध करने वालों को सीधे फांसी पर लटका दिया जाना चाहिए। यह बयान इस बात को दर्शाता है कि धार्मिक संस्थाओं में वित्तीय अनियमितता को कितना गंभीर अपराध माना जाता है, खासकर एक ऐसे मंदिर में जो करोड़ों हिंदुओं की आस्था का केंद्र है।

इस बीच, उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा गठित विशेष जांच दल (एसआईटी) ने इस मामले में अपनी जांच तेज कर दी है। एसआईटी ने मुख्य आरोपी अविनाश शुक्ला को हिरासत में लेकर उससे पूछताछ शुरू कर दी है, ताकि वित्तीय हेरफेर के पूरे नेटवर्क का पर्दाफाश किया जा सके और गबन किए गए धन की रिकवरी की जा सके। एसआईटी की टीम राम मंदिर परिसर में पहुंचकर क्राइम सीन रीक्रिएट कर रही है, जो यह समझने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है कि चोरी कैसे और किन परिस्थितियों में हुई। महंत दिनेंद्र दास महाराज ने जांच की प्रगति पर संतोष व्यक्त किया है और उन्हें भरोसा है कि स्थानीय प्रशासन पूरी ताकत से काम कर रहा है और गबन की गई राशि को पूरी तरह से वसूल लिया जाएगा। उन्होंने कहा, रामलला के यहां जांच चल रही है वो सरकार की देखरेख में हो रही है। जो चोर हैं वो जेल में पहुंच गए हैं। चोरी कम हो या ज्यादा, चोरी तो चोरी है। शासन पूरी तरह जांच कर रहा हैं। चोर अपनेआप जेल में पहुंच जाएगा। जिन्होंने रामलला के यहां ये काम किया है उन्हें फांसी दे देनी चाहिए। इस कथित चोरी ने उत्तर प्रदेश की राजनीति में भी एक बड़ा भूचाल ला दिया है। विधानसभा में विपक्ष के नेता माता प्रसाद पांडे ने इस घटना को बेहद हैरान करने वाला बताया है और राज्य सरकार के सुरक्षा दावों पर सीधा हमला बोला है। उन्होंने तर्क दिया कि चोरों और माफियाओं को खत्म करने का दावा करने वाली सरकार देश के सबसे हाई-प्रोफाइल मंदिर के चढ़ावे को सुरक्षित रखने में नाकाम रही। यह आरोप सरकार के लिए एक बड़ी चुनौती है, खासकर जब मंदिर का उद्घाटन हाल ही में हुआ है और यह लगातार सुर्खियों में है। विपक्ष के इन तीखे हमलों पर पलटवार करते हुए, शिवसेना नेता शाइना एनसी ने मंदिर प्रशासन का खुलकर बचाव किया। उन्होंने कहा कि राम मंदिर आस्था का एक पवित्र केंद्र है, न कि कोई व्यावसायिक संस्था। शाइना एनसी ने जोर देकर कहा, लोगों ने जो दान दिया है, वह पब्लिक डोमेन में है।

# राजभर का अखिलेश पर वार: सपा यादववादी, बहुजन सम्मान की लड़ाई जारी

**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश की राजनीति में पीडीए और पिछड़ा-दलित विमर्श पर चल रही जुबानी जंग के बीच, कैबिनेट मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष और पूर्व सीएम अखिलेश यादव पर तीखा निशाना साधकर उनकी पार्टी को वाईपी यानी यादववादी पार्टी करार दिया है। योगी सरकार में मंत्री राजभर ने आरोप लगाया कि सपा शासन और संगठन में बहुजन और अति पिछड़ी जातियों के साथ वर्षों से भेदभाव और उत्पीड़न होता रहा है। सुभासपा मुखिया राजभर ने स्पष्ट किया कि दलितों और पिछड़ों के सम्मान की लड़ाई में उन्हें चाहे जितनी भी गालियां क्यों न सहनी पड़ें, वे पीछे नहीं हटने वाले है। उन्होंने सार्वजनिक मंचों पर गाली-गलौज की भाषा को अनुचित बताकर सपा प्रमुख के चाचा शिवपाल सिंह यादव पर भी कटाक्ष किया। राजभर ने कहा कि अखिलेश ने ही शिवपाल को यादवनीति की गलत घुट्टी पिलाई है। एक्स पर पोस्ट कर राजभर ने आरोप लगाया कि अखिलेश की यादववादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने पाल, प्रजापति, बिंद, केवट, मल्लाह, राजभर, निषाद, मांझी, दर्जी, तेली, लोनिया, फकीर और बंजारा जैसी बहुजन जातियों के सम्मान को सदियों से दबाया है। उन्होंने पीडीए का अपना अर्थ बताकर कहा कि गांवों में अखिलेश के स्वजातीय, बहुजन महिलाओं और पुरुषों के साथ पीट देगा अहीर जैसा व्यवहार करते आए हैं। राजभर ने अखिलेश को चुनौती देकर कहा, जितना मन हो हमें गाली दिलवा लीजिए, पिटवा लीजिए्पर हम हार नहीं मानने वाले है। हम गाली और लाठी खा लेने वाले हैं, लेकिन अपना हिसाब जरूर करने वाले है। उन्होंने मेरठ में दलित-पिछड़ों के अपमान और पूर्व मंत्री प्रभु दयाल वाल्मीकि जैसे नेताओं के हक की बात उठाकर कहा कि इन मुद्दों पर आवाज उठाना बंद नहीं करने वाले हैं, भले ही इसके लिए उन्हें गालियां मिलती रहें। उन्होंने अखिलेश को अपने चाचा शिवपाल को भजन सिखाने की सलाह भी दी, क्योंकि गाली-गलौज की भाषा उनकी उम्र के हिसाब से ठीक नहीं है।



## राहुल गांधी धृतराष्ट्र, जीतू पटवारी दुर्योधन : कांग्रेस नेता यादव ने पार्टी छोड़ी

**भोपाल (एजेंसी)।** मध्यप्रदेश कांग्रेस के पूर्व महासचिव राकेश सिंह यादव ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया। इंदौर में एक प्रेसवार्ता में अपने इस्तीफे की घोषणा कर यादव ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी पर तीखा हमला बोलकर कहा कि वे इस पद के लायक नहीं हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि पटवारी ने पार्टी को कमजोर किया है और प्रदेश कांग्रेस में संगठनात्मक पद पैसे के बदले मिल रहे थे।

यादव ने बताया कि उन्हें हाल ही में मौन सत्याग्रह के दौरान मीडिया डिबेट में शामिल होने के लिए नोटिस भेजा गया था। पार्टी ने सभी पदाधिकारियों को मुख्यमंत्री मोहन यादव पर 500 करोड़ रुपये के ट्रस्ट घोटाले के आरोपों पर चुप्पी साधने का निर्देश दिया था। राकेश सिंह यादव ने दावा किया कि उन्हें बताया गया था कि पटवारी ने ऐसी किसी भी बहस पर रोक लगा दी थी, और इसका मतलब है कि मुख्यमंत्री यादव पर उनके आरोप झूठे थे क्योंकि उनके पास कोई सबूत या दस्तावेज नहीं थे।



कांग्रेस के पूर्व नेता ने पटवारी पर राज्य इकाई का नेतृत्व करने की क्षमता न होने का आरोप लगाया। उन्होंने पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व पर भी निशाना साधकर कहा कि उन्होंने मध्य प्रदेश इकाई के कामकाज को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी को कई पत्र लिखे थे, लेकिन कभी कोई जवाब नहीं मिला। नाराज नेता यादव ने आरोप लगाया कि लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी को इस बारे में पता है लेकिन वह दखल नहीं देते। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि वह आंखों पर पट्टी बांधे धृतराष्ट्र की तरह हैं और उन्होंने जीतू पटवारी जैसे दुर्योधन पैदा किए हैं।

अपने इस्तीफे पर उन्होंने कहा कि उन्होंने मीडिया के सामने सार्वजनिक रूप से इसकी घोषणा कर दी है। लेकिन जब यादव से भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने के बारे में पूछने पर यादव ने कहा कि फिलहाल उनकी किसी भी पार्टी से कोई बातचीत नहीं हुई है, लेकिन अगर उन्हें कोई ऐसा मौका मिलता है, तब मैं उस पर विचार करुंगा।

# बसों में भीषण आग के हादसों में जा रही यात्रियों की जान, क्यों हो रही ऐसी घटनाएं?

**-विशेषज्ञों ने कहा- बसों में इमरजेंसी एग्जिट, आपातकालीन खिड़की, विंडो हैमर जरुरी**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राजस्थान के दौसा जिले में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे हुए भीषण बस हादसे ने एक बार फिर लंबी दूरी की यात्री बसों की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। हरिद्वार से इंदौर जा रही एक स्लीपर बस ट्रक से टकराने के बाद आग की चपेट में आ गई। हादसे के समय बस में करीब 37 यात्री सवार थे। दुर्घटना में आठ लोगों की मौत हो गई, जबकि 22 यात्री घायल हुए हैं। यह घटना देर रात हुई। टक्कर के बाद बस में आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही देर में पूरी बस जलकर खाक हो गई। घायलों को अस्पतालों में भर्ती कराया गया।

विशेषज्ञों का कहना है कि यह कोई अकेली घटना नहीं है। पिछले कुछ महीनों में देश के कई राज्यों में बसों में आग लगने की कई घटनाएं सामने आई हैं। अक्टूबर 2025 में राजस्थान के जैसलमेर में विद्युत प्रणाली में खराबी के कारण बस में आग लगने से 22 लोगों की मौत हो गई थी। इसी महीने आंध्र प्रदेश के कुरनूल में बाइक से टक्कर के बाद बस में भीषण आग लग गई, जिसमें कई यात्रियों की जान चली गई। मार्च 2026 में आंध्र प्रदेश के मार्कापुरम में बस और टिप्पर की टक्कर के बाद लगी आग में भी कई लोगों की मौत हो गई थी। इन हादसों ने यात्री सुरक्षा से जुड़े मानकों की प्रभावशीलता पर गंभीर बहस छेड़ दी है।

विशेषज्ञों के मुताबिक ऐसे हादसों के पीछे इलेक्ट्रिकल शॉर्ट सर्किट, इंजन का अत्यधिक गर्म होना, आपातकालीन दरवाजों का समय पर न खुलना और बसों के अंदर ज्वलनशील सामग्री का उपयोग प्रमुख कारणों में शामिल हैं। उनका मानना है कि यदि आधुनिक सुरक्षा तकनीकों को अनिवार्य किया जाए तो ऐसी घटनाओं में जान-माल के नुकसान को काफी हद तक कम किया जा सकता है।

सुरक्षा विशेषज्ञों का सुझाव है कि विशेष रूप से निजी इंटरसिटी स्लीपर बसों में ऑटोमैटिक फायर डिटेक्शन और फायर सप्रेशन सिस्टम अनिवार्य किए जाने चाहिए। इंजन, बैटरी और इलेक्ट्रिकल सिस्टम में आग लगते ही यह तकनीक शुरुआती स्तर पर आग पर काबू पाने में मदद कर सकती है। इसके अलावा बसों के इंटीरियर में फ्लेम-रिटार्डेंट यानी आग के प्रसार को रोकने वाली सामग्री का इस्तेमाल भी जरूरी माना जा रहा है।

विशेषज्ञों ने कहा कि बसों में इमरजेंसी एग्जिट, आपातकालीन खिड़कियों और विंडो हैमर की स्पष्ट पहचान होनी चाहिए। यात्रा शुरू होने से पहले यात्रियों को सुरक्षा संबंधी संक्षिप्त जानकारी देना भी जरुरी है। बसों के दरवाजों की नियमित जांच, चालक दल को अग्निशमन प्रशिक्षण, निर्धारित गति सीमा का पालन और एक्सप्रेसवे पर रात के समय लंबी दूरी की बसों की सख्त निगरानी जैसी व्यवस्थाएं भी हादसों की गंभीरता कम कर सकती हैं। सड़क परिवहन व्यवस्था को अधिक सुरक्षित बनाने के लिए सरकार, परिवहन विभाग और बस संचालकों को मिलकर व्यापक और स्थायी सुधार लागू करने होंगे, ताकि भविष्य में ऐसी दर्दनाक घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके।



## भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 5.65 अरब डॉलर घटा, स्वर्ण भंडार में भारी कमी

**पश्चिम एशिया संघर्ष और रुपए पर दबाव के बीच गिरावट जारी**

**नई दिल्ली।**

देश के विदेशी मुद्रा भंडार में 26 जून को समाप्त सप्ताह में 5.65 अरब डॉलर की बड़ी गिरावट दर्ज की गई, जिससे यह 666.93 अरब डॉलर रह गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, यह गिरावट पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण रुपए पर बढ़ते दबाव और केंद्रीय बैंक के डॉलर बेचकर बाजार हस्तक्षेप के बाद आई है। फरवरी में 728.49 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंचने के बाद से विदेशी मुद्रा भंडार में कमी देखी जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी 11 मई से देशवासियों से विदेशी मुद्रा की बचत करने, विदेश यात्राएं कम करने और एक वर्ष तक सोने की खरीदारी से बचने की अपील की है। आरबीआई के आंकड़ों के मुताबिक, इस सप्ताह स्वर्ण भंडार का मूल्य सर्वाधिक 5.39 अरब डॉलर घटकर 102.54 अरब डॉलर रह गया। वहीं, विदेशी मुद्रा आस्तियां (एफसीए) 15 करोड़ डॉलर और विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 8.9 करोड़ डॉलर कम हो गए। एक अन्य आर्थिक घटनाक्रम में, शुक्रवार को भारतीय शेयर बाजार में जबरदस्त तेजी दर्ज की गई और बाजार लगातार तीसरे दिन बढ़त के साथ बंद हुआ। आईटी शेयरों में शानदार खरीदारी और अनुकूल वैश्विक संकेतों से बाजार को मजबूती मिली।

## सरकार गोल्ड मोनेटाईजेशन स्कीम 2.0 लॉन्च करने की तैयारी में

**जौहरियों को बनाया जाएगा कलेक्शन पार्टनर, 1,000 टन सोना लाने का लक्ष्य**

**मुंबई ।**

केंद्र सरकार एक बार फिर अपनी गोल्ड मोनेटाईजेशन स्कीम (जीएमएस) को नए सिरे से पेश करने की तैयारी में है। इसका मुख्य उद्देश्य घरों और लॉकरों में पड़े अनुमानित 25,000 टन निष्क्रिय सोने को औपचारिक अर्थव्यवस्था का हिस्सा बनाना है, जिससे देश का भारी सोने का आयात बिल कम हो सके और नकदी प्रवाह बढ़ सके। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इस नई योजना में जौहरियों को भी कलेक्शन पार्टनर के रूप में शामिल किया जा सकता है, जिससे लोगों के लिए सोना जमा कराना आसान और भरोसेमंद बने। सरकार का लक्ष्य कुल 25,000 टन में से करीब 1,000 टन सोना बाजार में लाना है। यदि इसका सिर्फ 5 फीसदी हिस्सा भी सिस्टम में आता है, तो अर्थव्यवस्था में लगभग 8.5 लाख करोड़ रुपए की नकदी जुड़ सकती है और सोने का आयात बिल काफी कम हो सकता है। यह पहल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उस अपील से भी जुड़ी है, जिसमें उन्होंने लोगों से एक साल तक सोना न खरीदने की सलाह दी थी। 2015 में शुरू हुई जीएमएस का प्रदर्शन कमजोर रहा, 10 सालों में सिर्फ 38 टन सोना जुटाया जा सका। इसकी मुख्य वजहें भावनात्मक लगाव, टैक्स का डर, और ब्याज दरों (2.25-2.5 फीसदी) तथा सोने की कीमतों पर अनिश्चितता थीं। नई योजना इन चुनौतियों को दूर करने का प्रयास करेगी।

## आईपीओ में म्यूचुअल फंडों की रिकॉर्ड भागीदारी, छोटे शेयरों की ओर बढ़ा रुझान

**परिसंपत्ति प्रबंधक अब 4,000 करोड़ रुपये से कम पूंजी वाली कंपनियों पर लगा रहे दांव**

**नई दिल्ली ।**

ईरान युद्ध के बाद से आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) में म्यूचुअल फंडों की भागीदारी में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। प्राइमडेटाबेस डॉट कॉम के आंकड़ों के अनुसार फरवरी के अंत में युद्ध शुरू होने के बाद से आए 13 आईपीओ में जुटाई गई कुल रकम का 32.3 फीसदी हिस्सा म्यूचुअल फंडों से आया है, जो पहले के 20 फीसदी के आंकड़े से कहीं अधिक है। यह बढ़ोतरी कई वर्षों के उच्च स्तर पर पहुंच गई है, जो छोटे बाजार पूंजीकरण वाली कंपनियों के प्रति परिसंपत्ति प्रबंधकों के बढ़ते रुझान को दर्शाती है। बढ़ती हिस्सेदारी का वार्षिक विश्लेषण- यह रुझान 2023 से लगातार बढ़ता दिख रहा है। 2023 में आए आईपीओ से मिली कुल रकम का 17 फीसदी हिस्सा म्यूचुअल फंडों ने खरीदा था, जो 2024 में बढ़कर 20 फीसदी, 2025 में 22 फीसदी और जून 2026 तक 29 फीसदी तक पहुंच गया। हालांकि, ईरान युद्ध के बाद के 13 आईपीओ में यह आंकड़ा 32.3 फीसदी के साथ सबसे अधिक रहा, जो बाजार में म्यूचुअल फंडों के बढ़ते प्रभाव को दर्शाता है। एक फाइनैंशियल सर्विसेज के अनुसार हाल के समय में बड़ी कंपनियों के मुकाबले छोटी कंपनियों के शेयरों ने बेहतर प्रदर्शन किया है।

# शेयर बाजार का तूफानी हफ्ता, सुस्त शुरुआत के बाद धमाकेदार अंत

**शुरुआती दो दिनों में भू-राजनीतिक तनाव और मासिक एक्सपायरी ने बाजार को डुबोया**

**मुंबई ।**

सप्ताह के पहले दिन सोमवार को शुरू हुआ कारोबारी हफ्ता भारतीय शेयर बाजार के लिए काफी उतार-चढ़ाव भरा रहा। सोमवार और मंगलवार को वैश्विक भू-राजनीतिक तनाव और मासिक एक्सपायरी की अस्थिरता के कारण बाजार लाल निशान में रहे, जिससे निवेशकों में चिंता का माहौल रहा। हालांकि, बुधवार और गुरुवार को कच्चे तेल की कीमतों में नरमी और सकारात्मक वैश्विक संकेतों के चलते बाजार ने शानदार वापसी की। सप्ताह के अंत तक सेंसेक्स और निफ्टी दोनों रिकॉर्ड नई ऊंचाइयों पर बंद होने में कामयाब रहे, जिससे निवेशकों में उत्साह का माहौल दिखा। हफ्ते की शुरुआत सोमवार 29 जून को भारतीय शेयर बाजार में भू-राजनीतिक तनाव के चलते सुस्ती के साथ हुई। सोमवार को शुरुआती बढ़त के बाद सेंसेक्स लाल निशान पर बंद हुआ, वहीं निफ्टी भी गिरावट के साथ अपने अहम 24,000 के स्तर से नीचे आ गया। मंगलवार को भी यह सिलसिला जारी रहा, जहां मासिक एक्सपायरी की अस्थिरता के बीच प्रमुख सूचकांक लगातार दूसरे दिन लाल निशान में बंद हुए। इन दो कारोबारी सत्रों में सेंसेक्स और निफ्टी में क्रमशः लगभग 0.48 फीसदी और 0.46 फीसदी तक की गिरावट दर्ज की गई, जिससे निफ्टी 23,900 के महत्वपूर्ण मनोवैज्ञानिक स्तर से नीचे खिसक गया। हालांकि, बुधवार को बाजार ने जोरदार वापसी की। वैश्विक इक्विटी में सकारात्मक रुझान और कच्चे तेल की कीमतों में कमी ने निवेशकों को सहारा दिया, जिसके परिणामस्वरूप सेंसेक्स 443.97 अंक (0.58 फीसदी) और निफ्टी 140.10 अंक (0.59 फीसदी) की बढ़त के साथ बंद हुए।

## सेडान स्लाविया का मिड-लाइफ फेसलिफ्ट वर्जन जल्द होगा लांच

**नई दिल्ली ।**

स्कोडा की लोकप्रिय सेडान स्लाविया का मिड-लाइफ फेसलिफ्ट वर्जन इस साल अगस्त में लॉन्च होने वाला है। उम्मीद है कि अपडेटेड स्लाविया एक्सटीरियर और इंटीरियर दोनों में कई बड़े बदलावों के साथ आएगी, जिससे यह बाजार में अपनी स्थिति और मजबूत कर सके। एक्सटीरियर में सबसे बड़ा बदलाव फ्रंट लुक में दिखेगा, जहां पहले से बड़ी और अधिक बोल्ड फ्रंट ग्रिल दी जाएगी। इसमें नए डिजाइन वाले मोटे स्लैट्स और नई स्लिम एलईडी हेडलाइट्स होंगी, जिनके अंदर का डिजाइन भी पूरी तरह नया होगा। एलईडी डे-टाइम रनिंग लाइट्स (डीआरएल) का डिजाइन भी बदला जाएगा, जिसमें कुशाक फेसलिफ्ट की तरह डॉटेड कनेक्टेड पैटर्न देखने को मिल सकता है। इसके अलावा, फ्रंट बंपर को भी नए डिजाइन के साथ ऑफर किया जाएगा। कार के रियर में भी बदलाव किए जाएंगे, जिसमें नए डिजाइन की एलईडी टेललाइट्स मिलेंगी। साथ ही, कुशाक की तरह इल्यूमिनेटेड स्कोडा लेटरिंग भी देखने को मिलेगा, जिससे कार का प्रीमियम लुक बढ़ेगा। रियर बंपर का डिजाइन भी नया होगा, जो समग्र रूप से एक ताज़ा और आधुनिक अपील देगा।

## आरबीआई ने बीओबी पर लगाया 63.6 लाख का जुर्माना




**मुंबई ।**भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने नियामक मानकों के उल्लंघन के आरोप में बैंक ऑफ बड़ौदा (बीओबी) और जीआईसी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड पर मौद्रिक जुर्माना लगाया है। केंद्रीय बैंक के निरीक्षण में इन वित्तीय संस्थाओं में कई कमियां उजागर हुईं। बैंक आफ बड़ौदा पर 63.6 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है, क्योंकि एक वैधानिक निरीक्षण में पाया गया कि बैंक ने कुछ ऋण खातों में निर्धारित दर से अधिक ब्याज वसूला। इसके अतिरिक्त, बैंक कुछ ग्राहकों के केवाईसी रिकॉर्ड को निर्धारित समयसीमा के भीतर सेंट्रल केवाईसी रिकॉर्ड्स रजिस्ट्री पर अपलोड करने में भी विफल रहा। इसी क्रम में जीआईसी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड पर 3.1 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया। कंपनी केवाईसी दिशानिर्देशों का उल्लंघन करने के साथ-साथ खातों के जोखिम वर्गीकरण की छह महीने में एक बार समीक्षा करने की प्रणाली लागू करने में नाकाम रही। आरबीआई ने स्पष्ट किया कि ये जुर्माने केवल नियामक अनुपालन में पाई गई कमियों के लिए हैं और इनका उद्देश्य किसी भी लेनदेन की वैधता पर टिप्पणी करना नहीं है।

# आर्थिक आंकड़ों में बड़ा बदलाव, वास्तविक जीडीपी गणना में अब पीपीआई डिफ्लेटर

**जून तिमाही से लागू होगी नई गणना प्रणाली; 31 अगस्त को जारी होंगे संशोधित अनुमान**

**नई दिल्ली ।**




सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) ने भारतीय आर्थिक आंकड़ों की गणना में एक महत्वपूर्ण बदलाव की घोषणा की है। मंत्रालय अब जून तिमाही (वित्त वर्ष 2027 की पहली तिमाही) से वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के आंकड़ों की गणना के लिए आउटपुट उत्पादक मूल्य सूचकांक (पीपीआई) को डिफ्लेटर के तौर पर इस्तेमाल करेगा। यह कदम देश के सबसे महत्वपूर्ण आर्थिक संकेतक के आकलन के तरीके में एक संरचनात्मक परिवर्तन लाएगा, जिसका उद्देश्य आर्थिक वास्तविकताओं को अधिक सटीक रूप से प्रतिबिंबित करना है। सरकारी अधिकारियों के अनुसार, सांख्यिकी मंत्रालय 31 अगस्त को पिछले वर्षों के लिए संशोधित वास्तविक जीडीपी अनुमान भी जारी करेगा, जिसमें डिफ्लेटर के तौर पर आउटपुट पीपीआई का इस्तेमाल किया जाएगा। इसी दिन वित्त वर्ष 2027 की अप्रैल-जून अवधि के लिए राष्ट्रीय लेखा के आंकड़े भी जारी किए जाएंगे। इस बदलाव का सीधा असर पिछले तीन वित्त वर्षों के आंकड़ों पर पड़ेगा। एक अधिकारी ने बताया, वित्त वर्ष 2027 की पहली तिमाही का जीडीपी डेटा आउटपुट पीपीआई पर आधारित होगा। वर्ष 2022-23, 2023-24 और 2024-25 के लिए जारी अनुमान स्थिर कीमतों पर अनुमान से बदल जाएंगे क्योंकि अब इसमें पीपीआई को शामिल किया जाएगा। संशोधित श्रृंखला अगस्त में आएगी।यह महत्वपूर्ण निर्णय सांख्यिकी मंत्रालय द्वारा 29 जून को जारी औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (IIP) के आंकड़ों के बाद आया है, जिसमें थोक मूल्य सूचकांक (WPI) की जगह आउटपुट-पीपीआई का इस्तेमाल डिफ्लेटर के तौर पर किया गया था। इस पृष्ठभूमि में, उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग ने 15 जून को भारत का पहला उत्पादक मूल्य सूचकांक ढांचा जारी किया था, जिसमें आउटपुट पीपीआई, इनपुट पीपीआई और सेवा पीपीआई शामिल हैं।

# ईपीएफओ पोर्टल का बड़ा अपग्रेड यूएएन सेवाएं अब उमंग ऐप पर

**सुरक्षा और विश्वसनीयता बढ़ी, पोर्टल पर यूएएन ढूंढना हुआ आसान**

**नई दिल्ली ।**




कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने अपने यूनिफाइड मेंबर पोर्टल को नए इंटरफेस और बेहतर सुरक्षा सुविधाओं के साथ अपग्रेड किया है। एक सप्ताह के रखरखाव के बाद दोबारा शुरू हुए इस पोर्टल पर अब यूएएन एक्टिवेशन और नया यूएएन जनरेट करने जैसी महत्वपूर्ण सेवाएं सीधे उपलब्ध नहीं होंगी। इन्हें सुरक्षा और विश्वसनीयता बढ़ाने के उद्देश्य से उमंग ऐप पर स्थानांतरित कर दिया गया है। इस बड़े बदलाव के बाद, अब ईपीएफओ सदस्य उमंग ऐप के माध्यम से ही अपने यूएएन को एक्टिवेट कर सकेंगे। इसके लिए आधार-आधारित फेस ऑथेंटिकेशन का उपयोग किया जा सकेगा।

इसी तरह नया यूएएन जनरेट करने या पहले से मौजूद पीएफ खाते से नए यूएएन को लिंक करने की प्रक्रिया भी अब केवल उमंग ऐप पर ही उपलब्ध होगी, जिसके लिए मोबाइल नंबर सत्यापन आवश्यक होगा। हालांकि ईपीएफओ ने अपने यूनिफाइड मेंबर पोर्टल पर यूएएन ढूंढना पहले से आसान बना दिया है। सदस्य अपना रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर दर्ज कर, पहचान प्रमाण अपलोड करने और ओटीपी सत्यापन के बाद अपना यूएएन दोबारा प्राप्त कर सकते हैं।

इसके अतिरिक्त सदस्य की मृत्यु के बाद नॉमिनी या लाभार्थी द्वारा किए जाने वाले डेथ क्लेम और पेंशन से जुड़े दावे पहले की तरह ईपीएफओ के यूनिफाइड मेंबर पोर्टल पर ही उपलब्ध रहेंगे। उमंग भारत सरकार का एक आधिकारिक ऐप है, जो ईपीएफओ सहित विभिन्न सरकारी सेवाओं को नागरिकों के लिए अधिक सुरक्षित, डिजिटल और उपयोगकर्ता-अनुकूल बनाता है।

इस कदम का उद्देश्य सेवाओं को और अधिक सुलभ और सुरक्षित बनाना है।

## निर्यात में दोहरे अंक की वृद्धि का अनुमान

**वित्त वर्ष 27 तक 1 ट्रिलियन डॉलर लक्ष्य की ओर भारत**

**नई दिल्ली ।**

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने घोषणा की कि भारत को चालू वित्त वर्ष में वस्तु निर्यात में 16-17 प्रतिशत और सेवा निर्यात में 10-11 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि की उम्मीद है। व्यापार बोर्ड की बैठक में उन्होंने बताया कि यह अनुमान भारत को वित्त वर्ष 2027 तक वस्तु निर्यात में लगभग 515 अरब और सेवा निर्यात में 470 अरब तक पहुंचने में मदद करेगा, जिससे देश कुल 1 ट्रिलियन डॉलर के निर्यात लक्ष्य की ओर अग्रसर होगा। इस महत्वाकांक्षी लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए, बैठक में सतत और तकनीकी टेक्सटाइल, परफॉर्मेंस अपैरल और मेडिकल टेक्सटाइल जैसे क्षेत्रों में उभरते अवसरों की पहचान की गई। निर्यात प्रोत्साहन प्रयासों को क्षेत्रीय विनिर्माण क्षमता से जोड़ने के लिए राज्य-केंद्रित उत्पादन का खाका भी प्रस्तुत किया गया। व्यापार नीति पर शीर्ष सलाहकार संस्था, बीओटी की बैठक में भारत के मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) का प्रभावी ढंग से उपयोग करने, आयात का विकल्प तैयार करने और डंपिंग को रोकने पर भी विस्तार से चर्चा हुई। सरकार इस साल कम से कम दो और एफटीए लागू करने की तैयारी में है। एफटीए के इस्तेमाल को अधिकतम करने के लिए एक पांच-सूत्रीय रणनीतिक फ्रेमवर्क पर चर्चा की गई, जिसमें मौजूदा निर्यात को बढ़ावा देना, नए क्षेत्रों में विविधता लाना और गैर-शुल्क बाधाओं को दूर करना शामिल है।

# सस्ते आयात से एल्युमीनियम उद्योग पर खतरा, सरकार से शुल्क बढ़ाने की मांग

**घरेलू निवेश और सरकारी राजस्व पर पड़ रहा है गंभीर असर**

**नई दिल्ली ।**

एल्युमीनियम एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एएआई) ने सरकार से एल्युमीनियम उत्पादों पर मूल सीमा शुल्क (बीसीडी) बढ़ाने की मांग की है। संगठन ने चेतावनी दी है कि सस्ते आयात और वैश्विक संरक्षणवाद के बढ़ते दबाव से घरेलू निवेश और सरकारी राजस्व पर गंभीर असर पड़ रहा है। एएआई ने प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) को लिखे एक पत्र में कहा है कि भारतीय एल्युमीनियम उद्योग फिलहाल आयात में तेजी से वृद्धि और निर्यात बाजारों तक पहुंच में कमी जैसी दोहरी समस्याओं से जूझ रहा है। संगठन ने अनुमान लगाया है कि यदि वर्तमान प्रवृत्ति जारी रहती है, तो वित्त वर्ष 2025-2026 में एल्युमीनियम आयात रिकॉर्ड 34.8 लाख टन प्रति वर्ष तक पहुंच सकता है, जिससे देश से 88,400 करोड़ रुपये से अधिक की विदेशी मुद्रा बाहर जाएगी। एएआई ने बताया कि भारतीय एल्युमीनियम उद्योग देश की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान देता है, प्रति वर्ष लगभग 30,000 करोड़ रुपये का राजस्व देता है, आठ लाख नौकरियां प्रदान करता है और लगभग 4,000 एमएसएमई का समर्थन करता है। संगठन ने चेतावनी दी है कि बढ़ते आयात से प्रमुख उत्पादकों के 3 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश पर खतरा मंडरा रहा है। ये निवेश भविष्य में भारत की प्राथमिक एल्युमीनियम उत्पादन क्षमता को दोगुना कर 90 लाख टन प्रति वर्ष तक पहुंचाने और एक लाख से अधिक नई नौकरियां पैदा करने की क्षमता रखते हैं।

# बच्चों के शोषण पर मेटा की जवाबदेही तय आईटी मंत्रालय ने भेजा समन

**राजस्व से जुड़े मामलों में ज़िम्मेदारी से नहीं बच पाएगी कंपनी**

**नई दिल्ली ।**

सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने इंस्टाग्राम पर बाल यौन शोषण सामग्री (सीएसएएम) को बढ़ावा देने वाले विज्ञापनों के गंभीर आरोपों के मद्देनजर इंटरनेट कंपनी मेटा को तलब किया है। मंत्रालय ने कंपनी के एल्गोरिदम और ऐसे मामलों में उसकी जवाबदेही पर स्पष्टीकरण मांगा है। सरकार ने स्पष्ट किया है कि राजस्व से जुड़े ऐसे मामलों में मेटा तीसरे पक्ष की सामग्री का हवाला देकर अपनी जिम्मेदारी से नहीं बच सकती। आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव के निर्देश पर मंत्रालय ने मेटा से स्पष्टीकरण तलब किया है। यह कार्रवाई बीबीसी की उस रिपोर्ट के बाद की गई है जिसमें दावा किया गया था कि मेटा के प्लेटफॉर्म पर बाल यौन शोषण सामग्री वाले वीडियो और विज्ञापन उसके एल्गोरिदम द्वारा बढ़ावा दिए जा रहे थे, भले ही कंपनी की नीतियां इसकी अनुमति नहीं देती हैं। मंत्रालय ने मेटा से ऐसे विज्ञापनों की स्वीकृति, सुधारात्मक उपायों और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए किए गए सुरक्षा उपायों पर विस्तृत जानकारी मांगी है। यह इस सप्ताह मेटा के खिलाफ दूसरी नियामक कार्रवाई है। इससे पहले सरकार ने व्हाट्सऐप के 'यूजरनेम' फीचर को लेकर भी मेटा को नोटिस जारी कर उसे रोकने का निर्देश दिया था। आईटी अधिनियम की धारा 67बी के तहत बच्चों से संबंधित अश्लील सामग्री का प्रकाशन एक दंडनीय अपराध है।

मेटा ने अपने बयान में कहा है कि उसकी बाल यौन शोषण सामग्री के प्रति शून्य-सहिष्णुता की नीति है और वह ऐसी सामग्री को हटाने के लिए उन्नत एआई का उपयोग करती है।

## फार्मा कंपनियों को राहत, अब दवा की वास्तविक ओवरचार्जिंग पर ही होगी कार्रवाई

**शर्तों का पालन अनिवार्य; नई दवाओं के लॉन्च की प्रक्रिया भी आसान हुई**

**नई दिल्ली ।**

केंद्र सरकार ने औषधि (मूल्य नियंत्रण) आदेश (डीपीसीओ), 2013 में महत्वपूर्ण संशोधन किए हैं। 30 जून को जारी इन बदलावों से दवा उद्योग को नियामक अनुपालन में आसानी होगी, वहीं नियमों का पालन और भी मजबूत बनेगा। विशेष रूप से, ओवरप्राइसिंग के मामलों में कंपनियों पर लगने वाला बोझ कम होगा और प्रक्रियाएं अधिक स्पष्ट होंगी।

उद्योग जगत ने इन संशोधनों का स्वागत किया है। संशोधित नियमों के अनुसार यदि सरकार द्वारा तय नई कीमत लागू होने के बाद कोई मूल्य-नियंत्रित दवा अधिक दाम पर बेची जाती है, तो ऐसे मामलों में दवा कंपनियों को पहले से अधिक राहत मिलेगी। अब यदि कंपनी यह साबित कर देती है कि उसने नई कीमतों की जानकारी सभी संबंधित वितरकों और खुदरा विक्रेताओं तक सही ढंग से पहुंचाई थी, तो उसकी जिम्मेदारी केवल उतनी ही दवाओं तक सीमित होगी जितनी मात्रा वास्तव में अधिक कीमत पर बेची गई हो। इंडियन फार्मास्युटिकल एलायंस (आईपीए) के महासचिव सुदर्शन जैन ने इन बदलावों का स्वागत करते हुए कहा कि इससे प्रक्रियाएं आसान होंगी और डीपीसीओ नियमों का पालन मजबूत होगा। उन्होंने कहा कि यह व्यवस्था अब अधिक न्यायसंगत और स्पष्ट होगी, जिससे आपूर्ति श्रृंखला में सभी की जवाबदेही तय होगी। हालांकि, इस राहत के साथ कुछ सख्त नियम भी जोड़े गए हैं। कंपनियों को यह साबित करना होगा कि उन्होंने नई कीमतों की सूची सभी डीलरों और खुदरा विक्रेताओं को भेजी, कीमतों में कमी की सूचना कम से कम दो राष्ट्रीय समाचार पत्रों में प्रकाशित कराई, अपनी वेबसाइट पर नई कीमतें अद्यतन कीं, संशोधित मूल्य सूची जारी की और प्रत्येक बैच के उत्पादन व स्टॉक का पूरा रिकॉर्ड सुरक्षित रखा।

सरकार ने कुछ अन्य प्रक्रियाओं को भी आसान बनाया है। यदि कोई दवा निर्माता ऐसी नई दवा बाजार में लाता है जिसकी खुदरा कीमत सरकार पहले ही तय कर चुकी है, और वह दवा उसी कीमत तय होने के 12 महीने के भीतर लॉन्च की जाती है, तो कंपनी को राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण (एनपीपीए) से दोबारा कीमत की मंजूरी लेने की आवश्यकता नहीं होगी। अब उसे केवल नए फॉर्म 1ए के माध्यम से दवा लॉन्च होने की जानकारी एक महीने के भीतर देनी होगी।

## आरबीआई की एफसीएनआर (बी) योजना ने खींचा अनिवासी भारतीयों का ध्यान

**60 अरब डॉलर की उम्मीद, खाड़ी देशों से डॉलर की बौछार तय, अमेरिका-यूरोप से कम उम्मीदें**

**नई दिल्ली।**

भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) की विशेष फॉरेन करेंसी नॉन-रेजिडेंट (बैंक) जमा योजना भारतीय बैंकों के लिए एक बड़े अवसर के तौर पर उभर रही है, जिसके तहत 60 अरब डॉलर से अधिक की अनिवासी भारतीय (एनआरआई) जमा राशि आकर्षित करने की उम्मीद है। खाड़ी देशों, सिंगापुर और हांगकांग के एनआरआई इस विशाल राशि के मुख्य स्रोत बनने की उम्मीद है, जिसकी अधिकांश आवक अगस्त महीने में होने का अनुमान है। शुरुआती अनुमान बताते हैं कि इस योजना के तहत अब तक लगभग 4 अरब डॉलर जुटाए जा चुके हैं, जो इसके सफल आगाज का संकेत है।

योजना का खाका और बैंकों की रणनीति- आरबीआई ने 8 जून को इस योजना का खाका जारी किया था और हाल ही में अक्सर पूछे जाने वाले सवालों (एफएक्यू) के माध्यम से परिचालन संबंधी स्पष्टीकरण भी दिए हैं।

इसके बाद भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), एचडीएफसी बैंक और आईसीआईसीआई बैंक जैसे प्रमुख ऋणदाताओं ने इसे सक्रिय रूप से लागू करना शुरू कर दिया है।

ये बैंक विशेष रूप से उच्च निवल मूल्य वाले व्यक्तियों (एचएनआई) को आकर्षित करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं, क्योंकि यह योजना निवेशकों को 9 गुना (9×) तक लीवरेज की सुविधा प्रदान करती है। इससे पांच साल के लिए डॉलर में लगभग 18-20त्न का प्रभावी रिटर्न मिलने की उम्मीद है। यह योजना 8 जून से 30 सितंबर 2026 के बीच किए गए सभी नए एफसीएनआर(बी) जमा पर लागू होगी, जिसमें आरबीआई हेजिंग की पूरी लागत वहन करेगा।

क्षेत्रीय फोकस और चुनौतियां- बैंकरों का मानना है कि खाड़ी देशों और एशिया के अन्य बाजारों पर अधिक ध्यान केंद्रित किया जाएगा, क्योंकि वहां भारतीय समुदाय बड़ी संख्या में एक ही स्थान पर केंद्रित है, जैसे दुबई, अबू धाबी और सिंगापुर। वहीं अमेरिका के शेयर बाजार में जारी तेजी के कारण वहां के एनआरआई बैंक जमा के बजाय शेयर बाजार में निवेश बनाए रखना पसंद कर रहे हैं, जिससे अमेरिका और लंदन से निवेश अपेक्षाकृत कम रहने की संभावना है।

खाड़ी देशों में भू-राजनीतिक घटनाओं के कारण एनआरआई अपने निवेश का पुनर्वितरण करने के लिए भी अधिक इच्छुक हैं।

# पत्नी के प्रेमी को सिर में मारी थी गोली, इलाज के दौरान मृत्यु, अपराध शाखा सेक्टर सेक्टर 56 की टीम ने आरोपित को किया गिरफ्तार, पत्नी को भी मारने का था इरादा

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**फरीदाबाद/ दयाराम वशिष्ठ।** 30 जून की रात को राजीव कॉलोनी स्थित किराए के मकान की छत पर सो रहे विपिन यादव (26) वासी विनायकपुर जिला मैनपुरी उत्तर प्रदेश के सिर में गोली मार दी गई थी। घटनाक्रम बारे जिला मैनपुरी उत्तर प्रदेश निवासी एक महिला ने अपने पति पर गोली मारने का आरोप लगाया था। जिसकी शिकायत पर थाना सेक्टर 58 में हत्या के प्रयास की धाराओं के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया। 2 जुलाई की रात को विपिन की इलाज के दौरान ट्रामा सेंटर दिल्ली में मृत्यु हो गई, जिस पर हत्या की धारा मामले में जोड़ी गई है।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि घटनाक्रम में निष्पक्ष व त्वरित कार्रवाई के लिए अनुसंधान अपराध शाखा सेक्टर 56 को सौंपा गया। अपराध शाखा प्रभारी उप निरीक्षक नरेश कुमार ने क्ष्स्ढ़ सूरज के नेतृत्व में एक टीम गठित की। टीम ने जिला मैनपुरी, कानपुर उत्तर प्रदेश व फरीदाबाद के आसपास के क्षेत्र में लगातार रेड की और तकनीकी सहायता व गुप्त सूत्रों की सूचना पर कार्रवाई करते हुए 3 जुलाई को आरोपित विजय (28) वासी नंगला पीपल जिला मैनपुरी हाल जसवंत नगर मोहल्ला जिला इटावा उत्तर प्रदेश को जेसीबी चौक के पास से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। जिसको माननीय न्यायालय में पेशकर आगामी कार्रवाई के लिये पुलिस रिमांड पर लिया जायेगा।

जांच में सामने आया कि शिकायतकर्ता महिला अपने पहले पति को छोड़कर करीब 7/8 साल से आरोपित विजय के साथ रह रही थी। अब पिछले करीब 2/3 साल से पड़ोस के गांव विनायकपुर के रहने वाले विपिन यादव के साथ संपर्क में थी और 2 बार उसके साथ पहले भाग भी चुकी थी, जिस संबंध में पुलिस रिपोर्ट भी हुई थी। प्रथम सप्ताह जून, 2026 में शिकायतकर्ता अपनी भाभी व बहन के पास मिलने के लिए राजीव कॉलोनी फरीदाबाद आई थी। फिर उसने आरोपित से कहा कि वह फरीदाबाद ही रहेगी उसके साथ गांव नहीं जाएगी। जिस पर आरोपित ने राजीव कॉलोनी में उसको एक कमरा किराए पर दिला दिया था। जहां पर विपिन यादव भी शिकायतकर्ता के पास रहने के लिए आ गया था। आरोपित ने अपनी पत्नी को घर चलने के लिए कहा परंतु वह नहीं मानी और कहा कि वह विपिन के साथ ही रहेगी। जिस पर आरोपित ने दोनों को रास्ते से हटाने की योजना बनाई और योजना अनुसार 30 जून वह हथियार लेकर राजीव कॉलोनी में शिकायतकर्ता के पास आया और खाना खाकर सभी रात को छत पर सो गए। उसने रात को ही छत पर सो रहे विपिन यादव को सिर गोली मार दी, गोली का आवाज सुनकर शिकायतकर्ता व अन्य जाग गये। जिस कारण वह शिकायतकर्ता को गोली नहीं मार पाया और मौका से भाग गया ।

जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपित जिला मैनपुरी निवासी अपने



एक जानकारी से वारदात में प्रयोग देसी कट्टा व 2 कारतूस ?6000 में खरीद कर लाया था, जिसकी तलाश के लिए टीम के द्वारा छापेमारी की जा रही है।
प्रवक्ता, फरीदाबाद पुलिस

## लखनऊ में भाजपा का शक्ति प्रदर्शन, राष्ट्रीय अध्यक्ष का भव्य स्वागत



अर्थ प्रकाश संवाददाता /अनिल कुमार गुप्ता दिल्ली / नई दिल्ली भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के उत्तर प्रदेश आगमन पर लखनऊ एयरपोर्ट से पार्टी कार्यालय तक भव्य स्वागत यात्रा निकाली गई। प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी भी इसमें शामिल रहे। 50 से अधिक स्थानों पर कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। पार्टी कार्यालय में प्रदेश कार्यकारिणी, क्षेत्रीय अध्यक्षों और जिला अध्यक्षों के साथ बैठक जारी है। इसके बाद होटल ताज में सांसदों, विधायकों, मंत्रियों और भाजपा कोर कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक होगी, जिसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बी.एल. संतोष, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक और वरिष्ठ नेता मौजूद हैं। वही लखनऊ भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने कहा, 'उत्तर प्रदेश की धरती, लखनऊ की इस भूमि को मैं नमन करता हूं। भगवान राम, काशी विश्वनाथ की नगरी, मथुरा की नगरी को नमन करता हूं। श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी को याद करता हूं, यह उनका क्षेत्र है। जिस तरह का स्नेह यहां के लोगों ने दिया है... मैं भाजपा कार्यकर्ताओं, लखनऊ के लोगों का धन्यवाद करता हूं।'

## न्यूज ब्रीफ

### समय, धन और ऊर्जा की बचत का माध्यम है लोक अदालत: सीजेएम जितेंद्र सिंह

**- 18 जुलाई को प्रदेश भर में लगेगी विशेष लोक अदालत, चेक बाउंस मामलों का होगा निपटारा**

अर्थ प्रकाश/फरीदाबाद। दयाराम वशिष्ठ/ हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, पंचकूला के निर्देशानुसार दिनांक 18 जुलाई 2026 को पूरे हरियाणा राज्य में विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इस विशेष लोक अदालत में चेक बाउंस (धारा 138 एन.आई. एक्ट) से संबंधित मामलों का आपसी समझौते के आधार पर निपटारा किया जाएगा।



यह जानकारी देते हुए सीजेएम एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव जितेंद्र सिंह ने बताया कि जिन व्यक्तियों के चेक बाउंस से संबंधित मामले न्यायालयों में लंबित हैं और वे अपने मुकदमे का समाधान आपसी सहमति से करवाना चाहते हैं, वे अपने संबंधित न्यायालय में दिनांक 17 जुलाई 2026 तक किसी भी कार्य दिवस में उपस्थित होकर अपने मामले को विशेष लोक अदालत हेतु विचारार्थ प्रस्तुत कर सकते हैं। उन्होंने आगे बताया कि चेक बाउंस मामलों से संबंधित जो अपीलें लंबित हैं, उन्हें भी इस विशेष लोक अदालत में शामिल किया जाएगा, ताकि पक्षकार आपसी समझौते के माध्यम से अपने विवाद का शीघ्र, सरल एवं सौहार्दपूर्ण समाधान प्राप्त कर सकें। सीजीएम जितेंद्र सिंह ने कहा कि लोक अदालत के माध्यम से मामलों का निपटारा होने पर पक्षकारों का समय, धन एवं ऊर्जा की बचत होती है तथा विवाद का समाधान बिना किसी अनावश्यक देरी के हो जाता है। लोक अदालत का निर्णय अंतिम होता है और यह सभी पक्षों पर मान्य होता है। अधिक जानकारी हेतु इच्छुक व्यक्ति जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, फरीदाबाद के कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं अथवा हेल्पलाइन नंबर 0129-2261898 पर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

### हरियाणा महिला आयोग की सदस्य बनीं सुनीता लोहचव का हुआ सम्मान



अर्थ प्रकाश/अनिल कुमार गुप्ता दिल्ली / गुरुग्राम। हरियाणा महिला आयोग में सदस्य नियुक्त होने पर समाजसेवी सुनीता लोहचव का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन हरियाणा महिला आयोग की पूर्व उपाध्यक्ष सुमन दहिया की ओर से किया गया, जिसमें क्षेत्र की कई गणमान्य हस्तियों ने भाग लिया। समारोह में एडवोकेट रविन्द्र जैन, अतर सिंह संधू, बाबा अलखनाथ, शालिनी मेहता सहित अनेक सामाजिक एवं सम्मानित लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं की सुरक्षा, अधिकार एवं सशक्तिकरण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर सुनीता लोहचव ने कहा कि महिला आयोग में मिली नई जिम्मेदारी को वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निभाएंगी। उन्होंने कहा कि महिलाओं की समस्याओं और अधिकारों की आवाज को मजबूती से उठाना उनकी प्राथमिकता रहेगी। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने सुनीता लोहचव को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं देते हुए उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में महिलाओं के हितों को और मजबूती मिलेगी।

### अलग-अलग राजनितिक दलों के नेताओं ने आने वाले असेंबली इलेक्शन में अपनी-अपनी ताकत दिखाने के लिए न्यू चंडीगढ़ में बगावत का झंडा उठाना शुरू कर दिया है

अर्थ प्रकाश/ जे के बत्ता - न्यू चंडीगढ -खरड़/ अलग-अलग राजनितिक दलों के नेताओं ने आने वाले असेंबली इलेक्शन में अपनी-अपनी ताकत दिखाने के लिए न्यू चंडीगढ़ में बगावत का झंडा उठाना शुरू कर दिया है। इस बारे में खरड़ हलके से आम आदमी पार्टी के सीनियर लीडर सोहन सिंह मान (रिटायर्ड तहसीलदार) ने अलग सुर अपनाते हुए एक हफ्ते बाद दूसरी मीटिंग बुलाई। जिसमें लोकल गणमान्य लोगों, पूर्व चेयरमैन और मौजूदा और पूर्व कमेटी मेंबर्स और क्क्वर्कर्स की बड़ी मीटिंग हुई। इस मीटिंग में खरड़ हलके से आने वाले असेंबली इलेक्शन में हलके से लोकल कैंडिडेट उतारने पर चर्चा हुई। जिसमें मौजूद लोगों ने लंबी चर्चा की कि यह इस हलके का दुख है कि 2017 के इलेक्शन में आम आदमी पार्टी ने खरड़ हलके से कंवर संधू को स्क्रू



और फिर मैडम अनमोल गगन मान को बहुमत से चुना। इसके अलावा, सांसद मलविंदर सिंह कंग को भी हलके के लोगों ने चुना था, लेकिन जीतने के बाद किसी ने लोगों की सुध नहीं ली। बोलने वालों के मुताबिक, लिंक रोड और दूसरे विकास के कामों पर ब्रेक लगे हुए हैं। इस मौके पर मौजूद लोगों ने कहा कि ऐसे नेता को उम्मीदवार बनाकर लोक कचहरी में लाना चाहिए जो अच्छे समय में खड़ा हो और हलके के विकास के कामों के लिए समर्पित हो। इस मौके पर सोहन सिंह मान ने मौजूद लोगों का शुक्रिया अदा किया और कहा कि वह हलके के लोगों की राय से इस काम को पूरा करने में हमेशा अहम भूमिका निभाएंगे। इस मौके पर उनके अलावा हरबंस सिंह लुबांगढ़, हरप्रीत सिंह हैप्पी, सरबजीत सिंह किसान औगू, मोर सिंह मंसूरपुर, गुरमीत सिंह मोरिंडा, बलदेव सिंह मोरिंडा, हरदेव सिंह, जगदीश सिंह सुखदीप मोहाली, गुरप्रीत सिंह, महिंदर सिंह, राजबीर सिंह होशियारपुर, दर्शन सिंह गांव मानकपुर, परमिंदर सिंह, रणजीत सिंह, अवतार सिंह, निर्मल सिंह, गुरमेल सिंह, गुरमेल सिंह, बलविंदर सिंह रहीमपुर, मक्खन सिंह, हरभजन सिंह शेख पुर, दिलबाग सिंह सरपंच मौजूद थे।

# विश्व हिन्दू महासंघ के बौद्धिक प्रकोष्ठ की पहली संस्थापक बैठक आयोजित

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**अनिल कुमार गुप्ता दिल्ली**

नई दिल्ली, 4 जुलाई। विश्व हिन्दू महासंघ के बौद्धिक प्रकोष्ठ (इंटेलेक्चुअल सेल) की प्रथम संस्थापक सदस्य बैठक शनिवार को नई दिल्ली स्थित एएआई ऑफिसर्स क्लब में आयोजित हुई। बैठक का उद्देश्य शिक्षाविदों, चार्टर्ड अकाउंटेंट्स, अधिवक्ताओं, उद्योगपतियों, चिकित्सकों, लेखकों और शोधकर्ताओं सहित विभिन्न क्षेत्रों के प्रबुद्ध लोगों को एक मंच पर लाकर राष्ट्र, समाज और सनातन संस्कृति से जुड़े विषयों पर तथ्यपूर्ण एवं सकारात्मक संवाद की शुरुआत करना था।



कार्यक्रम की अध्यक्षता संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं कालिका पीठाधीश्वर महंत सुरेन्द्रनाथ अवधूत जी ने की। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में समाज को केवल भावनाओं से नहीं, बल्कि ज्ञान, शोध, तर्क और प्रमाण आधारित विचारों से दिशा देने की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि बौद्धिक प्रकोष्ठ का उद्देश्य समाज में सकारात्मक सोच विकसित करना, युवाओं तक सही जानकारी पहुंचाना और राष्ट्रहित से जुड़े विषयों पर सार्थक विमर्श को आगे बढ़ाना है।

कार्यक्रम के आयोजक एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हरित अग्रवाल ने कहा कि यह प्रकोष्ठ देशभर के प्रबुद्ध लोगों को जोड़कर एक मजबूत थिंक टैंक के रूप में कार्य करेगा। इसके माध्यम से समय-समय पर विचार-मंथन, शोध, संगोष्ठियों, पुस्तकों और लेखों के जरिए विभिन्न राष्ट्रीय विषयों पर अध्ययन और सुझाव तैयार किए जाएंगे। राष्ट्रीय संगठन मंत्री विक्रम गोस्वामी ने संगठन की भावी कार्ययोजना पर प्रकाश डालते हुए देशभर में बौद्धिक प्रकोष्ठ के विस्तार पर बल दिया, जबकि राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष सचिन वशिष्ठ ने भी अपने विचार साझा किए।

बैठक में सीए सुशील कुमार कौशिक, सीए राधेश्याम बंसल, सीए राजेश अग्रवाल, सीए मनोज बंसल, सीए आर.के. गुप्ता, सीए कमल कुमार कौशिक और सीए धीरज शर्मा सहित अनेक प्रबुद्ध व्यक्तियों ने अपने सुझाव दिए और इस पहल का स्वागत किया।

बैठक के अंत में सभी संस्थापक सदस्यों ने बौद्धिक प्रकोष्ठ को राष्ट्रीय स्तर पर एक सशक्त वैचारिक मंच के रूप में विकसित करने का संकल्प लिया। साथ ही नियमित विचार-मंथन बैठकों, शोध कार्यों, जनजागरण कार्यक्रमों तथा युवाओं को वैचारिक रूप से सशक्त बनाने के लिए विभिन्न गतिविधियां संचालित करने का निर्णय लिया गया।

## मिथक और फैंटेसी का दमदार विस्फोट नागबंधन



अर्थ प्रकाश/ अनिल कुमार गुप्ता दिल्ली / भारतीय मिथकों और भव्य विजुअल्स की तलाश कर रहे दर्शकों के लिए नागबंधन एक शानदार सिनेमाई अनुभव बनकर उभरती है। रहस्य, फैंटेसी और एडवेंचर से भरपूर यह फिल्म शुरुआत से ही अपनी दुनिया में खींच लेती है। निर्माताओं ने फिल्म को बड़े स्केल और दमदार प्रोडक्शन के साथ पेश किया है. जो हर फ्रेम में नजर आता है। निर्देशक अभिषेक नामा ने मिथोलॉजी और फैंटेसी को बैलेंस करते हुए कहानी को दिलचस्प बनाए रखा है। विराट कर्णा का कॉन्फिडेंट प्रदर्शन, नाभा नटेश की भावनात्मक पकड़ और ऋषभ साहनी का प्रभावशाली विलेन अवतार फिल्म को मजबूती देते हैं। महेश मांजरेकर अपनी मौजूदगी से अलग ही वजन जोड़ते हैं। फिल्म के विजुअल्स और VFX इसकी सबसे बड़ी ताकत हैं, जबकि इंटरवल और क्लाइमेक्स के एक्शन सीक्वेंस खास तौर पर रोमांच पैदा करते हैं। कुछ जगह कहानी की रफ्तार धीमी होती है, लेकिन ट्विस्ट और ग्रैंड सीन्स इसे संभाल लेते हैं। कुल मिलाकर, नागबंधन एक विजुअली रिच, एंटरटेनिंग और थिएटर के लिए बनी फिल्म है- जिसे बड़े पर्दे पर देखने का कुछ अलग ही मजा रहेगा। यकीन मानिये आप रोमांचित हो जायेंगे एवं आपके शरीर के तंतु खुल जायेंगे।

# पंडित धीरेंद्र शास्त्री जी के जन्मदिवस पर मीरू सेवा समिति ने की गौसेवा, दी दीर्घायु की शुभकामनाएँ

अर्थ प्रकाश संवाददाता

पंडित श्री धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री (बागेश्वर धाम सरकार) के जन्मदिवस के शुभ अवसर पर मीरू सेवा समिति, पंचकुला के सदस्यों द्वारा गोवन सेवा धाम, सेक्टर-23, पंचकुला में गौमाता की सेवा करते हुए उन्हें हरा चारा खिलाया गया तथा भगवान बालाजी से पंडित श्री धीरेंद्र शास्त्री जी के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं यशस्वी जीवन की प्रार्थना की गई।

इस अवसर पर समिति के सदस्यों ने कहा कि मीरू सेवा समिति निरंतर सामाजिक एवं सेवा कार्यों में सक्रिय रहती है। गौसेवा भारतीय संस्कृति और सनातन परंपरा का महत्वपूर्ण अंग है, और इसी भावना के साथ आज का सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया।

समिति के सदस्यों ने बताया कि श्री तरुण भंडारी जी, माननीय मुख्यमंत्री हरियाणा ह्डु4ड्डह्व स्द्बठ्ठद्धद्ध स्ड्डद्बठ्ठद्ब के राजनीतिक सचिव, की प्रेरणा एवं मार्गदर्शन में प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर पंडित श्री धीरेंद्र शास्त्री जी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में सुंदरकांड पाठ, हनुमान चालीसा पाठ एवं अन्य धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में मीरू सेवा समिति ने गौसेवा का संकल्प लेकर गोवन सेवा धाम में सेवा कार्य किया और सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार के लिए पंडित श्री धीरेंद्र शास्त्री जी के योगदान की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल एवं दीर्घ जीवन की मंगलकामना की।

इस सेवा कार्यक्रम में चारू तायल, मुदिता शर्मा तथा मीरू सेवा समिति के अन्य सदस्यों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई।



## हरियाणा महिला स्वर्णकार संगठन की प्रदेश अध्यक्ष के रूप में हरियाणा सरकार में अनेक उच्च प्रशासनिक पदों पर अपनी सेवाएं दे चुकीं सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी श्रीमती सुनीता वर्मा की नियुक्ति



अर्थ प्रकाश/फरीदाबाद। दयाराम वशिष्ठ हरियाणा महिला स्वर्णकार संगठन ने प्रदेश एवं जिला स्तर पर नई कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए समाज की सक्रिय एवं प्रतिष्ठित महिलाओं को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी हैं। संगठन की प्रदेश अध्यक्ष के रूप में हरियाणा सरकार में अनेक उच्च प्रशासनिक पदों पर अपनी सेवाएं दे चुकीं सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी श्रीमती सुनीता वर्मा को नियुक्त किया गया है। वहीं प्रदेश महासचिव के पद पर उच्चतम न्यायालय की अधिवक्ता सपना वर्मा को जिम्मेदारी दी गई है। फरीदाबाद जिला इकाई में प्रख्यात कवयित्री डॉ. अनिता सोनी को जिला अध्यक्ष, श्रीमती कविता सोनी को जिला उपाध्यक्ष तथा इंदिरा वर्मा को जिला महासचिव एवं प्रीति वर्मा, मधु वर्मा, उपाध्यक्ष कविता वर्मा, सचिव जुही वर्मा, कविता वर्मा एडवोकेट, उपाध्यक्ष करषका कपिल, नीलम वर्मा, रितु वर्मा कमेटी मे नियुक्त किया गया है। संगठन के वरिष्ठ सदस्यों एवं समाज के गणमान्य लोगों ने सर्वसम्मति से इन सशक्त महिलाओं को नई जिम्मेदारियां सौंपते हुए विश्वास व्यक्त किया कि इनके नेतृत्व में स्वर्णकार समाज की महिलाओं को आगे बढ़ने, सामाजिक भागीदारी बढ़ाने तथा नई पीढ़ी को प्रेरित करने का अवसर मिलेगा। इस अवसर पर नवनियुक्त पदाधिकारियों को हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई देते हुए समाज के लोगों ने उनके सफल कार्यकाल की कामना की। संगठन की ओर से जानकारी दी गई कि आगामी 14 अगस्त को सेक्टर-15 कम्युनिटी सेंटर फरीदाबाद में एक भव्य महिला सम्मान एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में प्रदेशभर से स्वर्णकार समाज की सक्रिय महिलाओं को आमंत्रित किया जाएगा। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ समाज की महिलाओं के सम्मान एवं सशक्तिकरण पर विशेष जोर रहेगा तथा सैकड़ों महिलाओं की गरिमामयी उपस्थिति रहने की संभावना है।

# E20 एक स्वच्छ, उच्च-प्रदर्शन वाला ईंधन

## -पुरानी गाड़ियों पर कड़े परीक्षण के बाद ही बढ़ाया गया इथेनॉल: ऑटो विशेषज्ञ

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**नई दिल्ली।** पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय, भारी उद्योग मंत्रालय और सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने दिल्ली में संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इसमें ऊर्जा और ऑटो सेक्टर के विशेषज्ञों ने E20 इथेनॉल मिश्रित पेट्रोल कार्यक्रम पर जानकारी दी। बताया गया कि इथेनॉल मिश्रण एक सोच-समझकर, वैज्ञानिक तरीके से उठाया गया कदम है और वाहन मालिकों को चिंता करने की जरूरत नहीं है।

प्रेस कॉन्फ्रेंस को ईआईएल की पूर्व ष्टरूस्ठ वर्तिका शुक्ला, टोयोटा के विक्रम गुलाटी, मारुति के राहुल भारती, हीरो मोटोकॉर्प के अशुतोष वर्मा, TVS के प्रसाद कृष्णन, हुंडई के पुनीत आनंद और बजाज ऑटो के मनप्रीत सिंह बिंद्रा ने संबोधित किया।

टोयोटा के विक्रम गुलाटी ने कहा कि ऑटो सेक्टर सबसे ज्यादा रेगुलेटेड सेक्टर है। गाड़ियां बाजार में आने से पहले और बाद में स्वतंत्र, ग्लोबल मान्यता प्राप्त एजेंसियों से टेस्ट होती हैं। इथेनॉल 1900 के शुरुआती सालों से और फॉर्मूला रेसिंग में भी इस्तेमाल हो रहा है। E20 पर जाने का फैसला पुरानी गाड़ियों पर गहन परीक्षण के बाद ही लिया गया। उन्होंने साफ किया कि हाल में शुरू हुए E85 पंप सिर्फ Fle&-Fuel गाड़ियों के लिए हैं।

मारुति सुजुकी के राहुल भारती ने ग्राहकों को ÷भरोसे का बयान÷ दिया। उन्होंने कहा कि E10 के लिए बनी गाड़ियों को सभी पैमानों पर E20 से टेस्ट किया गया है। FY 2025-26 में मारुति ने 2.84 करोड़ गाड़ियां सर्विस कीं, जिनमें 1.5 करोड़ से ज्यादा 3 साल से पुरानी थीं और E20 सर्टिफाइड नहीं थीं। फील्ड से जंग, घिसाव या पार्ट्स की लाइफ घटने की कोई शिकायत नहीं आई।

माइलेज पर उन्होंने कहा कि E20 की कैलोरी वैल्यू श्व10 से करीब 3 से 3.5प्र. कम है। यानी 20 kmpl वाली गाड़ी में लगभग 0.6 kmpl का फर्क आएगा। लेकिन टायर प्रेशर, ड्राइविंग पैटर्न और मेंटेनेंस से माइलेज में इससे कहीं ज्यादा फर्क आता है। ये मामूली नुकसान बेहतर एक्सीलरेशन, बेहतर एंटी-नॉकिंग और कम प्रदूषण से पूरा हो जाता है।

उन्होंने स्पष्ट किया कि गाड़ियां E20 से कहीं ज्यादा फैक्टर ऑफ सेफ्टी के साथ बनती हैं। बाजार में अभी कोई रेट्रोफिटमेंट किट नहीं है, ये सिर्फ R&D में है।

ईआईएल की वर्तिका शुक्ला ने कहा कि E20 कार्यक्रम सभी हितधारकों से चर्चा के बाद बना है। ये BIS स्टैंडर्ड और BS-VI उत्सर्जन मानदंडों के अनुरूप है और देशभर में समान रूप से उपलब्ध है।

हीरो मोटोकॉर्प के अशुतोष वर्मा ने कहा कि दुनिया की सबसे बड़ी 2-पहिया कंपनी के सर्विस डेटा में E20 से ज्यादा खराबी का कोई मामला नहीं मिला।

पैनल ने अंत में E20 कार्यक्रम पर सामूहिक भरोसा जताया और उपभोक्ताओं के सवालों का जवाब देने की प्रतिबद्धता दोहराई।

# सोतई गांव में प्रस्तावित कूड़ा डंपिंग यार्ड को लेकर ग्रामीणों ने मंत्री राजेश नागर से की मुलाकात

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**फरीदाबाद/ दयाराम वशिष्ठ।** सोतई गांव में निगम द्वारा प्रस्तावित कूड़ा डंपिंग यार्ड के निर्माण को लेकर ग्रामीणों ने हरियाणा सरकार में मंत्री राजेश नागर से मुलाकात की और अपनी चिंताओं से अवगत कराया।

ग्रामीणों ने मंत्री को बताया कि क्षेत्र में बनाए जा रहे डंपिंग यार्ड को तत्काल प्रभाव से अन्य उपयुक्त स्थान पर स्थानांतरित किया जाए, ताकि क्षेत्र की आबादी को संभावित प्रदूषण और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से बचाया जा सके।

ग्रामीणों ने मंत्री राजेश नागर को बताया कि लगभग दो वर्ष पूर्व भी प्रशासन द्वारा इसी स्थान पर कूड़ा डंपिंग यार्ड स्थापित करने की प्रक्रिया शुरू की गई थी। उस समय आपके सहयोग के कारण सरकार ने जनभावनाओं को समझा और डंपिंग यार्ड को वहां से हटाने के निर्देश दिए थे।

लेकिन अब एक बार फिर प्रशासन उसी स्थान पर डंपिंग यार्ड विकसित करने की तैयारी कर रहा है, जिससे लोगों में गहरी नाराजगी है। ग्रामीणों ने कहा कि यदि सोतई गांव में कूड़ा डंपिंग यार्ड स्थापित किया जाता है तो इसका प्रतिकूल प्रभाव केवल एक गांव तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि आसपास के दर्जनों गांव इसकी चपेट में आ जाएंगे। उन्होंने आशंका जताई कि डंपिंग यार्ड से निकलने वाली दुर्गंध, प्रदूषित जल और अन्य पर्यावरणीय प्रभाव क्षेत्र की जलवायु को प्रभावित करेंगे तथा लोगों के स्वास्थ्य पर भी गंभीर असर पड़ेगा।

ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए मंत्री राजेश नागर ने उन्हें आश्वस्त किया कि उनकी मांगों और चिंताओं को सरकार तक प्रभावी ढंग से पहुंचाया जाएगा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के लोगों की भावनाओं और पर्यावरणीय चिंताओं की अनदेखी नहीं की जा सकती। उन्होंने बताया कि ग्रामीणों की इस समस्या को लेकर वे हरियाणा सरकार में कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल तथा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मुलाकात करेंगे और पूरे मामले से उन्हें अवगत कराएंगे।

मंत्री राजेश नागर ने कहा कि ग्रामीणों द्वारा उठाई गई चिंताएं काफी हद तक उचित प्रतीत होती हैं और सरकार जनहित से जुड़े हर विषय पर संवेदनशीलता के साथ कार्य करती है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि ग्रामीणों की मांग को उचित मंच पर रखा जाएगा और ऐसा समाधान निकालने का प्रयास किया जाएगा जिससे आम जनता के हित सुरक्षित रह सकें तथा क्षेत्र का संतुलित विकास भी जारी रहे।

इस अवसर पर फरीदाबाद आईएमटी इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के प्रधान हेमंत शर्मा, सोतई गांव के पूर्व सरपंच भोली रावत, संतोष सिंह, हरिंदर सिंह, महेंद्र सिंह, विशाल, विक्रम, पूरन सिंह नेताजी, रूप सिंह एडवोकेट राजेश्वर, वीर सिंह, ओम प्रकाश, करतार सिंह, राजकुमार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण, सामाजिक प्रतिनिधि एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



# आखिरी दिन प्रज्ञानंद ने मारी बाजी, लगातार तीन जीत के दम पर संयुक्त नंबर-1 बने भारतीय स्टार



**जैग्रेब (क्रोएशिया)।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानंद ने ग्रैंड चेस टूर के क्रोएशियाई चरण के रैपिड सेक्शन के अंतिम दिन शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने आखिरी दिन लगातार तीन मैच जीतकर कुल 12 अंकों के साथ फ्रांस के फिरौज्जा अलीरेजा के साथ संयुक्त रूप से पहला स्थान हासिल कर लिया है। दूसरे दिन के खेल के बाद प्रज्ञानंद थोड़ा पिछड़ गए थे, लेकिन उन्होंने आखिरी तीन दौर के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ खेल बचाकर रखा था। उन्होंने क्रोएशिया के इवान सारिक, रोमानिया के डीक बोग्डन-डेनियल और नीदरलैंड के अनीश गिरी को शिकस्त देकर अलीरेजा की बराबरी की।

इस प्रतियोगिता के रैपिड सेक्शन में फ्रांस के मैक्सिम वाचिएर-लाग्रेव और उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव ने भी बेहतरीन अंत किया। ये दोनों खिलाड़ी 11 अंकों के साथ शीर्ष पर मौजूद दोनों लीडर्स के बेहद करीब बने हुए हैं। वहीं, भारत के विश्व चैंपियन डी गुकेश और जर्मनी के विंसेंट कीमर भी 10-10 अंकों के साथ उनके ठीक पीछे मजबूती से डटे हुए हैं।ब्लिट्ज सेक्शन में अभी 18 दौर के मुकाबले खेले जाने बाकी हैं। फिलहाल, अनीश गिरी आठ अंकों पर हैं और वह डीक बोग्डन-डेनियल तथा नीदरलैंड के जॉर्डन वैन फोरेस्ट से एक पूरा अंक आगे हैं। इसके विपरीत, इवान सारिक के खाते में केवल दो अंक हैं और वह अंक तालिका में सबसे आखिरी स्थान पर हैं।

### प्रज्ञानंद ने आखिरी तीन राउंड में विपक्षी दिग्गजों को कैसे मात दी

प्रज्ञानंद के लिए दिन की शुरुआत बेहद सकारात्मक रही। टूर्नामेंट में संघर्ष कर रहे इवान सारिक के खिलाफ शुरुआती चालों के बाद ही भारतीय खिलाड़ी मजबूत स्थिति में आ गए थे। कारो-कैन डिफेंस की वजह से प्रज्ञानंद को शुरुआत से ही सक्रिय स्थिति मिल गई थी। हालांकि इसे जीत में बदलने में लंबा समय लगा, लेकिन प्रज्ञानंद का खेल पर पूरा नियंत्रण बना रहा। दूसरे मुकाबले में प्रज्ञानंद ने पेट्रोफ डिफेंस का सामना करते हुए डीक बोग्डन-डेनियल की रक्षापंक्ति को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया। खेल की 15वीं चाल तक ही परिणाम की तस्वीर साफ होने लगी थी। रोमानियाई खिलाड़ी ने जल्द ही अपना एक मोहरा गंवा दिया और वह मुकाबले में दोबारा वापसी नहीं कर सके।दिन के आखिरी मैच में प्रज्ञानंद ने आम तौर पर मजबूत माने जाने वाले अनीश गिरी के खिलाफ आक्रामक रुख अपनाया। उन्होंने कैटलन ओपनिंग के जरिए एक प्यादा जीता और फिर बेहतरीन टैक्टिकल सूझबूझ दिखाते हुए मैच को कुशलता से समाप्त किया। यह मुकाबला महज 34 चालों में ही खत्म हो गया।

### विश्व चैंपियन डी गुकेश के लिए यह दिन कुछ अलग साबित हुआ

प्रज्ञानंद के विपरीत, सबसे कम उम्र के विश्व चैंपियन डी गुकेश के लिए यह दिन थोड़ा अलग और मिलाजुला रहा। वह अपने तीनों मुकाबले ड्रॉ ही खेल सके, जिसके कारण वह शीर्ष रेस में थोड़े पीछे रह गए। अब्दुसत्तोरोव, कीमर और अलीरेजा इन तीनों ही खिलाड़ियों ने गुकेश के साथ अंक बांटे।

### रैपिड सेक्शन के 9 दौर के बाद क्या है अंक तालिका की स्थिति

पहला-दूसरा स्थानः फिरौज्जा अलीरेजा (फ्रांस), आर प्रज्ञानंद (भारत)- 12 अंक प्रत्येक

तीसरा-चौथा स्थानः मैक्सिम वाचिएर-लाग्रेव (फ्रांस), नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव (उज्बेकिस्तान)- 11 अंक प्रत्येक

पांचवां-छठा स्थानः डी गुकेश (भारत), विंसेंट कीमर (जर्मनी)- 10 अंक प्रत्येक

सातवां स्थानः अनीश गिरी (नीदरलैंड)- 8 अंक

आठवां-नौवां स्थानः डीक बोग्डन-डेनियल (रोमानिया), जॉर्डन वैन फोरेस्ट (नीदरलैंड)- 7 अंक प्रत्येक

दसवां स्थानः इवान सारिक (क्रोएशिया)- 2 अंक

# मेसी के विश्वकप में 20 गोल





## एम्बाप्पे पर बनाई बढ़त गोल्डन बूट की दौड़ में आगे

**मियामी, एजेंसी।** अर्जेंटीना के स्टार खिलाड़ी लियोनल मेसी ने फिर गोल किया और केप वर्डे के खिलाफ फीफा विश्व कप का लगातार आठवां मैच था जिसमें अर्जेंटीना के कप्तान ने कम से कम एक गोल दागा है। मेसी ने केप वर्डे के खिलाफ 29वें मिनट में विश्व कप के अपने करियर का 20वां गोल किया। वह विश्व कप के इतिहास में सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ियों की सूची में शीर्ष पर बने हुए हैं जबकि, फ्रांस के किलियन एम्बाप्पे उनसे दो गोल पीछे हैं।

### मेसी ने दागा मौजूदा विश्व कप का सातवां गोल

इस साल टूर्नामेंट में मेसी का यह सातवां गोल था और गोल्डन बूट की दौड़ में एम्बाप्पे उनसे एक गोल पीछे हैं। पिछले आठ विश्व कप मैचों में मेसी 12 गोल कर चुके हैं। मेसी के साथ अर्जेंटीना और इंटर मियामी के लिए खेलने वाले रॉड्रिगो डि पॉल ने कहा, मेरे लिए मेसी की दोस्ती सबसे अहम चीज है और मैं खुशकिस्मत हूं कि इन पलों में उसके साथ मैदान पर हूं।मेसी ने मार्टिनेज के पास पर केप वर्डे के स्टार गोलकीपर वोजिन्हा को छकाते हुए यह गोल दागा। मेसी और एम्बाप्पे के अलावा नॉर्वे के एर्लिंग हालंद और इंग्लैंड के हैरी केन भी पांच-पांच गोल करके विश्व कप में सबसे ज्यादा गोल करने के गोल्डन बूट पुरस्कार की दौड़ में हैं। फ्रांस के उस्मान डेम्बेले, स्पेन के मिकेल ओयारजाबाल, ब्राजील के विनिशियस जूनियर और सेनेगल के इस्माइला सार ने चार-चार गोल किए हैं। सार दौड़ से बाहर हैं क्योंकि सेनेगल बाहर हो चुकी है।

### कभी गोल्डन बूट नहीं जीत सके हैं मेसी

नॉर्वे, इंग्लैंड और फ्रांस अंतिम 16 में हैं। केप वर्डे को हराकर अर्जेंटीना भी अगले दौर में पहुंच चुका है। मेसी ने कभी गोल्डन बूट नहीं जीता। विश्व कप 2022 में सात गोल करके वह एम्बाप्पे से एक गोल पीछे रह गए थे, जबकि 2014 में चार गोल करके संयुक्त तीसरे स्थान पर थे। अगर टूर्नामेंट के बाद शीर्ष पर टाई रहता है तो फीफा पहले टाइब्रेकर के रूप में यह देखेगा कि कितने गोल में मदद की है और दूसरा टाइब्रेकर यह होगा कि मैदान पर किसने कम समय बिताया है। एमेबाप्पे गोल में सहायता के मामले में मेस्सी से 2-0 से आगे हैं।



# पेनल्टी शूटआउट में मिस्र का कमाल ऑस्ट्रेलिया को हरा राउंड ऑफ-16 में

**डलास, एजेंसी।** फीफा विश्व कप 2026 के राउंड ऑफ 32 में मिस्र ने इतिहास रचते हुए ऑस्ट्रेलिया को पेनल्टी शूटआउट में 4-2 से हराकर पहली बार विश्व कप के नॉकआउट मुकाबले में जीत दर्ज की। निर्धारित समय और अतिरिक्त समय तक मुकाबला 1-1 की बराबरी पर रहा, जिसके बाद मैच का फैसला पेनल्टी शूटआउट से हुआ। मिस्र ने अपनी चारों पेनल्टी सफलतापूर्वक गोल में बदली, जबकि ऑस्ट्रेलिया के हैरी साउटर और लुकास हेरिंगटन अपने प्रयासों में चूक गए।

मुकाबले की शुरुआत में ऑस्ट्रेलिया ने आक्रामक रुख अपनाया और क्रिस्टियन वोल्पाटो का लंबी दूरी का शॉट क्रॉसबार से टकराया। इसके कुछ ही मिनट बाद मिस्र ने 13वें मिनट में बढ़त बना ली। सेट पीस से बने मौके पर करीम हाफेज के क्रॉस को इमाम अशूर ने शानदार हेडर के जरिए गोल में बदल दिया। विश्व कप में अशूर का यह लगातार दूसरा गोल रहा।दूसरे हाफ में ऑस्ट्रेलिया ने बराबरी हासिल कर ली। 55वें मिनट में एडेन ओ'नील की फ्री-किक पर मिस्र के डिफेंडर मोहामेद हानी ने गेंद को क्लियर करने की कोशिश में अपनी ही टीम के गोल में पहुंचा दिया। इस आत्मघाती गोल के साथ स्कोर 1-1 हो गया और मुकाबला बेहद रोमांचक बन गया।

### दोनों टीमों को मिले मौके

अतिरिक्त समय में मिस्र के पास मैच खत्म करने का सुनहरा अवसर था, लेकिन ऑस्ट्रेलिया के गोलकीपर पैट्रिक बीच ने रामी राबिया के दमदार हेडर पर शानदार एक हाथ से बचाव किया। इसके बाद मोहम्मद सलाह ने हैसम हसन के लिए मौका बनाया, लेकिन हैरी साउटर ने बेहतरीन ब्लॉक लगाकर ऑस्ट्रेलिया को बचा लिया।निर्धारित समय और अतिरिक्त समय में फैसला नहीं होने के बाद मैच पेनल्टी शूटआउट में पहुंचा। मिस्र ने अपनी सभी चार पेनल्टी सफलतापूर्वक गोल में बदली। स्टार खिलाड़ी मोहम्मद सलाह ने भी शानदार 'पानेन्का' शैली में पेनल्टी को गोल में बदल दिया। दूसरी ओर, ऑस्ट्रेलिया के हैरी साउटर और लुकास हेरिंगटन पेनल्टी चूक गए, जिससे मिस्र ने 4-2 से जीत दर्ज कर ली।



# अल-नासर को मिला नया कोच, एंजे को मिली कमान

सऊदी अरब के दिग्गज क्लब अल-नासर ने ऑस्ट्रेलियाई कोच एंजे पोस्टेकोग्लू को अपनी पहली फुटबॉल टीम का नया मुख्य कोच नियुक्त किया है। क्लब ने शनिवार को इसकी आधिकारिक घोषणा करते हुए बताया कि पोस्टेकोग्लू के साथ दो साल का अनुबंध किया गया है।एंजे पोस्टेकोग्लू पुर्तगाली कोच जॉर्ज जीसस की जगह लेंगे। क्लब ने अपने आधिकारिक बयान में कहा, 'एक नए अध्याय की शुरुआत। एंजे पोस्टेकोग्लू को अल-नासर की पहली फुटबॉल टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया है। उनका अनुबंध दो सीजन के लिए है। हम उन्हें और उनके सहयोगी स्टाफ को क्लब के साथ सफल सफर की शुभकामनाएं देते हैं।'पोस्टेकोग्लू के सामने सबसे बड़ी चुनौती पांच बार के बैलन डी'ऑर विजेता क्रिस्टियानो रोनाल्डो के साथ टीम को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने की होगी। इसके अलावा वह सादियो माने, किंग्सले कोमन और जोआओ फेलिक्स जैसे स्टार खिलाड़ियों को भी कोचिंग देंगे। इस समय 41 वर्षीय क्रिस्टियानो रोनाल्डो पुर्तगाल की ओर से फीफा विश्व कप 2026 में खेल रहे हैं। उन्होंने क्रोएशिया के खिलाफ राउंड ऑफ 32 मुकाबले में पेनल्टी के जरिए बराबरी का गोल दागा था। हालांकि बाद में उन्हें मैदान से बाहर बुला लिया गया और गोंकालो रामोस ने विजयी गोल कर टीम को बढ़त दिलाई।

विश्व कप से पहले भारत ने दिया बड़ा संदेश

# फुल्टन बोले- गेम प्लान पर टिके रहे तो जीत हमारी होगी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एफआईएच प्रो लीग में कुल मिलाकर निराशाजनक अभियान के बावजूद आखिरी चरण में भारतीय टीम ने दमदार प्रदर्शन कर अपने इरादे साफ कर दिए। जर्मनी और नीदरलैंड जैसी मजबूत टीमों को हराने के बाद मुख्य कोच क्रेग फुल्टन का मानना है कि अगर टीम अपने गेम प्लान पर कायम रही तो दुनिया की किसी भी टीम को मात दे सकती है।



### जर्मनी और नीदरलैंड पर जीत से बढ़ा टीम का आत्मविश्वास?

मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने कहा कि प्रो लीग के दौरान टीम का आत्मविश्वास लगातार बढ़ा है। उन्होंने कहा कि जर्मनी और नीदरलैंड जैसी शीर्ष टीमों पर जीत और इंग्लैंड के खिलाफ कड़े मुकाबले ने साबित कर दिया कि भारतीय टीम अपने गेम प्लान पर अमल करे तो किसी भी टीम को चुनौती देने और हराने की क्षमता रखती है। उन्होंने इसे विश्व कप और एशियाई खेलों से पहले अच्छा संकेत बताया, हालांकि प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखने की जरूरत भी बताई।

### टीम दबाव में पहले से ज्यादा मजबूत हुई

फुल्टन ने कहा कि टीम ने दबाव की परिस्थितियों में संयम बनाए रखा, अलग-अलग टीमों की खेल शैली के अनुसार खुद को ढाला और करीबी मुकाबलों में जीत हासिल की। उनके अनुसार यही अनुभव विश्व कप और एशियाई खेलों जैसे बड़े टूर्नामेंट में टीम के काम आएगा और टीम सही दिशा में आगे बढ़ रही है।

### प्रो लीग भारत के लिए मुश्किल रही थी

राउरकेला में खेले गए घरेलू चरण में भारत को बेल्जियम और अर्जेंटीना के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद होबार्ट चरण में टीम ने सुधार के संकेत दिए। स्पेन से शुरुआती हार के बाद भारत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 2-2 और स्पेन के खिलाफ 1-1 से ड्रॉ खेला, हालांकि दोनों मुकाबलों के शूटआउट में हार मिली। अंतिम मैच में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 1-1 की बराबरी के बाद भारत ने शूटआउट 3-1 से जीत लिया।यूरोप चरण में भारतीय टीम का प्रदर्शन काफी बेहतर रहा। रॉटरडैम में भारत ने जर्मनी को 3-1 और नीदरलैंड को 3-2 से हराया। दुनिया की दो मजबूत रक्षात्मक टीमों के खिलाफ भारत ने चार मैचों में नौ गोल किए, जिनमें पांच फील्ड गोल और चार पेनल्टी कॉर्नर से आए। इसके बाद लंदन में पाकिस्तान और इंग्लैंड के खिलाफ चारों मुकाबलों में भारत निर्धारित समय तक अपराजित रहा।

### हरमनप्रीत सिंह ने भी जताया भरोसा

होबार्ट चरण से बाहर रहने के बाद टीम की कप्तानी संभालने लौटे हरमनप्रीत सिंह ने कहा कि शीर्ष रैंकिंग वाली टीमों को हराना हमेशा खास होता है और इससे पता चलता है कि टीम की मेहनत रंग ला रही है। उन्होंने कहा कि विश्व कप और एशियाई खेलों की तैयारी में टीम इन सकारात्मक पहलुओं को साथ लेकर आगे बढ़ेगी।

# नोवाक जोकोविच ने रचा इतिहास

## जोकोविच ने विंबलडन पुरुष एकल में रोजर फेडरर के 105 जीत के रिकॉर्ड की बराबरी की



**नई दिल्ली, एजेंसी।** सात बार के विंबलडन चैंपियन नोवाक जोकोविच ने तीसरे दौर में फ्रांस के आर्थर रिंदरकनेच को कड़े मुकाबले में 7-5, 6-4, 1-6, 7-6(4) से हराकर प्री-क्वार्टर फाइनल (चौथे दौर) में जगह बना ली। इस जीत के साथ जोकोविच ने विंबलडन पुरुष एकल में रोजर फेडरर के 105 जीत के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली।

### फेडरर की बराबरी, अब सिर्फ एक खिलाड़ी आगे

39 वर्षीय सर्बियाई दिग्गज अब विंबलडन में पुरुष एकल के इतिहास में सबसे ज्यादा 105 मैच जीतने वाले खिलाड़ियों की सूची में रोजर फेडरर के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर पहुंच गए हैं। पूरे इतिहास में उनसे आगे सिर्फ महिला टेनिस की दिग्गज मार्टिना नवरातिलोवा हैं, जिन्होंने विंबलडन में 120 एकल मुकाबले जीते हैं।

### जोकोविच बोले- इतिहास बनाना मेरे लिए सम्मान की बात

जीत के बाद जोकोविच ने कहा कि इस खेल में इतिहास रचना उनके लिए गर्व और सम्मान की बात है। उन्होंने कहा, 'इस खेल में इतिहास बनाना मेरे लिए बहुत बड़ा सम्मान और सौभाग्य है। खासकर विंबलडन में, क्योंकि बचपन से यही मेरा सपना रहा है। मैं 105 या 106 जीत के बारे में नहीं सोच रहा, मेरा पूरा ध्यान हर मैच जीतने पर है।'उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा, 'आज मैं सामान्य से ज्यादा दबाव में था। मुझे पता था कि मुकाबला आसान नहीं होगा। मैं खुश हूं कि इसे जीत पाया। अब मैं चाहता हूं कि 106वीं जीत के लिए मेरा मुकाबला रोजर फेडरर से ही हो जाए।'

### रिंदरकनेच ने दी कड़ी टक्कर

दूसरे दौर में स्टेफानोस सित्सिपास को सीधे सेटों में हराने वाले जोकोविच इस बार अपनी सर्वश्रेष्ठ लय में नजर नहीं आए। फ्रांस के आर्थर रिंदरकनेच ने पहले दो सेट गंवाने के बाद जोरदार वापसी करते हुए तीसरा सेट 6-1 से अपने नाम किया। चौथे सेट में भी दोनों खिलाड़ियों के बीच लंबी और रोमांचक रैलियां देखने को मिलीं। रिंदरकनेच ने कई शानदार सर्विस और वॉली से दर्शकों को प्रभावित किया, लेकिन टाई-ब्रेक में जोकोविच के अनुभव ने बाजी पलट दी।

### अब चौथे दौर में रोमन सफियुलिन से मुकाबला

अब जोकोविच का सामना चौथे दौर में क्वालिफायर रोमन सफियुलिन से होगा। सफियुलिन ने तीसरे दौर में ब्राजील के जोआओ फोन्सेका को 6-3, 6-3, 6-3 से हराकर अंतिम-16 में जगह बनाई। चोटों से जूझने वाले सफियुलिन ने इस साल विंबलडन से पहले टूर स्तर पर एक भी मैच नहीं जीता था।

### विंबलडन में सबसे ज्यादा एकल मैच जीत

| | |
|---|---|
| मार्टिना नवरातिलोवा | 120 जीत |
| रोजर फेडरर | 105 जीत |
| नोवाक जोकोविच | 105 जीत |